www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
67 YEARS देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 28 अप्रैल 2025 | वर्ष – 67 | अंक – 12 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ मोदी से निराशा और राहुल से उम्मीदें बढ़ीं
■ भारत-पाक के बीच दो अंतरराष्ट्रीय संधियों के निलंबन की कहानी
पृष्ठ 6
■ ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा
■ ईरान के बंदरगाह में भीषण विस्फोट, 28 की मौत, 800 घायल
पृष्ठ 7
सूर्यकुमार बने नंबर-1, आईपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले खिलाड़ी
पृष्ठ 8

# आतंकवाद के खात्मे की तैयारी

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस अनिल चौहान की हुई अहम बैठक



■ बीएसएफ चीफ दलजीत सिंह चौधरी भी गृह मंत्रालय पहुंचे
■ आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों व सीमा सुरक्षा पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली**, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, जबकि एनआईए इस मामले की गहन जांच में जुटी है। इस बीच, रक्षा और सुरक्षा से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की बैठकों का दौर भी जारी है। रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक अहम बैठक के लिए पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित है। दूसरी ओर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय पहुंचे, जहां आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सीमा सुरक्षा पर चर्चा हुई।

**सर्च ऑपरेशन और एनआईए की जांच तेज**–पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के जंगलों और संवेदनशील इलाकों में सर्च ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### भारत 130 परमाणु मिसाइलों के निशाने पर : हनीफ अब्बासी

**इस्लामाबाद**। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत की सख्ती और प्रतिबंध के चलते पाकिस्तान की घबराहट बढ़ी हुई है।

मगर पाकिस्तान के मंत्री और नेता भारत को गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने शस्त्रागार में 130 परमाणु हथियार केवल भारत के लिए रखे हैं।

### नया भारत मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार : योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि नया भारत अब आतंकी गतिविधियों और देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को बख्शने वाला नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की सुरक्षा और सुशासन की नीति पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस पर आधारित है और ऐसे तत्वों को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जाएगा। लखीमपुर खीरी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत किसी को परेशान नहीं करता, लेकिन अगर कोई भारत के खिलाफ शरारत करता है, तो उसे सख्ती से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### दिल्ली में पांच हजार पाकिस्तानी

म्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत दिनों हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए कई राज्य सरकारें ने उनके राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाक भेजने में लगी है। दिल्ली में करीब पांच हजार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। भारत के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को इसकी लिस्ट सौंपी है।

# सुरक्षाबलों को मिला नक्सलियों का ठिकाना

## नक्सल सामग्री की बरामद, 9 जिंदा बमों को किया डिफ्यूज



**धमतरी**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी पुलिस, नगरी डीआरजी और सीएएफ खल्लारी की संयुक्त टीम को नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सर्चिंग ऑपरेशन में बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा जंगल में डंप किए गए 9 जिंदा बम और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई।

बता दें कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम ने चमेंदा और साल्हेभाट के बीच जंगल में सर्चिंग के दौरान 3 नग कुकर बम, 3 नग दूध पाउडर के डिब्बे का उपयोग कर बनाया गया बम, 2 नग पाइप बम और एक नग टिफिन बम, 1 वाकी टॉकी समेत दैनिक उपयोगी नक्सली सामान जैसे राशन, बर्तन, दवाइयाँ आदि बरामद किए गए है। इन सामग्रियों को विभिन्न थैलों में रखकर त्रिपाल झिल्ली और नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम में छिपाया गया था।

धमतरी पुलिस की बीडीएस (बम डिस्पोजल) टीम ने मौके पर पहुंचकर डंप किए गए बमों को डिफ्यूज कर नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम किया। इस ऑपरेशन के तहत थाना खल्लारी में अज्ञात माओवादियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

धमतरी पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने बताया कि इस कार्रवाई के बाद उन्होंने नगरी डीआरजी और सीएएफ की टीम को नक्सल विरोधी सर्चिंग अभियान जारी रखने और सूचना तंत्र को मजबूत करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पांडेय के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें पुलिस बल की तत्परता और साहस ने महत्वपूर्ण सफलता दिलाई।

**सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ का छठा दिन**

### आईईडी ब्लास्ट में एक जवान घायल

**बीजापुर**। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा पहाड़ी में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ का आज छठा दिन है। इस बीच आज सुबह सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का एक जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा कर्रेगुट्टा के पास जोला ग्राम में हुआ। जवान के बाएं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद जवान को बीजापुर जिला अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए चॉपर के माध्यम से भेजा गया है। घायल जवान का नाम मुंसिफ खान है।

बता दें कि मुठभेड़ के छठे दिन भी दोनों पक्षों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि नक्सलियों पर हेलीकॉप्टर से बमबारी की जा रही है। इस ऑपरेशन में 10,000 से 12,000 जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर रखा है, जिसमें 1500 नक्सलियों के साथ बड़े कैडर के नक्सली नेता भी शामिल हैं।

**अब तक 5 नक्सली ढेर**

मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है, जिनमें से 3 के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बल अब भी नक्सलियों को पूरी तरह से घेरने और उनका खात्मा करने की कोशिश कर रहे हैं। हेलीकॉप्टर से नक्सलियों पर लगातार गोलीबारी और बमबारी की जा रही है।

इस ऑपरेशन को देश भर में सबसे बड़ा ऑपरेशन माना जा रहा है, जो लगातार 5 दिनों से जारी है और आज छठे दिन भी नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

## सार संक्षेप

### ओपन परीक्षा में 10वीं का पेपर लीक, तीन अधिकारी निलंबित

**रायपुर**। फिंगेश्वर विकासखंड के लोहरसी परीक्षा केंद्र में ओपन स्कूल की परीक्षा के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है।12वीं कक्षा के गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में गलती से 10वीं कक्षा का प्रश्न पत्र बांट दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने कार्रवाई करते हुए तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारियों में केंद्राध्यक्ष नारायण सिंह चंद्राकर, सहायक केंद्राध्यक्ष तुलसी राम यादव और जिला प्रतिनिधि ऑब्जर्वर नीतू शाह शामिल हैं. निलंबन अवधि के दौरान सभी को जिला शिक्षा कार्यालय गरियाबंद में उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं।

### असम में देशद्रोही टिप्पणी करने के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से असम में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहलगाम हमले के मद्देनजर देशद्रोही टिप्पणी करने के आरोप में राज्य में अब तक कम से कम 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### मणिपुर में 16 उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल**। मणिपुर में खुफिया जानकारी पर कई अहम अभियानों में भारतीय सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के साथ मिलकर मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में 16 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा भी जब्त किया गया।

### पाक ने किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**श्रीनगर**। पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह गोलीबारी लगातार तीसरी रात गई है। उन्होंने बताया कि कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर और बारामूला जिले के बोनियार सेक्टर से गोलीबारी की खबर है। सेना ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

## पाक को घुटनों पर लाया जाएगा : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली**, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पड़ोसी देश को घुटनों पर लाया जाएगा ताकि वह ऐसी घृणित हरकत करने की फिर कभी न सोच सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पतन की ओर अग्रसर एक ऐसा देश है जो आतंकवाद का सरकार की नीति के साधन के रूप में समय-समय पर इस्तेमाल करता रहता है। पुरी ने सिंधु जल संधि के निलंबन पर कहा कि भारत ने पहली बार ऐसा कदम उठाया है जिससे पाकिस्तान को उचित कीमत चुकानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मुझे उन विकल्पों पर अटकलें लगानी चाहिए जिनका उपयोग किया जाएगा, लेकिन मुझे लगता है कि देश (पाकिस्तान) पतन की स्थिति में पहुंच चुका है। पश्चिमी पड़ोसी को घुटनों पर लाया जाएगा ताकि वह फिर कभी इस तरह का घृणित कृत्य करने के बारे में न सोचें।

## प्रदेश में आज रजिस्ट्री कार्यालय रहेंगे बंद

**रायपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सभी पंजीयन कार्यालय सोमवार (28 अप्रैल) को बंद रहेंगे। इस दिन पूरे छत्तीसगढ़ में पंजीयन कार्य बंद रहेगा।रजिस्ट्री बंद रहने से प्रदेशभर में करीब 15,000 से अधिक लोगों को असुविधा होने की संभावना जताई जा रही है। पंजीयन विभाग ने अपॉइंटमेंट बुक करने वाले पक्षकारों को पहले ही मैसेज कर जानकारी दे दी है।

जानकारी के मुताबिक, रजिस्ट्री के साथ-साथ तत्काल नामांतरण की प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा, पंजीयन कार्यालयों में नई गाइडलाइन तैयार करने और जमीन के नए गाइडलाइन रेट की समीक्षा का काम भी किया जाएगा।

## अपहरण और हत्या के मामले में दोषियों की आजीवन कारावास की सजा बरकरार

**शव की बरामदगी अनिवार्य नहीं : हाईकोर्ट**



**बिलासपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपहरण और हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए आरोपियों की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने मामले में स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही मृतक का शव बरामद नहीं हुआ हो, लेकिन साक्ष्यों की पूरी श्रृंखला अभियुक्तों की संलिप्तता की पुष्टि करती है। यदि हर मामले में शव की बरामदगी पर जोर दिया जाएगा तो आरोपी हत्या के बाद शव को नष्ट करने का हर संभव प्रयास करेगा और सजा से बच सकता है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा 24 फरवरी 2021 को दिए गए निर्णय को सही ठहराया है।

मृतक हरिप्रसाद देवांगन के पुत्र आनंद देवांगन ने 18 जनवरी 2019 को नेवई थाना में अपने पिता के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान आरोपियों आकाश कोसरे और संजू वैष्णव की गिरफ्तारी हुई। पूछताछ में उन्होंने हरिप्रसाद का अपहरण कर उसकी हत्या करने और फिर खोरपा गांव के पास खेत में भूसे से उसका शव जलाने की बात स्वीकार की। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलेगा



मन की बात में बोले मोदी

**नई दिल्ली**, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है। मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने मुझे भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी।

## दिल्ली में 150 झुग्गियां जलकर हुईं खाक, दो मासूमों की मौत



**नई दिल्ली**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-17 में श्रीनिकेतन अपार्टमेंट के पास झुग्गी बस्ती में शनिवार को भीषण आग ने तबाही मचा दी। इस हादसे में दो बच्चों 10 वर्षीय शिवम और 8 वर्षीय रिया की जलकर मौत हो गई। करीब 150 झुग्गियां जलकर राख हो गईं, और 5 एकड़ में फैली 800 झुग्गियों पर खतरा मंडराने लगा था। इस दौरान झुग्गियों में उपयोग किए जाने वाले 5-5 किलो वाले गैस सिलेंडर फटने से आग और भयावह हो गई, जिससे आसपास के पेड़ भी झुलस गए। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने 18-20 फायर टेंडर भेजकर दोपहर 2:05 बजे तक आग पर काबू पाया।

## मप्र के मंदसौर में कार कुएं में गिरी, 11 की मौत

**मंदसौर**, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार सहित कार सवार 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरी। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार सवार सभी लोग रतलाम के बताए जा रहे हैं। जानकारी मिलने पर मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और डीआईजी मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा-टकरावत फंटे पर रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बेकाबू ईको वैन ने पहले बाइक को टक्कर मारी, फिर खुद बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरी।

## नदी में डूबते-डूबते बचे स्वास्थ्य मंत्री



■ भाजपा के कई नेता भी थे मौजूद

**मनेन्द्रगढ़- चिरिमिरी- भरतपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ से गुजरने वाली हसदेव नदी में बांस से बनी नाव जिसे (रिवर बम्बू राफ्टिंग) कहा जाता है, का संतुलन अचानक बिगड़ गया। इसकी वजह से भाजपा के नेता और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सुरक्षाकर्मी पानी में गिर गए। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री बाल-बाल बच गए। हालांकि पानी कम होने की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई है। दरअसल हसदेव नदी में वन विभाग ने शनिवार को ही बम्बू राफ्टिंग की शुरुआत कराई है।कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, डीएफओ मनीष कश्यप सहित अन्य नेताओं जिसमें नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा भाजपा नेता राहुल सिंह और युवा नेता सभाजीत यादव के अलावा मंत्री श्याम बिहारी का एक सुरक्षा कर्मी दो बम्बू नाव पर सवार होकर नदी का भ्रमण कर रहे थे।

**अचानक बिगड़ा संतुलन**–एक बम्बू राफ्टिंग का संतुलन गलत तरीके ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सभी पाकिस्तानी नागरिकों को तय समय के भीतर छोड़ना होगा देश



अन्यथा की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई

**रायपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को तय समय के भीतर देश छोडना होगा, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि छत्तीसगढ़ की सीमा पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

गृह मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जो पाकिस्तानी नागरिक हिंदू धर्म को मानने वाले हैं उनके मामले में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हम पाकिस्तानी पीड़ित लोगों की चिंता करते हैं कई लोग सब कुछ छोड़कर यहां आए हैं हम केंद्र से इस मामले में मार्गदर्शन लेंगे। छत्तीसगढ़ में ऐसे 1897 पाक नागरिक रह रहे हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर टिप्पणी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में 1800 बांग्लादेशी घुसपैठियों की सूची मिली है, जिनकी पूरी जांच की जा रही है। इसके बाद इन अवैध घुसपैठियों को बंगाल पुलिस और बी एस एफ के हवाले कर दिया जाएगा। इस मामले की जांच पूरी होने के बाद सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सावधानी** डिजिटल सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने चेताया, असुरक्षित कनेक्शन को हैक करने की जताई आशंका

## पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करके न करें लेनदेन

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने सभी नागरिकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा कि पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करके वित्तीय लेनदेन और संवेदनशील गतिविधियां न करें।**

*केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हवाई अड्डों, कॉफी शॉपों और सार्वजनिक स्थानों पर मुफ्त पब्लिक वाई-फाई सुविधाजनक लग सकता है, लेकिन यह आपकी निजी और वित्तीय जानकारी के लिए बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इनमें से कई पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उचित रूप से सुरक्षित नहीं हैं, जिससे वे हैकर्स और घोटालेबाजों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-आईएन) ने अपनी 'जागरूकता दिवस' पहल के तहत यह नया रिमाइंडर जारी किया है। एडवाइजरी में नागरिकों को पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क पर बैंकिंग या ऑनलाइन शॉपिंग जैसी संवेदनशील गतिविधियां करने के प्रति आगाह किया गया है। सीईआरटी-इन ने बताया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई-फाई पर असुरक्षित कनेक्शन को आसानी से हैक कर सकते हैं, जिससे यूजर्स का डेटा चोरी और वित्तीय हानि का सामाना करना पड़ सकता है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वह ऐसे नेटवर्क से जुड़ने पर लेनदेन करने या व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें। सरकार एजेंसी ने कहा कि अगर उचित सावधानी न बरती जाए तो ईमेल चेक करना या सार्वजनिक वाई-फाई पर सोशल मीडिया अकाउंट में लॉग इन करने जैसी सरल गतिविधियां भी जोखिम भरी हो सकती हैं। सीईआरटी-आईएन भारत में साइबर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करती है।*

### अज्ञात स्रोतों से लिंक या अटैचमेंट पर न करें क्लिक

*अपने जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, सीईआरटी-आईएन ने कुछ जरूरी सेफ्टी प्रैक्टिस टिप्स भी शेयर किए हैं। इसमें कहा गया कि कभी भी अज्ञात स्रोतों से लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें, सभी ऑनलाइन खातों के लिए लंबे और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और नियमित रूप से महत्वपूर्ण फाइलों का बैकअप बाहरी ड्राइव पर रखें। यह आदतें व्यक्तिगत जानकारी के इर्द-गिर्द मजबूत सेफ्टी बनाने में मदद कर सकती हैं।*

# देश

**उवाच**

“पहलगाम आतंकी घटना में हमारा बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। हमारे कितने ही परिवार उजड़ गए। निहत्थे लोगों पर आतंकवादियों ने हमला किया। पाकिस्तान के इशारे पर ही विश्व भर में माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। पाकिस्तान हमारी सेना का सामना करने में सक्षम नहीं : **सतपाल शर्मा, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.3 | 27.3 |
| मुंबई | 33.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 35.2 | 23.4 |
| चेन्नई | 35.7 | 28.2 |

# भारत में अमीरी-गरीबी के बीच लगातार बढ़ रही खाई चिंताजनक : जयराम

- बढ़ती गरीबी और असमानता ने मोदी सरकार की नीतियों को और गंभीर बना दिया
- चंद अमीरों और अरबों गरीबों के बीच बढ़ती खाई अब और चौड़ी हो रही

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि विश्व बैंक ने भारत में लगातार बढ़ रही गरीबी तथा असमानता पर हाल में एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सरकार की नीतियों के कारण अमीरी-गरीबी के बीच बढ़ रही खाई तथा अन्य कई विन्दुओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है।

पार्टी ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा पर किए गये आकलन के अनुसार हाल के वर्षों में भारत में गरीबी में निरंतर गिरावट आई है और यह अब बेहद चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने यहां जारी बयान में कहा कि डेटा की गुणवत्ता, स्थिरता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देना जरूरी है क्योंकि कुछ रिकॉर्ड के अनुसार डाटा को तोड़ मरोड़ कर पेश करना तथा डाटा से खिलवाड़ सरकार का टूल किट बन गया है।



डेटा की गुणवत्ता, स्थिरता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देना जरूरी है क्योंकि कुछ रिकॉर्ड के अनुसार डाटा को तोड़ मरोड़ कर पेश करना तथा डाटा से खिलवाड़ सरकार का टूल किट बन गया है: **जयराम रमेश, महासचिव कांग्रेस**

उन्होंने कहा कि बढ़ती गरीबी और असमानता ने मोदी सरकार की नीतियों को और गंभीर बना दिया है जिसके कारण चंद अमीरों और अरबों गरीबों के बीच बढ़ती खाई अब और चौड़ी हो रही है। सरकार के लिए निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ाना देना जरूरी हो गया है लेकिन सीमित उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति इसमें बड़ी बाधक बन रही है।

## बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार सजायाफ्ता कैदियों की रिहाई से संबंधित जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई होनी है जिसमें बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार सजायाफ्ता कैदियों को रिहा करने की मांग की गई है। यह याचिका नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (नालसा) ने दायर की है। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ 28 अप्रैल को इस याचिका पर सुनवाई करेगी। वकील रश्मि नंदकुमार के माध्यम से दायर याचिका में इन बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार सजायाफ्ता कैदियों की विकट परिस्थितियों पर प्रकाश डाला गया है और संवैधानिक तथा मानवाधिकार दायित्वों के अनुरूप उनकी अनुकंपा रिहाई के कार्यान्वयन की मांग की गई है। पीआईएल में जेलों में बंद बुजुर्ग और अशक्त कैदियों की संख्या में खतरनाक वृद्धि को उजागर किया गया है, जिन्हें अक्सर पर्याप्त चिकित्सा देखभाल या रहने की सम्मानजनक स्थिति तक पहुंच नहीं मिलती है। नालसा ने कहा, 'ऐसे व्यक्तियों को लंबे समय तक कैद में रखना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सिद्धांतों के तहत गारंटीकृत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।'

# भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग कहा, किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया



**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। नौसेना की इस एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया है। रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं, जिनमें एक नौसेना अधिकारी भी थे। ये सैन्य अधिकारी भी अन्य सैलानियों की भांति परिवार के साथ छुट्टियां बिताने जम्मू-कश्मीर गए थे। मंगलवार को आतंकवादियों ने यहां पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और पर्यटकों का नाम पूछ-पूछकर आतंकियों ने उन पर गोली चलाई।

## बाहरी दुश्मनों का सामना करने से पहले आंतरिक एकता को मजबूत करना होगा : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने रविवार को कहा है कि जो शरारती तत्व देश में फूट डालने और शांति तथा एकता को भंग करने का प्रयास कर रहे हैं, सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर हमें बाहरी दुश्मनों का सामना करना है, तो हमें पहले आंतरिक एकता को मजबूत करना होगा। कर्नाटक सीएम ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'मैंने युद्ध के बारे में अपने बयान के पक्ष और विपक्ष में बहस और चर्चाएं देखी हैं। युद्ध हमेशा किसी देश का अंतिम विकल्प होना चाहिए, कभी भी पहला या एकमात्र विकल्प नहीं। किसी देश को युद्ध के लिए तभी बाध्य होना चाहिए जब दुश्मन को हराने के सभी अन्य उपाय विफल हो जाएं।' उन्होंने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा आतंकवादी हमले ने हमारे देश के लोगों और केंद्र सरकार दोनों के लिए यह दर्दनाक रूप से स्पष्ट कर दिया है कि हमारे खुफिया और सुरक्षा तंत्र में गंभीर खामियां थीं। अब सरकार की यह गंभीर जिम्मेदारी है कि वह सबसे पहले इन कमियों को दूर करे और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी त्रासदियां दोबारा न हों।

## दुश्मन के लिए काल बनकर गरजेंगे नौसेना के 'राफेल', आज डील पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** लगातार अपनी क्षमता में इजाफा कर रही भारतीय नौसेना के लिए राफेल फाइटर जेट की खरीद का समय आ चुका है। सोमवार को भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच यह सौदा होगा। नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं। भारतीय नौसेना को कुल 26 राफेल-एम विमानों की आपूर्ति की जाएगी। गौरतलब है कि रविवार सुबह नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद नौसेना ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण भी किया था। यह मिसाइल परीक्षण नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर शिप आईएनएस सूरत से अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। विशेषज्ञों का कहना है कि राफेल मिलने के बाद नौसेना की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी। इस सौदे के लिए पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री 27 अप्रैल को भारत आने वाले थे, लेकिन कुछ निजी कारणों से उनका दौरा रद्द हो गया।

भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच यह सौदा होगा

## सार संक्षेप

### पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए : एकनाथ शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश और महाराष्ट्र पुलिस पर विधायक संजय गायकवाड़ के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया दी। उपमुख्यमंत्री का कहना है कि पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। यदि कोई पाक नागरिकों को पनाह देगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एकनाथ शिंदे ने मीडिया से बात करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। हमने पाकिस्तानी नागरिकों को महाराष्ट्र से देश छोड़ने का भी आदेश जारी किया है।

### बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर लड़ेंगे चुनाव : प्रशांत किशोर

**नालंदा।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनसुराज पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिला स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए बैठकें की जा रही हैं। इस बीच, पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारी पार्टी का किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं होगा। हालांकि, हम उन्हीं लोगों के साथ गठबंधन कर सकते हैं, जो बिहार में परिवर्तन चाहते हैं। राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान के बारे में प्रशांत किशोर ने कहा कि तीन साल में नालंदा नहीं आया था। यहां एक छोटी बैठक कर इसकी शुरुआत कर रहा हूं।

### ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद को बनाया 'अफगानिस्तान' : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के बेतबाना इलाके से बम मिलने की घटना ने एक बार फिर इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा दिया हैं। पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने बम बरामद होने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद को 'अफगानिस्तान' जैसा बना दिया है। मजूमदार ने कहा कि मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बल और राज्य पुलिस की भारी मौजूदगी के बावजूद बम बरामद होना चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल उठाया, 'इतने पुलिस और केंद्रीय बल होने के बाद भी इलाके में बम कैसे जमा हो सकते हैं? यह दिखाता है कि पुलिस अपना काम ठीक से नहीं कर रही।'

# आतंकवाद और उसके 'मूल' के खिलाफ होनी चाहिए निर्णायक लड़ाई : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में विरोध देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भी एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी बीच रविवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आतंकवाद के खिलाफ समर्थन को और आगे बढ़ाने और आतंकवाद एवं उसके 'मूल' के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की बात कही।

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) शासित जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की बात कही। उन्होंने लिखा, 'पहलगाम आतंकी हमले के बाद, आतंकवाद और उसके मूल के खिलाफ निर्णायक लड़ाई होनी चाहिए।'



'पहलगाम आतंकी हमले के बाद, आतंकवाद और उसके मूल के खिलाफ निर्णायक लड़ाई होनी चाहिए।' 'कश्मीर के लोग आतंकवाद और निर्दोष लोगों की हत्या के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं : **उमर अब्दुल्ला**

आतंकवाद के खिलाफ जनसमर्थन को आगे बढ़ाने की बात करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर के लोग आतंकवाद और निर्दोष लोगों की हत्या के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं, उन्होंने यह स्वतंत्र और सहज रूप से किया। अब समय आ गया है कि इस समर्थन को और बढ़ाया जाए और लोगों को अलग-थलग करने वाली किसी भी गलत कार्रवाई से बचा जाए।' आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ बिना दया दिखाए कठोर सजा की बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'दोषियों को सजा दी जाए, उन पर कोई दया न दिखाई जाए लेकिन निर्दोष लोगों को नुकसान न होने दिया जाए।'

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं।

# पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

**देहरादून,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है।

पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला

सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। इस वर्ष 100 से अधिक देशों के लोगों ने यात्रा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठा उन्हें सुरक्षित तरीके से देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# देश के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला : पीएम मोदी

**नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को संबोधित कया**

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश के युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है।



भारत का युवा, साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं जो हमें नया विश्वास देते हैं : **नरेंद्र मोदी**

पीएम मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम पूरी दुनिया में भारत की प्रतिभा की तारीफ होते देखते हैं। भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। किसी भी देश के युवा की रुचि किस तरफ है, किधर है, उससे पता चलता है कि देश का भविष्य कैसा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का युवा, साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं जो हमें नया विश्वास देते हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र आजकल सबका ध्यान खींच रहा है। कुछ समय पहले तक दंतेवाड़ा का नाम केवल हिंसा और अशांति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वहां, एक साइंस सेंटर, बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। इस साइंस सेंटर में जाना बच्चों को खूब पसंद आ रहा है। वे अब नई-नई मशीनें बनाने से लेकर टेक्नोलॉजी का उपयोग करके नए प्रोडक्ट्स बनाना सीख रहे हैं। उन्हें 3डी प्रिंटर्स और रोबोटिक कारों के साथ ही दूसरी इनोवेशन चीजों के बारे में जानने का मौका मिला है।

# महागठबंधन की सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से करेंगे बाहर : तेजस्वी यादव

**पटना,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने पर ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर किया जाएगा तथा ताड़ी व्यवसाय से जुड़े मुकदमे भी वापस लिए जाएंगे। राजधानी पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन सभागार में आयोजित ताड़ी व्यवसायी महाजुटान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद नेता ने कहा कि बिहार के कई क्षेत्रों में ताड़ी का व्यवसाय होता है। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो इस व्यवसाय को उद्योग का दर्जा दिया जाएगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सफाई देते हुए कहा कि सरकार में रहने के दौरान कई बार पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के साथ उन्होंने शराबबंदी कानून से ताड़ी के व्यवसाय को अलग करने की बात कही थी, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जिद के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा, 'आगामी चुनाव में हमारी सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी से अलग कर दिया जाएगा।' तेजस्वी यादव ने कहा कि आज शराबबंदी कानून से सबसे ज्यादा उत्पीड़न पासी समाज का हुआ है।



बिहार के कई क्षेत्रों में ताड़ी का व्यवसाय होता है। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो इस व्यवसाय को उद्योग का दर्जा दिया जाएगा : **तेजस्वी यादव**

### आतंकवाद को जो जड़ से समाप्त करेगा हम उसके साथ हैं : तेजस्वी यादव

पटना। बिहार विधानसभा में रविवार को विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि जो भी आतंकवाद को जड़ से समाप्त करेगा, हम उनके साथ हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि आज जरूरत है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया जाए। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 'मुख्यमंत्री बनने का सपना, सपना ही रह जाएगा' बयान पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि हम ही लोगों की पार्टी में लालू यादव ने इनको (सम्राट चौधरी) पहली बार मंत्री बनाया था और विधायक बनाया था। उन्होंने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिरी बार जब ये चुनाव लड़े तो राजद से जीतकर आए।

**सपा ने रोजगार और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर राज्य की भाजपा सरकार को घेरा, कहा**

# 'जिनके पास डिग्रियां हैं, सरकार ने उन्हें 'डिलीवरी ब्वाय' बना दिया'

**लखनऊ,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को रोजगार और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर राज्य की भाजपा सरकार को घेरा। अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए आरोपों की बौछार कर दी। उन्होंने कहा कि जिनके पास डिग्रियां हैं, सरकार ने उन्हें 'डिलीवरी ब्वाय' बना दिया है। नौकरियां घट रही हैं, अवसर खत्म हो रहे हैं, योग्यता के अनुसार रोजगार नहीं मिल रहा, सरकार सम्मानजनक नौकरी भी नहीं दे पा रही। आरक्षण से भी खिलवाड़ हो रहा है। सपा प्रमुख ने कहा कि जितनी संस्थाएं निष्पक्ष काम करेंगी, उतना हमें न्याय मिलेगा। लेकिन वे संस्थाएं भी हमें भेदभाव की नजर से देख रही हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर लगातार प्रोपेगेंडा पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित वातावरण उत्तर प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि जो भ्रष्टाचारी लोग हैं, वे पाताल लोक नहीं जा रहे, मुख्यमंत्री आवास जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा, 'हम लोग पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) संकल्प के माध्यम से सामाजिक न्याय की स्थापना का संकल्प दोहराते रहेंगे।' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के संदर्भ में उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि आतंकवादी हमारे घर कैसे पहुंचे? हमारी मांग है कि मृतकों के परिवारों की 10-10 करोड़ रुपए से मदद की जाए। सरकार के लोग मिलकर संवैधानिक अधिकार नहीं दे रहे हैं, आरक्षण के साथ खिलवाड़ हो रहा है तथा नौकरी न देने का मकसद सीधा-सीधा आरक्षण न देना है।



जिनके पास डिग्रियां हैं, सरकार ने उन्हें 'डिलीवरी ब्वाय' बना दिया है। नौकरियां घट रही हैं, अवसर खत्म हो रहे हैं, योग्यता के अनुसार रोजगार नहीं मिल रहा, सरकार सम्मानजनक नौकरी भी नहीं दे पा रही : **अखिलेश यादव**

**कार्रवाई** *कश्मीर में आतंकियों के घरों को ताबड़-तोड़ नेस्तनाबूद करने की मुहिम*


# आतंकियों को 'कल्पना से परे' वाला करारा जवाब

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। समाचार भिजवाए जाने तक करीब दर्जनभर उन एक मंजिली और बहुमंजिली घरों को विस्फोटकों की मदद से कश्मीर के विभिन्न कस्बों में ढहाया जा चुका था जो पहचाने गए स्थानीय आतंकियों के परिवारों के थे। हालांकि अधिकारी अभी भी दावा करते थे कि इन मकानों के तलाशी अभियानों के दौरान भीतर रखे गए विस्फोटक फूटे थे और इनमें सुरक्षाबलों का कोई हाथ नही था।**

भीतर रखे गए विस्फोटों से घरों को नेस्तनाबूद करने का सिलसिला कहां जाकर रूकेगा कोई नहीं जानता क्योंकि चर्चा यह है कि पहचाने गए स्थानीय आतंकियों के उपरांत ओजीडब्ल्यू अर्थात ओवर ग्रांड वर्करों के घरों की बारी आने वाली है।

36 सालों के आतंकवाद के इतिहास में तब कश्मीरियों ने अपने इलाकों में मुठभेड़ों के शुरू होने के साथ ही अपने घरों के बचाव के लिए खुदा से यह दुआ मांगनी तब आरंभ की थी जब आतंकियों ने घरों पर कब्जे कर सुरक्षाबलों पर हमले करने आरंभ किए थे। दरअसल कई मुठभेड़ों के अक्सर लंबे चलने के कारण अधिकारियों ने फिर ऐसे घरों व इमारतों को मोर्टार से उड़ा देने की रणनीति अपनानी आरंभ की तो बीसियों परिवारों को घरों से बेघर होना पड़ा था। कश्मीरी ऐसे हालात से उबर भी नहीं पाए थे कि पहलगाम नरसंहार के उपरांत सुरक्षाबलों ने जो व्याप्क तलाशी अभियान पूरी वादी में छेड़ा उसमें स्थानीय आतंकियों के घरों को विस्फोटकों से उड़ा देने की जो नई रणनीति अपनाई जानी आरंभ हुई है उसने कश्मीरियों के पांव तले से जमीन खिसका दी है। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि कश्मीर में ऐसा भी हो सकता है। अभी तक वे दूसरे राज्यों में बुलडोजरों से घरों को ढहा दिए जाने की खबरें सुना करते थे लेकिन उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के उपरांत थोड़ी रोक तो लगी पर कश्मीर में आरंभ हुआ यह सिलसिला कहां खत्म होगा कोई नहीं जानता क्योंकि समाचार भिजवाए जाने तक सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 14 स्थानीय आतंकियों की सूची जारी की थी उनमें से 12 के घरों को नेस्तनाबूद किया जा चुका था। हालांकि कश्मीरियों को लगता नहीं था कि यह सिलसिला थम पाएगा क्योंकि मिलने वाली सूचनाएं कहती थीं कि इन 14 के बाद शायद उन ओजीडब्ल्यू के घरों की बारी आएगी जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर आतंकियों को समर्थन देते रहे हैं और दे रहे हैं। याद रहे पहलगाम हमले के बाद पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए 1500 के करीब लोगों में से 22 ओजीडब्ल्यू भी थे जिन्हें गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए हैं।



घरों को उड़ा देने की जो नई रणनीति अपनाई जानी आरंभ हुई है उसने कश्मीरियों के पांव तले से जमीन खिसका दी

यह बात अलग थी कि कोई भी अधिकारी इन घरों को ढहाए जाने की घटनाओं की जिम्मेदारी लेने को राजी नहीं था। उनका कहना था कि तलाशी अभियानों के दौरान इन घरों में रखे गए विस्फोटों में विस्फोट होने से ऐसा हुआ है। जबकि यह सवाल अनुत्तरित था कि सच में इन सभी घरों में इतने विस्फोटक थे कि वे घरों को उड़ा सकते थे। 'शायद यह प्रधानमंत्री की वह ललकार है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमलावरों को कल्पना से परे का जवाब दिया जाएगा,' एक कश्मीरी का कहना था।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु रायपुर, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025

### दुनिया भर में बढ़ रही भारतीय सिनेमा की लोकप्रियता : नानी

**मुंबई।** साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के सफल अभिनेता नानी अपनी अपकमिंग फिल्म 'हिट द थर्ड केस' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। अभिनेता ने दुनिया भर में बढ़ते भारतीय सिनेमा के प्रभुत्व के बारे में बात करते हुए कहा कि हम अभी उस जनरेशन में हैं और इन सब के कारण, हमारे देश में शानदार फिल्में आ रही हैं। आरआरआर ऑस्कर में गई और इस तरह की अन्य फिल्मों को भी काफी पसंद किया गया। मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए बड़ा सोचने, बड़े सपने देखने, बड़ी कल्पना करने और हर चीज के स्वागत करने का समय है। उन्होंने आगे कहा कि यह पॉजिटिव बात है और मुझे उन फिल्मों पर गर्व है, जो रिलीज हो चुकी हैं। मैं उन सभी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, जो जल्द ही रिलीज होने वाली हैं।

# वैज्ञानिकों ने उम्र के साथ पेट की चर्बी बढ़ने के पीछे छिपे कोशिकीय कारण का लगाया पता

- **टीम ने यूसीएलए लैब सह-लेखक शिया यांग के साथ मिलकर चूहों पर प्रयोग किए**
- **युवा चूहों से एपीसीएस को पुराने चूहों में ट्रांसप्लांट किया**

**न्यूयॉर्क,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के शोधकर्ताओं की एक टीम ने उम्र से संबंधित पेट की चर्बी के कारण का पता लगाया है, जिससे यह समझने में मदद मिलती है कि क्यों उम्र के मध्य तक पहुंचते-पहुंचते हमारी कमर चौड़ी हो जाती है। यह शोध साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है, और इसके निष्कर्षों से यह उम्मीद जताई जा रही है कि भविष्य में पेट की चर्बी को रोकने और स्वस्थ जीवनकाल बढ़ाने के लिए नई उपचार विधियां विकसित हो सकती हैं।



यह शोध 'सिटी ऑफ होप' ने किया है। सिटी ऑफ होप के आर्थर रिग्स डायबिटीज एंड मेटाबॉलिज्म रिसर्च इंस्टीट्यूट में आणविक और सेलुलर एंडोक्राइनोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर किओंग (एनाबेल) वांग, ने कहा कि लोग उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियां खो देते हैं और शरीर में चर्बी बढ़ जाती है, चाहे उनका वजन वही रहता है।

उन्होंने आगे कहा कि हमने यह पाया कि उम्र बढ़ने के साथ एक नई प्रकार की वयस्क स्टेम कोशिकाएं शरीर में आती हैं और पेट के आसपास नई चर्बी कोशिकाओं का उत्पादन तेज कर देती हैं। वांग और उनकी टीम ने यूसीएलए लैब सह-लेखक शिया यांग के साथ मिलकर चूहों पर प्रयोग किए, जिनकी पुष्टि बाद में मानव कोशिकाओं पर की गई। शोधकर्ताओं ने व्हाइट एडिपोज टिशू (डब्ल्यूएटी) पर ध्यान केंद्रित किया, जो उम्र से संबंधित वजन बढ़ने के लिए जिम्मेदार वसा ऊतक है। हालांकि यह सबको पता है कि उम्र के साथ वसा कोशिकाएं बड़ी हो जाती हैं, शोधकर्ताओं को शक था कि डब्ल्यूएटी नए वसा कोशिकाओं का उत्पादन भी करता है, जिसका मतलब है कि इसके बढ़ने की कोई सीमा नहीं हो सकती। अपने अनुमान को परखने के लिए, शोधकर्ताओं ने एडिपोसाइट प्रोजेनिटर कोशिकाएं (एपीसीएस) पर ध्यान केंद्रित किया, जो डब्ल्यूएटी में पाई जाने वाली एक प्रकार की स्टेम कोशिकाएं हैं, जो वसा कोशिकाओं में बदलती हैं। टीम ने सबसे पहले युवा और अधिक उम्र वाले चूहों से एपीसीएस लेकर इन्हें दूसरे समूह के युवा चूहों में ट्रांसप्लांट किया।

# पूजा हेगड़े ने पहनी 70 साल पुरानी कांजीवरम की साड़ी



**बोलीं- 'ताजा होती हैं दादी की'**

**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपने शानदार अभिनय की छाप छोड़ने वाली अभिनेत्री पूजा हेगड़े अपकमिंग फिल्म 'रेट्रो' को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म के प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह 70 साल पुरानी कांजीवरम की साड़ी पहने नजर आईं। तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कि कोठरी से 70 साल पुरानी शानदार साड़ी यह मुझे मेरी खूबसूरत अज्जी (दादी) की याद दिलाती है, जो कांजीवरम साड़ी में अपना पूरा दिन बिताती हैं, शादी के लिए तैयार होने से पहले घर में मल्लिगे की ताजा खुशबू और पहली बारिश के बाद गीली मैंगलोर मिट्टी की खुशबू... इन सरल चीजों में सुंदरता है, 'रेट्रो'। हरे और बैंगनी रंग की साड़ी के साथ अभिनेत्री बालों में गजरा लगाए और माथे पर बिंदी के साथ पोज देती नजर आईं।

रेट्रो में पूजा हेगड़े के साथ अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल रेट्रो की घोषणा करते हुए टीजर को दर्शकों के साथ शेयर किया था। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूजा हेगड़े मोस्ट-अवेटेड फिल्म से जुड़ी हर एक अपडेट को शेयर करती रहती हैं।



राजधानी दिल्ली में भारतीय रिंगनेक तोता या क्रेमर तोता पक्षी देखा गया। एक तोते की प्रजाति है जो भारत, पाकिस्तान और अन्य एशियाई क्षेत्रों में पाई जाती है। यह अपनी खूबसूरती, बोलने की क्षमता और पालतू पक्षी के रूप में लोकप्रियता के लिए जाना जाता है।
छाया : इम्तियाज खान



# विटामिन व एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है रसीला 'शहतूत'

## शहतूत का वानस्पतिक नाम मोरस अल्बा, पाचन में सुधार, रक्तचाप नियंत्रण

**उप्र, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब समेत कई अन्य राज्यों में होती है खेती**

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी का सीजन आते ही बाजार में कई ऐसे फल उपलब्ध होते हैं, जिनका सेवन न केवल मन को तृप्त कर देता है बल्कि स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाता है। 'शहतूत' एक ऐसा ही रसीला और स्वादिष्ट फल है, जो गर्मियों में आसानी से मिल जाता है। प्राचीन काल से ही 'शहतूत' का आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्साओं में इस्तेमाल किया जा रहा है। यह विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार, रक्तचाप नियंत्रण, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखता है। आइए, जानते हैं 'शहतूत' से जुड़े अन्य फायदों के बारे में।

दरअसल, शहतूत का वानस्पतिक नाम मोरस अल्बा है। इसका वृक्ष छोटे से लेकर मध्यम आकार तक का होता है, जो तेजी के साथ बढ़ता है। इसकी खेती उत्तर भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब समेत कई अन्य राज्यों में की जाती है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (जुलाई, 2023) रिपोर्ट के मुताबिक, शहतूत के पत्तों को रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और मधुमेह संबंधित परेशानियों को कम करने में मदद करता है। शहतूत के फलों में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो विभिन्न बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हाल के शोध बताते हैं कि काले शहतूत में लाल या सफेद शहतूत की तुलना में ज्यादा फ्लेवोनोइड्स, एंथोसायनिन और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। इसमें फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोल्स और एंथोसायनिन जैसे नैचुरल कंपाउंड्स उच्च मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाने में सहायक हैं।

शहतूत का सेवन पाचन तंत्र को मजबूत करता है, जो कब्ज, सूजन और पेट में ऐंठन जैसी दिक्कतों से राहत दिलाता है। इसके अलावा, वजन को घटाने में भी काफी प्रभावी माना गया है।


इतना ही नहीं, शहतूत का सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में भी उपयोगी माना गया है। बैड कोलेस्ट्रॉल की समस्या को कम करता है, साथ ही, शहतूत की चाय और उसकी पत्ती का अर्क भी लाभकारी माना गया है।

इसके अलावा, इम्यूनिटी बूस्ट करने में भी कारगर माना गया है। बताया जाता है कि शहतूत में विटामिन सी होता है, जो इम्युनिटी बढ़ाने के लिए लाभदायक है। साथ ही, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी शहतूत का सेवन किसी रामबाण से कम नहीं है। इसके साथ ही, विटामिन सी और एंथोसायनिन एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाने की वजह से यह चेहरे से झुर्रियों और फाइन लाइंस को कम करता है।

# आर्मी हॉस्पिटल में पहली बार कम चीरफाड़ वाली ग्लूकोमा सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। पहला और अनोखा कदम उठाते हुए, दिल्ली के आर्मी अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) के नेत्र रोग विभाग ने पहली बार थ्री-डी माइक्रोस्कोप की मदद से बेहद सूक्ष्म और कम घाव वाली ग्लूकोमा सर्जरी सफलतापूर्वक की है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह तीन-आयामी दृश्य प्रणाली आंखों की सर्जरी में बहुत मददगार है, जैसे कि भेंगापन, मोतियाबिंद, कॉर्निया, ग्लूकोमा और रेटिना से जुड़ी समस्याओं के इलाज में। इस तकनीक में विशेष थ्री-डी चश्मे और 55 इंच के 4के अल्ट्रा-एचडी डिस्प्ले का उपयोग किया जाता है। इस पद्धति के कई फायदे हैं, जैसे पारंपरिक माइक्रोस्कोप के मुकाबले सर्जरी में कम समय लगता है, जटिलताएं कम होती हैं, रोशनी की जरूरत कम हो सकती है, आंखों की रोशनी पर बुरा असर कम हो सकता है, और कठिन परिस्थितियों में भी सर्जरी करना आसान हो जाता है। इसके अलावा, डॉक्टरों और नर्सों को भी इस तरीके में सहजता रहती है। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम यह दिखाता है कि भारतीय सेना अपने मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।



यह सुविधा अस्पताल में आंखों के इलाज की क्षमताओं को और मजबूत करेगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि 40 वर्ष की उम्र के बाद हर व्यक्ति को नियमित रूप से आंखों की जांच करानी चाहिए ताकि ग्लूकोमा नामक बीमारी से दृष्टि हानि को रोका जा सके।

ग्लूकोमा एक ऐसी बीमारी है जो अक्सर बिना किसी लक्षण के धीरे-धीरे अंधापन ला सकती है। एम्स, नई दिल्ली के आर.पी. सेंटर के प्रोफेसर और ग्लूकोमा सेवा विभाग के प्रमुख डॉक्टर तनुज दादा ने हाल ही में कहा कि ग्लूकोमा का समय रहते पता चलना बहुत जरूरी है। अगर समय पर इलाज न हो तो यह स्थायी अंधापन का कारण बन सकता है। जो लोग मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) से पीड़ित हैं, या जिनके परिवार में किसी को ग्लूकोमा रहा है, उन्हें इस बीमारी का अधिक खतरा होता है। इसके अलावा, जो लोग स्टेरॉयड दवाइयां जैसे क्रीम, आई ड्रॉप्स, गोलियां या इनहेलर का लंबे समय तक उपयोग करते हैं या जिनकी आंख में कभी चोट लगी हो, वे भी अधिक जोखिम में रहते हैं।

# सुधांशु पांडे ने शेयर की आशा 'ताई' संग तस्वीर

## बोले- लीजेंड्स न थकते न रिटायर्ड होते हैं

**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता सुधांशु पांडे ने सोशल मीडिया पर गायिका आशा भोसले के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। इसमें 'आशा ताई' संग उनकी बॉन्डिंग नजर आ रही है।



इंस्टाग्राम पर आशा भोसले के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेता सुधांशु पांडे ने लिखा कि लीजेंड न तो कभी थकते हैं और न कभी रिटायर्ड होते हैं। प्यार से हम सब इन्हें आई कहते हैं लेकिन ये सबकी माई हैं। दिल को छू लेने वाले मैसेज के साथ, उन्होंने गायिका आशा भोसले के साथ अपनी तस्वीरें भी पोस्ट कीं। तस्वीरों में आशा भोसले एक सोफे पर जबकि सुधांशु उनके बगल में फर्श पर बैठे दिख रहे हैं, उनका हाथ प्यार से दिग्गज सिंगर के हाथ पर रखा हुआ है। उनका पोस्ट अपकमिंग म्यूजिक प्रोजेक्ट के लिए एक संकेत की तरह है। हैशटैग में बैंड ऑफ बॉयज का प्रयोग किया है। ये वही बैंड है जिसे 5 लोगों ने मिलकर बनाया था लेकिन कुछ वित्तीय कारणों से सब अलग हो गए। ये सभी एक बार फिर मिलकर बैंड को रिवाइव करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बैंड में चिंटू भोसले भी हैं जो आशा भोसले के पोते हैं। हालांकि म्यूजिक एलबम को लेकर कोई डिटेल अभी सामने नहीं आई है। सुधांशु ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री के अंदर बढ़ते कमर्शियलाइजेशन पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने विचार रखे थे। उन्होंने दावा किया कि इंडस्ट्री अब मुनाफे की तलाश में रहती है। कंटेंट इंडिया समिट 2025 में शामिल हुए अभिनेता ने कहा कि हमें कुछ ऐसा बनाने की जरूरत है, जो मौलिक हो और उसका कंटेंट दर्शकों को भा जाए। ये हमारी बदनसीबी है कि हम एक ऐसे इंडस्ट्री से ताल्लुक रखते हैं, जहां हर कोई ऐसी फिल्म बनाने की कोशिश कर रहा है जिन्हें वे बेच सकें। फिल्म निर्माण की जो सबसे जरूरी चीज है, वह गायब होती जा रही है। कोई भी फिल्म मेकिंग पर वास्तव में मेहनत नहीं करना चाह रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुधांशु पांडे आखिरी बार लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में रूपाली गांगुली के पति वनराज शाह की भूमिका निभाते नजर आए थे।

# पहलगाम हमले से आहत शोभना नारायण ने सुनाई 'प्रश्न आतंकवादियों से' कविता

## 'क्या तुम्हारे हाथ नहीं कांपते'

**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भारतीय कथक नृत्यांगना, लेखिका, पद्मश्री शोभना नारायण विचलित हो गई हैं। उन्होंने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से दर्द को बयां किया। इसके साथ ही उन्होंने आतंकियों से चुभने वाले चंद सवाल भी किए।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर शोभना नारायण ने अपने दर्द को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से वह विचलित हो गई हैं। सामने आए वीडियो में शोभना नारायण अपनी कविता सुनाने से पहले कहती हैं, हाल की घटनाएं विचलित करने वाली हैं और यह सवाल उठाती हैं कि मानवता, संवेदनशीलता, भाईचारे को क्या हो गया है? इसलिए मैंने अपने विचार लिखे और आतंकवादियों से सवाल पूछा है।

कविता इस प्रकार है, प्रश्न आतंकवादियों से, क्या कहना चाहते हो? क्या कहना चाहते हो लाशों के ढेर बिछा कर? क्या खुदाई मिलेगी अहंकार और खून के बल पर? किस बाजार में इंसानियत को बेच आए हो?

प्रख्यात नृत्यांगना ने आगे सुनाया कि दादा-दादी, माता-पिता और बेटी-बेटा को मारते हुए क्या तुम्हारे हाथ कांपे नहीं? कभी सोचा कि उन लाशों में खून से लथपथ कहीं सो रहे होंगे तुम्हारे ही मजहब के लोग, पर जब अपने पर बीतता है तब क्यों फिरते हो रक्त आधार के लिए?

तब क्या तुम पूछते हो कि रक्त का धर्म क्या है? प्रतिशोध की भावना जमीन और मजहब बन जाते हैं। युद्ध का सबब इतिहास दोहरा रहा है, पर अनसुना करना ही मानव की आदत सी बन गई है।

पद्मश्री, संगीत नाटक अकादमी समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित प्रसिद्ध शोभना नारायण नृत्यांगना ही नहीं, बल्कि सधी हुई लेखिका और नौकरशाह भी हैं। वह समय-समय पर अपनी लेखनी और प्रस्तुतियों के माध्यम से तत्कालीन परिस्थितियों पर विचार रखती रहती हैं।


शोभना नारायण 'भरतनाट्यम', 'कथक लोक', 'भारत में प्रदर्शन कलाएं', 'कथक', 'पाटलिपुत्र की नृत्य विरासत' जैसी पुस्तकें लिख चुकी हैं। वह भारत के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने शास्त्रीय कथक नृत्य के लखनऊ कालिका-बिन्दादिन घराने के नर्तक बिरजू महाराज से प्रशिक्षण लिया था।

# योगासन जो जेठ की गर्मी में कराएंगे शीतलता का एहसास

- **मन मस्तिष्क को रखेंगे शांत**
- **कब्ज, दमा, और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद**

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। जेठ के तपते महीने का आगाज होने ही वाला है। सुबह भी गर्म होगी और शाम भी हसीन नहीं होगी। ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ती है, त्यों-त्यों हमारे लिए जरूरी हो जाता है कि हम शरीर के कूलिंग सिस्टम पर भी तवज्जो दें, ऐसे उपाय करें जिससे ठंडक का एहसास हो और तपता मौसम भी कुछ न बिगाड़ पाए। बदलते ऋतु चक्र में कुछ योगासन आपकी समस्या का हल हो सकते हैं। प्राचीन योग आधारित ग्रंथों में यूं तो कई प्राणायाम और आसनों का जिक्र है, लेकिन हम बात करते हैं दो ऐसे आसनों की जिन्हें किया तो शरीर की शीतलता बरकरार रहेगी और ये किसी भी उम्र के लिए सटीक हैं।

बालासन- इसका उल्लेख पतंजलि योग सूत्र के अष्टांग योग से संबंधित माना जाता है, जो ईश्वर प्रणिधान (ईश्वर में समर्पण) के सिद्धांत का अभ्यास करता है। बालासन करने का तरीका- घुटनों के बल बैठें, एड़ियों को अलग रखें। फिर अपने पंजों को आपस में छूते हुए एड़ियों पर बैठ जाएं। सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और अपने माथे को चटाई या



मुलायम कुशन पर टिका दें। हाथों को आगे की ओर फैलाया जा सकता है या शरीर के साथ-साथ रखा जा सकता है। बालासन के भी दो विकल्प हैं- जिसमें घुटनों को जोड़ा जाता है। ये आसन मन मस्तिष्क को शांत रखता है और अभ्यास करने वाले को आत्मनिरिक्षण करने को प्रेरित करता है।

वहीं दूसरे में घुटनों को आपस में न मिलाकर बैठें, इससे पेट और छाती में जगह बनती है और सांस का प्रवाह बढ़ता है।

जब हम आगे की ओर झुकते हैं और सिर नीचे करते हैं, तो हम नर्वस सिस्टम को रिलैक्स करने का संकेत देते हैं। ब्लड प्रेशर को कम करने और मन को शांत करने में मदद करता है। चौड़े घुटने वाला बदलाव विशेष रूप से पाचन में सहायता करता है। अक्सर गर्मियों में हम पेट की तकलीफ से जूझते हैं, ये आसन उसे कम करने में मदद करता है।

अर्ध मत्स्येंद्रासन- ये हठ योग की प्राचीन परंपरा का अंग है। आयुष मंत्रालय ने इंस्टाग्राम पोस्ट में इस आसन की सटीक जानकारी दी है। जिसके मुताबिक अर्ध मत्स्येन्द्रासन आसन वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है। इससे उनकी एड्रिनल ग्रंथि की स्थिति में सुधार होता है। साथ ही, यह आसन कब्ज, दमा, और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है, वही जिससे गर्मियों में लोग ज्यादातर परेशान रहते हैं। मधुमेह रोगियों के लिए भी यह एक अच्छा विकल्प है। यह आसन करने से पहले योग विशेषज्ञ से परामर्श करना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि सही तरीके से आसन करने की सलाह मिल सके।

इसे करने के लिए योगा मैट पर पैर क्रॉस कर बैठें। धड़ को बाईं ओर घुमाएं और दाएं हाथ से बाएं घुटने को छूएं। शरीर को मैट से ऊपर नहीं उठाना है। योग का अहम सूत्र है कि इसे दोपहर में न करें। आसन सूर्योदय या सूर्यास्त के समय करें। गर्मी जब सिर पर हो यानी चरम हो तो दोपहर के सत्र से बचें और एक अहम बात, कुशल योग प्रशिक्षक से सलाह जरूर लें।

रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## देश को भीतर से दरकाते देशभक्त

देश की वर्तमान परिस्थितियों का सीधा लाभ पाकिस्तान, उसके संरक्षण में फल-फूल रहे आतंकवादी और इधर भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है। बगैर यह समझे कि उनकी हरकतें पाकिस्तान व दहशतगर्दों को खुश कर रही हैं, खुद को 'देशभक्त' कहने वाले भाजपा समर्थक दुनिया भर में भारत की साख को मिट्टी में मिला रहे हैं। सच कहा जाये तो ये लोग, जिसे कभी खुद पार्टी नेतृत्व ने 'स्प्लिंटर ग्रुप' कहा था, अपना ही देश तोड़ रहे हैं। देश की सबसे बड़ी ताकत नागरिक एकता होती है, इसे ध्वस्त करने का काम हो रहा है। भाजपा हाईकमान तथा उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चाहिये कि वे अपने कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को इस बात की समझाइश दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों से लड़ने की ज़रूरत है, न कि देश के भीतर रहने वाले मुसलमानों से। उनकी हरकतें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे भारत को एक विभाजित समाज के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की प्रसिद्ध बैसरन घाटी में आतंकियों ने 27 लोगों को मार डाला था। इनमें एकाध को छोड़कर सारे ही पर्यटक थे। इस घटना ने देश भर में पहले से चल रही मुस्लिम विरोधी मानसिकता को और भी सघन कर दिया है। इस बात को बहुत बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी। हालांकि इस बात की बहुत पुष्टि नहीं हो पायी है, फिर भी इसे भाजपा-संघ के समर्थकों तथा आईटी सेल ने लपक लिया है तथा उसे सच साबित कर रहे हैं। घटना के कुछ ही क्षणों के भीतर छत्तीसगढ़ भाजपा से एक एआई जनरेटेड चित्र सोशल मीडिया पर जारी हुआ, जिसमें एक शोकाकुल नवविवाहित युवती अपने पति के शव के साथ दिख रही है। उस पर स्लोगन दिया गया है- 'धर्म पूछा जाति नहीं'। जाहिर है कि यह तस्वीर जारी करने का मकसद घटना का लाभ उठाते हुए ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को तेज करना ही था।

सोशल मीडिया पर हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई घटना के बाद से ही तेज हो गयी है। धर्म पूछकर गोलियां मारने का हाइप इतना बना दिया गया कि एक वर्ग इस बात से कतई प्रभावित नहीं हो रहा है कि अपनी जान का खतरा मोल लेकर गाइडों, घोड़े वालों आदि ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को बचाया। वहां से लौटे पर्यटकों की आप-बीती वाले वीडियो कई जगहों से आ रहे हैं जिनमें वे कह रहे हैं कि स्थानीय कश्मीरियों ने उनकी न केवल जान बचाई वरन उन्हें अपने घरों में पनाह दी। उनसे खाने-पीने, रहने का पैसा नहीं लिया, उन्हें बस अड्डों तथा एयरपोर्ट मुफ्त में छोड़ा गया। नज़ाकत अली का किस्सा खूब मशहूर हो रहा है, जिसने छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों को बचाया। इनमें भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि तक हैं। एक घोड़े वाला सैयद आदिल हुसैन आतंकियों से राइफल छीनने की कोशिश में मारा गया।

ये सारी बातें मुस्लिमों से घृणा करने वाले कुनबे को कतई प्रभावित नहीं कर रही हैं। जो भी साम्प्रदायिक सौहार्द की बात कह रहा है, वही आलोचना का पात्र बन रहा है। ऐसे लोगों को देशद्रोही, राष्ट्रविरोधी, पाकिस्तानपरस्त, हिन्दूविरोधी आदि न जाने क्या-क्या कहा जा रहा है। ऐसा नहीं कि यह कोई पहली बार हो रहा है। देश में होने वाली प्रत्येक घटना पर ऐसा ही वैचारिक विभाजन और कटु मतभेद दिखाई पड़ता है। फर्क यह है कि इस बार उसका उफ़ान ज्यादा है, कुछ-कुछ 2019 में हुए पुलवामा कांड के वक्त जैसा। सरकार से पहलगाम की घटना पर सवाल करने वाले फिर से वैसे ही निशाने पर लिए जा रहे हैं, जैसे तीन तलाक, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, राम मंदिर का फैसला, वक्फ़ कानून में संशोधन आदि के समय देखा गया था। वैसे तो लगभग हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार समर्थकों एवं विरोधियों के बीच ठनती रहती है, लेकिन जो मसले साम्प्रदायिक हैं, खासकर जिनमें हिन्दू व मुस्लिम दो पक्ष हों, वहां यह संघर्ष कुछ बड़ा ही स्वरूप धारण कर लेता है।

अगर यह युद्ध केवल सोशल मीडिया पर ही जारी रहता तो कोई बात नहीं रहती, लेकिन यह सड़कों पर उतर आया है। आगरा में गौरक्षा दल वालों ने गुलफाम नामक व्यक्ति की हत्या कर दी और उसके एक साथी सैफ पर फायर किया। भीड़ के नेताओं ने एक वीडियो में कहा कि वे '26 के बदले 2600 को मारेंगे'। (वैसे पुलिस इसे पुराना वीडियो बता रही है)। जयपुर में विधायक बालमुकुन्द आचार्य के नेतृत्व में जामा मस्जिद में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाये गये तो वहीं अम्बाला में मुस्लिमों की दुकानों को तोड़ा गया, उनके ठेले पलटा दिये गये और श्रमिकों से मार-पीट की गयी। यहीं तीन कश्मीरी छात्रों को भी मारा गया जिन्हें गुरुद्वारा में शरण दी गयी। हाथरस में मंदिर बनाने वाले कारीगरों को काम से निकाल दिया गया तथा जोधपुर के जालोरी गेट चौराहे पर पुलिस के रहते मुसलमानों को मारने-काटने की धमकियां दी गयीं। गाजियाबाद के एक गांव में मुस्लिम रेहड़ीवाले को भगा दिया गया तो देहरादून में हिन्दू रक्षा दल ने वीडियो जारी किया कि कोई भी कश्मीरी मुसलमान शहर में नहीं दिखना चाहिये। पश्चिम बंगाल में एक लेडी डॉक्टर ने एक मुस्लिम महिला का इलाज करने से यह कहकर इंकार कर दिया कि 'तुम मेरे धर्म वालों को मारते हो।' महाराष्ट्र के मंत्री नीतेश राणे कहते हैं कि 'जहां से सामान खरीदो, पहले उसका धर्म जान लो।'

पाकिस्तान और आतंकी जो चाहते थे (देश में साम्प्रदायिक टकराव), वैसा ही हो रहा है; और यह कर रहे हैं भाजपा-संघ के लोग, देश के मुसलमानों की कीमत पर, जो खुद को देशभक्त कहते हैं।

मुमकिन है कि भाजपा इस माहौल को बनाए रखना चाहेगी ताकि उसका सियासी लाभ कम से कम इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनाव में लिया जा सके।

# मोदी से निराशा और राहुल से उम्मीदें बढ़ीं

चीजें बदल रही हैं। इसे आप टर्निंग पाइंट भी कह सकते हैं। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद आम लोगों को प्रधानमंत्री मोदी से निराशा हुई है और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं।

राहुल गांधी भी अपना विदेशी दौरा छोड़कर भारत लौटे और प्रधानमंत्री मोदी भी। राहुल सीधे कांग्रेस की शीर्ष ईकाई सीडब्ल्यूसी की बैठक में गए। जहां पहलगाम के आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धाजंलि दी गई। आतकंवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का कांग्रेस का संकल्प दोहराया गया। और पूरे देश की एकजुटता की बात कही गई। इसके बाद राहुल उस आल पार्टी मीटिंग में गए जिसे कांग्रेस की मांग के बाद बुलाई तो केन्द्र सरकार ने थी मगर खुद प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए।

खैर! नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्टेट्समेनशिप (बड़े नेता, देश के नेता) का परिचय देते हुए सरकार को बिना शर्त पूरा सहयोग देने का वादा किया। यहां यह बात बताना जरूरी है कि इससे पहले कभी ऐसी घटना में बीजेपी जब विपक्ष में होती थी तो सरकार को सहयोग देना तो दूर उल्टे सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर देती थी। मगर राहुल ने कहा कि सरकार जो भी कदम उठाएगी हम उसका साथ देंगे।

उसके बाद राहुल अगली सुबह कश्मीर पहुंच गए। वहां अस्पताल जाकर घायलों से मिले। अपनी पार्टी के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिले। नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो कर सकते थे किया।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी। विदेश यात्रा से लौटकर न तो किसी मृतक के परिवार से मिले, न घायलों से। न कश्मीर गए। न आल पार्टी मीटिंग में आए। किया क्या? बिहार चले गए। जहां विधानसभा चुनाव होना है। वहां एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हंस-हंस कर बातें करते हुए फोटो और वीडियो सामने आए।

यहीं से वह टर्निंग पाइंट बनना शुरू हो गया जहां मोदी पीछे और राहुल आगे दिखने लगे। मगर यह इतना आसान नहीं। जनता में भावनाएं आई हैं। मगर यह सामने आएं इसके लिए कांग्रेस को काम करना पड़ेगा।

मोदी के पास मीडिया है। और इन 11 सालों में यह साबित हो गया है कि मीडिया का प्रोपेगंडा इतना ताकतवर है कि वह एक पढ़े-लिखे व्यक्ति को पप्पू और जिसकी डिग्री में संदेह हो उसे बड़ा चिंतक विचारक बता सकता है। मोदी के पास मीडिया के साथ अपनी पार्टी की सोशल मीडिया टीम है और एक बड़ा भक्त समुदाय है। यह तीनों मिलकर मोदी के गिरते ग्राफ को थामने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ केंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही।



शकील अख्तर

> यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ केंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही।

यह आयोजन किस का था? कांग्रेस का। राहुल गांधी इसमें शामिल हुए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सौ से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि। मगर उनके आतंकवाद के खिलाफ का प्रदर्शन कांग्रेस हाई लाइट नहीं कर पाई। यह गलती इस समय नहीं होना चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस की कोई भी पहल इस समय जनता बहुत उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है। कांग्रेस में गुटबाजी और केवल 'मैं ही मैं हं' बड़ी समस्या है। खुद राहुल कह चुके हैं। और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे भी। मगर उसे दूर करने के लिए कुछ नहीं कर रहे। और इसका नुकसान इन दोनों को ही होगा। कोई कांग्रेस के गुटबाज, छोटे-छोटे स्वार्थों में लगे लोगों से जवाब नहीं मांगेगा। जवाब इन दोनों शीर्ष नेताओं को ही देना होगा। मगर यह दोनों कुछ क्यों नहीं करते हैं। इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

मोदी अपने सबसे विपरीत समय में भी नरेटिव (कहानी) बनाने के लिए कुछ करेंगे। लेकिन कांग्रेस जागेगी इसमें लोगों को संदेह है। लोग अभी भी वही पुरानी बात कहते हैं कि कांग्रेस सोचती है कि लोग जब मोदी से परेशान हो जाएंगे खुद उसके पास आएंगे। लोग आ रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं। मगर कांग्रेस जो सबसे बड़ा विपक्षी दल है उसे भी पार्टी के रूप में अधिक सक्रिय होकर सामने आना होगा। राहुल बहुत मेहनत करते हैं। खरगे जी इस उम्र में जितना काम कर रहे हैं इतनी उम्र का किसी भी पार्टी का कोई नेता नहीं कर रहा है। 83 साल के होने वाले हैं।

बीजेपी का सारा प्रचारतंत्र इस समय भरभरा कर गिर गया है। मोदी जी कुछ भी बोलते रहते थे। नोटबंदी से आतंकवाद खतम हो गया। कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद हो गया। घर में घुस कर मारेंगे। लाल आंखें। सब की असलियत लोगों के सामने आ गई।

और उस पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ पाकिस्तान को भी एक पलड़े में रखकर मोदी की यह मेरा दोस्त वह मेरा दोस्त माई डियर ट्रंप सब दावों की हवा और निकाल दी। ट्रंप ने बहुत गलत बोला। दोनों को समान दोस्त बता दिया। और कश्मीर मामले को 1500 साल पुराना बता दिया। आतंकवाद पर हम पीड़ित हैं। पाकिस्तान कश्मीर में करीब चार दशक से आतंकवाद चला रहा है। वह उत्पीड़क है। उसके साथ हमें रख देना एकदम गलत है।

लेकिन प्रधानमंत्री कोई विरोध नहीं कर पाए। इससे पहले भी जब भारतीयों को हथकड़ी बेड़ी डालकर वापस भेजा गया तब भी। मनमाना टैरिफ लगाया गया तब भी। मोदी को सामने बिठाकर भारत के खिलाफ बोला गया तब भी। पता नहीं अब भी समझ में आएगा कि नहीं। काहे के लिए खुद को विश्व गुरु बोलते थे!

11 साल सिर्फ हिन्दू-मुसलमान किया। क्या हुआ उससे? नौकरी, महंगाई, देश की अर्थ व्यवस्था, जनता की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं, उनके बच्चों की सरकारी स्कूलों की मुफ्त शिक्षा छोड़िए, क्या जिस पर सारा जोर था वह आतंकवाद खतम हो गया? चीन की तो बात ही करना बेकार है। वह तो अंदर घुसकर गलवान में हमारे 20 जवानों को शहीद कर गया। और प्रधानमंत्री ने उन्हें क्लीन चिट दे दी कि न कोई आया हो न कोई घुसा है। और सबसे खराब बात कि पाकिस्तान जिस का पक्ष लेने की अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने कोशिश की थी तो उस समय की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे उसी पाकिस्तान को आज अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ बराबरी पर रख रहे हैं। और हम चुप हैं।

अमेरिका से इतना डर? अगर इन्दिरा गांधी डरी होतीं तो क्या आज भारत ऐसा मिलता?

बातों ही बातों को समय ने पूरा एक्सपोज कर दिया। जनता की समझ में आ रहा है। मगर जनता खुद से कुछ नहीं कर सकती है। उसे प्रेरित करते रहना पड़ेगा।

दूसरी बात कांग्रेस को पहले चुनाव जीतना सीखना पड़ेगा। सब परिस्थितियां हैं। चुनाव आयोग का पक्षपात। वोटर लिस्ट में धांधलियां, ईवीएम में गड़बड़ियां सब हैं। मगर कांग्रेस की अपनी कमजोरियां?

हम नहीं कह रहे खरगे और राहुल खुद कह चुके हैं। गुटबाजी, कांग्रेस में आधे बैठे भाजपाई, काम नहीं करना, सब परतें दोनों ने खरगे-राहुल ने खोल दी हैं। मगर इन्हें दूर कौन करेगा? पता नहीं? ऊपर वाले का नाम तो भाजपा सबसे ज्यादा लेती है। मगर शायद सोचती कांग्रेस है कि वही इन सब गड़बड़ियों को दूर करेगा! जैसे अंध भक्त आजकल हो गए हैं। वैसे शायद अंध आस्थावान कांग्रेस आजकल हो रही है!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भारत-पाक के बीच दो अंतरराष्ट्रीय संधियों के निलंबन की कहानी

**■ डॉ. ज्ञान पाठक**

शायद यह समय निकट अतीत का सबसे बुरा दौर है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोग मारे गये, जो 2000 के बाद से पिछले 25 सालों में सबसे भयानक घटना है। दुनिया ने इसे 'आतंकवाद की कार्रवाई' कहा। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान के शामिल होने के प्रथम दृष्टया सुबूतों के आधार पर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तुरंत पांच सख्त कदम उठाये। इनमें से एक 1960 की सिंधु जल संधि का निलंबन था। पाकिस्तान ने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' कहा और फिर 1972 के शिमला समझौते को निलंबित कर दिया, जो 'शांति का निलंबन' है। संयुक्त राष्ट्र ने 'अधिकतम संयम' का आह्वान किया है। कहानी अभी भी चल रही है और कोई नहीजानता कि यह किस ओर मुड़ेगी।

अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने बुधवार को कहा कि वह 22 अप्रैल मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 'पर्यटकों की जान जाने से चिंतित है'। तब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि इस घटना से देश का कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय अधिकारी, हालांकि, पाकिस्तान के इनकार से संतुष्ट नहीं थे।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दल ने पहलगाम के आतंकवादियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा। यहां तक कि पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी का सहारा लिया, जिसका भारतीय बलों ने तुरंत जवाब दिया। यह कहानी अशुभ दिशा में आगे बढ़ रही है जिसका असर दोनों देशों के आम लोगों पर पड़ेगा और उनकी जान और संपत्ति का भारी नुकसान होगा।

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार मशीन द्वारा बनाये गये मिथक को ध्वस्त कर दिया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद जम्मू और कश्मीर में 'सब ठीक है' और उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रत्यक्ष सुरक्षा कवर के तहत सुरक्षित रखा गया है। जम्मू और कश्मीर वास्तव में आतंकवादियों से सुरक्षित नहीं था, क्योंकि आतंकी समूह खुद को शांत रख रहे थे, जबकि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह यह दावा करते रहे कि उन्होंने नागरिकों को प्रदान किये गये मजबूत सुरक्षा कवर के बाद घाटी में शांति बहाल कर दी है। घाटी ने वास्तव में अक्टूबर 2001 के बाद से इस पैमाने पर नागरिकों पर हमले में मौत नहीं देखी है जब 35 लोग मारे गये थे। 2019 का पुलवामा हमला सशस्त्र बलों पर था जिसमें 40 से अधिक जवान मारे गये थे।

घरेलू सुरक्षा व्यवस्था की विफलता अब इस आतंकी घटना से साबित हुई है, और इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी के तहत घाटी में शांति, केवल एक मिथक थी, जो उनके हाइपर प्रचार मशीन द्वारा निर्मित था। लेकिन इस विफलता पर पर्दा डालने के लिए मोदी सरकार को एक कवर उपलब्ध है, वह है वर्तमान आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ, और घाटी के साथ-साथ भारत में अलगाववादी और आतंकवादी आंदोलनों में उनकी पारंपरिक भागीदारी। लेकिन यह बाहरी हाथ की बात पर, सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की विफलता को माफ नहीं किया जा सकता।

हालांकि, यह कहानी आगे बढ़ी, सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन के साथ, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तीन युद्धों - 1965, 1971 और 1999 में भी बची रही। सिंधु जल संधि का निलंबन अब अतीत से एक प्रस्थान है, और इनमें से एक युद्ध अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तहत लड़ा गया था। इस प्रकार सिंधु जल संधि को निलंबित करने का पीएम नरेंद्र मोदी का निर्णय महत्वपूर्ण नया घटनाक्रम है।

सिंधु जल संधि के प्रावधानों के अनुसार सिंधु नदी प्रणाली की पूर्वी नदियों सतलुज, व्यास और रावी का सारा पानी भारत के 'अप्रतिबंधित उपयोग' के लिए उपलब्ध रहेगा, जबकि पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों' सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी मिलेगा। इस संधि के निलंबन से पाकिस्तान अभूतपूर्व स्तर के जल संकट और बाढ़ से पीड़ित होगा। यह पाकिस्तानी लोगों और नीचे की ओर रहने वाले सभी प्रकार के जीवन के लिए विनाशकारी होगा। मानवता के दृष्टिकोण से, यह तबाही अभूतपूर्व होगी।

अगर पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दबाजी में टिप्पणी नहीं की होती या घाटी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद का वायदा किया होता, तो कहानी अलग तरह से आगे बढ़ती। शांति का पालन करने के बजाय, उन्होंने प्रतिशोध का रास्ता अपनाया।

पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन को 'युद्ध की कार्रवाई' कहा।

> अगर पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दबाजी में टिप्पणी नहीं की होती या घाटी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद का वायदा किया होता, तो कहानी अलग तरह से आगे बढ़ती। शांति का पालन करने के बजाय, उन्होंने प्रतिशोध का रास्ता अपनाया। पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन को 'युद्ध की कार्रवाई' कहा।

गुरुवार, 24 अप्रैल को पाकिस्तान ने भारत-पाक शिमला समझौते 1972 को स्थगित करने की घोषणा की, जो शांति के लिए एक समझौता था। पाकिस्तान ने भारत के पाकिस्तान के खिलाफ़ उठाये गये कदमों के जवाब में सात जवाबी उपायों की घोषणा की। उनके सात जवाबी उपायों में से एक 'शांति का निलंबन' है, शिमला समझौते के निलंबन से रूप में, जो 1971 के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित किया गया था जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। शिमला समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाल करना और संबंधों को सामान्य बनाना था, जिसमें अच्छे संबंधों के लिए भविष्य की बातचीत के लिए प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित करके सुलह की दिशा तय की गयी थी। शांति के लिए हुए इस समझौते के निलंबन से न केवल दोनों देशों के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि नागरिकों की शांति और उनका कल्याण पूरी तरह बाधित होगा।

शिमला समझौते पर संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, 'भारत सरकार और पाकिस्तान सरकार ने संकल्प लिया है कि दोनों देश अपने संबंधों को खराब करने वाले संघर्ष और टकराव को समाप्त करेंगे और मैत्रीपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने तथा उपमहाद्वीप में स्थायी शांति की स्थापना के लिए काम करेंगे, ताकि दोनों देश अपने संसाधनों और ऊर्जा को अपने लोगों के कल्याण को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण कार्य में लगा सकें।'

पाकिस्तान द्वारा इस संधि को निलंबित करने से दोनों देशों के लोगों के 'कल्याण को आगे बढ़ाना' गंभीर जोखिम में पड़ गया है। भारत और पाकिस्तान द्वारा दो अंतरराष्ट्रीय संधियों को निलंबित करने के बाद, दोनों पक्षों में कट्टरता अपने चरम पर पहुंच रही है। घाटी में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान और भारत के सैनिकों के बीच रात भर गोलीबारी हुई। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से 'अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि स्थिति और घटनाक्रम जो हमने देखा है, वह और अधिक न बिगड़े।'



## ललित सुरजन की कलम से

### 'मोदीवाद की जीत'

*'गठबंधन का नाम नहीं, पार्टी का नाम नहीं, मुद्दों की बात एक सिरे से गायब तो फिर वह ऐसा कौन सा आशादीप था जो पतिंगे की मानिंद मतदाताओं को मोदी की तरफ खींच रहा था? इसका जवाब 23 तारीख की दोपहर में छत्तीसगढ़ की प्रमुख भाजपा नेत्री सरोज पांडे ने दिया। एक रिपोर्टर से उन्होंने कहा- राष्ट्रवाद और देश की सुरक्षा। मैंने उनका कथन सुना, लेकिन देश में अन्यत्र भी अन्य नेतागण शायद यही बात कर रहे होंगे! इस राष्ट्रवाद को कैसे परिभाषित किया जाए, मैं नहीं जानता। इतना अवश्य पता है कि बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में चीनी राष्ट्रवाद, जापानी राष्ट्रवाद, कोरियाई राष्ट्रवाद जैसी भावनाएं प्रचलित थीं, जिनकी आलोचना विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर ने की थी। मैं यह भी नहीं समझ पाता कि हम एक देश में रहते हैं, देशवासी कहलाते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद की तर्ज पर देशवाद जैसी कोई संज्ञा आजतक क्यों नहीं बनी! भाजपा के राष्ट्रवाद की व्याख्या शायद यही है कि 1947 में पाकिस्तान के नाम पर एक मुस्लिम राष्ट्र बन गया था, सो भारत को हिंदू राष्ट्र बनना ही चाहिए जिसमें मुसलमान दोयम दर्जे के नागरिक बनकर रहें। उनकी यह अवधारणा इजराइल के यहूदी राष्ट्रवाद से प्रेरित हो तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं होगी। यह मोदीवाद का सूत्र क्रमांक दो है।*

**(देशबंधु में 30 मई 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/05/blog-post_29.html

## आज प्रकाश पर्व

### दूसरे नानक गुरु अंगद देव

सिखों के दूसरे नानक गुरु अंगद देव का नाम पहले भाई लहणा था। आपका जन्म 1504ई. में जिला फिरोजपुर मत्ते की सराय में पिता के गृह ग्राम में फेरूमल के यहां माता दया कौर की कोख से हुआ था। आपके माता पिता दोनों ही माता वैष्णो देवी के भक्त थे। आपके पिता का सन् 1526 में देहांत हो जाने के बाद भी आप वैष्णोदेवी के दर्शन करने जाते रहे। आपकी शादी देवीचंद खत्री की पुत्री बीबी खीणी के साथ खंडूर साहिब में सन् 519 ई. में हुई। वैष्णो देवी जाने के रास्ते में ही करतारपुर जहां गुरु नानक देव का निवास था। 1532 में जब आप पांचवीं बार वैष्णो देवी के दर्शन को जा रहे थे तभी आपके साथ भाई जोधाजी भी थे जो गुरु नानक देव के परम भक्त थे और वे करतारपुर गुरु नानक देवजी के दर्शन करने जा रहे थे। भाई लहणाजी उनकी बातों से प्रभावित होकर गुरु नानक जी के दर्शन करने करतारपुर चल पड़े। रास्ते में आपकी मुलाकार एक बुजुर्ग व्यक्ति से हुई। आप घोड़े पर सवार थे और उस बुजुर्ग से नानक देव जी के घर का पता पूछने लगे तब उन बुजुर्ग व्यक्ति ने आपके घोड़े की रास पकड़ कर गुरु नानक देवजी के निवास के बाहर ले जा कर कहा कि इसी घर में गुरुदेव रहते हैं और स्वयं उस घर के अंदर पीछे की ओर चले गए। भाई लहणा जी ने जब अंदर जाकर देखा कि ये वही बुजुर्ग हैं जिन्होंने राह दिखाई। तब वे शर्मिन्दा हुए हाथ जोड़कर उनसे क्षमा मांगी तथा अपना नाम बताया लहणा बताया। तब गुरुदेव ने कहा आपने लेना है और मुझे देना है। लेने वाला हमेशा घोड़े पर सवार होकर ही आता है तब रात में वहीं विश्राम किया। सुबह उनकी आंख खुली तो देखा स्वयं वैष्णो देवी उनके सामने खड़ी उनसे कुछ मांग रही हैं।

इस तरह आपका गुरु नानकदेव जी पर अटूट विश्वास हो गया और आपने वैष्णो देवी जाने का विचार त्याग दिया। आप वहीं रह कर गुरु घर की सेवा में लग गए। आप वहां पावन वाणी का पाठ भी करते सेवा कार्य में भी लगे रहते। इस तरह वाणी का पाठ करते-करते आपके मन का भ्रम दूर होने लगा और इस बात का ज्ञान हो गया कि गुरु नानक देव ही समरथ गुरु हैं। करतारपुर में आपने सात साल गुरुदेव की सेवा में व्यतीत किए और गुरुदेव के प्रत्येक आदेश का अक्षरश: पालन किया। आपने वहां गुरुदेव के खेतों की निंदाई की गुरुदेव के आदेश पर गंदे कीचड़ में फेंके गए कटोरे को भी निकालने में नहीं हिचकिचाए। एक दिन अत्यधिक बरसात होने के कारण धर्मशाला की दीवार गिर गई तब आपने बारिश की परवाह किए बिना रात भर में दिवाल तैयार कर दी। इस अंधेरी रात में गुरुदेव आपको कपड़े धोने नदी में भेजा। आपने बिना किंतु परन्तु किए आपके आदेश का पालन किया और कपड़ेधोकर ले आए। इस तरह गुरु नानक देवजी ने आपकी कई तरह से परीक्षा ली और आप गुरुदेव की हर परीक्षा में खरे उतरे। गुरु नानक देवजी के दो सुपुत्र थे भाई श्रीचंद और भाई लखमीचंद उनकी भी इसी किस्म की परीक्षाएं लीं पर वे सफल नहीं हुए। अंतिम परीक्षा के रूप में गुरुदेव ने उन्हें मुर्दा खाने का आदेश दिया। मुर्दे पर चादर पड़ी हुई थी। आपने गुरुदेव से पूछा किस तरफ से खाना शुरु करूं? गुरुदेव ने पैर की तरफ इशारा किया। आपने पैर की तरफ जैसे ही खाने को हाथ बढ़ाया गुरुदेव ने झट से जाकर उनका हाथ पकड़ लिया और उन्हें गले से लगा लिया। भाई लहणा से उनका नाम अंगद देव रख दिया और कहा कि आज से तुममें और मुझमें कोई फर्क नहीं है। इस तरह उन्हें दूसरा नानक अंगद देव बना दिया। इस तरह शरीर तो दोनों के अलग-अलग रहे पर ज्योति दोनों में एक ही प्रकाशित होने लगी। गुरुदेव के आदेश पर खंडूर साहिब नगर बसाया और वहीं रहकर सिमरन भक्ति में लगे रहे। तब वहां के एक तपस्वी शिवनाथ लोगों को भड़काने लगे कि जब से महात्मा बनकर आए हैं तभी से इंद्रदेव नाराज हैं और बारिश नहीं हो रही है क्योंकि ये गृहस्थी हैं और महात्मा बने हैं। तब कुछ साध संगत के कहने पर आप खंडूर साहिब छोड़कर बाहर चले गए पर फिर भी बरसात नहीं हुई। तब साध संगत आप के पास आकर प्रार्थना करने लगे। तब गुरुदेव ने कहा- मुझे करामात दिखाने का प्रभु परमात्मा से आदेश नहीं है परन्तु वहां पर मौजूद आपके सेवक अगरदास जी कहा आप जाओ शिवनाथ को पकड़ो जिस-जिस खेत में उसके चरण पड़ेंगे वहां बरसात होगी। बस फिर क्या था हर एक ने घसीट-घसीट कर अपने -अपने खेत में ले जाने लगे और वहां-वहां बरसात होने लगी और इस घसीटा-घसीटी में शिवनाथ की प्राण निकल गए।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### टॉपर या जाति टॉपर : प्रतिभा गुम, जाति और पृष्ठभूमि का बाज़ार गर्म

देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा अब जातीय गौरव का तमाशा बन चुकी है। जैसे ही रिज़ल्ट आता है, प्रतिभा और मेहनत को धकिया कर जाति, धर्म और 'किसान की झोपड़ी' की स्क्रिप्ट सोशल मीडिया पर दौड़ने लगती है। एसी कमरों में पढ़ने वाले अब खुद को किसान का बेटा घोषित करते हैं, ताकि संघर्ष बिके। टॉपर बनने के बाद सेवा की बजाय सेल्फी और सेमिनार का मोह शुरू हो जाता है।

हर साल जब संघ लोक सेवा आयोग के परिणाम आते हैं, तो देश का एक बड़ा वर्ग उत्साहित होता है — कहीं उम्मीदें टूटती हैं, कहीं सपने पूरे होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक नया और खतरनाक ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है — सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा और मेहनत पर चर्चा करने के बजाय, उनकी जाति, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि को माइक्रोस्कोप से जांचा जा रहा है और फिर उसी के आधार पर उनके संघर्ष की कहानी गढ़ी जाती है, सोशल मीडिया पर महिमामंडन या विवाद खड़ा किया जाता है।

एक तरफ़ सफल अभ्यर्थी अपनी मेहनत को सेलिब्रेट करना चाहते हैं, दूसरी तरफ़ समाज उन्हें एक 'ट्रॉफी' बना देता है — या तो जातीय गौरव के नाम पर, या भावनात्मक बाज़ार के नाम पर। जब प्रतिभा गौण हो जाए और पहचान प्राथमिक। क्या हम इतने खोखले हो गए हैं कि अब सफलता भी जाति की चश्मे से देखनी पड़ती है? एक छात्र जिसने वर्षों तक दिन-रात एक कर दिए, जो असफलताओं के बावजूद डटा रहा, जिसने निजी सुखों को छोड़ तपस्या की — उसकी कहानी अब उसकी प्रतिभा नहीं, उसकी जातीय पहचान से मापी जाएगी? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और न्यूज़ चैनल्स अब सबसे पहले पूछते हैं-यह किस जाति से है? उसके बाद आता है सवाल-'पिता क्या करते हैं?' फिर, अगर कहीं से भी किसान, मजदूर या निम्नवर्गीय पृष्ठभूमि जुड़ जाए, तो सफलता की कहानी में 'संघर्ष का मसाला' डालकर उसे और अधिक बिकाऊ बना दिया जाता है।'

जहां एक समय सिविल सेवा का मतलब होता था — समाज की बेहतरी के लिए समर्पित जीवन। अब इसका अर्थ बदलता दिख रहा है। अब टॉपर्स बनने के बाद तुरंत यूट्यूब चैनल खोलना, इंस्टाग्राम पर [illegible]सेशन करना, कोचिंग ब्रांड्स के विज्ञापनों में चमकना, किताबें लिखना और मोटिवेशनल स्पीच देना, ट्रेंड बन गया है।

इसमें कोई बुराई नहीं है कि युवा अपनी सफलता का जश्न मनाएं या दूसरों को प्रेरित करें। लेकिन सवाल तब उठता है जब सेवा का भाव पीछे छूट जाए, और सेल्फ ब्रांडिंग ही प्राथमिक एजेंडा बन जाए। अब राजनीतिक लाभ का भी माध्यम बनता दिख रहा है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएं, मीडिया हाउस और जातीय संगठन क्ष्ष्ट टॉपर्स को च्अपनाज्बताने की होड़ में लगे हैं।

कहीं 'दलित गौरव' के नाम पर प्रचार हो रहा है, तो कहीं 'सवर्ण शान' के नारे गढ़े जा रहे हैं। कोई 'ओबीसी चमत्कार' कहता है, तो कोई 'किसान पुत्री की उड़ान'। असल में इन सबमें एक साधारण सच्चाई गायब हो जाती है — मेहनत तो मेहनत होती है, न जाति देखती है, न मजहब, न वंश।

भारतीय लोकतंत्र की एक दुर्लभ उपलब्धि है — जहां किसी जाति, धर्म, वर्ग से परे जाकर व्यक्ति के ज्ञान, समझ, सोच, तर्कशक्ति और निर्णय क्षमता को परखा जाता है। यह परीक्षा बार-बार साबित करती है कि देश के अंतिम छोर से भी प्रतिभाएं निकल सकती हैं।

असलियत यह है कि जिन किसानों की हालत आज भी बैंकों के कर्ज में दबी है, जिनके बच्चे आज भी टूटी हुई पाठशालाओं में पढ़ रहे हैं, वे इस चकिसान परिवारज्की ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं बन पाते। यह नया 'संघर्ष बेचो' मॉडल दरअसल एक बड़े मध्यमवर्गीय या उच्चवर्गीय तबके का सोशल इमोशनल इंजीनियरिंग है।

**- डॉ सत्यवान सौरभ**

# देश विदेश

## पाकिस्तान में अभियान में दो सैनिक व 15 आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग अभियानों में दो सैनिक मृत्यु हो गई, जबकि 15 आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रांत के करक, उत्तर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया कि करक जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुयी मुठभेड़ के दौरान आठ आतंकवादी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान में चार आतंकवादी मारे गए, साथ ही आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में दो पाकिस्तानी सैनिकों की भी जान चली गई।

पहलगाम आतंकी हमला पर जयशंकर व डेविड लैमी ने की चर्चा, कहा

# ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से बात की। दोनों के बीच पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चर्चा हुई। जयशंकर ने ट्वीट कर जानकारी दी कि आज ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से बात की। पहलगाम में सीमा पार से हुए आतंकवादी हमले पर चर्चा की। आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता के महत्व को रेखांकित किया।

इससे पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की थी। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी को फोन किया और भारतीय धरती पर हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना

### ■ आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता पर जताई सहमति

व्यक्त की। उन्होंने इस बर्बर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। पहलगाम आतंकी हमले ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुख और आक्रोश को जन्म दिया है। विश्व नेताओं ने एक आवाज में हमले की निंदा की है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने की अपील की। तमाम राष्ट्राध्यक्षों ने हमले की आलोचना की और पीएम मोदी से फोन पर इस पर चर्चा भी की।

आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं।

## भारत सरकार को समर्थन रहेगा जारी : एफबीआई

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल ने रविवार को जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार को निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। 22 अप्रैल को हुए इस क्रूर हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले को अंजाम दिया था। इस हमले ने भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक कूटनीतिक और सार्वजनिक आक्रोश पैदा कर दिया है। पटेल ने एक्स पर लिखा कि एफबीआई कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के सभी पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है। एफबीआई भारत सरकार को अपना पूरा समर्थन देना जारी रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह आतंकवाद की बुराइयों से हमारी दुनिया को लगातार होने वाले खतरों की याद दिलाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हमले के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और आतंकवादी कृत्य की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की जान जाने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ट्रंप ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और इस जघन्य हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए भारत के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।



## आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आना होगा साथ : गुलाटी



**ओस्लो।** नॉर्वे के सांसद हिमांशु गुलाटी ने रविवार को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त अंतरराष्ट्रीय लड़ाई का आह्वान किया। गुलाटी ने कहा कि भारत के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले से गहरा सदमा लगा है। मैं सभी पीड़ितों, प्रभावितों व भारत के लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि धर्म के कारण नागरिकों को बेरहमी से मारा गया। मेरे अपने देश नॉर्वे में भी हम आतंकवाद के शिकार हुए हैं और दुनिया ने मानवता के दुष्ट दुश्मनों जैसे आईएसआईएस, अलकायदा और अन्य आतंकी संगठनों को देखा है। इन जैसे संगठनों ने अब भारत में इस क्रूर आतंकी हमले को अंजाम दिया है। हमें एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रूप में इन दुष्ट ताकतों से लड़ने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। गुलाटी ने कहा कि मैं एक बार फिर भारत में इस दुखद हमले से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। आइए हम सब मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ें। पहलगाम आतंकी हमले ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुख और आक्रोश को पैदा किया है।

## सुडोकू 6896

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 8 | | | 5 | |
| 6 | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | | | 2 | | 6 | |
| | | | | 2 | 3 | | | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | | 6 | 5 | | | | |
| | 6 | | 8 | | | 2 | | 7 |
| 3 | | | 7 | | | 6 | | 5 |
| | 4 | | | 6 | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6896

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१ सम्मोहित
३. गणेश,
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के बड़े भाई
८. अंघाधुंध, लगातार
१३. आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी (उर्दू)
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित, नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५ अल्पवयस्क, मासूम निर्दोष
९. हठात
१०. तहकीकात
११. सौर मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाकाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेतबाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6895

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | आ | २ ब | रू | ■ | ■ | ३ ज | न | ४ सं | ख्या |
| ल | ■ | र | ■ | ५ नि | श्च | ल | ■ | स्था | ■ |
| ६ गा | लि | ब | ■ | शि | ■ | ७ पा | र | प | त्र |
| म | ■ | ८ स | ९ म | का | ली | न | ■ | क | ■ |
| ■ | १० का | ■ | नो | ■ | ■ | ■ | ११ भ | ■ | १२ ए |
| १३ अ | त्या | चा | र | ■ | १४ प | ■ | १५ व्य | थि | त |
| ■ | य | ■ | १६ थ | का | व | ट | ■ | ■ | बा |
| १७ मु | नी | म | ■ | ■ | ना | ■ | १८ व्या | १९ पा | र |
| हि | ■ | ■ | २० अ | वि | र | २१ ल | ■ | व | ■ |
| २२ म | क | त | ब | ■ | ■ | २३ त | र | क | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 28 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज का दिन आनंद और उल्लास से भरा हुआ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज किए गए हर काम में सफलता मिलेगी। घर का वातावरण खुशी का रहेगा।

वृषभ - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है। अनेक प्रकार की चिंता आपको हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। ।

मिथुन - आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी। उनके द्वारा लाभ मिलेगा।

कर्क - आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे। काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुले मन से घरेलू चर्चा करेंगे।

सिंह - खट्टे- मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा। धार्मिक और मांगलिक कामों में उपस्थिति रहेगी।

कन्या - आज आपके लिए वाणी पर अंकुश और संयम रखना अत्यंत आवश्यक है। गुस्से के कारण परिजनों के साथ आपका मेल-जोल बना रहेगा और वैवाहिक जीवन में अधिक निकटता रहेगी। किसी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज का दिन आप का मन दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ खान-पान, सैर-सपाटे एवं प्रेम सम्बंधों की वजह से प्रफुल्लित रहेगा। पर्यटन के योग हैं। आज मनोरंजन के साधनों और वस्त्र आदि की खरीदी पर धन खर्च हो सकता है।

वृश्चिक - घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इससे आप राहत का अनुभव करेंगे। शारीरिक - मानसिक ताजगी के कारण काम करने का उत्साह होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

धनु - आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

मकर - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आप में स्फूर्ति का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद या निरर्थक चर्चा के प्रसंग बनेंगे। इससे आप का मन व्यथित रह सकता है। अपयश मिलने की आशंका है।

कुंभ - आज आपके मन से चिंता का भार कम हो जाएगा और आप मानसिक रूप से खुशी का अनुभव करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदित रहेगा।

मीन - आज आपको खर्च के अतिरिक्त क्रोध और जीभ पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ तकरार होने की संभावना है। आर्थिक मामले या लेन-देन में सावधानी रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ झगड़े होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ईरान के बंदरगाह में भीषण विस्फोट, 28 की मौत, 800 घायल

### ■ 50 किमी दूर तक महसूस किया गया विस्फोट का असर

**लंदन,** 27 मार्च (एजेंसियां)। ईरान के एक प्रमुख बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 28 लोगों की मौत हुई है और 800 लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट शनिवार सुबह दक्षिणी शहर बंदर अब्बास के पास देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह शाहिद राजाई बंदरगाह में हुआ। ब्लास्ट से आस-पास की इमारतों की खिड़कियां और छतें उड़ गईं और कारें नष्ट हो गईं। स्थानीय निवासियों बताया कि विस्फोट का असर 50 किमी (31 मील) दूर तक महसूस किया गया। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, छह लोग लापता हैं।

फारस की खाड़ी के किनारे और होर्मोज जलडमरूमध्य के पास स्थित, शाहिद राजाई बंदरगाह, ईरान का सबसे बड़ा कंटेनर हब है, जो देश की लगभग 80 प्रतिशत कंटेनर गतिविधियों को संभालता है। क्षेत्र में मौजूद एक व्यक्ति ने ईरानी सरकारी टीवी को बताया कि पूरा गोदाम धुएं, धूल और राख से भर गया। मुझे याद नहीं है कि मैं टेबल के नीचे गया या विस्फोट के कारण वहां फेंका गया। हवाई फुटेज में कम से कम तीन क्षेत्रों में आग लगी हुई दिखाई दी और ईरान के आंतरिक मंत्री ने बाद में पुष्टि की कि आग एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर में फैल रही थी। क्षेत्र के



स्कूलों और कार्यालयों को रविवार को बंद रहने का आदेश दिया गया है।

ईरान के संकट प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जफरी ने शाहिद राजाई में कंटेनरों में रसायनों के खराब भंडारण को विस्फोट के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने ईरान की आईएलएनए समाचार एजेंसी को बताया कि विस्फोट का कारण कंटेनरों के अंदर मौजूद रसायन थे। जफरी ने कहा कि इससे पहले, संकट प्रबंधन के महानिदेशक ने अपने दौरे के दौरान इस बंदरगाह को चेतावनी दी थी और खतरे की संभावना की ओर इशारा किया था।

हालांकि, ईरानी सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि यद्यपि विस्फोट संभवत: रसायनों के कारण हुआ है, फिर भी इसका सटीक कारण निर्धारित करना अभी तक संभव नहीं है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने घटना की जांच के आदेश दिए और आंतरिक मंत्री को घटनास्थल पर भेजा।

हाल के वर्षों में ईरानी ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे में कई घातक घटनाएं हुई है। इनमें से कई के लिए, शनिवार के विस्फोट की तरह, लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। इनमें रिफाइनरी में आग लगना, कोयला खदान में गैस विस्फोट, बंदर अब्बास में आपातकालीन मरम्मत की घटना [जिसमें 2023 में एक श्रमिक की मृत्यु हो गई थी], शामिल हैं।

## ईरान बंदरगाह विस्फोट पर अफगानिस्तान ने जताया दुख



**काबुल।** अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने पड़ोसी देश ईरान के बंदरगाह पर हुए विस्फोट पर दुख व्यक्त किया। इस विस्फोट में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। देश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात बंदर अब्बास में हुए दुखद विस्फोट पर गहरा दुख और खेद व्यक्त करता है, जिसके परिणामस्वरूप नागरिकों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हो गए।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**आतंकवाद के खात्मे की ...**

ऑपरेशन तेज कर दिया है। कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, और आतंकियों की तलाश के लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। एनआईए की एक विशेष टीम भी पहलगाम पहुंची है, जो हमले के पीछे की साजिश और आतंकी नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन टीआरएफ द्वारा जिम्मेदारी लेने और पाकिस्तान के संदिग्ध कनेक्शन के मद्देनजर भारत सरकार ने पहले ही कई सख्त कदम उठाए हैं। इनमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं पर रोक, और भारत में मौजूद पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश शामिल है। इसके अलावा, भारत ने इस्लामाबाद में अपने दूतावास को बंद करने का भी फैसला किया है।

**अपहरण और हत्या के मामले में ...**

अभियोजन पक्ष ने अपना पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित किया। आरोपियों के कथन के आधार पर घटनास्थल से मृतक से संबंधित वस्तुएं जैसे जली हुई हड्डियां, टिफिन बॉक्स, आभूषण और व्यक्तिगत सामा बरामद किए गए। इन अवशेषों की फॉरेंसिक और डीएनए जांच करवाई गई। लेकिन डीएनए प्रोफाइल स्पष्ट रूप से नहीं मिल सकी।

फॉरेंसिक विशेषज्ञ ने गवाही दी कि बरामद हड्डियां मानव की थीं और लगभग 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति की थीं, जो मृतक की उम्र के अनुकूल थीं। अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों की गवाही कराई, जिनमें जांच अधिकारी अमित कुमार बेरिया, फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ। स्निग्धा जैन और अनुपमा मेश्राम शामिल थे। अभियुक्तों के वकीलों ने तर्क दिया कि दोषसिद्धि प्रत्यक्ष साक्ष्य या चश्मदीद गवाहों के अभाव में टिकाऊ नहीं है, और मृतक की पहचान भी प्रमाणिक रूप से स्थापित नहीं हो सकी। उन्होंने यह भी कहा कि जब्ती की गई वस्तुएं सार्वजनिक स्थानों से प्राप्त हुईं, जहां किसी का भी पहुंचना संभव था, और इन वस्तुओं या अपराध में प्रयुक्त वाहन की विधिसम्मत पहचान नहीं कराई गई।

कोर्ट ने डीएनए की पुष्टि न होने के बावजूद यह पाया कि अभियोजन पक्ष अपहरण, डकैती और हत्या की घटनाओं की एक ऐसी सुसंगत श्रृंखला प्रस्तुत करने में सफल रहा, जिससे यह साबित होता है कि अभियुक्त ही इस अपराध में दोषी है इसलिए अपील खारिज कर दी गई और निचली अदालत द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा गया।

**नदी में डूबते-डूबते बचे...**

से बैठने के कारण अचानक बिगड़ गया। हादसे के बाद भाजपा नेता राहुल सिंह और सुरक्षाकर्मी पानी में गिर गए। जबकि सभाजीत यादव बम्बू में पलट गए और धर्मेन्द्र पटवा संतुलन बिगड़ता देख बाहर निकल गए। हालांकि पानी कम होने की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## आज का इतिहास

1740 - मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम का निधन।
1829: यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नये प्रेस कानून को पारित किया।
1910 - इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम व्हाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।
1914 - अमेरिका में वेस्ट वर्जीनिया के एस्सेल्स इलाके में एक कोयला खदान हादसे में 181 लोगों की मौत।
1932 - इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा।
1935 - रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत।
1937 - इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म। एक शासक के तौर पर उनका जीवन जितना राजसी और भव्य रहा, उनके जीवन का अंतिम समय और उनकी मौत उतनी ही दुखद और त्रासद रही।
1943 - नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से जापान की अपनी यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट एक जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए।
1945 - इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उसके सहयोगियों की हत्या।
1964 - जापान आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में शामिल हुआ।
1986 - सोवियत संघ ने हादसे के दो दिन बाद स्वीकारा कि 25 अप्रैल को यूक्रेन के चेरनोबिल में परमाणु रिसाव हुआ।
1995 - दक्षिण कोरिया में मेट्रो में गैस विस्फोट होने से 103 लोगों की मौत।

**खुलासा** *अगर उस पार हुआ हमला तो पहली बार नहीं होगा भारत का एलओसी क्रॉस कर 'हमला'*

# करगिल युद्ध के बाद कई बार पार की जा चुकी है एलओसी

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के बाद एलओसी क्रास कर 'हमला' करने की कथित तैयारियों में जुटी भारतीय सेना की यह कार्रवाई पहली बार नहीं होगी। उड़ी हमले के बाद की गई कार्रवाई भी पहली नहीं थी बल्कि करगिल युद्ध के बाद से ही भारतीय सेना ऐसी कार्रवाईयां करने पर मजबूर हुई थी जिसमें उसे हर बार एलओसी क्रास करनी पड़ी थी लेकिन यह सब इतने गुपचुप तरीके से हुआ था कि आज भी भारतीय सेना ऐसी कार्रवाईयों पर खामोशी ही अख्तियार किए हुए है।

पुलवामा में हुए हमले के बाद आप्रेशन बालाकोट से पहले उड़ी हमले के बाद पाक कब्जे वाले कश्मीर में घुस कर 50 से अधिक आतंकियों को ढेर करने वाला सर्जिकल आप्रेशन एलओसी पर भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिया गया हमला कोई पहला नहीं था।

इससे पहले भी करगिल युद्ध के बाद कई बार भारतीय सेना ने तब-तब एलओसी को पार किया था जब-जब पाक सेना ने भारतीय जवानों को मारा था या फिर उसके द्वारा इस ओर भेजे गए आतंकियों ने देश में कहर बरपाया था। उड़ी घटनाक्रम की खास बात बस इतनी ही थी कि भारतीय सेना ने यह पहली बार आन रिकार्ड स्वीकार किया था कि उसने उस एलओसी को पार किया है जिसे उसने करगिल युद्ध में मौका होने के बावजूद पार नहीं किया था।

अगर रक्षा सूत्रों की मानें तो सबसे पहले भारतीय सेना ने उस समय एलओसी को लांघा था जब

### ■ उड़ी घटना के बाद सेना ने पहली स्वीकार किया था कि उसने उस एलओसी को पार किया है, जिसे करगिल युद्ध में मौका होने के बावजूद नहीं किया था पार

पाकिस्तान ने करगिल युद्ध में भी मुंह की खाई तो उसने एलओसी पर स्थित उन भारतीय चौकिओं पर बैट हमले आरंभ किए थे जहां दो या तीन जवान ही तैनात होते थे। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे कई हमलों में पाक सेना ने आतंकियों के साथ मिल कर कई भारतीय जवानों को नुकसान पहुंचाया था। और बदले की कार्रवाई जब हुई तो भारतीय सेना को भी एलओसी लांघने पर मजबूर होना पड़ा और पाक सेना को बराबर की चोट पहुंचाने में कामयाबी पाई गई।

उड़ी की घटना पहली ऐसी घटना थी जिसमें भारतीय सेना ने इसे आधिकारिक तौर पर माना था कि उसने पाक सेना तथा उसके आतंकियों को उनके ही घर में घुस कर मारने की खातिर उसके जवानों ने एलओसी को लांघा था। पहली बार एलओसी को लांघ कर पाकिस्तान के घर पर हमला बोलने की घटना को स्वीकार करने के बाद भारतीय सेना पर हमलावर और आक्रामक सेना का ठप्पा जरूर लगा था लेकिन इसने अगर भारतीय जवानों के मनोबल को बढ़ाया था तो पाकिस्तानी सेना के पांव तले से जमीन खिसका दी थी जो अभी तक भारतीय पक्ष को सिर्फ रक्षात्मक सेना के रूप में लेती रही थी।

## दुनिया को जानें

### टाइटैनिक के डूबने से पहले यात्री ने लिखा था खत, अब 3.41 करोड़ में बिका

**लंदन,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। टाइटैनिक के एक यात्री का लिखा पत्र ब्रिटेन की एक नीलामी में रिकॉर्ड 3.41 करोड़ (300,000) में बिका। कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी के पत्र को रविवार को विल्टशायर के हेनरी एल्ड्रिज एंड सन नीलामी घर में एक अज्ञात खरीदार ने खरीदा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह पत्र 60,000 पाउंड की अनुमानित कीमत से पांच गुना अधिक कीमत पर खरीदा गया। इस पत्र को भविष्यसूचक कहा जाता है। दरअसल इसमें कर्नल ग्रेसी एक परिचित से कहते है कि वह अच्छे जहाज पर फैसला देने से पहले अपनी यात्रा के अंत की प्रतीक्षा करेंगे। यह पत्र 10 अप्रैल 1912 को लिखा गया, जिस दिन वह साउथेम्प्टन में टाइटैनिक पर चढ़े थे, उत्तरी अटलांटिक में एक हिमखंड से टकराकर जहाज के डूबने से पांच दिन पहले। कर्नल ग्रेसी न्यूयॉर्क जा रहे टाइटैनिक जहाज पर सवार लगभग 2,200 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से एक थे। इस दुर्घटना में 1,500 से अधिक लोग मारे गए थे। फर्स्ट क्लास के यात्री ने केबिन सी51 से यह पत्र लिखा था। यह पत्र 11 अप्रैल 1912 को आयरलैंड के क्वीन्सटाउन में जहाज के डॉक किए जाने पर पोस्ट किया गया।

# खेल जगत

## पंत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं : मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में अपने संसाधनों का बेहतरीन उपयोग करने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की प्रशंसा की है। नौ मैचों में पांच जीत के साथ, लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी अंक तालिका में छठे स्थान पर है और रविवार को दोपहर के मैच में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। पंत को उनके नेतृत्व कौशल का श्रेय देते हुए, कैफ ने बताया कि कैसे उनके शस्त्रागार में एक स्टार गेंदबाज के बिना एलएसजी ने आवेश खान और दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ियों के साथ मुश्किल परिस्थितियों में मैच जीते हैं। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में अच्छी कप्तानी कर रहे हैं।



# बूम-बूम बुमराह के दम पर मुंबई की लगातार पांचवीं जीत

■ मुंबई ने यह जीत हासिल कर प्लेऑफ की दावेदारी को और मजबूत कर लिया है



**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (22 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को रविवार को आईपीएल मुकाबले में 54 रन से हराकर लगातार अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। मुंबई ने रायन रिकलटन (58) और सूर्यकुमार यादव (54) के शानदार अर्धशतकों तथा निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन का मजबूत स्कोर बनाया और लखनऊ की पारी को 20 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। मुंबई ने यह जीत हासिल कर प्लेऑफ की दावेदारी को और मजबूत कर लिया है। बुमराह ने ओपनर एडन मारक्रम (9) को आउट करने के बाद 16वें ओवर में डेविड मिलर, अब्दुल समद और आवेश खान को पवेलियन की राह दिखाई। ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल मार्श और आयुष बदौनी के विकेट निकाले और दिग्वेश राठी को पारी की आखिरी गेंद पर बोल्ड कर तीन विकेट पूरे किये जबकि विल जैक्स ने निकोलस पूरन और एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के विकेट झटके। पंत की खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रही और वह चार रन ही बना सके। मुंबई की 10 मैचों में यह छठी जीत है और वह 12 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। लखनऊ को 10 मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा और उसके खाते में 10 अंक हैं। लखनऊ छठे स्थान पर है। लखनऊ की तरफ से बदौनी ने सर्वाधिक 35, मार्श ने 34, पूरन ने 27 और मिलर ने 24 रन बनाये। इससे पहले टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद मुंबई ने रोहित शर्मा का विकेट गंवाया। रोहित दो छक्कों की मदद से 12 रन बनाने के बाद मयंक यादव का शिकार बन गए।

रिकलटन ने विल जैक्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। रिकलटन 32 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 21 गेंदों पर 29 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार ने एक छोर संभालकर खेलते हुए 28 गेंदों पर 54 रन में चार चौके और चार छक्के मारे। सूर्य ने छक्का मारकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन फिर वह मयंक की गेंद पर आउट हो गए। नमन धीर ने नाबाद 25 और कॉर्बिन बॉश ने 20 रन बनाकर मुंबई को 215 रन तक पहुंचाया। नमन धीर ने आखिरी गेंद पर छक्का मारा। नमन ने 11 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए। बॉश ने 10 गेंदों पर 20 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

रोहित शर्मा और रायन रिकलटन ने आक्रामक शुरुआत दिलाई थी लेकिन लंबे सयम बाद वापसी कर रहे मयंक यादव ने रोहित को पवेलियन चलता कर दिया। हालांकि अर्द्धशतक बनाकर रिकलटन के भी पवेलियन लौटने के बाद सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। अंत में नमन धीर और डेब्यू कर रहे कॉर्बिन बॉश की उपयोगी पारियों की बदौलत मुंबई ने एक ऐसा स्कोर खड़ा कर दिया है जिसे हासिल करना मुंबई की मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने लखनऊ के लिए मुश्किल साबित हो गया। एलएसजी की तरफ से मयंक ने चार ओवर में 40 रन पर दो विकेट लिए। आवेश खान ने चार ओवर में 42 रन पर दो विकेट झटके।

## राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में बने रहने के लिए करना होगा संघर्ष

**जयपुर,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑरेंज कैप धारक साई सुदर्शन की शानदार फार्म से उत्साहित गुजरात टाइटन्स (जीटी) सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल के मैच 47 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर अपना दबदबा कायम रखने मैदान में उतरेगी। वहीं प्लेऑफ से दूर होती जा रही राजस्थान रॉयल्स को इस मैच में जीत हासिल कर लगातार पांच हार की निराशा से निकलने के लिए संघर्ष दिखाना होगा। टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही है आरआर के लिए इस मुकाबले को जीतने का अधिक दबाव होगा। आरआर को टूर्नामेंट में अब तक खेले गये नौ मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा है। वह दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वहीं गुजरात इस सत्र में राजस्थान के खिलाफ अपने सात मुकाबलों में से छह में जीत हासिल की है इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। उसके स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन नौ मैचों में 417 रन बनाकर चार्ट में सबसे आगे हैं। कप्तान शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में अब तक 153.26 की स्ट्राइक रेट से 305 रन बना चुके है। गुजरात के गेंदबाज भी सामूहिक रूप से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी विभाग में, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ने मिलकर 28 विकेट लिए हैं।

## बुमराह, शमी और सिराज की तेज गेंदबाजी इंग्लैंड के लिए मुसीबतें खड़ी करेगी : रवि शास्त्री



■ मोहम्मद सिराज ने मौजूदा आईपीएल में आठ मैचों में 12 विकेट लिए

■ बुमराह और शमी दोनों अपनी चोटों से पूरी तरह उबर चुके हैं

**दुबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि जून में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिट हो चुके जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए घातक साबित होगी।

भारत को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अनुपलब्धता के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह दोनों ही चोटिल हो गए थे। इस बीच, बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान संघर्ष करने वाले मोहम्मद सिराज को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम से बाहर कर दिया गया।

हालांकि, सिराज ने मौजूदा आईपीएल में शानदार वापसी की है, उन्होंने अब तक आठ मैचों में 12 विकेट लिए हैं, जिससे पता चलता है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, जबकि बुमराह और शमी दोनों अपनी चोटों से पूरी तरह उबर चुके हैं। यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के नए चक्र की शुरुआत करेगी, जिसमें भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से अपनी सफेद गेंद की सफलता के बाद इसमें प्रवेश करेगा। हालांकि, उनकी टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले असाइनमेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से सीरीज हार जिसने लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया। भारत पिछले दो मौकों पर उपविजेता रहा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि सिराज, जसप्रीत और मोहम्मद शमी, ये तीनों अगर पूरी तरह से फिट हैं, तो वे इंग्लैंड को ढेरों परेशानियां देंगे। जब आप इन तीनों को फिट कर लेते हैं, तो यह एक बेहतरीन, शीर्ष श्रेणी का तेज गेंदबाजी आक्रमण होता है। और सिराज के बारे में मुझे जो पसंद है, वह यह है कि मुझे खुशी है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्हें चोट लग गई। यही आप चाहते हैं। उनके लिए ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना और जिस तरह से उन्होंने वापसी की है, उसमें एक स्प्रिंग है, उनकी गति बहुत अच्छी है, और वे हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड दौरे के आने के बाद भारत के दृष्टिकोण से यह बिल्कुल सही है। मौजूदा आईपीएल 2025 में बुमराह ने अपनी लय हासिल कर ली है और मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे हैं। पीठ की चोट के कारण वह चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे, जिसकी वजह से वह सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। हालांकि, शास्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को इंग्लैंड दौरे के दौरान बुमराह के कार्यभार को मैनेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं बुमराह के साथ बहुत सावधान रहूंगा।

## सूर्यकुमार बनें नंबर-1, आईपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले खिलाड़ी




■ सूर्यकुमार यादव ने 2714 गेंदों पर 4000 रन बनाए और इस सूची में वे दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं

**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के सुपरस्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गेंदों के हिसाब से 4000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यहां वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच 45 में यह उपलब्धि हासिल की। मुंबई इंडियंस के 88/2 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार ने स्पिनर रवि बिश्नोई की गेंद पर छक्का लगाया और फिर लगातार दो चौके लगाए। इसके अलावा उन्होंने आवेश खान को भी बाउंड्री के पार भेजा। इस तरह उन्होंने आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। उन्होंने 2714 गेंदों पर 4000 रन बनाए और इस सूची में वे दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स ने संयुक्त रूप से यह उपलब्धि हासिल की। दोनों ने ही 2658 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 2809 गेंदों पर अपने 4000 रन पूरे किए, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज सुरेश रैना ने 2886 गेंदों पर यह मुकाम हासिल किया। वे सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। उन्होंने दोपहर में अपना पहला चौका मयंक यादव की तेज गति के खिलाफ और दिन का पहला छक्का 11वें ओवर में बिश्नोई के खिलाफ डीप मिडविकेट पर लगाया था। 15वें ओवर में प्रिंस यादव की गेंद पर लगाया गया उनका शानदार छक्का दिन का उनका सर्वश्रेष्ठ शॉट था, क्योंकि वह ऑफ के बाहर एक लेंथ बॉल पर घुटने के बल बैठे और डीप फाइन लेग पर हुक कर दिया।

## अनुभव के साथ और बेहतर बन जाएंगे प्रियांश आर्य : अजय जडेजा





■ प्रियांश आर्य का यह पहला आईपीएल सत्र है और वह लगातार टीम के लिए अच्छे रन बना रहे हैं

**कोलकाता,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने पंजाब किंग्स के युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की जमकर तारीफ की। आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में प्रियांश ने शानदारत प्रदर्शन किया। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में आर्य ने 35 गेंदों में तेज 69 रन बनाए और पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने बेहतरीन टाइमिंग और आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की और पावरप्ले में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। 24 वर्षीय प्रियांश आर्य का यह पहला आईपीएल सत्र है और वह लगातार टीम के लिए अच्छे रन बना रहे हैं। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 323 रन बना लिए हैं और इस सीजन 300 रन पार करने वाले दसवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस पारी के बाद वह रन बनाने के मामले में दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल से आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राहुल के भी इतने ही रन हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट कम है, इसलिए वह दसवें स्थान पर हैं। अजय जडेजा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि प्रियांश ने बिल्कुल उसी तरह बल्लेबाजी की जैसे वह आमतौर पर करते हैं। वह शुरुआत में हर गेंद को जोर से मारने नहीं निकले, बल्कि समझदारी से खेले। जब स्पिन गेंदबाज आए या विपक्षी टीम ने दबाव बनाया तो उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में संयम दिखाया। समय आने पर उन्होंने फिर से आक्रामकता दिखाई। यह लचीलापन उन्हें और बेहतर खिलाड़ी बनाएगा। आज का दिन उनके लिए संतोषजनक रहा होगा। पंजाब किंग्स ने सूखी पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन बनाए। आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने मिलकर 120 रनों की शानदार साझेदारी की। आर्या के आउट होने के बाद प्रभसिमरन ने मोर्चा संभाला और 49 गेंदों में 83 रन की शानदार पारी खेली।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया 'ए' से 2-3 से हारी

**पर्थ,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला टीम को रविवार को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ मैच में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पर्थ हॉकी स्टेडियम में आज ऑस्ट्रेलिया दौरे के दूसरे मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए ज्योति सिंह ने (13वें) मिनट में गोल दागकर बढ़त



दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए की एवी स्टैंसबी ने (17वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच खत्म होने में 15 मिनट बचे थे और स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। डेल डोल्केंस ने (48वें) मिनट में गोलकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इसके बाद जेमी-ली सुरहा ने (52वें) मिनट में गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। भारतीय टीम के लिए दूसरा गोल सुनीता टोप्पो ने (59वें) मिनट में किया। भारतीय महिला टीम अपने तीसरे मुकाबले में गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगी।

## सार संक्षेप

### ब्राजील की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का निधन

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और 1962 फीफा विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का साओ पाउलो के ओसास्को में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि सीबीएफ, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम, पोर्टुगुसा के पूर्व राइट विंगर और इंटर मिलान और रोमा जैसे क्लबों के आदर्श जैर द कोस्टा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। उनका निधन शनिवार को 84 वर्ष की आयु में साओ पाउलो के ओसास्को में हुआ। सीबीएफ ने कहा कि ब्राजीलियाई फुटबॉल के चार राष्ट्रीय डिवीजनों में रविवार को सभी खेलों के शुरु होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। साओ पाउलो स्थित क्लब पोर्टुगुसा के साथ पेशेवर करियर की शुरुआत करने वाले फॉरवर्ड जैर दा कोस्टा ने इंटर मिलान में बेहरीन प्रदर्शन करते हुए अपने को साबित किया, जहां उन्होंने दो कार्यकालों में चार इतालवी सीरी ए खिताब, दो यूरोपीय कप और दो इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीते।

### लैक्रोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की जर्सी का अनावरण

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपर की संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में आगामी 29 अप्रैल से एक मई तक आयोजित होने वाली तीसरी राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष सीनियर, जूनियर तथा सब जूनियर राष्ट्रीय लैक्रोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की किट टी शर्ट का आज अनावरण किया। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता लैक्रोज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया तथा उत्तर प्रदेश लैक्रोज संघ की संयुक्त मेजबानी में आयोजित की जायेगी।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराया

**कोलंबो,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। स्नेह राणा (तीन विकेट), दीप्ति शर्मा और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की शानदार गेदबाजी के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 50), हरलीन देओल (नाबाद 48) और स्मृति मंधाना (43) रनों की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को वर्षा बाधित त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 56 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 54 जोड़े। 10वें ओवर में इनोका रनावीरा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने प्रतिका रावल के साथ धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपनी भारतीय टीम को 29.4 ओवर में एक विकेट पर 149 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। प्रतिका रावल ने 62 गेदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए।

## अपनी पुरानी टीम के खिलाफ हल्ला बोल सकते हैं बटलर



■ जीटी में भी गिल और साई सुदर्शन के शानदार फॉर्म को देखते हुए बटलर नंबर तीन पर आ रहे हैं

■ जयपुर में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में तो जीटी ने ही दोनों मैचों में बाजी मारी

**जयपुर,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 47वें मुकाबले में मेजबान राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना पड़ोसी गुजरात टाइटंस (जीटी) से जयपुर में होगा। इस सत्र में जीटी की टीम आठ मैचों में छह जीत और बेहतर नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है, वहीं पिछले साल क्वालिफायर तक पहुंची आरआर की टीम नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका के दूसरे हिस्से में संघर्ष कर रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मुकाबलों में भी जीटी का पलड़ा भारी है और आरआर ने इसमें से सिर्फ एक मैच जीता है। जयपुर में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में तो जीटी ने ही दोनों मैचों में बाजी मारी है। आइए डालते हैं इस मैच से जुड़े कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर। जॉस बटलर पिछले सीजन तक आरआर के साथ थे, लेकिन ओपनिंग में संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को देखते हुए आरआर ने उन्हें आश्चर्यजनक रूप से रिलीज कर दिया था। जीटी में भी गिल और साई सुदर्शन के शानदार फॉर्म को देखते हुए बटलर नंबर तीन पर आ रहे हैं, लेकिन तीन अर्धशतकों के साथ 356 रन बनाकर उन्होंने यह बताया है कि उनको छोड़ना आरआर की गलती थी। आरआर के गेंदबाजों के खिलाफ बटलर तेजी से रन बनाते हैं और कोई भी गेंदबाज उनको परेशान नहीं कर पाया है। संदीप शर्मा के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 207, जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 188 और महीश तीक्षणा के खिलाफ 153 है। इसमें से सिर्फ आर्चर ही उन्हें सात में से दो पारियों में आउट कर पाए हैं। चूंकि इस सीजन से पहले जयपुर बटलर का होमग्राउंड था, इसलिए उनका रिकॉर्ड भी इस मैदान पर शानदार रहा है। वह जयपुर में 45 की औसत और 140 के स्ट्राइक रेट से 769 रन बना चुके हैं, जिसमें पांच अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। इस सीजन शुभमन गिल ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों से प्रभावित किया है। उनकी टीम ने आठ में से छह मुकाबले जीते हैं और बेहतर नेट रन रेट के साथ फिलहाल वे शीर्ष पर हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने बल्ले से भी तीन अर्द्धशतक लगाते हुए 44 की औसत और 153 के स्ट्राइक रेट से 300 से ऊपर रन बनाए हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 90 रनों की एक बेहतरीन पारी खेली थी, लेकिन इस सीजन के अपने पहले शतक से चूक गए थे।

## महिला मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन


### 14 भारतीय एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में

**अम्मान,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। सेमीफाइनल में भाग ले रही 12 महिला अंडर-15 मुक्केबाजों में से नौ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे प्रतियोगिता के आठवें दिन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 14 भारतीयों के लिए फाइनल में जगह पक्की हो गई। दिन का खेल शुरू होने से पहले भारत के लिए 43 पदक पक्के थे, लेकिन भारतीय मुक्केबाजों के फाइनल में जगह पक्की करने के बाद कांस्य पदक रजत और स्वर्ण पदक में बदल गए। महिला अंडर-15 सेमीफाइनल में कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने शानदार आरएससी (रेफरी द्वारा रोकी गई प्रतियोगिता) जीत हासिल की। खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) ने स्पष्ट अंकों के अंतर से जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर दी, जिससे भारत की युवा महिला मुक्केबाजों के लिए यह बेहद सफल दिन रहा। सवि और वंशिका को फाइनल के लिए बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में, संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

### सुडोकू 6896 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 3 |

## डेथ ओवरों की चुनौती पर मैंने हमेशा काम किया है : बोल्ट



■ बोल्ट आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 96 मैचों में 30 विकेट लिए हैं

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के स्टार सीमर ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2025 में डेथ ओवरों की गेंदबाजी की बढ़ती मांग पर अपनी राय दी और कहा कि यह एक ऐसी चुनौती है जिस पर उन्होंने हमेशा काम किया है। बोल्ट आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 96 मैचों में 30 विकेट लिए हैं। साथ ही, वह आईपीएल पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार के 77 विकेटों से सिर्फ 11 विकेट पीछे हैं। 35 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने कभी भी एक आईपीएल सीजन में डेथ ओवरों में नौ से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं, लेकिन आईपीएल 2025 में उनके नाम पहले से ही छह विकेट हैं। बोल्ट ने जियोहॉटस्टार की श्रृंखला 'जेन गोल्ड' पर कहा कि यह एक चुनौती है और एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर मैंने हमेशा काम किया है। मेरा मंत्र बेहतर होते रहना और अपने कौशल या प्रदर्शन में कभी भी स्थिरता नहीं लाना है। मैं लगातार नए विकल्पों और योजनाओं के साथ आने के लिए खुद को प्रेरित कर रहा हूं। इन दिनों, बहुत सारे बल्लेबाज हैं - जिनमें से कुछ के बारे में हमने कभी सुना भी नहीं है या जिनके खिलाफ खेला भी नहीं है - इसलिए आपको अपने खेल पर ध्यान देना होगा। स्पष्टता महत्वपूर्ण है, और दबाव में प्रदर्शन करना अंतर पैदा करता है। यह सब अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने और उन क्षणों के लिए तैयार रहने के बारे में है। कीवी पेसर ने चैंपियनशिप जीतने वाली 2020 मुंबई इंडियंस टीम के साथ अपने सफ़र को याद किया, जहां उन्होंने फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन सहित 25 विकेट लिए थे, और कहा कि मुझे जो सबसे ज्यादा याद है, वह है कोविड के दौरान बबल में रहना - अबू धाबी में एक बेहतरीन सेटअप के साथ बंकर में रहना और उसी मैदान पर खेलने की आदत। यह एक विचित्र समय था, लेकिन 2020 की मुंबई इंडियंस टीम उन सर्वश्रेष्ठ टी20 टीमों में से एक थी, जिनका मैं कभी हिस्सा रहा हूं। टूर्नामेंट तेजी से गुजरा - हम प्ले-ऑफ में पहुंचे, फाइनल जीता और यह एक शानदार एहसास था। उनमें से कई चेहरे अभी भी मौजूद हैं, इसलिए कोई कारण नहीं है कि हम और भी जादुई यादें न बना सकें।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | + 0.104 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 12 | + 0. 889 |
| 3- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 10 | + 0.482 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 11 | + 0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | - 0.035 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 9 | 3 | 5 | 7 | + 0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.635 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 9 | 4 | -1.302 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.60 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.36 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.60 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 0.46 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.32 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 3.61 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 3.48 प्रतिशत |
| इटरनल | 3.41 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.85 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 2.56 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# तेज विकास दर के दम पर निवेश आकर्षित कर रहा भारत : गोयल

■ **भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित व स्थिर**

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत का मजबूत विदेशी भंडार और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में म्यूचुअल फंड मैनेजरों और वित्तीय सलाहकारों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से हमारा देश अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों और बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है।

केंद्रीय मंत्री गोयल का बयान ऐसे समय पर आया है, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। बीते छह हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि से रुपया भी मजबूत हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है और अगले दो वर्षों में छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र देश हो सकता है।

आईएमएफ आउटलुक रिपोर्ट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद चीन के लिए जारी किए गए अनुमान 2025 में 4 प्रतिशत और 2026 में 4.6 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक है।



मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से भारत अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों व बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है : पीयूष गोयल

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर




**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 686.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 677.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.52 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 578.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.6 अरब डॉलर उछलकर 84.6 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 21.2 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 70 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## भारत में निवेश अमेरिकी कंपनियों के भविष्य के लिए लाभदायक : आरबीआई



■ **नीतिगत स्थिरता व निश्चितता के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है भारत**

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी उद्योग से भारत में निवेश करने को कहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत नीतिगत स्थिरता और निश्चितता के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने भारतीय उद्योग परिसंघ और अमेरिका भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ने के बावजूद भारत में चालू वित्त वर्ष के दौरान 6.5 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ऐसे समय में जब कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक चुनौतियों और बिगड़ते आर्थिक परिदृश्य का सामना कर रही हैं, भारत मजबूत वृद्धि और स्थिरता दर्शा रहा है। ऐसे में यह दीर्घकालिक मूल्य और अवसर की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बन गया है।

उन्होंने कहा कि भारत मौद्रिक, वित्तीय, राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता, अनुकूल कारोबारी माहौल, और मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद से समर्थित अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मल्होत्रा ने कहा कि हमारे पास एक साथ भविष्य को आकार देने का मौका है - न केवल भारत के लिए बल्कि एक बेहतर दुनिया के लिए। मैं आपको इस यात्रा का हिस्सा बनने, सहयोग करने, नवाचार करने और भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

## भारत में सॉफ्टवेयर ऐज ए सर्विस कंपनियों पर टैक्स बोझ का खटका




**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। नइसॉफ्टवेयर ऐज ए सर्विस (सास) उत्पाद मुहैया कराने वाली एमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, ओरेकल, आईबीएम और सेल्सफोर्स जैसी कई विदेशी कंपनियों को वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए आयकर विभाग से कर मांग का नया नोटिस मिला है। सूत्रों के अनुसार कर विभाग ने इन कंपनियों को मूल्यांकन आदेश जारी किए हैं। इसके तहत इन कंपनियों द्वारा भारतीय ग्राहकों से अर्जित आय को भारतीय कर कानून के अंतर्गत 'तकनीकी सेवाओं के लिए शुल्क' (एफटीएस) माना जाएगा। तकनीकी, प्रबंधकीय या परामर्श सेवा के लिए किसी भी भुगतान को एफटीएस माना जाता है और भारत-अमेरिका दोहरा कराधान निषेध संधि के तहत इस तरह की आय पर 15 फीसदी कर लगाया जाता है। इस बारे में जानकारी के लिए संबंधित कंपनियों के साथ-साथ केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को ईमेल भेजे गए। 2021 से पहले इस तरह के भुगतानों को अक्सर 'रॉयल्टी' माना जाता था। 2021 में एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय कहा था कि मानक, ऑफ-द-शेल्फ सॉफ्टवेयर के लिए भुगतान भारतीय कानून या कर संधियों के तहत रॉयल्टी के रूप में कर योग्य नहीं हैं।

## वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया : वैष्णव

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। दिग्गज अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले शिपमेंट की अगले साल से भारत में मैन्युफैक्चर करने की योजना की रिपोर्ट पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि अब मेक इन इंडिया वैश्विक स्तर पर जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक न्यूजपेपर की क्लिप को शेयर करते हुए लिखा, वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया। उनका यह बयान मैन्युफैक्चरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दिखाता है।

टेक्नोलॉजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी एप्पल अगले साल तक अमेरिका के लिए आईफोन की पूरी असेंबली भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है।



■ **भारत में पिछले साल 22 बिलियन डॉलर के आईफोन असेंबल किए गए**

यह एप्पल की ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग स्ट्रेटजी में एक बड़ा कदम होगा क्योंकि कंपनी चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती है।

हालांकि, अंतिम निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला को कितनी तेजी से मजबूत कर सकता है और चीन एवं अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता कैसे आगे बढ़ती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी व्यापार तनाव के कारण एप्पल पर अपना उत्पादन चीन से बाहर ले जाने का दबाव बना रहे हैं।

ट्रंप ने हाल ही में पुष्टि की कि चीन के साथ टैरिफ पर चर्चा अभी भी जारी है। भारत में एप्पल की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता पहले से ही मजबूत है। पिछले साल, भारत में 22 बिलियन डॉलर के आईफोन असेंबल किए गए थे। भारत में एप्पल के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर पहले से ही अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रहे हैं। बेंगलुरु में फॉक्सकॉन का नया प्लांट इसी महीने चालू होने की उम्मीद है और यह पूरी क्षमता पर 20 मिलियन आईफोन का उत्पादन कर सकता है। मौजूदा समय में दुनिया भर में एप्पल के कुल आईफोन उत्पादन में भारत का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है।

## सार संक्षेप

### एआई व जेनएआई का उपयोग कर रहा आईटी उद्योग

**नई दिल्ली।** भारतीय आईटी सेवा कंपनियों को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और जेनरेटिव एआई (जेनएआई) में अभी तक बड़े सौदे हासिल नहीं हुए हैं। लेकिन लागत कम करने और परियोजना दक्षता बढ़ाने के लिए इनका अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ग्राहकों को अपनी बचत का कुछ हिस्सा डिस्क्रेशनरी से जुड़ी पहलों में फिर से निवेश करने की सुविधा मिल रही है, भले ही मौजूदा माहौल अनिश्चितताओं से भरा है। एआई और जेनएआई का बढ़ता इस्तेमाल पारंपरिक आईटी परियोजनाओं की लागत में बचत के तरीके में बदलाव बताता है जिसे रन-साइड के रूप में ज्यादा जाना जाता है। पिछले तीन वर्षों में इसने जोर पकड़ा है क्योंकि लेबर आर्बिट्राज और आईटी प्रक्रियाओं के मानकीकरण जैसी पारंपरिक लागत बचत तकनीकों की लोकप्रियता घट रही है। सभी क्षेत्रों के उद्यम महसूस करने लगे हैं कि परियोजनाओं में जब तक एआई और जेनएआई जैसी तकनीकों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, तब तक लागत में अपेक्षित बचत नहीं मिलेगी।

### एथर एनर्जी के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन खुलने से पहले जीएमपी में गिरावट

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) का सब्सक्रिप्शन खुलने से इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इन्वेस्टरगेनडॉटकॉम के अनुसार, एथर एनर्जी का जीएमपी वर्तमान में लगभग 3 रुपए है, जो इश्यू प्राइस से सिर्फ 0.93 प्रतिशत अधिक है। 22 अप्रैल को एथर एनर्जी के आईपीओ के ऐलान के समय जीएमपी करीब 17 रुपए था, जो अब गिरकर एकल अंक में आ गया है। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 304-321 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशकों को कम से कम 46 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन करना होगा। एथर एनर्जी आईपीओ में 8.18 करोड़ शेयरों का फ्रैश इश्यू है, जिसकी वैल्यू 2,626 करोड़ रुपए है। वहीं, ऑफर ऑफ सेल (ओएफएस) 1.1 करोड़ शेयरों का है।

### रियल एस्टेट मुंबई, पुणे व बेंगलुरु में बढ़ाएगी कारोबार

**नई दिल्ली।** लोढ़ा ब्रांड के नाम से घर बेचने वाली मुंबई की जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनी इस साल अपने कारोबार को और बढ़ाने की तैयारी में है। कंपनी मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर), पुणे और बेंगलुरु में जमीन खरीदकर नए घर बनाने की योजना बना रही है। इसके लिए कंपनी 8,000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी। कंपनी के फाइनेंस डायरेक्टर सुशील कुमार मोदी ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में बताया कि लोग आजकल घर खरीदने में बहुत रुचि दिखा रहे हैं, खासकर उन बड़े ब्रांड्स के साथ जो समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए मशहूर हैं। पिछले साल कंपनी ने नए प्रोजेक्ट्स के लिए 7,000 करोड़ रुपए लगाए थे।

# आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

■ **सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79212.53 अंक पर**
■ **निफ्टी 0.8 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 24039.35 अंक पर बंद**




**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तरलता बढ़ाने के उपाय की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह आर्थिक आंकड़ों के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफएफआई) के रुख पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 659.33 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79212.53 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 187.7 अंक यानी 0.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 24039.35 अंक हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 548.51 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 42528.71 अंक और स्मॉलकैप 58.96 अंक यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 48005.62 अंक पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने वाला है। साथ ही अप्रैल 2025 के वाहन बिक्री के आंकड़े भी आने वाले हैं। इन आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी।

इसके अलावा अगले सप्ताह एफएफआई के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा। इस वर्ष अप्रैल में अबतक बाजार से एफएफआई 2,175.26 करोड़ रुपये निकाल चुके है। हालांकि इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीडीआई) ने 22,249.47 करोड़ रुपये की लिवाली की है।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन तेजी जबकि दो दिन गिरावट रही। श्री ट्रम्प के भारत समेत 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के निर्णय को 09 जुलाई तक टालने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 860.06 अंक की छलांग लगाकर 79,413.26 अंक और निफ्टी 273.90 अंक उछलकर 24125.55 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया।

श्री ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किये जाने के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 520.90 अंक की तेजी के साथ 80,116.49 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से गुरुवार को सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 79,801.43 अंक और निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुये आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच बने तनावपूर्ण स्थिति के बीच शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव देखा गया।

## रेलटेल को इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट से 90 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने ऐलान किया कि उसे इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट से 90.08 करोड़ रुपए का बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर में एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सिस्टम की डिजाइन, डेवलपमेंट, आपूर्ति, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव शामिल है।



**सिस्टम तीन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के लिए किया जाएगा लागू**

यह सिस्टम तीन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशनंस के लिए लागू किया जाएगा, जिसमें एमटीसी लिमिटेड, चेन्नई, टीएनएसटीसी-कोयंबटूर और टीएनएसटीसी-मदुरै शामिल हैं।

रेलटेल ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को दी गई जानकारी में कहा कि यह सूचित किया जाता है कि रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट से 90,08,49,783 रुपये (टैक्स सहित) का वर्क ऑर्डर मिला है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रोजेक्ट का उसके प्रमोटरों से कोई संबंध नहीं है और यह रिलेटेड पार्टी लेनदेन नहीं है।

इस प्रोजेक्ट के 18 अक्टूबर, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस साल मार्च में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) से 25.15 करोड़ रुपए के ऑर्डर के बाद यह रेलवे सेक्टर की सरकारी कंपनी के लिए एक और बड़ा घरेलू ऑर्डर है। फरवरी में भी कंपनी ने 71 स्टेशनों पर कवच एंटी-कोलिजन सिस्टम लागू करने के लिए 288 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था। कवच एक एडवांस ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है जो ट्रेन एक्सीडेंट को रोकने में मदद करता है। अगर ट्रेन रेड सिग्नल पार करती है या टक्कर का खतरा होता है तो यह सिस्टम ऑटोमेटिक रूप से ब्रेक लगा देता है।

# सोया रिफाइंड व पाम ऑयल महंगा अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड एवं पाम ऑयल के साथ ही चना और दाल चना महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सोया रिफाइंड 450 रुपए और पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14835 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रही।

# एनआईईएलआईटी ने 8 संस्थाओं से किया करार

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) ने डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए आठ संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए हैं। इन आठ संस्थाओं में सेमी-कंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल), ईआरएनईटी इंडिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (एनआईएसई), अमृता विश्व विद्यापीठम, स्काईरूट एयरोस्पेस, इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च और किंड्रिल इंडिया शामिल हैं।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, इन साझेदारियों को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी के क्षेत्र में शिक्षा, कौशल, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में सचिव एस कृष्णन ने कहा कि यह एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने के लिए शिक्षा, उद्योग और सरकारी संस्थानों का रणनीतिक मिश्रिण है।



यह एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने व भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने के लिए शिक्षा, उद्योग और सरकारी संस्थानों का रणनीतिक मिश्रिण है : एस कृष्णन

इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार, प्रीति नाथ, वैज्ञानिक और समूह समन्वयक, तूलिका पांडे, एससीएल के महानिदेशक, डॉ. कमलजीत सिंह, ईआरनेट इंडिया के महानिदेशक संजीव बंसल, किंड्रिल इंडिया के निदेशक सीएसआर और ईएसजी, गिरिजा मुकुंद, अमृता विश्व विद्यापीठम डीन और निदेशक, डॉ. कृष्णाश्री अच्युतन, स्काईरूट एयरोस्पेस वीपी सी.वी.एस किरण, एनआईएसई महानिदेशक, मोहम्मद रिहान, और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के निदेशक, डॉ. नरसी रेड्डी शामिल हुए। एनआईईएलआईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एक ऑटोनॉमस बॉडी है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और उभरती टेक्नोलॉजी में शिक्षा, प्रशिक्षण और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अपने 56 केंद्रों, 700 से अधिक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों के विशाल नेटवर्क और देश भर में 9,000 से अधिक सुविधा केंद्रों के साथ, एनआईईएलआईटी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कुशल कार्यबल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में गैर-औपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम आयोजित करने वाले संस्थानों व संगठनों को मान्यता देने के लिए एक राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

# बागबाहरा वन परिक्षेत्र में हरा सोना तेंदूपत्ता की तोड़ाई एवं संग्रहण का कार्य एक मई से शुरू

## बागबाहरा रेंज के गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्तों की मांग दूसरे प्रदेशों में ज्यादा

**बागबाहरा,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध हरा सोना तेंदूपत्ता की तोड़ाई एवं संग्रहण का कार्य बागबाहरा वन परिक्षेत्र के गांवों में एक मई से शुरु होने जा रहा है। तेंदूपत्ता की फसल पूरी तरह पककर तैयार हो चुका है। वनांचलवासी तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य का इंतजार कर रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से वनवासियों को इससे अच्छा खासा लाभ मिलता है। यह राज्य सरकार की एक महती योजना है। जो वन विभाग के माध्यम से

संचालित है। बागबाहरा वन परिक्षेत्र के गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्तों की मांग दूसरे प्रदेशों में ज्यादा होती है। जो सबसे ज्यादा रेट पर बिकती है। जिससे वन विभाग को बड़ी राजस्व आय होती है। इस साल बागबाहरा वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्तों का कुल संग्रहण लक्ष्य साढ़े 25 हजार मानक बोरा रखा गया है। बागबाहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत खल्लारी, आमाकोनी, कोमाखान एवं बागबाहरा सर्किल के कुल सोलह तेंदूपत्ता समितियों के लिए वर्ष 2025 में इस साल साढ़े 25 हजार मानक बोरा तेंदूपत्तो का संग्रहण लक्ष्य वन विभाग द्वारा रखा गया है। जिसकी तैयारी वन विभाग द्वारा अभी से जोर शोर से की जा रही है। वन परिक्षेत्र के पूरे गांवों में शाख कर्तन का कार्य समिति द्वारा कबका कराया जा चुका है। शाख कर्तन के बाद नए पत्तो का कोपल निकल आया है। वन परिक्षेत्र बागबाहरा के वरिष्ठ रेंजर लोकनाथ ध्रुव ने बताया कि इस सीजन वर्ष 2025 में परसुली समिति में 900.00 मानक बोरा, धौराभांठा समिति में 1400.00 मानक बोरा, टुहलू समिति में 1800.00 मानक बोरा, भोथा समिति में 2400.00 मानक बोरा, बोकरामुड़ा समिति में 2200.00 मानक बोरा, बागबाहरा समिति



में 1700.00 मानक बोरा, कोमाखान समिति में 1400.00 मानक बोरा, ? गांजर समिति में 1100.00 मानक बोरा, मुनगासेर समिति में 1200.00 मानक बोरा, तेंदूकोना समिति में 1900.00 मानक बोरा, तुसदा समिति में 1700.00 मानक बोरा, तमोरा समिति में 2200.00 मानक बोरा, आमाकोनी समिति में 1500.00 मानक बोरा, खल्लारी समिति में 1400.00 मानक बोरा, चरौदा समिति में 1300.00 मानक बोरा एवं सुखरीडबरी ? ? प्राथमिक वनोपज समिति में 1300.00 मानक बोरा इस प्रकार से कुल 25 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्तों का संग्रहण लक्ष्य वन विभाग द्वारा रखा गया है। वर्तमान में बागबाहरा रेंज के सभी गांवों में होली त्योहार के पूर्व शाख कर्तन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। वन विभाग के द्वारा कराए जा रहे सम्पूर्ण कार्य सामान्य वनमंडल महासमुंद के वन

**बागबाहरा वन परिक्षेत्र में इस साल तेंदूपत्तों का संग्रहण लक्ष्य साढ़े 25 हजार मानक बोरा**

मंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। इस रेंज के गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्तों की मांग छत्तीसगढ़ के अलावा पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्, बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, उत्तरांचल, गुजरात, राजस्थान, आँध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना आदि प्रदेशों में सबसे ज्यादा होती है। यहां के तेंदूपत्तों की सबसे ज्यादा कीमत दूसरे प्रदेशो में होती है। जो शासन के लिए आय का सबसे बड़ा राजस्व होती है। वहीं दूसरी ओर तेंदूपत्तों का संग्रहण करने वाले वनवासियों एवं ग्रामीणों के लिए आय का सबसे बड़ा श्रोत होता है। इस साल साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्तों की खरीदी की जाएगी। इसके अलावा संग्राहक परिवारों को कई सुविधाएं भी दी जा रही है। जिसमें संग्राहक परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति राशि आदि दी जाती है। इस कारण से बड़ी संख्या में वनवासी तेंदूपत्तों का संग्रहण करते हैं। जिसके कारण ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में रहने वाले हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आय का बड़ा श्रोत होता है। संग्राहकों ने बेहतर उत्पादन के लिए शाख कर्तन का कार्य पूर्ण कर लिया है। जैसे ही तेंदूपत्ता परिपक्व हो जायेंगे। खरीदी की प्रक्रिया तुरंत शुरु कर दिया जाएगा। मौसम में उतार चढ़ाव के चलते पिछले कुछ वर्षों से मई माह के प्रथम सप्ताह से खरीदी शुरु की जाती है। वनांचल क्षेत्र के लोग इस बार भी अच्छे तेंदूपत्ते होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। यदि मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष भी तेंदूपत्तों की आवक अच्छी हो सकती है। हालांकि हर साल मौसम परिवर्तन की संभावना बनी रहती है। इस रेंज में अच्छी गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता जिन समितियों में बहुतायत रुप से मिलते हैं। फड़ो में संग्रहण के लिए सभी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। भीषण गर्मी में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को सम्पादित कराने के लिए बागबाहरा के वरिष्ठ रेंजर लोकनाथ ध्रुव, डिप्टी रेंजर मोतीलाल साहू, नरेन्द्र चंद्राकर, रामपुरी गोस्वामी एवं दुलार सिंह सिन्हा समेत समिति प्रबंधक , वनरक्षक, फड़ मुंशी तथा चौकीदार अभी से सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं। ताकि वर्तमान सीजन वर्ष में लक्ष्य के अनुसार तेंदूपत्तों का संग्रहण कार्य सुचारु रूप से कराया जा सके। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते मौसम का उतार चढ़ाव बना हुआ है। नए तेन्दूपत्तों को देखकर व्यापारियों का दिल पसीज जा रहा है। क्योंकि इस परिक्षेत्र के जंगलो में गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ते बड़ी संख्या में मिलते हैं। जिसे देखकर शासन प्रशासन एवं व्यापारी खुश नज़र आते हैं।

# पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला भारत देगा करारा जवाब: सांसद रूपकुमारी



**महासमुंद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह घटना जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में घटी आतंकवादी हमले की है। जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाकर हिंदू धर्म के आधार उन्हें चुन.चुनकर मौत के घाट उतारना केवल एक कायराना हरकत नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया एक घिनौना अपराध है। इस तरह के हमले हमारे सहिष्णु समाज और शांति की परिकल्पना पर करारा प्रहार हैं। हम इस हमले की कठोरतम शब्दों में निंदा करते हैं। यह केवल जम्मू.कश्मीर या पहलगाम का मामला नहीं, यह पूरे भारत की अस्मिता पर हमला है। आतंकियों ने जिस क्रूरता से मासूम नागरिकों को निशाना बनाया वह न केवल उनके पाशविक मनोवृत्ति को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे भारत की बढ़ती हुई ताकत और पर्यटन के बढ़ते प्रभाव से किस कदर भयभीत हैं। जो भी इस नृशंस हमले में शामिल हैं कृचाहे वे बंदूक थामे हमलावर हों या परदे के पीछे बैठकर इस पूरी साजिश को रचने वाले चेहरे उन्हें इसका बहुत बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत की भूमि पर खून बहाने वालों को चैन की नींद नहीं लेने दी जाएगी। सुरक्षाबल, सरकार और देश की जनता एकजुट होकर इस अपराध का हिसाब बराबर करेगी। यह केवल एक हमले की प्रतिक्रिया नहीं है, यह उन सभी आतंकी ताक़तों को सीधी चेतावनी है जो भारत को कमजोर समझने की भूल कर बैठते हैं। भारत न तो डरता है, न झुकता है, और न ही भूलता है। आज हमारा संकल्प और भी प्रबल है कि आतंकवाद की इस काली ताकत को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। हम शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं, उनका दुख हमारा दुख है। पर साथ ही यह भी वादा करते हैं कि उनके प्रियजनों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। यह हमला हमारे धैर्य की परीक्षा अवश्य है, लेकिन हम इस परीक्षा में चट्टान की तरह डटे रहेंगे। श्रीमती चौधरी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि इस तरह की घटनाओं पर केवल दुख प्रकट करने के बजाय निर्णायक कार्रवाई की जाए। भारत अब बदला हुआ भारत है जो अन्याय सहन नहीं करता, बल्कि जवाब देना जानता है। पहलगाम की घाटियों में बहाया गया निर्दोष खून एक.एक हमलावर से हिसाब मांगेगा, और भारत यह हिसाब जरूर चुकता कर आतंकवाद का समूल नाश करेग

# देशी एवं विदेशी शराब दुकान के संचालक एवं उनके कर्मचारियों द्वारा खुलेआम बड़ी मात्रा में हो रहा है परिवहन, शासन प्रशासन मौन

**सिमगा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। आबकारी अधिकारियों के संरक्षण में सिमगा के देशी एवं विदेशी शराब दुकान के संचालक एवं उनके कर्मचारियों के द्वारा खुलेआम बड़ी मात्रा में अवैध शराब का हो रहा है परिवहन शासन प्रशासन मौन। मिली जानकारी के अनुसार नगर के देशी एवं विदेशी शराब दुकान के कर्मचारियों के द्वारा खुलेआम कोचियों को घर घर तक अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब पहुंचाया जा रहा है । लेकिन इन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है । लगभग एक माह पहले नवनिर्वाचित सरपंचों की बैठक में पूर्व थाना प्रभारी योगिता खापर्डे को एक साथ शिकायत की थी कि प्राया: प्राया: सभी ग्रामों में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है । कुछ अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही हुई लेकिन उसके बाद अब भी अवैध रूप से शराब की बिक्री नगर के होटल ढाबों के साथ साथ ग्रामों में भी खुलकर अवैध शराब का कारोबार फलफूल रहा है । वहीं आबकारी विभाग हाथ पर हाथ धरें बैठी है । और पूरे क्षेत्र में शराब गांजा एवं अन्य नशीली दवाओं की बिक्री का कार्य जोरों पर है ।

# रोपवे गिरने की घटना पर बयानबाजी शुरू

**डोंगरगढ़,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मां बमलेश्वरी मंदिर रोपवे में बीते दिवस हुई दुर्घटना को लेकर अब बयान बाजी का दौर प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता एन के साहू ने रोपवे ऑपरेटर द्वारा विद्युत कंपनी के ऊपर लगाये गये आरोप को दुर्भाग्य जनक बताया है उन्होंने इस बयान का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि दुर्घटना के संबंध में रोपवे ऑपरेटर द्वारा विद्युत कंपनी के ऊपर जो आरोप लगाया गया है कि उक्त दुर्घटना विद्युत फ्लकचुएशन के कारण हुई है जबकि दुर्घटना के दौरान उनके सिस्टम में कहीं भी वोल्टेज फ्लकचुएशन की कोई शिकायत नहीं आई है ना ही किसी उपभोक्ता द्वारा उक्त समय में फ्लकचुएशन से रिलेटेड कोई शिकायत दर्ज कराई गई है विद्युत मंडल की सप्लाई दुर्घटना से पहले और दुर्घटना के बाद भी नॉर्मल थी इस समय कोई ट्रिपिंग भी दर्ज नहीं की गई ।

उन्होंने कहा कि यह बयान झूठा और निराधार है। रोपने का संचालन के लिए ट्रस्ट समिति द्वारा उच्च दाब का 125 केवीए कनेक्शन लिया गया है जिसमें उपभोक्ता के द्वारा स्वयं ट्रांसफार्मर लगाया जाता है तथा उसका सारा मेंटेनेंस भी उपभोक्ता स्वयं करता है रोपवे की सप्लाई इस ट्रांसफार्मर से ही थी तकनीकी दृष्टि से वोल्टेज फ्लकचुएशन के कारण इस तरह की दुर्घटना की संभावना ही नहीं है रोपवे ऑपरेटर द्वारा इस तरह के बयान देकर विद्युत कंपनी की छवि को धूमिल किया जा रहा है जो अत्यंत निंदनीय है विद्युत मंडल ने इस दुर्घटना के संबंध में लिखित सूचना थाना प्रभारी डोंगरगढ़ को भी की है। श्री साहू ने कहा कि इस तरह रोपवे के संचालन में उनका ट्रांसफार्मर भी अलग है तथा सप्लाई इसी ट्रांसफार्मर से होती है उसमें फ्लकचुएशन वाली कोई तथ्य समझ में नहीं आता ट्रांसफार्मर के साथ ट्रस्ट मंडल द्वारा समान वोल्टेज जाने के लिए यंत्र भी लगाए गए हैं फिर भी यदि मान लें की यदि फ्लकचुएशन हुआ है तो क्या रोप को उन्होंने इतना झटका सहने लायक भी नहीं बनाया की विद्युत की सप्लाई कम ज्यादा होने पर वह टूट जाए यदि इतना कमजोर रोपवे है तो उसको चलाना नहीं चाहिए। दूसरे पर आरोप लगाने से पहले स्वयं अपनी जांच कर लेना बेहतर होगा। श्री साहू ने कहा कि हम भी इसकी उच्च स्तरीय जांच के लिए जरूर लिखेंगे।

# नवाचार गतिविधि एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षक डिगेश्वर साहू, एफएलएन नवाजतन वारियर्स सम्मान से सम्मानित

**गरियाबंद** , 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ीटिकरा में कार्यरत शिक्षक डिगेश्वर कुमार साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सक्रिय कार्य के लिए एफएलएन नवाजतन वारियर्स सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीआई उप संचालक आसुतोष चावरे और अतिरिक्त संचालक योगेश शिवहरे ने डिगेश्वर साहू को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम शनिवार को रायपुर के काइट विश्वविद्यालय में हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ से कुल 100 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।।

मालूम हो कि शिक्षक डिगेश्वर साहू ने बच्चों की सहज और सरल समझ के लिए कई नवाचारी गतिविधियां कीं। बेटी बचाओ अभियान, स्वच्छता अभियान और पेड़ लगाओ अभियान में सक्रिय रहे। कोरोना काल में बच्चों से जुड़े रहने के लिए ऑनलाइन और मोहल्ला क्लास चलाई।



उनके नवाचारों से विद्यालय के 11 से अधिक बच्चे उत्कृष्ट विद्यालय, एकलव्य और जवाहर विद्यालयों में चयनित हुए। इसके अलावा कबाड़ से जुगाड़ कर सहायक शिक्षण सामग्री बनाई। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पहली कक्षा के बच्चों के लिए जादुई पिटारा तैयार किया। बच्चे इस पिटारे का बड़े उत्साह से उपयोग करते हैं। उन्होंने वृक्षारोपण, बागवानी, खिलौना कॉर्नर, सामुदायिक सहभागिता, नशा मुक्ति अभियान और मुस्कान पुस्तकालय जैसे कई कार्य भी किए। इसके चलतें डिगेश्वर साहू को वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान मिला। 2023 में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न और जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा गरियाबंद द्वारा विनोबा में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिला। 2024 में राज्य शिक्षक पुरस्कार महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त किया।

एफएलएन नवाजतन वारियर्स सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ए. के. सारस्वत, डीएमसी नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, विकासखंड स्रोत समन्वयक छन्नूलाल सिन्हा, उत्तम साहू, अनिल अवस्थी, अवतार सिन्हा, संकुल समन्वयक रामकुमार साहू, लोकेश सोनवानी, किशोर कुमार निर्मलकर, प्राचार्य फोबिला लकड़ा और संकुल मैनपुर गरियाबंद के शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# अच्छी शिक्षा देने पर 5 शासकीय शिक्षकों को मिला एफएलएन सह नवा जतन सम्मान

**बिलाईगढ़,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश स्तर पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिला है। जिले के शिक्षक सुखमति चौहान के साथ अन्य चार शिक्षकों का मेहनत रंग लाई इन शिक्षकों का प्रयास और मेहनत काफ़ी सराहनीय है। इन्होने शिक्षा के क्षेत्र मे प्रदेश मे सारंगढ़ जिला का नाम रोशन किया है और अन्य शासकीय स्कूलों के शिक्षक और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बन गए हैं, जिससे नई शिक्षा नीति के तहत एफएलएन की प्राप्ति व कोरोनाकाल में बच्चों की शाला न खुल पाने के कारण जो बौध्दिक व मानसिक विकास में क्षति हुई उसकी भरपाई के लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास जारी था। कई सारे प्रयास के बावजूद अपेक्षित दक्षता में कमी को दूर करने के लिए सुनील मिश्रा के मार्गदर्शन में 66 शिक्षकों के समूह में एक राज्य स्तरीय टीम नवाजतन के नाम से बनी जिसमे सीखने की क्षमता में वृद्धि व चुनौती देकर बच्चों को समूह, ग्रुप व गली मित्र की अवधारणा से सीखने पर बल दिया गया। साथ ही तकनीक व प्रौद्योगिकी का सही उपयोग बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ावा देने व अंत मे प्रोत्साहन हेतु सेल्फी विद सक्सेस जैसे रोचक व लाभप्रद गतिविधियों को कक्षा कक्ष में स्थान दिया गया। राज्य के जिन संस्थाओं में यह प्रयोग हुआ वहाँ बहुत अच्छा व अपेक्षित परिणाम देखने को मिला।

शासकीय प्राथमिक शाला फर्सवानी के कक्षा दूसरी के बच्चों ने भाषा में 1 मिनट में 45 शब्द पढ़ना था वहां पर बच्चे 60,80,120 शब्द पढ़ रहे और



शब्द से वाक्य बनाना सिखा। शब्द से कविता बनाना, शब्द से कहानी बोलना, बोले गए शब्द को सुनकर लिखना। गणित में 100 अंकों को पहचानने के स्थान पर लाख तक की संख्याओं को पहचान कर पढ़ पाते हैं साथ ही गणित में घटाव, गुणा, भाग करके गणित के सभी अवधारणाओं संक्रियाओं को पूरा करते हुए गणित की अवधारणाओं को पूरा करके अपने कक्षा स्तर के चुनौती से आगे निकलते हुए चुनौती को पूरा करने में बच्चे खरे उतरे।

राज्य के लगभग 1500 शालाओं ने आगे इस चुनौती को ऑनलाइन स्वीकार करते हुए अपने कक्षा के शत प्रतिशत बच्चों में अपेक्षित दक्षता लाने का फार्म भरा। आगे ऑनलाइन व ऑफलाइन चयन में 100 शालाओं ने इस चुनौती में खरा उतरते हुए सफलता प्राप्त की। इन शिक्षकों का सम्मान छत्तीसगढ़ के एक यूनिवर्सिटी में राज्य परियोजना कार्यालय के संयुक्त संचालक योगेश शिवहरे व सहायक संचालक आशुतोष चावरे के सानिध्य में हुआ। इन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए अपने जिलों में नई रणनीति के साथ काम करने हेतु प्रेरित किया ताकि 2027 तक एफएलएन को प्राप्त किया जा सके।

**सम्मानित शिक्षक:** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से चैतन पटेल के नेतृत्व में जो शिक्षक सम्मानित हुये उनमें सुखमती चौहान शासकीय प्राथमिक शाला फर्सवानी, अनुराज वर्मा, दुर्योधन खम्हारी शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनीपाली, उषा चौहान शासकीय कन्या प्राथमिक शाला भटगांव एवं राजेश कुमार देवांगन शासकीय प्राथमिक शाला घाना शामिल है।

**क्या है बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान ( एफएलएन ):** राष्ट्रीय शिक्षा नीति का एक घटक है, इसे निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाया जा रहा है। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन- फाउंडेशन लिट्रेसी एंड न्यूमेरेसी) का प्रमुख उद्देश्य है कि वर्ष 2025-26 तक 3 वर्ष से लेकर 8 वर्ष आयु तक वाले सभी बच्चों का समग्र विकास करना, बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करना, बच्चों को पढ़ने लिखने और समझने के साथ ही गणितीय गणना में दक्षता हासिल करना, बच्चों को मजबूत बुनियादी शिक्षा देना जो कि उनके भविष्य की सफलता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। एफएलएन कार्यक्रम में आनंद आधारित सीखने पर ज्यादा जोर दिया जाता है, बच्चों को सीखने के लिए कहानी, गीत, नृत्य, टीएलएम एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से रोचक बनाने का प्रयास किया जाता है। यह सब करने का उद्देश्य बच्चों में रुचि पैदा करना होता है एवं इससे बच्चे बेहतर समझ पाते हैं।

# बिना अनुमति के बोर खनन पर राजस्व टीम ने की बोर वाहन जब्त

**बलौदाबाजार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन पर कड़ी कर्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को तहसील पलारी के ग्राम दतरेंगी में बिना अनुमति के बोर खनन करते पाए जाने पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा बोर खनन को प्रतिबंधित कर बोर वाहन को जब्त किया गया।




एसडीएम पलारी दीपक निकुंज ने बताया कि रविवार को ग्राम दतरेंगी निवासी किसान पंचुराम निषाद के द्वारा अपने खेत में बिना अनुमति के बोर खनन कराया जा रहा था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बोर खनन संबंधी दास्तावेज की मांग वाहन चालक धर्मेंद्र ठाकुर से की गई जिस पर अनुमति सबंधी कोई दास्तावे पेश नहीं करने पर बोर खनन प्रतिबंधित किया गया और पंचनामा तैयर कर बोर वाहन क्रमांक केए 01 एमपी 6945 को जब्त किया गया। जब्त वाहन को थाना प्रभारी गिधपुरी के सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा जिले को आगामी 30 जून 2025 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।

इस अवधि में बिना सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति के नया बोर खनन प्रतिबंधित है। इस दौरान नायब तहसीलदार चुम्मन लाल ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव धोखाधड़ी मामले में कोर्ट से बरी



**नगरी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व विधायक सिहावा डा लक्ष्मी ध्रुव के ऊपर ठगी का आरोप लगाते हुए एक महिला के द्वारा धारा 420 भा द स के अंतर्गत परिवाद दुर्ग के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। यह प्रकरण लगभग चार वर्षों तक न्यायालय में सुनवाई के बाद माननीय मुख्य न्यायाधीश के द्वारा 23 अप्रैल को पूर्व विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव को भा द स के धारा 420 के प्रकरण के झूठा एवं असत्य पाए जाने पर केस से बरी करते हुए प्रकरण को खारिज कर दिया। महिला द्वारा झूठा परिवाद प्रस्तुत कर डा लक्ष्मी ध्रुव को फसाने व उनकी सामाजिक और राजनीति प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए किया गया था। पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव का कहना है कि माननीय न्यायालय ने यह साबित कर दिया कि आज भी न्याय जिंदा है।


**शपथ - पत्र**

मैं शपथकर्ता कमलेश्वर जंघेल पिता थानसिंह जंघेल, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम -ढाप, तहसील साजा, जिला, बेमेतरा छत्तीसगढ़ का निवासी हूं जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि, मैं दर्शित पत्ते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेज 10 वी के अंक सूची में नाम एश्वर्य ( AISHWARY ) दर्ज है, तथा मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 9225 2836 7355 में एश्वर्य कुमार जंघेल (YSHVRY KUMAR JANGHEL) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम एश्वर्य कुमार जंघेल ( YSHVRY KUMAR JANGHEL) दर्ज हो गया है, जो त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर अंक सूची के अनुसार नाम एश्वर्य (AISHWARY ) आधार कार्ड में दर्ज कराना चाहता हूं।
4. यह किसी शपथ पत्र शासकीय गजट प्रकाशन / राजपत्र मे नाम सुधार कराने हेतु दी जा रही है।

**शपथकर्ता**
**कमलेश्वर जंघेल पिता थानसिंह जंघेल, निवासी ग्राम ढाप तहसील साजा जिला बेमेतरा ( छ. ग. )**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईशतहार**

**रा.प्र.क्र. 20250424140014**
**अ-2 वर्ष 2024-25**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मयंक देवांगन आ. झग्गरराम जाति कोष्टा निवासी ग्राम बोरगहन तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम/नगर बोरगहन स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 470 रकबा 0.13 हेक्टे. मे से 0.13 हेक्टे. भूमि को गैर कृषि प्रयोजनार्थ/औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यववर्तन मे किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 8.5.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**अनुविभागीय अधिकारी**
**गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोजराम पिता रूपसिंह जाति सतनामी निवासी ग्राम बजारी पटवारी हल्का नं. 08 तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के रिश्तेदार घसिया की मृत्यु दिनांक 05/04/2020 को हो चुकी है। मृतक घसिया की मृत्यु प्रमाण पत्र को जन्म मृत्यु रजिस्टार कार्यालय में पंजीयन कराना है। शासकीय कार्य हेतु घसिया की मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ने पर आवेदक द्वारा मृतक घसिया के मृत्यु दिनाक 05/04/2020 को पंजीयन करने आवेदन पत्र मय दस्तावेज की प्रति पेश किया है।

अत: आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/04/2025 तक न्यायालय में स्वत: या अपने अधिवक्ता। के माध्यम से उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील
**न्यायालय**
**तहसीलदार भखारा**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAMALIKA CHAKABORTHY W/O KUTUBUDDIN KAPASI resident of FLAT NO. 5 BURHANI HOUSE COLLAGE WARD KUKURBEDA AMANAKA RAIPUR (C.G.) have changed my old name KAMALIKA CHAKABORTHY W/O KUTUBUDDIN KAPASI so in future I should be recognized by my new name that is ALEFIYA KAPASI W/O KUTUBUDDIN KAPASI in all Government and other documents.

**ALEFIYA KAPASI**
FLAT NO. 5 BURHANI HOUSE COLLAGE WARD KUKURBEDA AMANAKA RAIPUR (C.G.)

# प्रदेश में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। अब सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह नियम के तहत लिफ्ट और एस्केलेटर का संचालन उच्च सुरक्षा मानकों के अनुसार जरूरी है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और व्यवसायों को कानूनी परेशानियों से भी राहत मिलेगी।



■ अब 30 दिन में मिलेगी जरूरी सेवाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर सरकार ने लिफ्ट और एस्केलेटर से जुड़ी सभी सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट में शामिल कर दिया है। अब इन सेवाओं को अधिकतम 30 दिन के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। अगर तय समय में काम नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इससे उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों को समय पर सेवा मिलेगी ।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधाओं हमारी सरकार की प्राथमिकता है। लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। इसलिए हमने इस सेवा को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया है, ताकि हर लोगों को समय पर सेवा मिले और उनका भरोसा बना रहे।

मुख्य विद्युत निरीक्षणालय ने सभी बिल्डरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और लिफ्ट संचालकों से अपील की है कि वे नए नियमों का कड़ाई पालन करें और सुरक्षित रूप से लिफ्ट और एक्सलेटर की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इससे बीमा का खर्च भी घटेगा और कारोबार का जोखिम कम होगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दंतेवाड़ा विज्ञान केन्द्र की प्रशंसा की, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ सुनी 'मन की बात' की 121वीं कड़ी

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 121वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मन की बात' को जनजागरण और राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का अद्वितीय मंच है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार और संदेश आज पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। 'मन की बात' के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, सामाजिक पहलों और सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी आमजन तक पहुँचती है, जिससे पूरे समाज में जागरूकता और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि समाज में सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है।

मुख्यमंत्री साय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार 'मन की बात' में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थापित विज्ञान केन्द्र की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने च्मन की बातज् कार्यक्रम में कहा कि आज भारत के युवा तेजी से साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इलाके, जो कभी पिछड़ेपन और हिंसा के लिए पहचाने जाते थे, अब नवाचार के केन्द्र बन रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थापित विज्ञान केन्द्र की सराहना करते हुए कहा कि जहाँ कभी हिंसा और अशांति का साया था, वहाँ आज बच्चे विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दंतेवाड़ा का विज्ञान केन्द्र आज पूरे देश का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जहाँ बच्चों को थ्री-डी प्रिंटर, रोबोटिक कार जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है। बच्चों का तकनीक के प्रति यह जुड़ाव भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विज्ञान और नवाचार के प्रति देश के युवाओं में बढ़ता आकर्षण भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा द्य

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दंतेवाड़ा का विज्ञान केन्द्र अब वैज्ञानिक चेतना और नवाचार का केन्द्र बन रहा है, जो विशेषकर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को विज्ञान, तकनीक और नवाचार की दुनिया से जोड़ने का प्रेरक माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री द्वारा की गई यह सराहना न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए एक उत्साहवर्धक संकेत है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को 'मन की बात' के जरिए देशवासियों से संवाद करते हैं और देश भर में हो रहे सकारात्मक प्रयासों को साझा कर एक प्रेरक वातावरण तैयार करते हैं।

इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बालाजी प्लांट का ग्रामीणों ने किया विरोध

# प्लांट लगा तो हमारी लाश बिछेगी

■ पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई में बिफरे ग्रामीण
■ एडीएम का ग्रामीणों ने किया घेराव



**तिल्दा-नेवरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। उद्योग स्थापना को लेकर आहूत पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई मे ग्रामीणों ने उद्योग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, यहां तक कि नाराज ग्रामीणों ने एडीएम देवेन्द्र पटेल ? का घेराव भी किया ,जिसके चलते कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया था , पुलिस प्रशासन को भी सतर्कता बरतनी पड़ी ।मामला तिल्दा-नेवरा जनपद पंचायत क्षेत्र ग्राम अल्दा का है , जहां पर प्रस्तावित मेसर्स बालाजी स्पंज एवं पांवर लिमिटेड उद्योग स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई संपन्न हुई । पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई में प्रभावित क्षेत्र के सैकडो महिला पुरूष शिरकत किये । पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई में शुरू से ही ग्रामीणों का प्रस्तावित उद्योग को लेकर विरोधाभास का गूंज गूंजने लगा ।ग्रामीणों ने विभिन्न बिंदुओं का हवाला देते हुए प्रस्तावित उद्योग का घोर विरोध किया , कहां जावे तो जनदीर्घा से ऐसा कोई आवाज सुनने को नही ? मिला जो उद्योग स्थापित करने के पक्षधर हो ।ग्रामीणजन एक स्वर में प्रस्तावित उद्योग का विरोध किया । बताया जा रहा है कि ग्रामीणों में प्रस्तावित उद्योग को लेकर इतना आक्रोश था कि पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई के एक दिन पूर्व लगायें गये पंडाल को ? आग के हवाले कर दिया था । पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई में जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणजनो के विरोधी स्वर मुखर हो रहा था ,वहीं पर एक हाथ मे विरोध का तख्ती तो वहीं दुसरे हाथ में उद्योग नहीं लगाने की मांग का परिपत्र लेकर ग्रामीण नारेबाजी करते नजर आया , पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई में एडीएम देवेन्द्र पटेल से ग्रामीणो ने विरोध पत्र का रिसिप की मांग किया ,जिन पर एडीएम ने हामी भरी थी , लेकिन जब पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई का समापन होने के पश्चात भी ग्रामीणों को रिसिप नहीं मिला तो वे उद्वेलित हो गये उन्होंने एडीएम देवेन्द्र पटेल व अन्य अधिकारियों के वाहन ? को घेरकर रिसिप की मांग करने लगे , जिसके चलते थोड़ी देर के लिए वातावरण में गर्माहट आ गई थी, ,इधर ग्रामीणों ने कहां कि किसी भी सूरत में इस क्षेत्र में उद्योग नहीं लगने दिया जावेगा । उन्होंने कोर्ट की शरण लेने की बात कही ।

# उपमुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कवर्धा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का परचम बुलंद करने वाले कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की।




उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जिले के सूरज राजपूत ने बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में सात देशों के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। कवर्धा की पहली महिला वेटलिफ्टर दीपाली सोनी ने 76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। पुरुषों के 67 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर श्रेणी के अभिषेक तिवारी ने वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 14 वर्षीय अनुराग जांगड़ ने 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर भविष्य की एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरे हैं।इन युवाओं की मेहनत, समर्पण और लगन आज हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। इनकी उपलब्धि से न सिर्फ हमारा जिला, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ बीरेन्द्र साहू, लोकचंद साहू, विजय पटेल, रवि राजपूत, भुखन साहू, पार्षद डोनेश राजपूत, दीपक सिंहा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बलौदाबाजार के युवा ने रचा इतिहास भारतीय वुडबॉल टीम में चयनित

■ रामाधार पटेल

**बलौदाबाजार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के लिए गौरव का विषय है कि कमल कॉलोनी बलौदाबाजार निवासी श्रृंगी शर्मा का चयन प्रतिष्ठित वर्ल्ड मास्टर गेम्स एवं 27वीं ताइवान ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय वुडबॉल टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 16 से 24 मई 2025 तक ताइवान की राजधानी ताइपेई में आयोजित की जाएगी। श्रिंगी शर्मा जो कि राकेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त एसएडीओ, कृषि विभाग) के सुपुत्र हैं, ने हाल ही में आयोजित 18वीं सीनियर नेशनल वुडबॉल चौंपियनशिप 2024 एवं अंतरराष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिताओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन की पुष्टि वुडबॉल एसोसिएशन ऑफइंडिया द्वारा की गई है।

इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का संचालन इंटरनेशनल मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जाएगा और इसमें दुनिया भर के अनुभवी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। श्रृंगी शर्मा के चयन से न केवल बलौदाबाजार जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को गर्व की अनुभूति हुई है। श्रृंगी शर्मा पिछले कई वर्षों से वुडबॉल खेल में सक्रिय हैं और इस क्षेत्र में उन्होंने असाधारण मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है। वुडबॉल एक नवाचारपूर्ण और रणनीति-आधारित खेल है, जिसमें खिलाड़ी को सटीकता, संतुलन और मानसिक दृढ़ता की आवश्यकता होती है। श्रृंगी ने इन सभी पहलुओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल जिला और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि अब वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं।

लगातार संघर्ष और मेहनत की कहानी-श्रृंगी की सफ्लता एक दिन में नहीं मिली। उन्होंने स्कूली दिनों से ही खेलों में रुचि लेना शुरू कर दिया था। श्रृंगी क्रिकेट के भी एक अच्छे खिलाड़ी रह चुके हैं एवं राज्य स्तर पर भी प्रदर्शनों कर चुके हैं। प्रारंभ में संसाधनों की कमी, प्रशिक्षण की चुनौतियां और प्रतियोगिताओं में भाग लेने की आर्थिक बाधाएं सामने आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। सीमित सुविधाओं के बावजूद, उन्होंने अपने अभ्यास में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके कोच जितेन्द्र पटेल और उनके पिता राकेश शर्मा का योगदान भी इस यात्रा में महत्वपूर्ण रहा।



■ श्रृंगी शर्मा ताइवान में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

राज्य का नाम किया रोशन- श्रृंगी का चयन केवल बलौदा बाजार ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है। वुडबॉल जैसे खेल में छत्तीसगढ़ के किसी खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। यह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और जिले में वुडबॉल खेल को एक नई पहचान भी मिलेगी। च्देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बातज्-अपने चयन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रृंगी ने कहा, च्यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। मैं अपनी पूरी मेहनत और लगन से देश का नाम ऊँचा करने का प्रयास करूंगा। यह मेरी जीत नहीं, बलौदा बाजार और पूरे छत्तीसगढ़ की जीत है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी कर चुके है भारतीय टीम में राज्य एवं जिले का प्रतिनिधित्व। श्रृंगी इससे पूर्व में भी भारतीय टीम में 3 बार चयनित हो चुके है। और निरंतर उनके अच्छे प्रदर्शन एवं कौशल के चलते इस बार भी उनका चयन हुआ है। श्रृंगी शर्मा ने इस खेल की शुरुआत अपने स्नातक की शिक्षा के दौरान किया था। तथा अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतिस्पर्धा में भी अपने उच्च स्तर के प्रदर्शन दिखाते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किया है। एवं राष्ट्रीय सीनियर प्रतिस्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अर्जित कर चुके है। हाल ही में नागपुर में सम्पन्न हुए सीनियर प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक अर्जित किया है।

श्रृंगी ने चर्चा के दौरान बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय चयन प्राप्त करना मेरे जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है, और इसके लिए मैं अपने कोच जितेन्द्र पटेल (वुडबॉल) और मेरे पिता राकेश कुमार शर्मा का हृदय से धन्यवाद करता हूँ। मेरे कोच जितेन्द्र पटेल ने न केवल खेल की बारीकियों को सिखाया, बल्कि हर कठिन समय में मेरा मनोबल बढ़ाया और मुझे अनुशासन तथा समर्पण के महत्व को समझाया। उनकी मेहनत, मार्गदर्शन और अथक प्रयासों ने मेरे खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। साथ ही मेरे पिता राकेश कुमार शर्मा का योगदान भी अतुलनीय है। उन्होंने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया, हर परिस्थिति में मुझे सकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित किया और मेरे हर सपने को अपना सपना समझकर उसे पूरा करने में हरसंभव सहायता की। उनके विश्वास और समर्थन ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचने का आत्मविश्वास दिया।




# डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी हुए शामिल

**जांजगीर-चांपा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने विशेष रूप से शिरकत की और डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों तथा उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



अपने संबोधन में ओ. पी. चौधरी ने कांग्रेस पार्टी पर डॉ. अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने वाली तथा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित कराने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा डॉ. अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

समारोह के दौरान जिले के विभिन्न समाजों के विशिष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान भी किया गया। साथ ही जांजगीर के ऑडिटोरियम का नाम बदलकर 'डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑडिटोरियम' रखने की घोषणा की गई। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने जांजगीर-चांपा जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिले की विकास योजनाओं को शीघ्र गति दी जाएगी। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, आमजन और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

■ **सक्ती,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सक्ती जिले के भेड़िकोना अमलीडीह पुल पर एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। शनिवार देर रात करीब 2 बजे सक्ति से आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में गिर गया। हादसे में ट्रक चालक शिव साहू, पिता गोवर्धन साहू (उम्र लगभग 25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल बिलासपुर रेफर किया गया है, जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**NECC**

| 28.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 410 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 95 | 180 |

डिलीवरी 425 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

दो बातें हमेशा याद रखना-
- हर इंसान उतना बुरा नहीं होता, जितना वह आधार कार्ड पर दिखता है.
-हर इंसान उतना अच्छा भी नहीं होता, जितना वह अपनी फेसबुक पर।

संपादकीय

## जल संरक्षण अभियान सफल हो

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हाथ में लिया गया है जो समय की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के मौके पर गुरुवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने बतलाया कि राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण अभियान चलाया जायेगा। निश्चित ही यह इस मायने में एक महती कार्यक्रम कहा जायेगा क्योंकि शहरों की तरह ग्रामीण इलाकों में भी जल संकट के प्रारम्भिक चिन्ह दिखाई देने लगे हैं। नदियों, तालाबों, कुंवों जैसे नैसर्गिक जल संसाधन सूखने लगे हैं। गांवों में भूगर्भीय जल स्तर चाहे शहरों से बेहतर हो परन्तु यदि उसकी ओर तुरन्त ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में कुछ शहरों के कतिपय इलाकों की ही तरह गांवों में भी जल संकट देखने को मिल सकता है। ग्रीष्म काल जल संरक्षण अभियान के प्रारम्भ करने का सबसे उपयुक्त समय है।

हाल के वर्षों में हुए शहरीकरण तथा औद्योगीकरण के चलते नगरों के आसपास का पानी लगातार सूख चला है। तालाबों का या तो अतिक्रमण हो रहा है अथवा अन्य कारणों से उसकी जल संग्रहण क्षमता सतत घट रही है। इसे इसलिये बढ़ाया जाना ज़रूरी है क्योंकि यदि ग्रामीण इलाके सूख गये तो उसका जनजीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। जो फसलें वर्षाकालीन पानी से ली जा सकती हैं, उन्हें लेकर अधिक चिंता नहीं परन्तु सारे साल सब्जी-भाजी से लेकर अन्य फसलों के लिये लगने वाले पानी का अभाव हुआ तो समस्या विकराल हो सकती है। फिलहाल यह दिक्कत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चाहे दिखाई न पड़ रही हो लेकिन आगे चलकर यह समस्या गम्भीर रूप धारण कर सकती है।

तकरीबन 11700 ग्राम पंचायतों में 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' चलाया जायेगा जिसमें पंचायत सदस्यों की भागीदारी रहेगी। सरकार को चाहिये कि इस अभियान को पर्याप्त आर्थिक सहायता दे। तालाबों का गहरीकरण व उनकी पचरियां बनाना, सम्भव हो तो उनका सौंदर्यीकरण करने के अलावा गांवों के कुंवों की साफ-सफाई, डबरियां बनाने जैसे उपाय बहुत मददगार हो सकते हैं। तालाबों की सारे साल उपयोगिता तो रहती है लेकिन गर्मी के प्रारम्भ होते ही वे सूखने लगते हैं। इसके चलते उसमें निस्तारी नहीं हो सकती। बड़ी ग्रामीण आबादी अपने विभिन्न उपयोगों के लिये इन तालाबों पर निर्भर रहती है। इनके गहरीकरण के साथ उन्हें जलकुम्भी से बचाना भी आवश्यक है। कई तालाबों में गाद जमने से उनकी क्षमता घट जाती है। जमीन के नीचे के जल का स्तर बनाये रखने में तालाब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका संरक्षण ज़रूरी है। ऐसे ही कुंवों, नदियों आदि की भी रक्षा हो।

पंचायतें इस काम में सर्वाधिक योगदान दे सकती हैं क्योंकि उन्हें जल संरक्षण का महत्व मालूम है तथा संरक्षण के तरीके उनसे बेहतर और कोई नहीं जानता। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, प्रशिक्षण आदि उनके लिये उपलब्ध कराया जाना चाहिये।

# कोंटा में एनएच से लगी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**सुकमा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के अंतिम छोर पर बसे कोंटा नगर में नेशनल हाईवे से लगी हुई सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा। वहीं अवैध निर्माण कार्य को लेकर नगर पंचायत कोन्टा ने कब्जाधारी को नोटिस भेजा है। मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत कोन्टा के अंतर्गत नेशनल हाइवे से लगी हुई भूमि खसरा नंबर 549/1 के छोटे से भूखंड पर पान ठेला लगाकर बीते कई वर्षों से वन विभाग के अधिकारी और एक शिक्षक का परिवार भरण पोषण कर रहा था। वर्तमान में ठेले के पीछे खाली पड़ी जमीन पर वन विभाग के अधिकारी द्वारा कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है जिसको लेकर शनिवार को वन विभाग के अधिकारी और शिक्षक के मध्य नोक झोंक होने की बात स्थानीय लोगों ने बताया। स्थानीयों ने बताया कि बीते एक दशक पूर्व में शिक्षक का परिवार ठेला लगाया करता था। जिसके बाद बीते कुछ वर्ष पूर्व वन विभाग के अधिकारी के भाई द्वारा उसी जगह पर ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहा था। उक्त भूमि बीते कुछ वर्षों से खाली पड़ी थी जिस पर बीते एक दो माह से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। वहीं इस अवैध निर्माण की जानकारी मिलने के बाद नगर पंचायत कोन्टा द्वारा कब्जाधारी वन अधिकारी को नोटिस जारी किया है।

**नगर पंचायत अधिकारी ने कब्जाधारी को जारी किया नोटिस**



### कार्य बंद कर वैधानिक दस्तावेज जमा करने नोटिस भेजा गया : सीएमओ

नगर पंचायत कोन्टा सीएमओ झमन साहू ने बताया कि अवैध निर्माण की जानकारी मिलते ही 23 अप्रैल को नोटिस भेजकर तत्काल कार्य को बंद कर वैधानिक दस्तावेज कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। अभी तक निर्माणकर्ता द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज उपलब्ध नही कराया गया है। इसके साथ ही हमने नोटिस की प्रतिलिपि तहसीलदार और एसडीएम को भी दी है।

### नगर पंचायत के द्वारा भेजा गया नोटिस : तहसीलदार

तहसीलदार गिरीश निम्बालकर ने कहा कि नगर पंचायत के माध्यम से जानकारी मिली है। नगर पंचायत के द्वारा निर्माण रोकने को लेकर नोटिस भी जारी किया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात का किया श्रवण

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121 वें संस्करण का प्रसारण रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के सभी 48 वार्डों में बूथवार सामूहिक रूप से सुना गया। भारतीय जनता पार्टी ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखने व सुनने के लिये सभी वार्डों में मुख्य अतिथि व प्रभारी बनाये थे। जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामान्य जनों के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मृतकों व उनके परिवार के प्रति दुख प्रकट करते हुये आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने की बात देशवासियों से कही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में बस्तर अंचल के दंतेवाड़ा जिले में संचालित विज्ञान केन्द्र का भी उल्लेख किया और स्थानीय युवाओं, छात्र छात्राओं के लिये उपयोगी साबित हो रहे विज्ञान केन्द्र की सराहना की। प्राकृतिक आपदाओं की समय पूर्व जानकारी के लिये बनाये गये सचेत एप के विषय में भी अवगत कराते >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**दंतेवाड़ा जिले में संचालित विज्ञान केन्द्र का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में किया, सराहना भी की**

# दलपत सागर में सूर्य के विदाई का मनमोहक दृश्य

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मैं दलपत सागर हूं, सूरज की सुबह वाली नई किरणें मुझमे ऊर्जा भर देती हैं। मेरा जल हिलोरें मारते हुए उगते सूर्यदेव का स्वागत करता है। पूरे दिन सूर्यदेव मेरे जल को अपनी ऊर्जा से भर देते हैं। सांझ ढलने के साथ ही मैं विरह वेदना से तड़पने लगता हूं, सूर्यदेव के अस्ताचल का सफर पूरा हो जाने पर मेरा जल ऐसे स्तब्ध और शांत हो जाता है जैसे कोई प्रिय दूर जा रहा हो। दरअसल ये दोनों तस्वीरें जगदलपुर के ऐतिहासिक दलपत सागर तालाब की हैं। एक तस्वीर सूर्योदय के दौरान की है और दूसरी सूर्यास्त के समय की। सूर्योदय के समय दलपत सागर में लहरें ?सी उठती हैं, गोया दलपत सागर सूरज का स्वागत कर रहा हो। वहीं सूर्यास्त में तालाब का जल ऐसे स्थिर हो जाता है मानो किसी प्रिय के दूर चले जाने का गम हो। शहर के निवासी इस तालाब के ऐसे दृश्य देखकर खुश हो उठते हैं। दलपत सागर का पानी अब नहाने और उपयोग योग्य नहीं रहा है। पिछले 20 साल से आई गई नगर सरकारों की पहल काम नहीं आई। अब नए महापौर संजय पाण्डेय ने अपने तरीके से इस सागर स्वरूप तालाब के उद्धार की नई पहल की है। उम्मीद है यह पहल काम आएगी। फिलहाल दलपत सागर सिर्फ पर्यटकों का सैरगाह बनकर रह गया है। महापौर संजय पांडे ने भी पदभार ग्रहण करने के बाद इस दिशा में नया प्रयोग प्रारंभ किया है। देखते हैं कि इस सुहानी छटा के दर्शन को महापौर अपने अंदाज किस तरह संवारते हैं।



# नवयुवक मंडल सिंधी समाज के अध्यक्ष बने करन लक्ष्मी नवतानी को मिली महिला टीम की कमान

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शनिवार देर शाम सिंधी समाज के नवयुवक मंडल एवं सुहणी सोच महिला टीम का चुनाव संपन्न हुआ जिसमे नवयुवक मंडल अध्यक्ष के रूप मे करन बजाज को जिम्मेदारी दी गई एवं महिला टीम सुहणी सोच की जिम्मेदारी लक्ष्मी नवतानी को दी गयी। नवयुवक मंडल सिंधी समाज सलाहकार सुनील दंडवानी, संरक्षक शिवम बसतवांनी, उपाध्यक्ष अंकित दरयानी, सचिव गौरव लालवानी, सह सचिव सचिन लालवानी, कोषाध्यक्ष रोहित हासानी बने. महिला टीम सुहणी सोच की संरक्षक पुष्पा मनवानी, पूजन प्रभारी चंद्रादेवी नवतानी, उपाध्यक्ष रिया दुल्हानी, सचिव भारती लालवानी, सह सचिव सीमा आहूजा कोषाध्यक्ष बबिता दुल्हानी बनी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, संरक्षक उधाराम मूलचंदानी एवं गोवेर्धन दास नवतानी, सुनील दंडवानी, हरेश नागवानी, विशाल दुल्हानी, बृजलाल नागवनी, रजनी दंडवानी, नीलम बसंतवानी, सुंदर भोजवानी, गोपाल तीरथानी, अमित गोविंदानी, सन्नी बजाज, यश मेथानी, सतीश दुल्हानी निखिल कलवानी, हनी दुल्हानी, निकेत नागवानी, हर्ष दंडवानी, कुनाल बजाज, राजा मेघानी, नवीन नंदवानी, सुमित जेठवानी, मनोज बचवानी, शुभम मेघानी, आतिश रामचंदानी एवं समाज के वरिष्ठ उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में दंतेवाड़ा के साइंस सेंटर का किया जिक्र, बस्तरवासियों के लिए गौरवशाली क्षण : मनीष पारख

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 121 वें संस्करण के माध्यम से देश को संबोधित किया। मन की बात श्रवण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए क्षेत्र के युवा भाजपा नेता मनीष पारख एवं कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने जगदलपुर शहर के इंदिरा वार्ड के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी मन की बात को सुना। मन की बात कार्यक्रम को सुनने से पूर्व उपस्थित अतिथि मनीष पारख व सभी सदस्यों ने जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मनीष पारख ने उपस्थित जनों से कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह हमें राष्ट्रहित, राष्ट्र सुरक्षा के कार्यों में अधिक सक्रियता से भाग लेने की दिशा में भी मार्गदर्शन प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ हाल ही में उठाए गए निर्णायक फैसलें का समर्थन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के फैसले केवल औपचारिकता नहीं बल्कि मानवता के दुश्मन आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान को एक सख्त चेतावनी है, अब भारत चुप नहीं बैठेगा। ऐसे हमलों को भारत और सहन नहीं कर सकता। पूरे देश मे हर किसी की जुबां पर एक ही बात है अब सरकार को पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। ताकि, पाकिस्तान फिर अपनी गंदी निगाहें भारत की तरफ न उठा सके और देश की जनता को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। इस जघन्य कृत्य को करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें उनके अंजाम तक पहुँचाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के साथ इस आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में देश की जनता भी उनके साथ एकजुट है। मनीष पारख ने प्रधानमंत्री मोदी का दंतेवाड़ा के साइंस सेंटर का जिक्र करने पर इसे बस्तरवासियों के लिए गौरवशाली क्षण बताया और कहा कि कुछ समय पूर्व तक यही दंतेवाड़ा घोर नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार में बस्तर ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है। उससे आने वाले समय मे दंतेवाड़ा का यह साइंस सेंटर विश्वपटल पर भी अपनी एक अलग छाप छोड़ने में कामयाब होगा एवं नक्सल क्षेत्र के बच्चों के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा ठाकुर, सिद्धार्थ ठाकुर, शेख लियाकत अली, धनीराम सेठिया, मोनू नाग, श्रीमती उषा ठाकुर, श्रीमती सविता, परमेश्वर सिंह ठाकुर, युवराज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।



# जेसीआई जगदलपुर सिटी के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जेसीआई जगदलपुर सिटी द्वारा 2025 की नवीन कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह होटल अविनाश इंटरनेशनल जगदलपुर में आयोजित किया गया, जिसमें कई गणमान्य अतिथि, जेसीआई सदस्य, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख और शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस समारोह में सीए प्रतीक चिखलिकरको अध्यक्ष और सीए गौरव डोडिया को सचिव के रूप में शपथ दिलाई गई। इनके साथ 2025 की पूरी कार्यकारिणी ने भी पदभार संभाला।

मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे एवं आकाश श्रीश्रीमाल नगर पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों अतिथियों ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में साइबर क्राइम पर जागरूकता एवं शहर को स्वच्छ रखने पर प्रेरित किया।

स्थानीय संगठन संचालन समिति 2025 इस प्रकार है। चेप्टर इंचार्ज पीयूष हेलिवाल, मार्गदर्शक व सलाहकार अनिल राव मद्दी, अध्यक्ष सीए प्रतीक चिखलिकर

सचिव सीए गौरव डोडिया, कोषाध्यक्ष अपुल जैन, उपाध्यक्ष (ग्रोथ) नितिन खत्री, उपाध्यक्ष (स्वास्थ्य और फिटनेस) डॉ. नरेंद्र लाहोटी, उपाध्यक्ष (प्रशिक्षण और व्यापार) दिलीप शुक्ला, ग्रेस्टर राघव हेमानी, जनसंपर्क अधिकारी नितेश सिंह चौहान को दायित्व सौंपा गया है।

कार्यक्रम के दौरान जेसीआई जगदलपुर ने इंस्टाग्राम पेज को लॉन्च किया एवं कार्यक्रम में श्याम सोमानी, भंवर बोथरा, श्रीपाल जैन, हनुमंत राव, विवेक सोनी, मनीष मूलचंदानी, जयंत नायडू, चंद्रेश चांडक के साथ शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के स्थापना अधिकारी, निलेश चंद एवं कार्यक्रम निदेशक नितिन खत्री उपस्थित रहे।




# इंद्रावती जल संकट सहित अनेकों विषयों पर बस्तर सांसद, ओडिसा सांसद व विधायक सहित दोनों राज्यों के अधिकारियों की घंटों चली बैठक

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बस्तर की जीवनदायिनी कहे जाने वाली इंद्रावती नदी को लेकर बस्तर सांसद महेश कश्यप एक्टिव मोड पर है। लगातार बस्तर सांसद इंद्रावती नदी के विषयों पर कार्य कर रहे है।

विगत दिनों सांसद श्री कश्यप के द्वारा बस्तर के इंद्रावती जल संकट मामले को लोकसभा में उठाया गया था, साथ ही जल्द इस मामले का निपटारा करने हेतु केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से सांसद ने आग्रह किया था। छत्तीसगढ़ सरकार व बस्तर के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बस्तर को समझौते के मुताबिक जल मिलने लगा। जगदलपुर में छत्तीसगढ़ व ओडिसा राज्यों के जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों की बैठक में इंद्रावती नदी को वापस स्वरूप में लाने के लिए कार्ययोजना तैयार किया गया है। जगदलपुर सर्किट हाऊस में बस्तर सांसद महेश कश्यप व नवरंगपुर सांसद बलभद्र मांझी व कोटपाड़ विधायक रूपु भतरा सहित दोनों राज्यों के अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई हैं। इस बैठक में जोरा नाला स्ट्रक्चर सहित अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई। इस बैठक में इंद्रावती जल संकट मामले का प्रमुख कारण ओडिसा में इंद्रावती नदी के जल से हो रहे बिजली उत्पादन को बताया गया है।

बस्तर सांसद श्री कश्यप ने बताया कि जगदलपुर में ओड़िसा के सांसद व विधायक महोदय के साथ इंद्रावती सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई है। इस दौरान इंद्रावती नदी को वापस प्रवाह में लाने के लिए हमने ओड़िसा राज्य के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक में कई स्वरूप तैयार किया हैं। हमारे द्वारा कालाहांडी डैम के एक गेट को खुला रखने की मांग की है जिससे इंद्रावती के प्रवाह में कोई कमी ना हो पाये। वही ओड़िसा - छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित गाड़ाघाट पुलिया को ले कर भी चर्चा हुई हैं। गाड़ाघाट - तिरिया पुलिया जो को ओड़िसा सरकार द्वारा बनाना प्रस्तावित है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ क्षेत्रों में फारेस्ट जमीनों के कारण यह कार्य रुका हुआ था। इस बैठक में बस्तर जिले के फारेस्ट अधिकारियों व ओड़िसा राज्य के अधिकारियों के सहयोग से जल्द ही यह कार्य पूर्ण होगा। श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर के विकास को लेकर डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध हैं। दोनों राज्यों के सरकार के सहयोग से जल्द ही इंद्रावती नदी अपने पूरे प्रवाह के साथ बस्तर में बहेगी। इस दौरान बस्तर अपर >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**दोनों राज्यों के सहयोग से इंद्रावती नदी प्रवाह में शीघ्र होगी बढ़ोतरी, इस ओर प्रयास जारी : महेश कश्यप**

# आज प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह बस्तर जिले के प्रवास पर, विभिन्न विभागों की लेंगे समीक्षा बैठक

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव एवं प्रभारी सचिव जिला बस्तर डॉ. कमलप्रीत सिंह 28 अप्रैल को जिले के प्रवास पर विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे। प्रभारी सचिव 28 अप्रैल को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण प्रगति सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्कूल शिक्षा और आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, वन विभाग, लोक निर्माण, जल संसाधन, गृह, वाणिज्य एवं उद्योग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ऊर्जा, उच्च शिक्षा, वाणिज्य कर पंजीयन, खेल एवं युवा कल्याण इत्यादि विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। लोक निर्माण विभाग सचिव एवं प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह 28 अप्रैल को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में अपरान्ह 02 बजे से बस्तर राजस्व संभाग अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे, जिसके तहत आरआरपी फेज-एक के प्रगतिरत कार्यों, आरसीपीएलडब्ल्यूईए के कार्यों सहित समस्त योजनाओं के सड़क, भवन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन आज से

**जगदलपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून 2025 सत्र के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि जारी कर दी है। ऑनलाईन 28 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई तक होगी। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी (प्राईवेट) भूतपूर्व और एटीकेटी स्टूडेंट्स परीक्षा फार्म आनलाईन कर सकते हैं। कुछ पाठ्यक्रमों के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के एटीकेटी परीक्षा के फार्म भी ऑनलाईन होंगे। ऑनलाइन के बाद आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में सात मई तक जमा किए जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी विवि के वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

# ओव्हर ब्रिज सर्वे होते ही विरोध शुरू



- प्रभावितों ने सांसद-विधायक को सौंपा ज्ञापन
- अण्डर ब्रिज बनाने की मांग, बतायी अपनी पीड़ा

**दंतेवाड़ा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज के लिए प्रारंभिक सर्वे होते ही विरोध भी शुरू हो गया है। इस संबंध में आज आंवराभाटा क्षेत्र के प्रभावितों ने बस्तर सांसद महेश कश्यप और विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा बतायी।

ज्ञापन में राष्ट्रीय राजमार्ग को गीदम से बंगाबाड़ी बायपास में स्थानांतरित करने एवं आवाराभाटा रेलवे फाटक के पास अंडरब्रिज बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन में प्रभावितों ने चिंता जताई है कि ओवर ब्रिज का जो मानक है उसके जद में मुख्य मार्ग की सारी दुकानें एवं मकान आ रहे हैं। अगर तोड़ फोड़ हुआ तो आवाराभाटा का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। दुकानदारों के सामने रोजी रोटी की संकट खड़ी हो जाएगी। निजी मकान एवं दुकान के अलावे संयुक्त कलेक्टर कार्यालय का मुख्य द्वार, बाउंड्री वाल, नव निर्मित शौचालय, नगर पालिका की कम से कम 50 से ज्यादा दुकानें, लंदन के घरों के डिजाइन में बना जैविक कैफे, माता दंतेश्वरी की डोली का विश्राम स्थल, डीएफओ बंगला, एसपी ऑफिस का बाउंड्री वाल भी प्रभावित होगा।

बस्तर संसद महेश कश्यप ने सभी प्रभावितों को आश्वस्त किया है कि वे एनएच के बड़े अधिकारियों से बात करेंगे। जरूरत पड़ी तो केंद्रीय परिवहन मंत्री से भी चर्चा करेंगे। जनहित में कुछ न कुछ समाधान जरूर निकाला जाएगा। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बहुत जल्द दंतेवाड़ा कलेक्टर से चर्चा कर मसले का हल निकाला जाएगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्द लाल मुड़ामी नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, मनीष सुराना, पार्षद मनीष भट्टाचार्य, पार्षद पंकज शर्मा, जनपद सदस्य कुणाल ठाकुर, पार्षद श्रवण कड़ती, व्यापारी संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष मनोज सुराना, मन्नू वर्गीस सहित भारी संख्या में व्यापारी एवं आवाराभाटा निवासी उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा में बस्तर सांसद का भव्य स्वागत



- जितेन्द्र भदौरिया के सुपुत्र के विवाह समारोह में शामिल
- नव दंपत्ति को दिया आशीर्वाद

**दंतेवाड़ा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद महेश कश्यप एक दिवसीय प्रवास पर बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत किया।

सांसद श्री कश्यप भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए एवं जिले में चल रहे विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इसके पश्चात बस्तर सांसद श्री कश्यप विभाग संघ चालक जीतेन्द्र सिंह भदौरिया के निवास स्थान नकुलनार पहुंचे, परिवारजनों से मुलाकात कर सुपुत्र सौरज सिंह भदौरिया को नव दांपत्य जीवन की शुभकामनाये प्रेषित की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जी. वेंकट, नवीन विश्वकर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री ओम सोनी, जनपद अध्यक्ष कुआकोंडा सुकालू मुड़ामी, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदौरिया, रमन चौहान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिशेख राठौर, पार्षद पंकज शर्मा, चंदन ध्रुव, राजेश भदौरिया(रवि), पूर्व मंडल अध्यक्ष कुआकोंडा सोमडू कोरमि, जनपद सदस्य पवन कर्मा समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

# आगामी तीन मई को शहर से गुजरेगी अखंड ज्योति



**जगदलपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार दोपहर को एक बैठक हुई। इस बैठक में जम्मू काश्मीर में ?हिंदू पर्यटकों की मुस्लिम आतंकवादियों ने जो हत्या की उसकी निंदा की गई। इसके बाद सभी परिजन ने दो मिनट का मौन धरकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ? लिए प्रार्थना की गई। सभी ने एक सुर में कहा आतंकवाद का मुकाबला कड़ाई से करना है। इसके लिए प्रत्येक सनातनी को आतंक से जूझना होगा। इसके बाद परिजन ने आगामी तीन मई को शहर में अखंड ज्योति कलश यात्रा के पहुंचने की जानकारी दी गई। बताया गया कि अखंड ज्योति रथ यात्रा हरिद्वार से चलकर देश भर की यात्रा पर है। इसी संदर्भ में सभी जिलों में यह यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का समापन आगामी वर्ष होना है। इस यात्रा के स्वागत व इसके उद्देश्य को लेकर सर्व हिंदू समाज, सक्षम संस्था, बजरंग दल समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों से चर्चा की गई। सभी जनों ने यात्रा का स्वागत करने सहयोग देने पर सहमति जताई है।

# बच्चों की शिक्षा में अभिभावक महत्वपूर्ण



- दंतेवाड़ा जिले में पढ़ाई तिहार का आयोजन
- घर में ही बच्चों को मिलेगी स्कूल की मानसिकता

**दंतेवाड़ा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में ग्राम स्तर, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। इस कड़ी में पढ़ाई तिहार का प्रथम मेला आयोजित किया गया तथा द्वितीय मेले का आयोजन माह जुलाई के प्रथम सप्ताह या शाला प्रवेश उत्सव के समय आयोजित किया जाएगा। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में बालवाड़ी एवं कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को घर एवं आंगनबाड़ी के माहौल से स्कूल में प्रवेश करते समय, छोटे बच्चों के लिए बिल्कुल नया अनुभव होता है, इसलिए माता और समुदाय की मदद से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार किया जाना आवश्यक है। साथ ही समुदाय एवं अभिभावकों को यह एहसास दिलाना कि वे बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु राज्य शासन के निर्देश पर इस वर्ष भी पढ़ाई तैयार का आयोजन जिले में किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले की महिला शिक्षिकाओं का सक्रिय सहयोग लेते हुए, शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में अपेक्षित दक्षताओं को हासिल करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि समुदाय एवं माता के सहयोग से घर पर ही बच्चों को सीखने सिखाने का वातावरण मिल सके। पढ़ाई तिहार कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय में नौ काउंटर बनाकर बच्चों की जांच की गई। जांच के उपरांत माताओं को प्रशिक्षित किया गया कि वह घर पर कैसे बच्चों की पढ़ाई में योगदान दे सकती है। दो माह के बाद शाला प्रवेश उत्सव के दौरान या जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में दूसरा पढ़ाई तिहार मेले का आयोजन किया जाना है। इसमें अभिभावकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। इसी मेले में सबसे अच्छा कार्य करने वाली माता को स्मार्ट माता के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता एवं जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# अवंतिका कॉलोनी में हुई शिवलिंग की स्थापना



**जगदलपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के अवंतिका कॉलोनी में शारदा रामायण महिला समूह के द्वारा भगवान शिव की लिंग स्थापना की गई जिसमें कॉलोनी के महिलाओं के भगवान के प्रति अटूट आस्था की अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

# संस्कार समर क्लास में बच्चों को साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

**पिथौरा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित मल्टी टैलेंट समर क्लासेस प्रतिभा विद्यालय में संचालित बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश वर्मा थाना प्रभारी पिथौरा के द्वारा छात्रों को साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और इससे जुड़ी चुनौतियों पर जागरूक किया। समर क्लास के छात्रों को बताया कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध से बचने के लिए, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और न ही अनजान लोगों से ऑनलाइन दोस्ती ही करें। साथ ही अज्ञात कॉल को भी रिसिव नहीं करने की जानकारी दी गयी। आगे बताया कि कोई भी सरकारी संस्थान कभी भी ओटीपी नहीं मांगता है। उन्होंने छात्रों को सावधान किया कि अधिक पैसों के लालच में किसी भी लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें। बच्चों को सतर्कता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए समर क्लास के डायरेक्टर श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि अगर सोशल मीडिया पर किसी तरह की घटना हो जाती है।

# जंगल के प्यासे पक्षियों के लिए जल व्यवस्था अभियान, लाइनमैन मदन सिदार का बढ़ता कारवां



**पानी की उपलब्धता जैसे सामाजिक सरोकार में योगदान**

**बिलाईगढ़**, 27 अप्रैल (देशबंधु)। गोमर्डा अभयारण्य के जंगलों में इन दिनों गर्मी दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। यहां के प्यासे पक्षियों को राहत देने के बिजली विभाग में लाइनमेन पद पर कार्यरत मदन सिदार पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और इनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका कर नियमित अंतराल पर पानी भरा जा रहा है। केवल सड़क किनारे ही नहीं बल्कि जंगल के भीतर भी पक्षियों और कभी-कभी बंदरों के लिए भी पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

उल्लेखनीय होगा कि 2010 में जब मदन की पोस्टिंग बरमकेला ब्लॉक में हुई, तो उन्होंने जंगल से गुजरने वाली सड़क के किनारे प्यासे पक्षियों को देखकर उनके लिए पानी की व्यवस्था करने की ठानी। पत्नी लक्ष्मी सिदार और शिक्षा विभाग में कार्यरत मित्र रामेश्वर के सहयोग से उन्होंने पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और उनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका देते थे और नियमित अंतराल पर पानी भरने का कार्य करते थे। वह सिलसिला आज भी जारी है। यह बताना लाजमी होगा कि 14 वर्षों से पशु पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता करना इन्होंने अपना जीवन उद्देश्य बना लिया है।

शुरुआत में यह एक व्यक्तिगत प्रयास था, लेकिन अब यह कार्य एक जन अभियान बन चुका है। बिजली विभाग के सहकर्मी, अधिकारी और स्थानीय लोग बिना किसी आदेश या आग्रह के इस नेक काम से जुड़ते चले गए। जंगल में घूमते वाहन अब साथ में पानी लेकर चलते हैं और पक्षियों के लिए जल पात्र भरते हैं। आज, 14 वर्षों बाद भी यह सेवा रुकी नहीं है। यह कार्य सिर्फ प्यास बुझाने का नहीं, बल्कि संवेदना, प्रकृति प्रेम और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बनता जा रहा है।

# महाराणा प्रताप वार्ड का महापौर ने किया निरीक्षण, लोगों की समस्याओं से हुए अवगत



**जगदलपुर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के महाराणा प्रताप वार्ड में महापौर संजय पाण्डे ने पार्षद व एमआईसी सदस्यों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने महापौर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। सड़क, पानी बिजली जैसी समस्याओं का त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश महापौर संजय पाण्डे ने संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही पानी की समस्या के लिए पाइपलाइन विस्तार के लिए विभागों को निर्देशित भी किया। आवागमन में सुविधा हो इसके लिए यहां के लोगों ने सीसी सड़क की मांग की। महापौर ने सभी समस्याओं को सुनकर सभी के समाधान के लिए जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन वार्डवासियों को दिया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षद नेहा ध्रुव, लक्ष्मी कश्यप, वार्ड वासी सहित निगम अमला मौजूद रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने...**

हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से इसका लाभ लेने कहा। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने हेतु सभी वार्डों में मतदान केंद्र अनुसार व्यवस्था बनायी गयी थी। भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने गणमान्य नागरिकों व सामान्य जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का प्रसारण सुना।

**इंद्रावती जल संकट सहित ...**

कलेक्टर सीपी बघेल, फारेस्ट अधिकारी देवलाल दुग्गा सहित ओड़िसा राज्य के रेवेन्यू अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**आज प्रभारी सचिव ...**

एवं सेतु निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा करेंगे। उक्त दोनों समीक्षा बैठक में सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# छग के प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसट्टी में तीन दिवसीय सुविधा शिविर संपन्न



**सुविधा शिविर में आधार, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन सहित राजस्व विभाग से संबंधित 550 आवेदन जमा**

**सुकमा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। 25 अप्रैल से 27 अप्रैल को सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़ेसट्टी में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सुकमा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सुकमा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुविधा शिविर में आधारकार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता खोलना, नवीन आवेदन की पेंशन स्वीकृति दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन का भुगतान से लाभान्वित करने के साथ ही राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। ग्रामीण बड़ी संख्या में अपनी समस्या के समाधान के लिए शिविर में उपस्थित हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुविधा शिविर में कुल 550 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से पशुधन विकास विभाग के 30, श्रम विभाग के 46, बैंक अकाउंट ओपनिंग के 14, कृषि विभाग के 68, आधार कार्ड के 50, राजस्व विभाग के 12, खाद्य विभाग के 62, महिला एवं बाल विकास विभाग के 24, आदिवासी विकास विभाग के 32, नवीन वोटर आईडी के 44, नवीन लाइसेंस के 15, समाज कल्याण विभाग के 51, बीमा संबंधी के 95, जन्म प्रमाण पत्र के 7, आयुष्मान कार्ड के 28 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य जांच के लिए कुल 225 ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया।

शिविर स्थल बड़ेसेट्टी में ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों में भारी उत्साह व उमंग देखने को मिला। सभी अपनी माँग व समस्या से संबंधित आवेदन लेकर विभागीय स्टाल में पहुंचे। प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए, कलेक्टर देवेश ध्रुव के द्वारा सभी विभागों को विशेष निर्देश दिया गया है।

# कलेक्टर ने अतिसंवेदनशील क्षेत्र कोलाईगुड़ा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण




**सुकमा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा रविवार को कोंटा विकासखंड के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र कोलाईगुड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर संस्थागत प्रसव से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई और दवाओं की उपलब्धता के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# मोदी के मन की बात में दंतेवाड़ा साइंस सेंटर



- पीएम ने माना शांति और विकास का सूर्योदय
- गौरव पूर्ण उल्लेख से हर्षित हैं दंतेवाड़ा वासी
- बच्चों की वैज्ञानिक मेधा को नया आयाम दे रहा साइंस सेंटर

**दंतेवाड़ा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दंतेवाड़ा मुख्यालय स्थित साइंस सेंटर का गौरवपूर्ण उल्लेख एवं विशेष सराहना की।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत का युवा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की दिशा में बढ़ रहा है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले स्थित साइंस सेंटर ने सबका ध्यान आकर्षित किया है, जो क्षेत्र पूर्व में हिंसा और अशांति के नाम से जाना जाता था। आज वहां शांति और विकास का नया सूर्योदय हुआ है, वहां का युवा आज नई-नई टेक्नोलॉजी नई मशीनों नए प्रोडक्ट साथ ही और भी दूसरे इन्नोवेटिव जानकारी से लैस हो रहा है। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा साइंस सेंटर को शिक्षा और तकनीक का एक नवीन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसे स्कूल के बच्चों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में प्रेरित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। इस साइंस सेंटर का निर्माण जिला परिषद की मदद से जिला कलेक्टर के नेतृत्व में किया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को और भी आकर्षक और प्रयोगात्मक बनाना है। इसका

**विशेष आकर्षण थीम आधारित कमरे और प्रायोगिक अनुभव है**

इस साइंस सेंटर में अलग-अलग थीम वाले कमरे बनाए गए हैं, जो बच्चों को विभिन्न विषयों को गहराई से समझने में मदद करेंगे। ये कक्ष उनके अनुभवात्मक ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिनमें से इंडस्ट्री रूम में जहां बच्चे औद्योगिक विकास की समय रेखा के माध्यम से उद्योगों के विकास को समझ सकते हैं। इसमें एक थ्रीडी प्रिंटिंग ज़ोन भी है, जहां अलग-अलग प्रकार के तीन थ्रीडी प्रिंटर हैं। साथ ही, डॉग रोबोट, ह्यूमनॉइड रोबोट, स्पाइडर रोबोट, राइटिंग रोबोट और पाथ-गाइडेड इंडस्ट्री रोबोट्स भी प्रदर्शित किये गए हैं। इसी प्रकार फिजिक्स रूम में बच्चे भौतिकी के मूल सिद्धांतों को हैंड्स-ऑन प्रयोगों के माध्यम से सीख सकेंगे। इमर्सिव रूम में 360ए डिजिटल स्पेस होगा, जहां बच्चे वर्चुअल दुनिया का अनुभव ले सकते है। इसके साथ ही यहां एक रोबो एरीना तैयार किया गया है, जहां बच्चे अपने रोबोट बनाकर उनका रोबो वॉर करवा सकेंगे। यह एक रोमांचक और शैक्षिक गतिविधि है, जो बच्चों को रोबोटिक्स और ऑटोमेशन की दुनिया से परिचित करा रहा है। इस परियोजना का कार्य हिडन लैम्प प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है, जो इसे एक आधुनिक और इंटरैक्टिव विज्ञान केंद्र बनाने के लिए कार्य कर रही है। कुल मिलाकर यह साइंस सेंटर दंतेवाड़ा के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र है, जो उन्हें विज्ञान और तकनीक में रुचि बढ़ाने और नई तकनीकों से परिचित कराने में मददगार है।

# विधायक लता उसेंडी द्वारा पुरानी मांग पूरी करने पर पलारीवासी हुए प्रसन्न

**कोण्डागांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। लता उसेंडी के द्वारा भीषण गर्मी में जल संकट को देखते हुए 5 दिनों में 21 नलकूप खनन करने की स्वीकृति दिलवाए जाने और इस तरह बहुत पुरानी मांग पूरी होने पर पलारी के ग्रामवासियों के द्वारा कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी के कार्य से प्रसन्न होने की मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम पंचायत पलारी में सड़क से लगे स्कूल के लिए ग्रामवासियों द्वारा बहुत सालों से बच्चों की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवॉल की मांग किया जा रहा था। चुनाव के समय लता उसेंडी ने बाउंड्रीवॉल बनवाने का वादा किया था। विधायक लता उसेंडी द्वारा अपना वादा पूरा करने और कई सालों की मांग पूरी होने पर पलारी के ग्रामवासियों ने प्रसन्नता जाहिर किया। इस दौरान स्कूल के लिए बाउंड्रीवॉल सहित 200 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए गांव में पानी की कमी के कारण कई गांव में नलकूप खनन कराने की मांग की जा रही थी, जिसे ऐसे मांगों को ध्यान में रखते हुए लता उसेंडी ने उप मुख्य मंत्री अरुण साव से बात कर 5 दिन में 21 नलकूप खनन कराने की स्वीकृति प्रदान करवाया। लता उसेंडी ने उप मुख्य मंत्री को कोंडागांव विधान सभा के समस्त ग्रामवासियों की तरफ से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।



**लता उसेंडी ने 5 दिनों में 21 नलकूप खनन की स्वीकृति दिलाई**

भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला सदस्य नंदलाल राठौर, जितेंद्र सुराना, आकाश मेहता, धनु मरकाम, कुलवंत चहल, हरि देवांगन, बैजू नेताम, घनश्याम सोरी, मनीष साहू, कनक सोरी, प्रमिला मरकाम, महेन्द्र साहू, घेनवा राम, गजेन्द्र, बिहारी सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# थाना में सरपंच, उप सरपंच, ग्राम पटेल का लिया बैठक

**कोण्डागांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना उरंदाबेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के सरपंचों, उप सरपंचों एवं ग्राम पटेलों को बैठक में आमंत्रित करके गांव की समस्या व गांव में हो रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी लिए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया कि आम जनता एवं पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित करने एवं जिले के सभी गांवों में पुलिस की सक्रिय और प्रभावी उपस्थिति एवं सूचना तंत्र को प्रभावी ढंग से विकसित करने के उद्देश्य से थाना उरन्दाबेड़ा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्रामों के सरपंचों, उप सरपंचों एवं ग्राम पटेलों का थाना परिसर में बैठक आयोजित किया गया।



**गांव में हो रहे गतिविधियों के बारे में लिया जानकारी**

थाना उरन्दाबेड़ा के थाना प्रभारी अखिलेश धीवर एवं स्टाफ द्वारा आयोजित मेल मिलाप के इस बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत सरपंच, उप सरपंच, ग्राम पटेल काफी में उपस्थित रहे। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने सरपंचों से चर्चा करते हुए उनसे साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड, नशा मुक्ति, बाल विवाह आदि के संबंध में तथा लड़ाई झगड़ा के संबंध में जानकारी लिया गया। उन्होंने कहा ऐसी घटना हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। साथ ही गांव में अवैध शराब, जुआ, सट्टा या अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने की समझाईश भी दी गई। थाना प्रभारी ने मीटिंग में गांव की समस्या सुनी साथ ही गांव में चल रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर लोगों को साइबर क्राइम से बचने चिटफंड कंपनियों से सावधान रहने के साथ गांव में चल रहे गलत गतिविधियों के जानकारी पुलिस तक पहुंचाने में सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही कहा कि अगर पुलिस को आप लोगों और अन्य ग्रामीणों का सहयोग मिलेगा, तभी पुलिस अपराध पर नियंत्रण कर सकेगी। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के अच्छे तालमेल से ही अपराध में नियंत्रण पाया जा सकता है। बैठक में थाना अंतर्गत ग्राम उरन्दाबेडा, मोदे, आमगांव, छिंदलीबेड़ा, कन्हारगांव, कोकोडा जुगानार व अन्य गांव के सरपंच, उप सरपंच, पटेल और थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी का बस्तर से विशेष लगाव : चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश संगठन के निर्देश पर विधायक चैतराम अटामी एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के बात की 121 वाँ संस्करण का लाइव प्रसारण दंतेवाड़ा जिले के नगर एवं ग्राम के विभिन्न वार्ड में स्थित बूथों में देखा व सुना गया।



- कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात
- दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का जिक्र गर्व का विषय : संतोष

विधायक श्री अटामी ने बूथ क्रमांक 46 ग्राम हीरानार में ग्रामवासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। श्री अटामी ने कहा कि मन की बात के 121 वें संस्करण में श्री मोदी ने दंतेवाडा जिले के विज्ञान संग्रहालय के विषय में बात कही जो सभी बस्तरवासियों को गौरवान्वित करने वाला एवं अत्यंत हर्ष का विषय है। श्री अटामी ने कहा कि इसके पूर्व मन की बात कार्यक्रम के 117 वे संस्करण में बस्तर ओलम्पिक के विषय पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में चर्चा की गई। यह स्पष्ट करता है कि बस्तर से प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान और लगाव है। हमारे जिले की उपलब्धि को मन की बात के 121 वे संस्करण में लिया जाना हम सभी के लिये गर्व का विषय है। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने भी बूथ क्रमांक 59 बोरपदर स्कुल पारा गीदम में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। म श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि नक्सल क्षेत्र में साइंस सेंटर दंतेवाड़ा को अलग पहचान दिला रहा हैं, आज भारत का युवा साइंस एवं टेक्नोलॉजी व इन्नोवशन की ओर बढ़ रहा है। बूथ क्रमांक-101 दंतेवाड़ा में भी कार्यक्रम प्रभारी पार्षद चन्दन ध्रुव के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक -2 दंतेवाड़ा कमला विनय नाग के निवास स्थान पर देखा गया। बूथ क्रमांक 101 में बूथ सदस्य एवं वार्ड वासी जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग के निवास स्थान में एकत्रित हुए।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला परिसर में हुआ बोर खनन

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत अर्जुनी मे शासकीय बोर खनन शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर मे 27 अप्रैल 2025 दिन रविवार को किया गया। वार्ड क्रमांक एक के पंच प्रतिनिधि गंगा प्रसाद यदु के द्वारा श्रीफल तोड़कर बोर खनन का शुभारंभ किया गया। जिसमें पर्याप्त पीने हेतु पानी निकला। ग्राम पंचायत अर्जुनी के नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं पंच गणो के प्रथम शासकीय कार्य का शुरुवात जल ही जीवन है के द्वारा हुआ जिसमे सफलता मिली, जो प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के लिए गौरव की बात है। इस पुण्य कार्य मे सरपंच कविता ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू, पंच प्रेमचंद वर्मा, चित्ररेखा गंगा प्रसाद यदु, राधेश्याम साहू, ओम प्रकाश, सुखराम ध्रुव, जीवन साहू, मीना वर्मा, प्रमोद जैन, यशवंत तिवारी, सूरज वर्मा, लखन यदु, घनश्याम देवांगन, कृष्णा भसगौरी राजू रजक एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी अर्जुनी का सहयोग सराहनीय रहा।

# 71 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद,** 27 अप्रैल। जिले की अंतिम छोर में बसे देवभोग क्षेत्र में धड़ल्ले से उड़ीसा प्रांत की अवैध शराब तस्करी कर बेची जा रही है। इसके रोकथाम के लगातार पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। बीते दो दिनों में देवभोग पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 71 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। 26 अप्रैल को पुलिस ने मुखबिर के सूचना ग्राम सुपेबेड़ा में अरविंद क्षेत्रपाल पिता तुलाराम क्षेत्रपाल के घर छापा मारा। जहां घर की बाड़ी में 36 लीटर उड़िसा प्रांत की डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब जप्त की। जिसकी कीमत 4500 रुपये आंकी गई। इसी तरह 27 अप्रैल को मुखबिर के सूचना में ग्राम केकराजोर सड़क मार्ग में नागेश पिता ईश्वर नागेश को 35 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा। जिसकी कीमत 3500 रूपये आंकी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिला धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# एमएससी प्राणीशास्त्र के विद्यार्थियों ने फिश फॉर्म का किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोण्डागांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के एमएससी प्राणिशास्त्र चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गुरुवार को प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष शोभाराम यादव, अतिथि व्याख्याता हितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में कोपाबेड़ा कोंडागांव स्थित फिश फॉर्म का शैक्षणिक भ्रमण किया।




भ्रमण के दौरान फिश फॉर्म के सहायक मत्स्य अधिकारी योगेश कुमार देवांगन के द्वारा विद्यार्थियों को मत्स्य पालन हेतु आवश्यक अधोसंरचना सहित मत्स्य हेचरी के विभिन्न घटक यथा ओवर हेड टैंक, ब्रीडिंग पूल, स्पाइनिंग पूल, नर्सरी पूल, स्टॉकिंग तालाब एवं मत्स्य बीज के रूप में प्रयुक्त अंडा, फ्राई, फिंगरलिंग एवं वयस्क मत्स्य के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। मत्स्य पालन के लिए भौतिक रासायनिक कारक तालाब निर्माण, उनके रख रखाव, बीमारी के बचाव के तरीके मत्स्य भोजन, उनकी मात्रा, प्रेरित जनन के प्रयुक्त इंजेक्शन ओवाटाइड के खुराक, देने का समय इत्यादि के बारे में गहन जानकारी दिया गया।वर्तमान समय के बेरोजगारी की गंभीर समस्या को दृष्टिकत रखते हुए श्री देवांगन ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में विद्यार्थियों से स्व रोजगार प्रारंभ करने के उद्देश्य से प्रेरित कर राज्य सरकार द्वारा इस क्षेत्र में उपलब्ध योजनाएं, अनुदान के बारे में रोजगार दायक जानकारी प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष शोभाराम यादव ने चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा उपरांत इस दिशा में आवश्यक प्रयास करने पर बल दिया जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ साथ कुछ लाभार्जन हो सके।

फिश फॉर्म में जल का समुचित दोहन हेतु बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सक्शन पम्प की सहायता से फिश फॉर्म में उपरी भाग में स्थित तालब के पानी का उपयोग फिश उत्पादन में किया जा रहा हैं, जिसमें मोटर पम्प एवं बिजली की बचत कर ऊर्जा संरक्षण कि दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है। इस अवसर में हर्षवर्धन श्रीवास, सुष्मिता, चंचल, डिगेश्वरी, आंचल, संगीता नेताम, चंदा, तनु, दिशा, पंकज, नवरतन सेठिया, सियाराम, सपना, विनीता ठाकुर सहित अन्य विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा आयोजन तैयारी- कलेक्टर व एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नीट परीक्षा के आयोजन की तैयारी के मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार ने आज परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तहसीलपारा, शासकीय बालक विद्यालय और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामकोट पारा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था के साथ साफ सफाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं पंखे की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर और एसपी ने सुव्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था और वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था के साथ ही नकल रोकने के लिए परीक्षा केन्द्रों में कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूलों में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर एस.डी.एम.अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# हमर सोन चिरईया लोक कला मंच मालाकोट द्वारा दिया जा रहा साफ सफाई का संदेश



**कोण्डागांव**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। हमर सोन चिरईया लोक कला मंच मालाकोट के द्वारा साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिए जा रहे होने के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जन मानस को अपने आस पास की साफ सफाई रखने हेतु ग्राम मालाकोट के लोक कला मंच हमर सोन चिरईया के द्वारा ग्राम के बाजार स्थल, स्कूल और अस्पताल मैदान आदि विभिन्न स्थानों में साफ-सफाई करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सरपंच गीता नेताम ने इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि साफ सफाई प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है, हमें अपने साथ-साथ घर परिवार व आस-पास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए। ज्ञात हो कि मालाकोट में स्थानीय मेला भी 8 मई 2025 को आयोजित होना है। इस लिहाज से सोन चिरईया परिवार के द्वारा लगातार आस-पास स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है और लोगों को भी इस हेतु आग्रह कर जागरूक कर रहे हैं। हमर सोन चिरईया लोक कला मंच के संस्थापक खीर चंद दीवान, हरेंद्र दीवान, देवेंद्र नेताम, अध्यक्ष खेमसिंह नेताम, सचिव रविना नेताम सहित कमलेश, मनेश, लक्ष्मीनाथ, देवी, राहुल, संतू, सियोबती, ऐवती, देवेश्वरी, दिनेश्वरी, रेणुऊ, पूजा एवं सदस्यों मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह बड़ेपारा के द्वारा विशेष सहयोग दिया जा रहा है।

# नेशनल हाईवे 30 पर परिवहन विभाग का औचक निरीक्षण

## बिना फिटनेस और ओवर लोडिंग वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

**कोण्डागांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सड़क हादसों में लगातार हो रही वृद्धि और आम जनता से मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कोण्डागांव जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया के नेतृत्व में विभागीय अमले द्वारा नेशनल हाईवे 30 पर औचक वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर दौड़ रहे कई ऐसे वाहन सामने आ रहे थे, जो फिटनेस प्रमाण पत्र के बिना ही संचालन कर रहे थे। यह न केवल वाहन चालकों, बल्कि अन्य यात्रियों और राहगीरों की भी जान के लिए खतरा बना हुआ था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए औचक जांच का निर्णय लिया गया।



जांच के दौरान कुल 8 वाहन बिना फिटनेस के चलते पाए गए। इन वाहनों पर कुल 28 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं एक वाहन ओवरलोड पाया गया, जिसके विरुद्ध 36 हजार रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र के ही वाहन का परिचालन कर रहे थे। इस गंभीर उल्लंघन के कारण दो वाहनों को तत्काल जप्त कर लिया गया है तथा उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

इसके अलावा अन्य छोटे-छोटे नियम उल्लंघन करने वाले 8 वाहनों पर भी 4 हजार 900 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उनका कहना हैं कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि कोण्डागांव जिले की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

परिवहन विभाग द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया। कई वाहन चालकों ने मौके पर ही अपने दस्तावेज अपडेट करने की बात कही, जबकि कुछ वाहन चालकों ने मौके पर जुर्माना अदा किया। जिला प्रशासन ने भी आम जनता से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय सभी वैधानिक दस्तावेज साथ रखें और सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करें।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विधायक के हाथों मिला स्मार्टफोन

## बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान



**कोण्डागांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को 26 अप्रैल को स्मार्टफोन प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी की चमक दौड़ गई। स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने अपने कर-कमलों से बच्चों को स्मार्टफोन वितरित किए। यह पहल जिला कलेक्टर एवं समग्र शिक्षा मिशन संचालक श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश और नोडल एवं जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में समग्र समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत की गई। राज्य कार्यालय से प्राप्त मद के अंतर्गत कुल 08 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को स्मार्टफोन एवं अन्य डिजिटल सहायक उपकरण प्रदान किए गए, ताकि वे डिजिटल माध्यम से अध्ययन कर सकें। राज्य शासन द्वारा सभी बच्चों के बीच समानता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों के पालकगण तथा शिक्षा विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

**उल्टा पुल्टा**

काफी दिनों बाद चिंटू पार्क में घूमने गया,
घर लौटकर उसने अपनी पत्नी को बताया-
जानती हो लोग मुझे भगवान मानने लगे हैं।
पत्नी- ये तुमने कैसे जाना।
चिंटू- जब मैं पार्क में गया था, वहां पर
औरतें मुझे देख कर बोली, हे भगवान तू फिर आ गया।

## संपादकीय

### जल संरक्षण अभियान सफल हो

*छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हाथ में लिया गया है जो समय की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के मौके पर गुरुवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने बतलाया कि राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण अभियान चलाया जायेगा। निश्चित ही यह इस मायने में एक महती कार्यक्रम कहा जायेगा क्योंकि शहरों की तरह ग्रामीण इलाकों में भी जल संकट के प्रारम्भिक चिन्ह दिखाई देने लगे हैं। नदियों, तालाबों, कुंवों जैसे नैसर्गिक जल संसाधन सूखने लगे हैं। गांवों में भूगर्भीय जल स्तर चाहे शहरों से बेहतर हो परन्तु यदि उसकी ओर तुरन्त ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में कुछ शहरों के कतिपय इलाकों की ही तरह गांवों में भी जल संकट देखने को मिल सकता है। ग्रीष्म काल जल संरक्षण अभियान के प्रारम्भ करने का सबसे उपयुक्त समय है।*

*हाल के वर्षों में हुए शहरीकरण तथा औद्योगीकरण के चलते नगरों के आसपास का पानी लगातार सूख चला है। तालाबों का या तो अतिक्रमण हो रहा है अथवा अन्य कारणों से उसकी जल संग्रहण क्षमता सतत घट रही है। इसे इसलिये बढ़ाया जाना ज़रूरी है क्योंकि यदि ग्रामीण इलाके सूख गये तो उसका जनजीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। जो फसलें वर्षाकालीन पानी से ली जा सकती हैं, उन्हें लेकर अधिक चिंता नहीं परन्तु सारे साल सब्जी-भाजी से लेकर अन्य फसलों के लिये लगने वाले पानी का अभाव हुआ तो समस्या विकराल हो सकती है। फिलहाल यह दिक्कत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चाहे दिखाई न पड़ रही हो लेकिन आगे चलकर यह समस्या गम्भीर रूप धारण कर सकती है।*

*तकरीबन 11700 ग्राम पंचायतों में 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' चलाया जायेगा जिसमें पंचायत सदस्यों की भागीदारी रहेगी। सरकार को चाहिये कि इस अभियान को पर्याप्त आर्थिक सहायता दे। तालाबों का गहरीकरण व उनकी पचरियां बनाना, सम्भव हो तो उनका सौंदर्यीकरण करने के अलावा गांवों के कुंवों की साफ-सफाई, डबरियां बनाने जैसे उपाय बहुत मददगार हो सकते हैं। तालाबों की सारे साल उपयोगिता तो रहती है लेकिन गर्मी के प्रारम्भ होते ही वे सूखने लगते हैं। इसके चलते उसमें निस्तारी नहीं हो सकती। बड़ी ग्रामीण आबादी अपने विभिन्न उपयोगों के लिये इन तालाबों पर निर्भर रहती है। इनके गहरीकरण के साथ उन्हें जलकुम्भी से बचाना भी आवश्यक है। कई तालाबों में गाद जमने से उनकी क्षमता घट जाती है। जमीन के नीचे के जल का स्तर बनाये रखने में तालाब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका संरक्षण ज़रूरी है। ऐसे ही कुंवों, नदियों आदि की भी रक्षा हो।*

*पंचायतें इस काम में सर्वाधिक योगदान दे सकती हैं क्योंकि उन्हें जल संरक्षण का महत्व मालूम है तथा संरक्षण के तरीके उनसे बेहतर और कोई नहीं जानता। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, प्रशिक्षण आदि उनके लिये उपलब्ध कराया जाना चाहिये।*

# शुक्रवारी बाजार से पहाड़ी चौक तक 20 मीटर चौड़ी बनेगी सड़क, हटाए जाएंगे अतिक्रमण

## रायपुर में भविष्य की कनेक्टिविटी के लिए 50 साल की कार्ययोजना का खाका तैयार

■ प्लेटफॉर्म 7 अब कबीरनगर, कोटा सहित रायपुर के प्रमुख इलाकों से सीधे जुड़ेगा



**रायपुर,** 27 अप्रैल(देशबन्धु)। पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 क्षेत्र का आज निरीक्षण किया गया।इस निरीक्षण में रेलवे प्रशासन, रायपुर नगर निगम, पुलिस विभाग, कलेक्टर, एसपी, डीआरएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म नंबर 7 के पास रेलवे द्वारा बनाई जा रही सड़क कार्य का अवलोकन किया।इसके साथ ही शुक्रवारी बाजार से पहाड़ी चौक तक लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेलवे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के बीच सड़क निर्माण को लेकर मतभिन्नताओं पर चर्चा हुई और आपसी शंकाओं का समाधान किया गया।

विधायक राजेश मूणत सहित डीआरएम दयानंद, कलेक्टर गौरव सिंह और निगम आयुक्त विश्वदीप ने भी अपने सुझाव दिए। अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई, जिसमें मुआवजा देने का कार्य तहसीलदार और एसडीएम के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा रायपुर में भविष्य की ट्रैफिक और कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई, जिससे आने वाले 50 वर्षों के लिए शहर को बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। इस योजना का उद्देश्य प्लेटफॉर्म 7 को गुढ़ियारी, रामनगर, कबीरनगर, कोटा सहित रायपुर के प्रमुख इलाकों से सीधे जोड़ना है।यह कार्ययोजना यात्रियों को आसान और सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के साथ-साथ ट्रैफिक की समस्या को भी हल करेगी।साथ ही, रायपुर पश्चिम क्षेत्र और गुढ़ियारी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नए विकास के अवसर पैदा होंगे।

**मुख्य विशेषताएं और कार्य**

पहाड़ी चौक से शुक्रवारी बाजार होते हुए प्लेटफार्म-7 तक सड़क चौड़ीकरण एवं एक्सप्रेस-वे से डायरेक्ट कनेक्टिविटी।

यह प्रोजेक्ट रायपुर की सबसे बड़ी कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक होगा।


तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे से प्लेटफार्म-7 तक अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित।

20 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग ने सर्वे कार्य लगभग पूरा कर लिया है।लोक निर्माण विभाग को 15 मई तक विस्तृत प्रेजेंटेशन देने के निर्देश विधायक मूणत द्वारा दिए गए हैं।

विधायक राजेश मूणत ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सुशासन ला रही है। कांग्रेस शासनकाल में रायपुर शहर की हालत बदहाल हो गई थी।न सड़कें बन रही थीं, न नालियां, न सौंदर्यीकरण। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई रफ्तार दिखाई दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना लाखों लोगों को सीधी राहत देगी, जो पहले एक्सप्रेस-वे तक पहुंचने के लिए फाफाडीह और तेलघानी होकर लंबा रास्ता तय करते थे।गुढ़ियारी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान भी इस योजना से संभव होगा। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 1 और 7 दोनों को स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ शहर से जोड़ने की यह बहुप्रतीक्षित योजना अब जमीन पर उतरने जा रही है, जो रायपुर शहर के भविष्य को बेहतर और संगठित स्वरूप देने में मील का पत्थर साबित होगी।

# नल और बोर में टुल्लू पंप लगाने वालों पर प्रशासन का शिकंजा

■ कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के आदेश



**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर जिले में अवैध रूप से टूल्लू पम्प लगाकर नल जल योजनाओं से पानी खींचने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर रायपुर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के निर्देश पर यह कार्रवाई शुरू की गई है।

इसी कड़ी में आज अभनपुर विकासखंड के ग्राम अमनेर में जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल जल योजना से अवैध टूल्लू पम्प हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान तीन टूल्लू पम्प निकालकर जब्त किए गए। प्रशासन ने दोषियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से बचने की चेतावनी दी है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अभनपुर विक्रांत राठौर, विभागीय उपअभियंता और ग्राम सरपंच मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की छापेमारी पूरे जिले में लगातार जारी रहेगी, ताकि नल जल योजनाओं का दुरुपयोग रोका जा सके।

# राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी की बैठक एवं आमसभा आज

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी, आमसभा तथा राज्य बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सोमवार 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मंत्रालय, (महानदी भवन), नवा रायपुर, अटल नगर के कक्ष क्रमांक ह्य0-12 में आयोजित की जाएगी। संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति जनमेजय महोबे ने सर्व संबंधितों को उक्त बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# टूरिस्ट बदल रहे अपना प्लान, अब उत्तराखंड की ओर रुझान



**रायपुर,** 27 अप्रैल(देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में 28 टूरिस्ट की मौत ने टूरिज्म इंडस्ट्री को भी बड़ा झटका दिया है राजधानी रायपुर के बेटे दिनेश मिरानिया की हत्या से पूरा शहर गम और गुस्से में है भीषण गर्मी में राहत पाने को सैकड़ों रायपुरियंस ने कश्मीर टूर का प्लान बनाया था लेकिन आतंकी हमले के बाद से ये लोग अब टिकट्स कैंसिल करा रहे हैं समर वैकेशन में हजारों की संख्या में रायपुरियंस माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के साथ ही कश्मीर ट्रिप प्लान करते ह पिछले दिनों कश्मीर में टूरिस्ट्स की हत्या की घटना के बाद से सोशल मीडिया में वायरल होने वाले वीडियो ने सभी को बुरी तरह डरा दिया है यही कारण है कि जहां लोगों ने आईआरसीटीसी के कश्मीर हवाई ट्रिप को कैंसिल कर दिया है वहीं रायपुरियंस से अपनी दिल्ली से कश्मीर की ट्रेनों में दो.दो माह पहले से रिजर्वेशन करा चुके लोगों ने बड़ी संख्या में कंफर्म टिकटों को कैंसिल करा दिया है वहीं एयरलाइन कंपनियों ने टूरिस्ट की समस्या को ध्यान में खाते हुए 30 अप्रैल तक कोई कैंसिलेशन चार्ज नहीं लेने का फैसला लिया है रायपुर के प्रमुख टूर एंड ट्रैवल्स के ओनर्स का कहना है कि पहलगाम में हुई घटना के बाद लोग कश्मीर का ट्रिप कैंसिल करा दूसरे ऑप्शन की तलाश कर रहे है जिसमे सबसे पहली प्राथमिकता उत्तराखंड है अब रायपुरियंस सेफहिल एरिया का टूर प्लान कर रहे हैं बड़ी संख्या में रायपुरियंस प्री प्लान कश्मीर टूर की एयर व ट्रेन की टिकटों को कैंसिल करने के लिए फोन कर रहे हैं इसकी जगह दूसरे हिल स्टेशनों के लिए टिकटों की बुकिंग कराने में रुझान दिखा रहे हैं इसके अलावा नॉर्थ ईस्टए हिमाचल प्रदेश समेत केरला का टूर प्लान करने वालों की संख्या भी काफी है कोमल पढ़ियार कहती है कि मई में उन्होंने अपने पति खुशांत पढ़ियार के साथ कश्मीर जाने का प्लान बनाया था लेकिन आतंकी हमले के बाद अब उन्होंने अपना प्लान कैंसल कर लिया है और अब वे केरला जाने का प्लान बना रहे है भूमिका धुव्र कहती है कि मैं कुछ दिनों पहले ही में गोवा गई थी और जून फर्स्ट वीक में हस्बैंड के साथ कश्मीर जाने का प्लान बना रही थीण् लेकिन अब ये प्लान उन्होंने कैंसल कर दिया है और वो उत्तराखंड की वादियों में अब अपना टूर प्लान कर रहे है सोनम राठोड़ सागर कहती है कि पिछले दिनों ही उन्होंने अपनी सैलीब्रेट की् जिसके बाद उन्होंने अपने हस्बैंड प्रभात सागर से ये कमिटमेंट लिया कि वो उन्हें धरती के स्वर्ग यानी कश्मीर घुमाने लेकर जाएंगे लेकिन आतंकी अटैक के बाद उन्होंये अपना ये प्लान कैंसल कर लिया है और वे अब परिवार के साथ चारधाम जाने का प्लान कर चुकी है रीना और खेमराज साहू ऐसे न्यू कपल्स हैं जिन्हें अलग.अलग स्पाट्स घुमना पसंद हैये कहते है कि कश्मीर में आतंकी अटैक के बाद अब तो लोगों को यहां जाने में डर लगने लगा ह उनका कहना है कि शादी के बाद कश्मीर देखने का सपना थाए लेकिन अब उन्होंने इस सपने को कुछ वर्षों के लिए टाल दिया है।

# पेयजल संकट को विशेष सामान्य सभा के एजेंडा में शामिल करें : दीप्ति दुबे



**रायपुर,** 27 अप्रैल(देशबन्धु)।कांग्रेस पार्टी की महापौर प्रत्याशी रही दीप्ति दुबे ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुलाए गए विशेष सामान्य सभा की बैठक के साथ सभापति सूर्य कांत राठौर से भीषण जल संकट से गुजर रहे रायपुर की समस्या एवं उसके समाधान पर विशेष सामान्य सभा के एजेंडे में चर्चा कराए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि 225 से ज्यादा मोहल्ले में पानी की भारी किल्लत चल रही है। साथ ही बहुत सारे इलाकों में डुप्लीकेट पाइपलाइन एवं लीकेज के चलते लोगों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रही है। साथ ही टैंकरों की संख्या बढ़ाने के बजाय उन क्षेत्रों में जहां पाइपलाइन बिछी है वहां तक पानी कैसे पहुंचे इसकी चिंता अत्यंत आवश्यक है।विशेष सामान्य सभा के प्रमुख एजेंडा में पेयजल को प्राथमिकता से रखा जाना था लेकिन जो विशेष सामान्य सभा हो रही है उसमें वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर प्रस्ताव पारित होना है जिसे कभी भी किया जा सकता था ,लेकिन जिस प्रकार से पेयजल संकट गहराते जा रहे हैं लोगों को पानी के नाम से रत जगा करना पड़ रहा है ऐसे समय में विशेष सामान्य सभा के एजेंडा में वार्ड बार जरूर चर्चा कराए जाने की मांग श्रीमती दीप्ति प्रमोद दुबे ने की है।उन्होंने यह भी कहा है कि जिन वार्डों में पेयजल संकट है उसे जोन की बैठक में वहां के पार्षदों को जरूर शामिल किया जाए ताकि वहां की समस्या के बारे में वह जानकारी दे सके। कई वार्डों में यह देखने को मिल रहा है कि अधिकारी को एवं चिन्हित जनप्रतिनिधियों को बुलाकर बैठक ली जा रही है जबकि उस वार्ड के पार्षद को शामिल नहीं किया जाना चिंता का विषय है। अभी तक पेयजल संकट को लेकर तीन से चार बैठक हो चुकी लेकिन प्रेशर से पानी देने को छोड़कर टैंकर बढ़ाने की बात रोज सामने आती है जो निगम की विफलता को इंगित करती है।दीप्ति प्रमोद दुबे ने कहा है कि शहर में 36 लाख से लेकर 50 लाख लीटर की क्षमता वाली 45 टंकियां है जहां 6000 से 10000 घरों को पानी पहुंचाने मैं 1 टँकी सक्षम होती है वहां आधे घरों में बस पानी पहुंच पा रहा है। शेष में इतनी पतली धार हो जाती है की कूलर में पानी भरना तो दूर पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है जो चिंता का विषय है।आवश्यकता है डुप्लीकेसी को दूर करने की तथा प्रत्येक टंकी के मॉनिटरिंग की अभी भी टंकी वाइज मॉनिटरिंग ना हो करके टैंकर कैसे बढ़े इस पर फोकस किया जा रहा है। जिससे कई गुनी राशि व्यर्थ में खर्च होगी।

एक तरफ कलेक्टर ने बोर करने पर प्रतिबंध किया है ताकि नीचे के पानी को बचाया जा सके वहीं दूसरी ओर निगम रोज कहीं ना कहीं बोर करती है जिसका औचित्य समझ से परे हैं। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछी हुई है वहां थोड़ा सा मेहनत करने की आवश्यकता है तो बहुत सारी समस्या का समाधान आसानी से हो सकता है।आज एक टंकी से कितने घरों को क्षमता के अनुरूप पानी दिया जा रहा है इसका कोई रिकॉर्ड नहीं होने के कारण लाइनमैन से लेकर इंजीनियर की जवाब देही तय नहीं हो पा रही है जिसके चलते समस्या यथावत है। दीप्ति दुबे ने इन्हीं सब बातों को विशेष सामान्य सभा की बैठक बुलाकर चर्चा एवं समाधान निकालने मांग की है।

# नामांतरण प्रक्रिया बदलने से भूमि विवाद और बढ़ेंगे: कांग्रेस



**रायपुर,** 27 अप्रैल(देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा भूमि नामांतरण प्रक्रिया को बदले जाने पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा अरे ऊपर पहाड़ में हवा जाती चल भाईकि भू माफियाओं को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने नामांतरण का पूरा सिस्टम उप पंजीयकों के हाथ में सौंप दिया है।कोई तहसील जांच नहीं कर पाएगा, किसी ग्रामसभा के प्रस्ताव की आवश्यकता नहीं होगी, जमीन के असल मालिक को खबर तक नहीं होगी, कोई रुकावट नहीं होगा और भू माफियाओं को जमीन हड़पने का आसान रास्ता मिल जाएगा। इससे राजस्व के प्रकरणो का विवाद और अधिक बढ़ने वाला है। सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन पर खतरा बढ़ गया है। नामांकन की प्रक्रिया से संबंधित ग्रामसभा और तहसीलदार के अधिकारों को बाईपास करने से भू माफियाओं के द्वारा फर्जीवाड़ा करके जमीन हथियाने का खेल आसान हो जाएगा।नए नियम में बिना दावा आपत्ति के, बिना इस्तेहार प्रकाशन के, बिना नोटिस तामिल किए ही अब नामांतरण हो जायेगा। सवाल यह है कि ऐसे नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा? राजस्व अभिलेख का संधारण कौन करेगा? गलत नामांतरण पर सुनवाई कौन करेगा? क्योंकि पंजीयक के न्यायिक अधिकार नहीं होते।साय सरकार का फोकस आम जनता का हित नहीं बल्कि भू माफियाओं के अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने में है।

श्री शुक्ल ने कहा है कि ऐसे अनेकों मामले सामने आए हैं जिसमें भू माफियाओं ने जमीन क्रेता को बताएं बिना ही बैंकों में कर्ज हेतु दर्ज जमीन या बंधक भूमि को बेच दिया और इस तरह की जमीन की रजिस्ट्री उप पंजीयन कार्यालय में हो भी जाती है लेकिन जब नामांतरण के लिए मामला तहसील और संबंधित ग्राम सभा तक पहुंचता है तो इस तरह की त्रुटियां/फर्जीवाड़े उजागर हो पाते है। अब जब नए आदेश के अनुसार उप पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री होते ही स्वत: नामांतरित हो जाएगा तो ऐसे फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा। यदि नए आदेश के मुताबिक बिना किसी जांच के नामांतरण पूरा हो जाता है, तो असली मालिक को बिना सूचना के ही जमीन से हाथ धोना पड़ेगा।

कांग्रेस संचार प्रमुख ने कहा है कि नामांतरण से पहले जांच खत्म होने से संबंधित भूमि का पंजीयन करने मात्र से क्रेता के नाम पर चढ़ा दिया जा सकेगा, ऐसी जमीन भी बेच दी जा सकेंगी जिसके नामांतरण में रोक है। सरकारी भूमि, पट्टे की भूमि, आदिवासी की भूमि, कोटवारी भूमि, अवैध प्लाटिंग, अ हस्तांतरणी भूमि, शामिलात खाता की भूमि या मिसल से अधिक रकबे की भूमि को भी अब रजिस्ट्री करवाकर नामांतरण के दायरे में लाने का षडयंत्र रचा गया है।

# रेवेन्यू कोर्ट हफ्ते में दो दिन अनिवार्य रूप से लगे, फैसला दो पेशी में : साय



■ निष्क्रिय राजस्व कर्मियों पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 27 अप्रैल(देशबन्धु)। सरकार ने राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई करने वाले रेवेन्यू कोर्ट हफ्ते में दो दिन अनिवार्य रूप से लगाने की व्यवस्था कर दी है। यही नहीं, रेवेन्यू कोर्ट को अधिकांश मामलों का निराकरण दो पेशी में करना होगा। फौती नामांतरण यानी प्रापर्टी मालिक की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति वारिसान के नाम चढ़ाने की प्रक्रिया भी अब तुरंत होगी। यह निर्देश खुद सीएम विष्णुदेव साय ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में राजस्व संबंधी शिकायतें काफी हैं, जिनका निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। ढीले-ढाले राजस्व अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्य अमिताभ जैन, सीएम के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह तथा सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत और बसवराजू एस भी मौजूद थे। निवास कार्यालय में हुई बैठक में सीएम साय ने कहा कि फौतीङ्कनामांतरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।समय-सीमा में कानूनी वारिसों के पक्ष में फौती नामांतरण किया जाए।ऐसा नहीं हुआ तो कलेक्टरों को संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई करनी होगी। इसी तरह, आरबीसी 6-4 के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। राजस्व न्यायालय (रेवेन्यू कोर्ट) संचालन सप्ताह में न्यूनतम दो दिन अनिवार्य रूप से होगा और दो पेशी में ही मामलों का निराकरण किया जाएगा। सीएम साय ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग कर डायवर्सन प्रक्रिया को सरल और सहज बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने अविवादित नामांतरण और बंटवारे के मामलों में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री साय ने कहा कि राजस्व विभाग का सीधा संबंध आम जनता से है। मैदानी अमले की लापरवाही शासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने और सभी आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने समीक्षा बैठक में कहा कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही जमीन की खरीदी-बिक्री सुनिश्चित की जाए। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण कर भू-धारकों को शीघ्र राहत दी जाए।

# यूपीएससी में रायपुर के अभिषेक ने हासिल किया 243 रैंक

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में 243वीं रैंक हासिल करने अभिषेक अग्रवाल को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शुभकामनाए दी। यूपीएससी में सफलता हासिल करने वाले अग्रवाल ने युवाओं से अपील की कि वे सेल्फ स्टडी और नियमित पढ़ाई की बदौलत सफलता हासिल कर सकते है। यूपीएससी में मेहनत और लगन से ही सफलता हासिल की जा सकती है। इसके सफलता के लिए उन्होंने अपने माता-पिता को श्रेय दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन और एसडीएम नंदकुमार चौबे ने पुष्पगुच्छ और शाल के साथ अग्रवाल के माता-पिता एवं परिजनों का सम्मान किया।



अभिषेक अग्रवाल कहते है कि यह उनका छठवां अटैम्प्ट था। इसके पहले उनका चयन 254 रैंक के साथ आईआरएस के पद पर हुआ था। वर्तमान में अग्रवाल भारतीय वन सेना के अधिकारी हैं। उन्होंने डीपीएस स्कूल रायपुर और आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की हैं। मुझे व्यापक क्षेत्र में काम करने की इच्छा थी इसलिए मैंने सिविल सर्विसेज को करियर चुना।

अग्रवाल युवाओं से कहते है कि खुद पर विश्वास रखो और मेहनत करो, सफलता जरूर मिलेगी। कोचिंग के साथ आपको सेल्फ स्टडी पर ज्यादा फोकस करना चाहिए स्टैंडर्ड बुक्स पढ़ने चाहिए। किसी भी प्रतियोगी

**सक्सेज का सीक्रेट किया शेयर, पढ़ाई के दौरान एआई टूल्स के इस्तेमाल पर कही अहम बात**

परीक्षा में सफलता पानी के लिए आपको नियमित रूप से पढ़ाई करना आवश्यक है।

पढ़ाई के दौरान आप एआई टूल्स का भी उपयोग कर सकते हैं। भाषा की बाधा को भी अब एआई से पार किया जा सकता है। अब दिल्ली जाने की जरूरत नहीं। कोचिंग के अलावा सेल्फ स्टडी करो और समय-समय पर टेस्ट सीरीज देकर खुद का आंकलन करो, इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। ऐसा कहते हुए अग्रवाल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और वरिष्ठजनों को दिया।

अभिषेक अग्रवाल कहते है कि यह उनका छठवां अटैम्प्ट था। इसके पहले उनका चयन 254 रैंक के साथ आईआरएस के पद पर हुआ था। वर्तमान में अग्रवाल भारतीय वन सेना के अधिकारी हैं। उन्होंने डीपीएस स्कूल रायपुर और आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की हैं। मुझे व्यापक क्षेत्र में काम करने की इच्छा थी इसलिए मैंने यूपीएससी को चुना।

अग्रवाल युवाओं से कहते है कि खुद पर विश्वास रखो और मेहनत करो, सफलता जरूर मिलेगी। कोचिंग के साथ आपको सेल्फ स्टडी पर ज्यादा फोकस करना चाहिए स्टैंडर्ड बुक्स पढ़ने चाहिए। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पानी के लिए आपको नियमित रूप से पढ़ाई करना आवश्यक है।

पढ़ाई के दौरान आप एआई टूल्स का भी उपयोग कर सकते हैं। भाषा की बाधा को भी अब एआई से पार किया जा सकता है। अब दिल्ली जाने की जरूरत नहीं। कोचिंग के अलावा सेल्फ स्टडी करो और समय-समय पर टेस्ट सीरीज देकर खुद का आंकलन करो, इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। ऐसा कहते हुए अग्रवाल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और वरिष्ठजनों को दिया। अभिषेक सेवानिवृत आईएएस अधिकारी उमेश अग्रवाल के सुपुत्र है।

# विकसित छग के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अघरिया समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है, जिसकी जड़ें भारतीय सभ्यता की गहराइयों से जुड़ी हैं। उन्होंने आह्वान किया कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अघरिया समाज अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान दे।



मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर के भाठागांव में आयोजित अघरिया समाज सेवा समिति के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अघरिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

**अघरिया समाज सेवा समिति के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल मुख्यमंत्री साय**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अघरिया समाज के अपने मितान, स्वर्गीय विष्णु पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि अघरिया समाज से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि अपने सामाजिक जीवन के लंबे अनुभव में उन्होंने अघरिया समाज के परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता को निकटता से देखा और समझा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनतकश अघरिया समाज ने अपने मूल व्यवसाय कृषि के साथ-साथ अन्य अनेक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कृषि क्षेत्र में उनके योगदान से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आज प्रगतिशील अघरिया समाज राष्ट्र के विकास में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की तरक्की के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए नक्सलवाद का समूल उन्मूलन आवश्यक है। डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक नीति के अंतर्गत अब तक साढ़े चार लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए पशुपालन, दुग्ध उत्पादन जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

# 7 साल की मासूम का अपहरण, 16 दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के लोरमी से एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची को रहस्यमयी तरीके से लापता हुए 16 दिन बीत गए, लेकिन अब तक पुलिस को बच्ची का पता नहीं चल सका है. इस मामले को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने मीडिया से बातचीत में जल्द ही खुलासा होने की बात कही है. उन्होंने कहा कि बहुत ही संवेदनशील मामला है. हम खुद चाह रहे हैं कि बच्ची का जल्द सकुशल वापसी हो. पुलिस प्रशासन सरकार पूरी ताकत के साथ लगी हुई है, हर एंगल से जांच कर रही है. जल्द ही मामले का खुलासा होगा। वहीं उसे ढूढने या उसकी जानकारी देने वाले को प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधी ने ईनाम देने की घोषणा भी कर रखी है. मुंगेली एसपी ने अपनी तरफ से 10 हजार, बिलासपुर आईजी ने 30 हजार और लोरमी विधानसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी कोमल राजपूत ने बच्ची का पता बताने पर 1 लाख रुपए देने की घोषणा की है. इस तरह मासूम बच्ची लाली का पता बताने वाले को कुल 1 लाख 40 हजार की राशि दी जाएगी।




**केंद्रीय राज्य मंत्री बोले- जल्द ही होगा खुलासा**

मुंगेली जिले के कोसाबाडी गांव से 12 अप्रैल की रात 7 साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर लिया गया. दरअसल, बच्ची अपनी मां के साथ घर के आंगन में रात को सो रही थी. इसी दौरान अज्ञात शख्स ने बच्ची का अपहरण कर लिया. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया लेकिन अब तक मासूम बच्ची का कोई पता नहीं चल सका है. पुलिस इस मामले में अब तक आरोपी का पता नहीं लगा सकी है.

इधर मुंगेली जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हिरासत में लिए संदेहियों का जल्द ही नार्को टेस्ट की बात कही है. ताकि इस घटना का खुलासा हो सके।

# 121वें मन की बात कार्यक्रम में जवाहर नगर मंडल के सभी 44 बूथों में आयोजन

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रविवार 27 अप्रैल रविवार सुबह 11 बजे अपने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के जरिए देशवासियों संबोधित किया। प्रधानमंत्री जी के इस संबोधन का श्रवण पूरा भारत देश ही नहीं पूरा विश्व करता है। जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जघेंल ने बताया कि आज मन की बात कार्यक्रम की 121 वि कड़ी में जवाहर नगर मंडल के सभी 44 बूथों में भीषण गर्मी को परवाह न करते हुए सुबह 11 बजे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में इंदिरा गांधी वार्ड क्र .27 जोरापारा क्षेत्र की वयोवृद्ध 102 महिला श्रीमती रामप्यारी साहू जी ने कार्यकम में शामिल होकर प्रदान मंत्री जी के मन की बात सुनी। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य,पार्षद,कार्यकर्ताओं एवं देवतुल्य जनता ने सभी 44 बूथों के प्रभारियों के साथ उपस्थीत होकर प्रधानमंत्री जी के वक्तव्य को सुना। इस दौरान पीएम मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब मैं आपसे अपने दिल की बात कर रहा हूं, तो मेरे दिल में गहरी पीड़ा है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले ने हर नागरिक को दुखी कर दिया है। हर भारतीय पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के यू लोगों में जो आक्रोश है। वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी त्वद्यश्वङ्कड्ढद्य द्यद्गड्डस्रद्गह्म्ह्य ने श्चद्धशठ्ठद्ग किए हैं, । पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। मन की बात के 121वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुआ यह हमला आतंकवाद को संरक्षण देने वालों की हताशा को दर्शाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी। तब देश और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आया। आतंकी और उनके आका चाहते हैं कि कश्मीर एक बार फिर बर्बाद हो जाए। इसलिए इतनी बड़ी साजिश रची गई। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपना संकल्प मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि एक बार फिर, मैं पीड़ित परिवारों को आश्वासन देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा। इस हमले के साजिशकर्ताओं और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।



**इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 27 जोरापारा क्षेत्र की वयोवृद्ध 102 वर्षीय महिला श्रीमती रामप्यारी साहू ने कार्यकम में शामिल होकर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी**

# ग्रीन आर्मी देवपुरी जोन के जांबाजों ने बंजर भूमि को बनाया अर्बन डेंस फॉरेस्ट

**रायपुर,** 27 अप्रैल। ग्रीन आर्मी की देवपुरी जोन टीम ने एक समय की बंजर और गंदगी से भरी 9800 वर्ग फीट शासकीय भूमि को जापान की एक अनूठी पद्धति का उपयोग करके 3600 पौधों से लहलहाते घने शहरी वन (अर्बन डेंस फॉरेस्ट) में बदल दिया है। देवपुरी जोन के समर्पित सदस्यों ने पिछले दो वर्षों से इस वन में लगाए गए प्रत्येक पौधे की प्रतिदिन लगन से देखभाल और संरक्षण किया है।जिसके शानदार परिणाम स्वरूप आज सभी पौधे 100त्न सफलता दर के साथ जीवित हैं। यह उनकी अटूट मेहनत और पर्यावरण के प्रति गहरे समर्पण का प्रमाण है। जैन पब्लिक स्कूल देवपुरी के सामने स्थित यह हरा-भरा नज़ारा कभी पत्थर, पॉलीथिन और कचरे का ढेर हुआ करता था। ग्रीन आर्मी देवपुरी जोन के कर्मठ सदस्यों ने इस पूरे क्षेत्र की सफाई कर इसे एक ऐसा हरा-भरा क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया, जो आज न केवल उस क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि पूरे शहर के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## निधन

### श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले

**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल। श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले पति अशोक गोंडाले पूर्व जिला न्यायाधीश व डिप्टी डारेक्टर (ह्यूमन राइट्स) निवासी क्वॉटर-1/बी, सड़क-11 सेक्टर-10 भिलाई का 26 अप्रैल को निधन रात को लंबी बिमारी के बाद हो गया। वे अपने पीछे पति और दो पुत्र आयुष और अंशुल गोंडाले को छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### पंडित गोपाल व्यास

**रायपुर,** 27 अप्रैल। मठपारा बजरंग चौक निवासी पंडित गोपाल व्यास का 27 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे स्वर्गीय पंडित विट्ठल प्रसाद व्यास के पुत्र.,गोविंद व्यास के छोटे भाई,मुरलीधर मनीष कुमार नंदकिशोर एवं आशीष व्यास के बड़े भाई,, नवनीत के पिताजी एवं दिव्यांश यथार्थ तेजस के बड़े पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार कल 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मारवाड़ी शमशान घाट में किया जायेगा।



# कांग्रेस के पूर्व विधायक मिंज का विवादित बयान

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग देशभर से उठ रही है. इस बीच कांग्रेस के पूर्व विधायक यूडी मिंज ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा पोस्ट किया जिससे वे विवादों में घिर गए हैं. मिंज ने पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक युद्ध की संभावना को लेकर एक विवादित बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि यदि भारत युद्ध करता है, तो भारत की हार सुनिश्चित है. यूडी मिंज का यह विवादित पोस्ट तूल पकड़ लिया है, जिसपर लोग पलटवार कर रहे हैं।



कांग्रेस नेता यूडी मिंज के इस बयान पर भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने पलटवार किया है. श्रीवास ने कहा कि ये गद्दारी और कायर जैसा वक्तव्य है जो इनके पार्टी के डीएनए में है! बेहद शर्मनाक है.।

**कहा- भारत की हार सुनिश्चित, सोशल मीडिया में बवाल**

**यूडी मिंज का पोस्ट**

यूडी मिंज ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, च्जो आज पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक युद्ध की बात कर रहे हैं, वे जान लें कि इस बार पाकिस्तान के साथ-साथ भारत को चीन से भी लड़ना होगा और ऐसी स्थिति में भारत की हार सुनिश्चित है. पीओके के महत्वपूर्ण हिस्से में चीन ने अंधाधुंध निवेश किया है. पुराने सिल्क रोड को खोल दिया गया है. यही हाल बलूचिस्तान का भी है. ग्वादर पोर्ट को चीन ने डेवलप किया है और उसकी सेना सुरक्षा कर्मियों के नाम पर वहां पर तैनात है. बलूच विद्रोहियों की औकात नहीं है कि वे चीनी सैनिकों का मुक़ाबला कर सके। यही दोनों जगह हैं जहां से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ऑपरेट करते हैं. एटबबाबाद भी इन्हीं जगहों में है, जहां से लश्कर ए तैयबा का नेटवर्क काम करता है. अब अगर भारत इन स्थानों पर सीधे हमला करे तो चीन स्वत: इस युद्ध में पाकिस्तान के साथ खड़ा हो जाएगा. नतीजा सोच लीजिए. इसलिए पुलवामा पार्ट 2 के बाद बालाकोट कौवा मार स्ट्राइक पार्ट 2 के लिए तैयार रहिए. जहां तक बात इकोनॉमी की है तो भारत अगर पूरी तरह से युद्ध में जाता है तो देश की अस्सी करोड़ आबादी को राशन देने के पैसे छ: महीने में ही ख़त्म हो जाएंगे. मुद्रास्फीति दर वैसे ही डबल डिजिट में है, कहाँ तक जाएगी ये पता नहीं है। डॉलर के अलावे भी अन्य वैश्विक मुद्राओं के मुक़ाबले रुपया 2.5त्न कमजोर हुआ है. अमरीकी टैरिफ़ के चलते निर्यात न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है. देश में बेरोज़गारी पिछले पैंतालिस साल में सबसे ज़्यादा है. महंगाई बेलगाम हो गई है. ऐसी स्थिति में कोई भी युद्ध आत्मघाती होगा और दोनों देशों की मेहनतकश जनता पर असहनीय बोझ पड़ेगा. यह समय भारत, पाकिस्तान और चीन के लीडरशिप को साथ बैठ कर आतंकवाद की समस्या का निदान ढूंढने का है, किसी भी प्रकार का श्चश्यद्बह्लद्बष्ड्डद्य द्द×श्चद्गस्रद्बद्गठ्ठष्4 में जाने का नहीं. वैसे जो भारतीय युद्ध के समर्थन में हैं, उन सबको अग्नीवीर बना कर बॉर्डर पर भेज देना चाहिए।

# बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के लिए जन जागरण जरुरी : डॉ. दिनेश मिश्र

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। बाल विवाह की जानकारी तुरंत दें. अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गो का सहयोग आवश्यक है। शिक्षा का प्रचार प्रसार न होने जागरूकता की कमी , पुरानी परम्पराओ को पालन करने के नाम पर होने वाले बाल विवाहों को रोकना सभी जागरूक नागरिकों का कर्तव्य है।



वैसे तो बाल विवाह भी साल भर होते है पर रामनवमी से अक्षय तृतीया के बीच में अधिकाधिक संख्या में बल विवाह संपन्न होते है ,जिनमे कई बार तो वर वधु बने बच्चे अंगूठा चूसते हुए माँ की गोद में बैठे रहते है तो अनेक मामलों में दस ग्यारह वर्ष की उम्र में ही शादी कर जाती है ,इस आयु में बच्चे न तो शारीरिक तथा मानसिक रूप से विवाह जैसी गंभीर जिम्मेदारी निभाने के लायक होते है। बाल विवाह से बालिकाओ की पढाई लिखाई बंद हो जाती है बल्कि उन्हें कम उम्र से ही मातृत्व का बोझ उठाना पड़ता है जिसके लिए वे शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार नहीं होती। बाल विवाह की प्रथा न ही धार्मिक रूप से सही है और न ही सामाजिक रूप से पुरातन भारतीय व्यवस्था में भी व्यक्ति के शिक्षा पूर्ण करने के बाद युवावस्था में ही विवाह कर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश को उचित बताया गया है किसी भी धर्म ने नन्हे बच्चों की शादी को उचित नहीं ठहराया है बल्कि अल्पव्यस्क बालिकाओ की मृत्यु भी प्रसूति के समय हो जाती है। डॉ. मिश्र ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने आसपास अगर कोई भी नाबालिग बच्चे की शादी होते देखें तो तुरंत पुलिस प्रशासन एवं समिति को सूचित करें ताकि उस पर समय रहते समझाईश एवं कार्यवाही हो सके।

# मोदी की गारंटी को विष्णुदेव सरकार झूठा साबित न करें

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। देश में छत्तीसगढ़ को छोड़कर सभी भाजपा सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र के देय तिथि तथा दर से डीए/डीआर दे रही है। छत्तीसगढ़ सरकार मोदी के गारंटी को झूठा साबित कर रहा है। इससे साबित होता है राज्य में ब्यूरोक्रेट हावी है जो मोदी की गारंटी को लागू नहीं होने दे रही है। उक्त आरोप कर्मचारी नेता भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने लगाया है। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने कर्मचारियों को केन्द्र के देय तिथि से 5त्न प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा कर छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार को आईना दिखाया है। मध्यप्रदेश में सरकार बनने के बाद पहली बार जनवरी 24 में एरियर सहित 3 फीसदी डीए दिया था।परंतु छत्तीसगढ़ सरकार ने एरियर नहीं दिया और अब आज जुलाई 24 से 3 फीसदी और जनवरी 25 से 2 फीसदी केन्द्र सरकार के देय तिथि से देने की घोषणा कर कर्मचारियों का दिल खुश कर दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि विगत 5 - 7 वर्षो से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच महंगाई भत्ता किस्त के अंतर को पूरी तरह समाप्त करने का अद्भुत निर्णय लिया है। परन्तु छत्तीसगढ़ सरकार के एरियर नहीं देने के अड़ियल रुख के कारण पेंशनर और परिवार पेंशनरों को डीआर देने के मामले में पुराने अनुभव को ध्यान में रखते हुए कोई घोषणा उनके द्वारा नहीं की गई है। मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम धारा 49 के कारण दोनों राज्यों में सहमति के बिना कोई भी राज्य पेंशनरों डी आर देने का निर्णय नहीं ले सकता।इसलिए धारा 49 को विलोपित करना जरूरी हो जाता है परंतु दोनों सरकारों के इस मामले में रुचि नहीं लेने के कारण बुजुर्ग पेंशनर 25 वर्षों से आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं।

**छग सरकार कर्मचारियों व पेंशनरों को एरियर सहित डीए डीआर दे**

जबकि छत्तीसगढ़ सरकार ने कुछ दिनों पहले जुलाई 24 के देय तिथि से अलग मार्च 25 से 3त्न महंगाई भत्ता देने का आदेश तो मध्यप्रदेश से पहले किया है परन्तु पिछले कई सालों से चली आ रही एरियर नहीं देने की परंपरा को कायम रखते हुए लगभग 8 महीने का एरियर नहीं दिया। जबकि मोदी की गारंटी में वायदा किया गया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर केन्द्र सरकार के समान महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

# तिलहन फसलों को बढ़ावा देने में तेलघानी विकास बोर्ड और साहू समाज की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने साहू को उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परंपरागत श्रमशीलता के सम्मान का उत्सव है, जिसने सदियों से प्रदेश की आत्मा को संजोए रखा है। उन्होंने कहा कि जितेन्द्र साहू एक शिक्षित, प्रगतिशील किसान हैं और सामाजिक जीवन का दीर्घ अनुभव रखते हैं। निश्चित ही, उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड नई ऊंचाइयों को छुएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गर्मियों में खेती के लिए जल और ऊर्जा की अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में फसल चक्र को अपनाते हुए तिलहन फसलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में साहू समाज और तेलघानी विकास बोर्ड की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में च्लोकल फॉर वोकलज् अभियान को गति मिल रही है, जिसमें तेलघानी विकास बोर्ड प्रभावी योगदान दे सकता है। मुख्यमंत्री ने सरगुजा जिले के एक गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के किसान सामूहिक रूप से ऑर्गेनिक सुगंधित चावल का उत्पादन कर रहे हैं और उसे 300 रुपये प्रति किलो के भाव से बेच रहे हैं। इसी तरह कुछ किसान पारंपरिक विधि से सरसों का तेल निकालकर 1,000 रुपये प्रति लीटर तक बेच रहे हैं। ऐसे नवाचारों को राज्य भर में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उनकी सरकार ने 15 महीनों में च्मोदी की गारंटीज के तहत अधिकांश वादों को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक च्आवास सर्वेक्षण प्लस प्लसज् अभियान के माध्यम से आवासहीन व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, आवास योजनाओं के नियमों में शिथिलता लाकर अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को लाभ देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर में 3 करोड़ आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया है, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तेलघानी विकास बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल**

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेश के 146 विकासखंडों के 1460 गांवों में च्अटल डिजिटल सुविधा केंद्रज् का शुभारंभ किया गया है, जिनके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचेगा।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार ने साहू समाज के एक शिक्षित और ठेठ छत्तीसगढ़िया किसान को तेलघानी विकास बोर्ड का दायित्व सौंपा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि साहू के नेतृत्व में बोर्ड अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल होगा। इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्ष, तेलघानी विकास बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# 60 किमी घंटे की स्पीड से चलेंगी हवाएं, हुई बूंदाबांदी

## आंधी-तूफान के साथ 17 जिलों में बारिश की चेतावनी



**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। राजधानी में आज शाम तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई वहीं मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में कई जिलों में आंधी तूफान के चलते तापमान में गिरावट आई है। कहीं.कहीं बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है। कोरबा में आंधी तूफान के चलते राखड़ उड़ने से शहरवासियों को परेशानी हुई। तूफान के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने रायपुर समेत 17 से ज्यादा जिलों में रविवार को भीषण गर्मी से राहत मिलने का अनुमान जताया था। वहीं आज दोपहर में कहीं.कहीं बौछारें पड़ी। इसके कारण तापमान में कमी आई। रायपुर में सुबह हल्की ठंड के बाद दोपहर में तेज धूप ने गर्मी का एहसास दिलाया। हालांकि शाम होते होते बदले मौसम से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। इधर कोरबा में आंधी तूफान से लोग परेशान रहे। इसके अलावा बिलासपुरए दुर्गए अंबिकापुर में भी तापमान में कमी देखने को मिली।

**60 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी अंधड़ :** लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश में 29 अप्रैल तक कहीं.कहीं 60 किमी प्रति घंटे की स्पीड से अंधड़ चलेगी। हल्की बारिश भी होगी और कुछ जगहों पर ओले भी गिरेंगे। प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री गिरेगा। द्रोणिका व अन्य सिस्टम से छत्तीसगढ़ में मौसम में फिर बदलाव हुआ है।

**तापमान में आई मामूली गिरावट :** रायपुर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री पर आ गयाए जो सामान्य से 1०9 डिग्री ज्यादा रहा। यानी लू जैसे हालात नहीं रहे। बिलासपुर प्रदेश में सबसे ज्यादा तपा और वहां अधिकतम तापमान 43०2 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान 20 4 डिग्री अंबिकापुर का रहा। रायपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3०7 डिग्री ज्यादा 29 8 डिग्री रहा। प्रदेश में रात के तापमान में यह सबसे ज्यादा है। रायपुर में पिछले सप्ताहभर से रातें काफी गर्म गुजर रही हैं। इससे लोगों का बुरा हाल है। कई एरिया में कूलर व एसी भी काम नहीं कर रहे हैं।

## बिजली विभाग की मनमानी से उपभोक्ता त्रस्त

रायपुर जिला के धरसींवा ब्लॉक के सिलयारी और कुथरेल बिजली विभाग की मनमानी फिर बढ़ती जा रही है।

रायपुर के सिलयारी पावर प्लस कहलाने वाला छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के धरसींवा ब्लॉक के सिलयारी और कुथरेल बिजली विभाग की मनमानी फिर बढ़ती जा रही है। बार.बार की अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ता त्रस्त हैं। क्षेत्र में हर 10 मिनट में बिजली बंद होती है। इतना ही नहीं बार.बार ऑन.ऑफका मजाक जैसा अजब खेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा खेला जाता है। यहां इतनी खुला छूट दे दी गई है कि ड्यूटी कर रहे ठेका कर्मी जब मन करे तब बिजली बंद कर देतें हैं। अघोषित कटौती और बार.बार की आंखमिचौली से जनता परेशान ही नहीं तंग भी आ चुकी है।

**बार–बार होती है लाइट बंद**

### भीषण गर्मी में घण्टों हो रही बिजली कटौती

मंगसा मोड़ पर स्थित केन्द्र से आसपास के गांवों में बिजली डिस्ट्रीब्यूट होती है। दर्जनों से भी ज्यादा गांवों में बिजली की समस्या रहती है। रात में भी बार.बार बिजली बंद.चालू होती रहती है। विभाग जब मन करे तब बिजली बंद कर देता है और जब मन करे चालू कर देता है। बंद करने का स्पष्ट कारण विभाग के पास भी नहीं रहता। कभी सिलयारी स्टेशन से तो कभी कुथरेल स्टेशन से बिजली बंद होना बताकर दोनों जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। इधर जनता विद्युत केन्द्र में फोन लगाते हैं तो कभी रैताए तो कभी सारागांव से बिजली बंद होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ने लगते हैं। इधर उमस और गर्मी से परेशान जनता बिजली के आने की बाट जोहते हैं। बिजली विभाग के अधिकारी.कर्मचारी जब से नखरे दिखाने शुरू किए तब से लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्योंकि यह सिलयारी क्षेत्र का पुराना और ज्वलंत समस्या है। मजेदार बात तो यह है कि विद्युत विभाग मेंटेनेंस करने में पूरी तरह नाकाम रहा है। जिसका खामियाजा अब उपभोक्ता भुगत रहे हैं।

# गौ तस्करी पर पुलिस का शिकंजा



- पिकअप से 8 गौवंश को किया बरामद
- नाबालिग समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में गौवंशो से भरी पिकअप पकड़ाई है गौ सेवकों की सतर्कता से 8 गायों को सुरक्षित बचा लिया गया बताया जा रहा है कि इन मवेशियों को पिकअप में भरकर बूचड़खाना ले जाने की तैयारी थी इस मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित 2 आोरपियों को गिरफ्तार किया है जानकारी के मुताबिक शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे गौ सेवक गुढ़ियारी के अध्यक्ष आदित्य यादव को गायों को पिकअप वाहन से कत्लखाने ले जाने की सूचना मिली थीण् इस आधार पर आदित्य ने अन्य साथी सोहन निषाद जागेश्वर विश्वकर्मा योगेश वर्मा को बुलाया और रिंग रोड नंबर 3 के आमासिवनी ओवर ब्रिज के पास वाहन को रोकने की योजना बनाई जैसे ही वाहन आई गौ सेवकों ने उसे रोक लिया वाहन चालक मौके से कूदकर फरार हो गया पिकअप वाहन में मौजूद दो व्यक्तियों ने अपना नाम रोहित कुमार जांगड़े ;निवासी मोखली थाना आरंग और धीरज ;निवासी भखारा थाना भखारा बताया पिकअप वाहन में आठ नग मवेशी अमानवीय ढंग से ठूंसे हुए मिले गौ सेवकों ने मवेशियों समेत पिकअप वाहन को विधानसभा थाना पहुंचाया और पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी शिकायत में बताया गया कि वाहन चालक का नाम माखन साहू है जो भखारा गांव का रहने वाला है।

**सख्त कार्रवाई की मांग:** आदित्य यादव ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर गौवंश की तस्करी करने वालों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौकरी लगने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी



**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती पुलिस को नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त हुई प्राथिया कौशल्या चंदेल पिता तुकन दास चंदेल उम्र 40 वर्ष निवासी जोधापुर डाक बंगला वार्ड धमतरी थाना धमतरी जिला धमतरी छत्तीसगढ़ के द्वारा श्रीमान उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस के कार्यालय में शिकायत आवेदन प्रस्तुत की थी जिसकी जांच पर पाया गया कि अनावेद गण शंकर लाल साहू एवं रामाधार बंजारे एक राय होकर प्राथिया को अमीनपारा हरिजन सेवक संघ रायपुर में सदस्यता व छात्रावास अधीक्षक की नौकरी लगाने के नाम 20 10 2017 से 20 02 2018 के मध्य किस्त किस्त में कुल 10 00 000 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# आईपीएल क्रिकेट मैच के 21 प्रकरणों में 63 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 करोड़ का मशरूका किया जप्त



**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में स्थानीय इनपुट के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना खम्हारडीह क्षेत्रांतर्गत राजीव नगर क्रिस्टल आर्केट स्थित शिवा टेलीकॉम में आई पी एल क्रिकेट मैच के दौरान किंगडम ऐप व 4न777 के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित करते आरोपी जय मोटवानी पिता रमेश मोटवानी उम्र 35 वर्ष निवासी सेक्टर.04 देवेन्द्र नगर थाना देवेन्द्र नगर जिला रायपुर तथा गौतम मदनानी पिता निर्मल मदनानी उम्र 38 वर्ष निवासी महावीर नगर मयूर पार्क थाना राजेन्द्र नगर जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 03 नग मोबाईल 08 नग मोबाईल स्क्रीन शाट 01 नग सट्टा . पट्टी कापी तथा 01 नग पेन जुमला कीमती लगभग 3,00,000 रूपये थाना खम्हारडीह में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त दोनों गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खम्हारडीह पुलिस की टीम द्वारा दिल्ली के द्वारका में रेकी करते हुये दिल्ली के द्वारका स्थित एक मकान में रेड कार्यवाही करते हुये कुल 06 आरोपियों को ऑन लाईन सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों द्वारा पैनल क्रमांक 108 एवं 10 से सट्टा संचालित किया जा रहा था। 06 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 17 नग मोबाईल फोन 03 नग लैपटॉप 22 बैंक पासबुकए 07 बैंक चेकबुक 27 नग विभिन्न बैंकों का ए टी एम एवं डेबिड कार्डए 01 नग सी पी प्लस कैमराए 02 नग पावर एक्सटेंशन बोड सट्टे के हिसाब. किताब का 01 रजिस्टर व 01 पेन जुमला कीमती लगभग 6,00,000 रूपये जप्त किया गया।

# सेंट्रल जेल में चाकूबाजी, गैंगवार के बाद खुदकुशी




**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जेल प्रबंधन ने इसे खुदकुशी बताते हुए गंज थाने में सूचना दी है। सूत्रों के मुताबिक जेल में वसूली का खेल भी चलता है। जो पैसा देता है उसे सुविधा और सुरक्षा दी जाती है। पुलिस के मुताबिक ओम प्रकाश निषाद बैरक नंबर 21 में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। उसके गले में नायलोन की रस्सी का फंद्दा लगा था। उस पर सुबह करीब 10 बजे नजर पड़ी। मृतक वर्ष 2016 से जेल में बंद था। उस पर हत्या और पॉस्को के तहत अपराध दर्ज हुआ था। वह महासमुंद जिले का रहने वाला था। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जेल प्रबंधन की शिकायत पर गंज पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम होने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

**वसूली की आशंका :** सूत्रों के मुताबिक जेल में भी रंगदारी चल रही है। जेल में रहते बंदियों से वसूली की जाती है। पैसे देने पर उन्हें प्रताड़ित नहीं करते हैं। कई बंदी अपने घरवालों से हर महीना पैसे लेकर वसूलीबाजों को देते हैं। नहीं देने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

**अफ्रीकन कैदी ने किया था सुसाइड :** रायपुर केंद्रीय जेल में किसी बंदी की आत्महत्या का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 28 जनवरी को अफ्रीकी मूल के पेट्रिक ने भी संदिग्ध रूप से खुदकुशी की थी। वह वर्ष 2021 से ड्रग्स तस्करी के केस में जेल में था।

### नहीं सुधर रही जेल की व्यवस्था

जेल में बंदी की हत्या चाकूबाजी गैंगवार और वसूली के कई मामले सामने आ चुके हैं। पिछले दिनों जेलकर्मी के पास से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित चीजें मिली थी। इसके बाद भी यहां व्यवस्था नहीं सुधर रही है। जेल का औचक निरीक्षण भी नहीं होता है। यही वजह है कि यहां आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

# हीट स्ट्रोक से कालेज छात्रा बीमार

## उपचार के लिए अस्पताल भर्ती

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक की वजह से तीन दिन पहले छत्तीसगढ़ कॉलेज की एक छात्रा को गंभीर स्थिति में मेकाहारा में भर्ती किया गया है। वह आईसीयू में एडमिट की गई है छात्राए परीक्षा संबंधी क्लास अटेंड करने शुक्रवार को कॉलेज गई थी। दोपहर करीब । बजे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पहले उसे कॉलेज से लगे तिवारी नर्सिंग होम में प्राथमिक इलाज के लिए ले जाया गया और फिर डॉक्टरों ने मैकाहारा रिफर किया गया। जहां उसकी हालत गंभीर है। आज बताया गया कि छात्रा को आई सी यू में एडमिट है। तीन दिन से कॉलेज प्रबंधन की ओर से कोई अधिकारी प्राध्यापक अस्पताल नहीं पहुंचा। 43.44 डिग्री तापमान में कॉलेज में क्लासेस संचालित करने को लेकर छात्र छात्राओं ने आक्रोश जताया है। उनका कहना था कि शासन को स्कूल की तरह कॉलेज भी बंद कर सेमेस्टर परीक्षा जून में आयोजित करने की मांग की है। वहीं प्रोफेसरों का कहना है कि प्राचार्य तो एसी रूम में बैठकर अपनी ड्यूटी करते हैं लेकिन बाकी प्रोफेसर और बच्चों को गरमी में क्लासेस अटेंड करना पड़ रहा है। कमरों में कूलर की व्यवस्था नहीं है। और उस पर लोहे टिन से बने टेबल डेस्क भी गर्मी में गर्म हो जीते हैं। कुछ कॉलेज में तो प्रोफेसर ही कैश कंट्रीब्यूशन से कूलर खरीद कर का इंतजाम कर रहे हैं ।बताया जा रहा है उच्च शिक्षा संचालक और कॉलेजों के प्राचार्य शिक्षकों पर अप्रैल.मई में ही परीक्षाएं पूर्ण करने दबाव बना रहे

**कालेज प्रबंधन के खिलाफ छात्राओं में आक्रोश**

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध पुलिस की कार्रवाई




**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के श्री राम मंदिर फुंडहर एवं अटल नगर नवा रायपुर में बैरिकेटिंग कर ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वाले 11 शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई । शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है। नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत विगत तीन माह के भीतर लगभग 340 से अधिक शराबी वाहन चालकों पर कार्यवाहीं की जा चुकी है जिसके तहत वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 10,000.10,000 रूपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है साथ ही युक्त ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर लायसेंस निलबंन की कार्यवाही भी की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस द्वारा शहर के श्रीराम मंदिर के पासए फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में रात्रि 11 बजे से 02 बजे तक बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 11 ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालको का लाइसेंस भी निलंबन हेतु परिवहन कार्यालय भेजा जायेगा

**11 चालकों पर की गई चालानी कार्रवाई**

# आतंकी हमले में शहीद दिनेश मिरानिया को जोगी परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए रायपुर निवासी व्यवसायी दिनेश मिरानिया के शोक संतप्त परिवार से आज समता कॉलोनी स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय दिनेश मिरानिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृति को नमन किया तथा परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान किया।

**शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर रेणु जोगी, अमित जोगी ने किया शोक व्यक्त**



इस दौरान डॉ. रेणु जोगी ने कहा, आतंकवाद की इस कायराना घटना ने न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समाज को झकझोर दिया है। दिनेश जी की निडरता और देशभक्ति सदैव याद की जाएगी। हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं और इस संकट के समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने आतंकवाद की निंदा करते हुए कहा, यह हमला मानवता के विरुद्ध है। सरकार को आतंकवाद से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। हम शहीद के परिवार को एक करोड़ मुआवज़ा और परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी देकर न्याय दिलाने की मांग करते हैं और स्व. दिनेश मिरानिया के साहस को सलाम करते हैं।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस घटना को राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए चुनौती बताते हुए सभी देशवासियों से शांति और सद्भाव बनाए रखने का अनुरोध किया है।

# तीन साइबर ठग गिरफ्तार, रकम भेजते थे थाईलैंड




**रायपुर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत आमानाका पुलिस ने कल रात तीनों साइबर ठगों को गिरफ्तार किया जो ठगी की रकम को थाईलैंड चाइना भेजते थे। इनमें एक चार्टड अकाउंटेंड कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाला मुख्य सरगना और उसके दो साथियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया । इनसे फर्जी आधार कार्ड कंप्यूटर स्कैनर प्रिंटर मोबाइल फोन बरामद किए गए है। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष डॉक्टर प्रकाश गुप्ता ने उनके साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के नाम से 11 लाख ठगी होने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज कराया था। रिपोर्ट पर धारा 420, 34, 467, 468, 471 भादवि दर्ज कर आमानाका पुलिस रेंज साइबर सेल की मदद से पड़ताल कर रही थी। इसी दौरान दिल्ली में तीन अलग अलग स्थानों मे रेड कर पवन सिंह, गगनदीप शर्मा, राजवीर सिंह, संदीप रात्रा सभी निवासी दिल्ली को पूर्व में गिरफ्तार किया गया। इनसे संबंधित दस्तावेज, फर्जी आधार कार्ड, कंप्यूटर, स्कैनर, प्रिंटर, साइबर ठगी से वसूले रकम से खरीदे मकानए पल्लैट की जानकारी प्राप्त हुई। इन्हे अटैच किया जा रहा है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि फर्जी कंपनी के नाम से बैंक खाता खोलकर कर फॉरेक्स ट्रेडिंग के माध्यम से रकम विदेश भेजा जाता और बाद में वापस प्राप्त कर लिया जाता। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

देशबन्धु रायपुर, सोमवार, 28 अप्रैल 2025 3
प्रादेशिकी
दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

उल्टा पुल्टा

काफी दिनों बाद चिंटू पार्क में घूमने गया,
घर लौटकर उसने अपनी पत्नी को बताया-
जानती हो लोग मुझे भगवान मानने लगे हैं।
पत्नी- ये तुमने कैसे जाना।
चिंटू- जब मैं पार्क में गया था, वहां पर
औरतें मुझे देख कर बोली, हे भगवान तू फिर आ गया।

## संपादकीय

### जल संरक्षण अभियान सफल

*छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हाथ में लिया गया है जो समय की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के मौके पर गुरुवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने बतलाया कि राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण अभियान चलाया जायेगा। निश्चित ही यह इस मायने में एक महती कार्यक्रम कहा जायेगा क्योंकि शहरों की तरह ग्रामीण इलाकों में भी जल संकट के प्रारम्भिक चिन्ह दिखाई देने लगे हैं। नदियों, तालाबों, कुंवों जैसे नैसर्गिक जल संसाधन सूखने लगे हैं। गांवों में भूगर्भीय जल स्तर चाहे शहरों से बेहतर हो परन्तु यदि उसकी ओर तुरन्त ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में कुछ शहरों के कतिपय इलाकों की ही तरह गांवों में भी जल संकट देखने को मिल सकता है। ग्रीष्म काल जल संरक्षण अभियान के प्रारम्भ करने का सबसे उपयुक्त समय है।*

*हाल के वर्षों में हुए शहरीकरण तथा औद्योगीकरण के चलते नगरों के आसपास का पानी लगातार सूख चला है। तालाबों का या तो अतिक्रमण हो रहा है अथवा अन्य कारणों से उसकी जल संग्रहण क्षमता सतत घट रही है। इसे इसलिये बढ़ाया जाना ज़रूरी है क्योंकि यदि ग्रामीण इलाके सूख गये तो उसका जनजीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। जो फसलें वर्षाकालीन पानी से ली जा सकती हैं, उन्हें लेकर अधिक चिंता नहीं परन्तु सारे साल सब्जी-भाजी से लेकर अन्य फसलों के लिये लगने वाले पानी का अभाव हुआ तो समस्या विकराल हो सकती है। फिलहाल यह दिक्कत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चाहे दिखाई न पड़ रही हो लेकिन आगे चलकर यह समस्या गम्भीर रूप धारण कर सकती है।*

*तकरीबन 11700 ग्राम पंचायतों में 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' चलाया जायेगा जिसमें पंचायत सदस्यों की भागीदारी रहेगी। सरकार को चाहिये कि इस अभियान को पर्याप्त आर्थिक सहायता दे। तालाबों का गहरीकरण व उनकी पचरियां बनाना, सम्भव हो तो उनका सौंदर्यीकरण करने के अलावा गांवों के कुंवों की साफ-सफाई, डबरियां बनाने जैसे उपाय बहुत मददगार हो सकते हैं। तालाबों की सारे साल उपयोगिता तो रहती है लेकिन गर्मी के प्रारम्भ होते ही वे सूखने लगते हैं। इसके चलते उसमें निस्तारी नहीं हो सकती। बड़ी ग्रामीण आबादी अपने विभिन्न उपयोगों के लिये इन तालाबों पर निर्भर रहती है। इनके गहरीकरण के साथ उन्हें जलकुम्भी से बचाना भी आवश्यक है। कई तालाबों में गाद जमने से उनकी क्षमता घट जाती है। जमीन के नीचे के जल का स्तर बनाये रखने में तालाब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका संरक्षण ज़रूरी है। ऐसे ही कुंवों, नदियों आदि की भी रक्षा हो।*

*पंचायतें इस काम में सर्वाधिक योगदान दे सकती हैं क्योंकि उन्हें जल संरक्षण का महत्व मालूम है तथा संरक्षण के तरीके उनसे बेहतर और कोई नहीं जानता। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, प्रशिक्षण आदि उनके लिये उपलब्ध कराया जाना चाहिये।*

# नगर निगम के विभिन्न व्यवसायिक परिसरों में वर्षो से रिक्त पड़ी सौ से अधिक दूकानों को किराये पर देने की तैयारियां

■ बाजार व्यवस्थित कर आय बढ़ाने शीघ्र ही शुरू होगी ताबड़तोड़ कार्रवाई

**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम की बाजारों के माध्यम से आय बढ़ाने व लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिये अतिशीघ्र ही कड़े कदम उठाये जायेगें। इसके लिये शहर के विभिन्न व्यवसायिक परिसरों में काफी समय से खाली पड़ी लगभग सौ दूकानों को एक निर्धारित दर पर किराये से देने की योजना बनाई जा रही है। मछली मटन मार्केट को उसके वर्तमान स्थल से हटाकर हाइजेनिक फिश मार्केट में शिफ्ट किया जा रहा है। यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है। नगर निगम क्षेत्र में लगे होर्डिग्स बोर्ड की भी नंबरिंग कराकर जो बोर्ड बगैर अनुमति लगे है उन्हें हटाने या अनुमति लेकर बोर्ड लगाने की प्रक्रिया पूरी कराई जायेगी। यह जानकारी नगर निगम के प्रभारी राजस्व एवं बाजार अधिकारी शुभम गोईर ने देते हुए बताया कि महापौर और आयुक्त ने भी इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये है।

प्रभारी बाजार अधिकारी ने बताया कि नगर निगम को बाजार से वर्तमान में 8 करोड़ सालाना आय है जिसे बढ़ाकर न्यूनतम 10 करोड़ रूपये करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जाने है। इसके तहत गंजमंडी काम्पलेक्स, नलघर काम्पलेक्स सहित शहर में ऐसी सौ से ज्यादा दूकानें है जिनके रिक्त पड़े होने से जर्जर होने का भी खतरा है। यदि इन्हें मासिक किराये पर दे दिया जायेगा तो नगर निगम की आय में वृद्धि होने के साथ ही इन दूकानों की रोजाना की देखरेख साफ सफाई भी हो सकेगी। इंदिरा मार्केट सहित विभिन्न मार्केट क्षेत्रों में दूकानों के बाहर तक सामान लेने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित करने की ताबड़तोड़ कार्रवाई आज से ही शुरू कर दी जायेगी जिसके परिणाम बहुत जल्दी जनता को देखने को मिलेगी।

इंदिरा मार्केट स्थित मटन मार्केट मुर्गा की दूकानें काफी पुरानी होने के साथ ही जर्जर हो गई है। इसे लेकर विभागीय रिपोर्ट भी आ चुकी है कि इन्हें समय रहते अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया तो आने वाली बरसात में यह जर्जर होकर ध्वस्त हो सकती है। महापौर अलका बाघमार ने अपनी पूरी टीम के साथ इन्हें इंदिरा मार्केट से हटाकर पद्मनाभपुर हाईजेनिक मछली मार्केट ले जाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने वर्तमान इंदिरा मार्केट में व्यापार कर रहे मटन मछली मुर्गा के व्यवसाइयों को एक सप्ताह में नये हाईजिन फिश मार्केट में सेटल हो जाने के आदेश भी दिये है। जाहिर है कि यह जगह भी रिक्त हो जायेगी। इस जगह पर फिर क्या निर्माण किया जायेगा ? इस पर राजस्व एवं बाजार अधिकारी ने कहा कि आगे का निर्णय महापौर आयुक्त और परिषद लेगी।

# यातायात पुलिस ने लापरवाह व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर की बड़ी कार्रवाई





**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। यातायात पुलिस द्वारा दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर सघन कार्रवाई करते हुए सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है।

इंदिरा मार्केट में जो पार्किंग में खड़ी दुपहिया व चार पहिया वाहनों पर भी कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहनों को क्रेन से उठवा लिया गया। चार पहिया वाहनों को लाक कर दिया गया। इसेक अलावा सड़क पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई।

यातायात विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत दिवस यातायात पुलिस द्वारा इंदिरा मार्केट से पटेल चौक से फरिश्ता काम्पलेक्स तक तक नो पार्किंग जोन में खड़ी की गई दो पहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर यातायात जोन दुर्ग लाया गया एवं चार पहिया पर लाक लगाने की कार्रवाई की गई। सभी वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल के तहत कार्रवाई की गई तथा भविष्य में इस प्रकार वाहन खड़ी न करने की समझाईश दी गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने इंदिरा मार्केट के व्यापारियों से चर्चा कर सड़क पर सामग्रियां रखकर व्यापार न करने की समझाईश दी गई।

इससे यातायात बाधित होने के साथ ही जाम की समस्या भी आती है। इसी तरह जुनवानी-खम्हरिया मार्ग पर सड़क किनारे जगह जगह 10-15 माडिफाइड चार पहिया वाहन खड़े किये जाने पर 20 वाहन चालकों के कागजात की जांच कर कार्रवाई की गई।

इसी तरह देर रात शराब पीकर वाहन चलाने तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले 14 वाहन चालकों की वाहन जब्त कर उन्हें आगे की कार्रवाई के लिये न्यायालय में पेश किया गया।

# तीन तलाक का आरोपी भोपाल से गिरफ्तार दुर्ग लाया गया



**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। तीन तलाक देकर घर से कही अन्य चले जाने वाले आरोपी मोहम्मद रईस कसारीडीह को पद्मनाभपुर पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर दुर्ग लाकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस द्वारा दी जानकारी के अनुसार आरोपी मोहम्मद रईस खोखर की बेगम रेशमा फातिमा निवासी कसारीडीह ने पद्मनाभपुर थाने में अपने शौहर के खिलाफ बेवजह उसे तरह तरह से प्रताड़ित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने 18 दिसंबर को अपनी बेगम रेशमा फातिमा को तीन तलाक देकर किसी अन्य लड़की से शादी कर लेने की जानकारी भी प्रार्थियां ने पुलिस को दी। इस पर पद्मनाभपुर पुलिस ने धारा 115(2)बीएनसी व मुस्लिम विवाह अनुच्छेद अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया। इधर आरोपी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने की भनक पाते ही वह शहर से अन्यत्र चला गया। पुलिस उसकी तलाश में थी। इस दौरान उसके भोपाल में होने की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस उसे भोपाल से लेकर दुर्ग आ गई है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कलेक्टर ने की समीक्षा



**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभाग वार समीक्षा आज से प्रारम्भ हुई। आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिक निगम दुर्गए भिलाई और रिसाली के अंतर्गत मांग एवं शिकायत संबंधी प्राप्त आवेदनों की निराकरण के संबंध में जानकारी ली।

समीक्षा के दौरान निगमों द्वारा आवेदनों के निराकरण की रेंडम जांच भी की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने रेंडम जांच के दौरान आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि निगमों में प्राप्त मांग संबंधी आवेदनों पर औचित्य पूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देवे। राशनकार्ड एवं पेंशन के प्रकरणों पर आवश्यक दस्तावेज के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। अतिक्रमण हटाने के पूर्व और बाद की स्थिति का निराकरण पत्रक में फोटो अपलोड जरूर करें। इसी प्रकार शासन को प्रस्तावित कार्यों में यह सुनिश्चित करें कि उक्त कार्य से कितनी आबादी लाभान्वित हो रही है, इसका उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कम लागत में अधिक से अधिक लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है, अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आवेदनों के निराकरण आवेदक के लिए संतोषप्रद होना चाहिए। उन्होंने निगम अंतर्गत आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की जांच स्वयं निगम कमिश्नर को करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निगमवार मांग एवं निराकरण के संबंध में संक्षिप्त समरी भी तैयार करने कहा। ज्ञात हो कि निगमों में अतिक्रमण, आवास योजना, पेय जल की शिकायतए पोषण आहार गुणवत्ता की शिकायत, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड, रोजगार उपलब्ध कराने की मांगए रोड एवं बिल्डिंग निर्माण में गुणवत्ता की शिकायत, विद्युत बिल संबंधी शिकायतए रोड निर्माण, वृद्धावस्था सहायता, सड़क.भवन.पुलिया की मांग, संपत्ति कर, सामाजिक सुरक्षा पेंशनए स्ट्रीट लाईटए स्वच्छता, हैंडपंपों की सुधार एवं नल कनेक्शन संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है। नगर निगम रिसाली में मांग एवं शिकायत संबंधी 995 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें 705 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। नगर निगम भिलाई में प्राप्त 1678 आवेदनों में से 1034 आवेदन निराकृत कर लिए गए है। इसी प्रकार नगर निगम दुर्ग में मांग व शिकायत संबंधी 2375 आवेदन में से 1019 का आवेदनों निराकरण हो चुका है।

बैठक में सुशासन तिहार के जिला नोडल अधिकारी एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठार, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित तीनों निगमों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने बाम्बे आवास उरला कालोनी में की संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश, एक भी नहीं मिला

**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आज पाकिस्तानी नागरिकों की दुर्ग में तलाशी के तहत मोहन नगर थाना अंतर्गत पुलिस ने पूरी टीम के साथ बाम्बे आवास योजना के तहत उरला में बने मकानों की तलाशी ली। टीआई मोहन नगर के अनुसार आज की कार्रवाई के दौरान एक भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी हुई है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में पाकिस्तान के रहवासियों को वापस अपने देश जाने का अल्टिमेटम दे दिया गया। वैध दस्तावेजों के साथ देश में आए पाकिस्तानी वापस लौटने लगे हैं। इस बीच देशभर में अवैध रूप से देश में रह रहे पाकिस्तानी व विदेशी नागरिकों की पहचान की जा रही है। दुर्ग भिलाई में आज तड़के पुलिस द्वारा रेड कार्रवार्र की गई और संदिग्धों की जांच की गई। दुर्ग पुलिस की तीन अलगअलग टीम ने एएसपी के नेतृत्व में छापेमारी की। एसपी विजय अग्रवाल ने एएसपी सुखनंदन राठौर, एएसपी अभिषेक झा और एएसपी पद्मश्री तंवर के नेतृत्व में तीन अलग.अलग टीमें बनाई। सभी अधिकारियों ने तड़के साढ़े 4 बजे पूरे पुलिस बल के साथ रेड मारी। एएसपी अभिषेक झा ने दुर्ग में मोहन नगर थाना इलाके के उरला क्षेत्र स्थित बॉम्बे आवास में छापा मारी की। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने भिलाई तीन थाना इलाके के हथखोज इलाके में तथा एएसपी पद्मश्री तंवर ने सुपेला थाना क्षेत्र के सुपेला मस्जिद के पीछे वाले हिस्से में छापेमारी की है। इस संबंध में मोहन नगर पुलिस ने बताया कि पुलिस सभी संदेहियों की तलाशी ली मगर एक भी प्रकरण सामने नहीं आया। पुलिस की नजर संदेही तत्वों पर है।

# पहलगाम हमले के शहीदों को दी छत्तीसगढ़ मंच ने श्रद्धांजलि



**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग ने पुराना बस स्टैंड में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए सभी शहीदों को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वास्थ्य लाभ कामना की।

मंच के सचिव तुलसी सोनी एवं असलम कुरैशी ने आतंकियों की कायराना हरकत की निंदा करते हुए हमले में शामिल आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग प्रधानमंत्री से की। शोकसभा में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सहसचिव संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह एवं नागरिकगण विनोद बाघ, सूर्यमणि मिश्रा, सुनील शमा, विजय गुप्ता, बंटी भाई, मोहन सिन्हा जाबिर अली, अमित मिश्रा, नबी भाई, रुस्तम खान, सुभाष भाई, तिलक भाई, हरीश सोनी, जवाहर सिंह राजपूत सलाम भाई सहित अन्य लोग शामिल थे।

# जिला प्रशासन के प्रयास के बाद बढ़ा दलहन-तिलहन का रकबा

**गुरूर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरूर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने वाले किसानों की संख्या में कमी आई है, क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा प्रयास के बाद गुरुर तहसील क्षेत्र में दलहन तिलहन की खेती करने वाले किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। बता दे कि रवि फसल के लिए गर्मी के दिनों में अधिक मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है, ग्रीष्मकालीन धान की खेती के लिए किसान सिर्फ ट्यूबवेल पर ही निर्भर थे, जिसके चलते गुरुर तहसील में भूजल स्तर काफी गिर चुका है।

**रेड जोन मे शामिल गुरुर तहसील**

गुरुर तहसील में लगातार गिरते जल स्तर को देखते हुए केंद्रीय भूजल सर्वेक्षण टीम ने भी गुरुर तहसील को रेड जोन में शामिल किया है।

ऐसे में इस वर्ष शासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद जिला प्रशासन द्वारा गुरुर तहसील में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की बजाय दलहन तिलहन की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया था। गुरुर तहसील के विभिन्न ग्रामों में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भी भ्रमण कर ग्रीष्मकालीन धान की खेती के बजाय दलहन तिलहन या मक्का फसल अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया था, जिसके फल स्वरुप अब गुरुर तहसील में दलहन तिलहन का रकबा क्षेत्र बढ़ा है।



**2000 हेक्टेयर में लगा उड़द मूंग**

विकासखंड मे गुरुर के आलावा ग्राम धोबनपुरी, तार्री, कन्हारपुरी, बगदई, पलारी, कंवर, मोहारा, बासीन, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मोटर साइकिल चोरी का आरोपी जेल भेजा गया



**दुर्ग,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। मोहन नगर पुलिस द्वारा दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पास से गत दिनों चोरी गई एक मोटर साईकिल लगभग 17 दिनों बाद बरामकर कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी तरह तोड़फोड़ के एक मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उसे बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि चरोदा पुरानी भिलाई निवासी शम्भू महानंद 9 अप्रेल को अपने किसी कार्य से दुर्ग आया था। वह दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पास अपनी मोटर साइकिल हीरो एचएफ डिलक्स ग्रे कलर सीजी 07 बीएक्स 9410 को खड़ी कर काम से चला गया। लौटकर आया तो मोटर साइकिल चोरी हो चुकी थी। इस पर शम्भू महानंद ने मोहन नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज का दी। लगातार पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल की पतासाजी करने पर चोरी के आरोपी मोहम्मद एजाज को पकड़कर पूछताछ की जाती रही। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटर साइकिल की चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मौसम में परिवर्तन के बाद गुरुर में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

**गुरूर**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र में लगातार हो रहे मौसम परिवर्तन के कारण क्षेत्र में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। क्षेत्र में लगातार बढ़ते गर्मी के कारण लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन भी जारी किया है। क्षेत्र में कड़ी धूप एवं अत्यधिक गर्मी के कारण इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है।

**डॉक्टर ने दी सावधानी बरतने की सलाह**-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर प्रबंधन से जानकरी के मुताबिक यहां प्रतिदिन लगभग 100 से अधिक मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे थे, लेकिन वर्तमान में कड़ी धूप व तेज गर्मी के कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।



रविवार को भी स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी काउंटर से लेकर डॉक्टरों का कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, महिला पुरुष वार्ड में मरीजों की भीड़ रही। अस्पताल में सबसे ज्यादा उल्टी, दस्त, बुखार, टाइफाइड के मरीज पहुंच रहे हैं। सभी मरीजों का उचित इलाज के बाद मरीजों के अलावा परिजनों को भी लू से बचने के लिए तथा खानपान में एवं रहन-सहन में विशेष रुप से सावधानी बरतनी के लिए सलाह दी जा रही है।

**15 जून तक विद्यालयों में छुट्टी घोषित**-इधर राज्य सरकार ने 15 जून तक समस्त विद्यालयों में छुट्टी घोषित कर दिया है। वही मौसम विभाग ने द्रोणिका सक्रिय होने की वजह से क्षेत्र में 48 घंटे के भीतर हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। रविवार को दोपहर के बाद से लेकर अब तक मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ गुरुर तहसील क्षेत्र का अधिकतम तापमान 39 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा।

## मुसाफिरों की जांच संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार आज प्रात: विभिन्न क्षेत्र में रह रहे नागरिकों की जांच की गयी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर के नेतृत्व में हथखोज, पुरैना, बाम्बे आवास बजरंग पारा में लगभग 250 व्यक्तियों की जांच की गयी। जिनमें 5 संदिग्ध पाए जाने पर इनके विरूद्ध 128 बीएनएसएस के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर इनके फिंगर प्रिण्ट लिए गए।1 दुपहिया वाहन को जप्त किया गया सुपेला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यूए श्रीमती पद्मश्री तंवर के नेतृत्व में करबला मैदान में रह रहे लगभग 300 नागरिकों की की जांच की गयी। 6 संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध 128 बीएनएसएस के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। इनके फिंगर प्रिण्ट लिए गए । इस दौरान 5 फरार वारण्टियों एवं छिनैती के सामान के साथ 02 व्यक्तियों गिरफ्तार किया गया। जांच के तहत यहां रहने वाले लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र चेक किया गया। कास वेरिफिक्रेशन किया गया। संतोषजनक जवाब नहीं देने एवं किसी भी प्रकार की कोई सूचना नहीं दिया जाना पाए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है। पुलिस ने अपील की है, कि उनके यहां जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं, उनका पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी थाना, चौकी में अनिवार्य रूप से जमा करें। यदि किराएदार की जानकारी नहीं दी जाती है और जांच में यह पाया जाता तो किराएदार के साथ मकान मालिकों के विरूद्ध भी विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही में 6 राजपत्रित अधिकारी, 8 थाना प्रभारी,लगभग 200 पुलिस बल कार्यवाही में उपस्थित थे।

# बजबजाती गलियां देख हैरान हुए विधायक

**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूटी से वार्ड की गलियों-मोहल्ले होते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन खमरिया जुनवानी में घर घर सम्पर्क कर न केवल लोगों से समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं बल्कि अनेक दिक्कतों के निराकरण के लिए बड़ी पहल भी उनके द्वारा की जा रही है। आज रविवार सुबह 7 बजे से साढ़े 10 बजे तक श्री सेन ने जुनवानी के मोहल्ले में सड़क, नाली सहित पानी निकासी व्यवस्था जांचते हुए एसबीआई बैंक कालोनी, सतनामी पारा, शीतला तालाब, खमरिया भाठा क्षेत्र में लोगों से मुलाकात की।



### 'नाली के पहले रोड बना दिए

एसबीआई कालोनी जुनवानी में स्ट्रीट रोड और नाली दोनों का निर्माण होना है। कई जगह सीमेंट की सड़क तो बन गई लेकिन पानी निकासी के लिए नाली का कार्य शुरू न होने पर निगम जोन आयुक्त से नाराजगी जताते हुए विधायक ने इस बावत इंजीनियर की क्लास लगाने कहा। उन्होंने तैयार नई सीमेंट सड़क की नियमित रूप से पानी से तराई करने टैंकर भिजवाने और नाली निर्माण तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### सड़क पर वाहन पार्किंग की शिकायत

बैंक कालोनी में ही एक परिवार द्वारा एंटिक गाड़ियों को अपने मकान के आस पास की सड़कों पर लंबे समय से पार्क कर उसे डंप यार्ड बनाने की शिकायत पर श्री सेन स्थानीय नागरिकों के साथ मौके पर पहुंचे और संबंधित परिवार को जल्द सड़क खाली करने की अपील की। उस परिवार ने विधायक से अपनी गलती मानते हुए भविष्य में ऐसी शिकायत फिर नहीं होने का भरोसा दिलाया।

### बोरिंग और डोम शेड की स्वीकृति

जुनवानी शीतला तालाब के समीप महिलाओं की मांग पर वैशाली नगर विधायक ने तत्काल 20 लाख रूपये से तालाब किनारे ओपन डोम शेड, तीज नहावन सहित अन्य अवसर पर महिलाओं के लिए चेंजिंग कक्ष बनाने की घोषणा की। उन्होंने तालाब के पास ही बोरिंग करवाने के लिए मौके पर बोरिंग गाड़ी मंगवाई और आज ही काम शुरू करने के निर्देश दिए। श्री सेन ने कहा कि बोर के बाद पाईप लाईन से आस पास के घरों में नल कनेक्शन भी दिया जाएगा। ताकि लोगों को पानी की समस्या से समाधान हो सके।

### गलियों में पसरा गंदा पानी

सतनामी पारा की गलियों और घर के सामने गंदा पानी पसरा देख विधायक ने जब लोगों से इसकी वजह पूछी तो पता लगा कि इस मोहल्ले में कहीं भी नाली नहीं है। उन्होंने तत्काल सतनामी पारा में पक्की नाली का प्रस्ताव बना कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। मौके पर जेसीबी बुलवा कर फ्लिहाल अस्थायी कच्ची नाली बनाने काम शुरू करवाया। जैत खांभ के समीप खाली मैदान को साफ करवा कर सामाजिक कार्यक्रम के लिए डोम शेड निर्माण करने के निर्देश दिए। गौरतलब हो कि विधायक रिकेश सेन ने 15 अप्रैल से स्कूटी से वार्ड सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया है और वे वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत निगम के सभी 37 वार्डों में पहुंच कर लोगों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याएं सुन उसके निराकरण की पहल कर रहे हैं। श्री सेन ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में अमूमन सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में व्यस्तता काफी बढ़ जाती है। इससे आमजन को समस्याओं के लिए निगम या जनप्रतिनिधियों का चक्कर काटना पड़ता है और हर समय जनप्रतिनिधि कार्यालय में उपलब्ध रहें, यह भी संभव नहीं हो पाता इसलिए उन्होंने वैशाली नगर में स्कूटी से वार्ड तक पहुंचने का अभियान शुरू किया। जिसके तहत कार्यक्रमों के बीच समय निकाल कर वो चिन्हित वार्डों के गली मोहल्ले पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड भ्रमण का उद्देश्य समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण का है इसलिए एक-एक वार्ड में वो स्कूटी से 10 से 15 दिन लगातार 2-4 घंटे स्थानीय लोगों से मेल मुलाकात और संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान सड़क, नाली, पेयजल, सफाई के आलावा क्षेत्र के समुचित विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही जहां जहां गली मोहल्ले में आसामाजिक गतिविधियां नशा, जुआ जैसी शिकायतें मिल रही हैं वहां संबंधित थाना को निर्देश देकर इन पर अंकुश लगाने की पहल भी की जा रही है।

## प्रधानपाठक जागेश्वर की सहसम्मान बिदाई



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय बालक प्राथमिक शाला अहिवारा संकुल अहिवारा के प्रधानपाठक जागेश्वर प्रसाद खुटेल का बिदाई समारोह का आयोजन शाला परिवार की ओर से किया गया। जिसमें उनकी धर्मपत्नी श्रीमति केसरी खुटेल, संकुल प्रभारी (प्राचार्य) उत्तम कुमार साहू, संकुल समन्वय किशोर कुमार तिवारी, गुरुजन खुमान साहू, मनराखन साहू, प्रधानपाठक एम एस अहिवारा, ओ पी मानिकपुरी, प्रधानपाठक एम एस कन्या अहिवारा खान सर, प्राचार्य माटरा सेवक राम जघेल, शिक्षक संजय कुमार शर्मा, प्रधानपाठक नंदिनीखुदनी सिवारे, प्रधानपाठक एम एस इंदइंतंक खिलावन साहू, प्रधानपाठक पी एस खासाडीह महेश कुमार कुंजाम, प्रधानपाठक पी एस बानबरद, संजय कुमार तिवारी, के के वर्मा, श्रीमति करुणा शर्मा, राजाराम मनहरे, मनोहर लाल गौतम, कंवल महिलांग, ईश्वरी प्रसाद साहू, रायकवार, शिवनंदन वर्मा एवं शाला परिवार अहिवारा के राम कुमार साहू, श्रीमति हेमलता साखरकर, श्रीमति निशा चंदेल, प्रताप यादव, श्रीमति चंद्रिका यादव, श्रीमति गंगा बाई धीवर एवं शाला प्रबंध समिति के सभी सदस्ययो ने खुटेल को शुभकामनाएं दीं। एवं उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए उपहार में साल, श्रीफल, गिफ्ट देकर भेंट किया। और गाजे बाजे के साथ उनके घर तक सम्मान सहित पहुंचे। प्रभारी प्रधानपाठक राजूलाल टंडन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## एवरेस्ट की छांव में पर्यावरण चेतना साहसिक यात्रा

**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु) ।किसी भी संस्था की प्रतिष्ठा केवल उसकी उत्पादन क्षमता या व्यावसायिक प्रदर्शन से नहीं मापी जाती, बल्कि उस संस्था के कर्मियों की सामाजिक चेतना, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और साहसिक दृष्टिकोण से भी आँकी जाती है। संयंत्र कर्मियों के एक छोटे से दल के द्वारा की गई एवरेस्ट बेस कैंप की 23 दिवसीय यात्रा इसका सशक्त उदाहरण है। यह यात्रा एक व्यक्तिगत रोमांच मात्र नहीं थी, अपितु यह संगठनात्मक उद्देश्य, पर्यावरणीय संदेश और अंतरराष्ट्रीय संवाद का एक जीवंत संकल्प बन गई। यह अभियान 30 मार्च को भिलाई से आरंभ हुआ। जब संयंत्र के कर्मचारियों का एक छोटा सा दल जिसमें संयंत्र के मानव संसाधन नियमन अनुभाग के पवन कुमार शर्मा, युनिवर्सल रेल मिल के देवेंद्र कुमार सिंह व उनके साथ संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप.1 के सेवा निवृत्त.कर्मी एन.के. सिंह एवं उनके पुत्र अभिजीत सिंह एवरेस्ट बेस कैंप के लिए रवाना हुए। संयंत्र प्रबंधन द्वारा इस यात्रा को प्रोत्साहन देते हुए विशेष अवकाश प्रदान



किया गया तथा पर्यावरण विभाग द्वारा पर्यावरणीय संदेशों से युक्त विशेष बैग दिए गए। जिन्हें यात्रा मार्ग में वितरण हेतु प्रयोग किया गया। इन बैगों पर वृक्षारोपण, जल संरक्षण, और हरित परिवेश जैसे विषयों पर सशक्त संदेश मुद्रित थे। जो यात्रियों को श्कंपनी के दूत की भूमिका में परिवर्तित कर रहे थे। यह रोमांचक पर्वतारोहण अभियान दुर्ग रेलवे स्टेशन से आरंभ हुआ, जहाँ यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने दल को शुभकामनाएँ देते हुए विदा किया। भारतीय रेल से दल रक्सौल पहुँचाए जो नेपाल की सीमा के समीप स्थित भारत का अंतिम रेलवे स्टेशन है। वहाँ से काठमांडू की सड़क यात्रा, फिर रामेछाप एयरपोर्ट होते हुए लुकला पहुँचने का प्रयास एक जटिल और समयसाध्य प्रक्रिया रही। लुकला की सीधी फ्लाइट न मिलने के कारण दल को फोपलू एयरपोर्ट तक वैकल्पिक मार्ग से जाना पड़ा। वहाँ से लगभग आठ घंटे की थका देने वाली कठिन पहाड़ी सड़क यात्रा के उपरांत सुरके नामक एक स्थान पर पहुँचना संभव हुआ। इस दौरान पहाड़ी पथरीले मार्ग, बर्फीली हवाएँ और सीमित सुविधाओं ने यात्रा को अत्यंत चुनौतीपूर्ण बना दिया। दल के सदस्यों को पहाड़ों की कठोरता के साथ.साथ मानव मन की दृढ़ता का भी परिचय इस यात्रा के दौरान प्राप्त हुआ। यात्रा के आगे के चरणों में फकडींग, नामचे बाजार, टेंगबोचे, डिंगबोचे, लोबुचे होते हुए गोरकशेप तक पदयात्रा की गई। प्रत्येक चरण पर बढ़ती ऊँचाई और कम होती ऑक्सीजन का प्रभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया गया। विशेषकर जब एक सदस्य को हाई अल्टीट्यूड सिकनेस के प्रारंभिक लक्षण जैसे चक्कर और उल्टी का सामना करना पड़ा। तब पूर्व तैयारियों और तीन माह की नियमित अभ्यास की उपयोगिता सिद्ध हुई। अधिक पानी पीने और विश्राम से समस्या नियंत्रित हुई। और टीम बिना दवा के ही आगे बढ़ सकी। इस समस्त यात्रा में भोजन की सीमाएं भी एक यथार्थ थीं। ऊँचाई के साथ खाद्य पदार्थों का मूल्य दोगुना से लेकर दस गुना तक बढ़ गया। नामचे बाजार पर विश्राम की सलाह को दल ने अपनी शारीरिक स्थिति का आकलन कर पार करते हुए अगले पड़ाव की ओर कूच किया। टेंगबोचे से डिंगबोचे और फिर लोबुचे तक की यात्रा सुगठित रही।

## इंदु आईटी स्कूल में समर कैंप का आयोजन आज



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। इंदु आईटी स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप 2025 की तैयारियाँ की जा रही हैं। यह बहुप्रतीक्षित कैंप 28 अप्रैल से 12 मई तक चलेगा और हर दिन सुबह 6.30 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि यह कैंप 3 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किया गया है। एक ऐसा आयोजन जो उम्र की सभी सीमाओं को तोड़ते हुए सभी को एक साथ सीखने, खेलने और आनंद लेने का अवसर देगा। इस समर कैंप में पारंपरिक भारतीय मूल्यों और आधुनिक कौशलों का अनोखा समावेश किया गया है। रामायण और महाभारत की कहानियाँ जहाँ प्रतिभागियों को नैतिक शिक्षा और संस्कृति से जोड़ेंगी, वहीं रोबोटिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, फिटनेस, योग और व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियाँ उन्हें रचनात्मक और तकनीकी रूप से भी समृद्ध करेंगी। कैंप को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि हर उम्र के प्रतिभागी अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार न केवल भाग ले सकें, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण में खुद को बेहतर बना सकें। इंदु आईटी स्कूल का विशाल और सुरक्षित परिसर, अनुभवी प्रशिक्षक, और आधुनिक सुविधाएं इस आयोजन को भिलाई का एक यादगार अनुभव बनाने के लिए तैयार हैं। यह समर कैंप केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक ऐसा मंच बन रहा है जहाँ पीढ़ियाँ एक-दूसरे से सीखेंगी, साथ बिताए समय को सराहेंगी और यादों से भरी गर्मियाँ जीएंगी। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। इसी संदेश के साथ इंदु आईटी स्कूल का यह समर कैंप के सामाजिक और शैक्षणिक परिदृश्य में एक नई प्रेरणा बनकर सामने आ रहा है। शहर भर में इस आयोजन को लेकर उत्साह है, और अब सभी की निगाहें 28 अप्रैल पर टिकी हैं। जब यह अनोखा सफर औपचारिक रूप से शुरू होगा।

## चेम्बर ने सेक्टर-4 के व्यापारियों से बैठक लेकर बनाई रणनीति



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर 4 ए मार्केट के व्यापारियों की संयुक्त बैठक स्टील सिटी चेंबर के आव्हान पर सेक्टर 4 मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में लगभग 50 व्यापारियों ने अपनी भागीदारी दी और अपने विचारों को रखा स्टील सिटी चैंबर की ओर से अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता ने लीज नवीनीकरण प्रकरण के निराकरण में सांसद विजय बघेल के माध्यम से किया जा रहे हैं प्रयासों की जानकारी दी। सभी व्यापारियों ने सामूहिक एकता का परिचय दिया और स्टील सिटी चैंबर ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि हम सब सांसद विजय बघेल जी के माध्यम से इस प्रकरण के निराकरण में जुटे हुए हैं आप सभी को जो दिशा निर्देश मिलेगा उसे पर हम सब व्यापारी संगठित होकर प्रकरण के निराकरण में भागीदार होंगे। बैठक में चैंबर की ओर से व्यापारियों को उनके समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया बैठक की अध्यक्षता सतीश बंछोर ने की तथा संचालन करमजीत सिंह गगन ने किया ।

### सचिन का मनाया जन्मदिवस

**भिलाईनगर।** भिलाई के अभिषेक अग्रवाल ने सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा किए गए जनसंहार के शोक के चलते अभिषेक ने पूर्व घोषित विस्तृत कार्यक्रम स्थगित कर सादगीपूर्ण ढंग से केक काटा और वंचित समुदाय के बीच सेवा कार्य किया। सचिन से मिलने के लगातार प्रयास के बाद पिछले महीने मिली सफ्लता से उत्साहित अभिषेक की तैयारी से जन्मदिन समारोह आयोजित करने की थी लेकिन कश्मीर की घटना के चलते उन्होंने सब कुछ स्थगित कर दिया। अभिषेक का कहना है कि सचिन से मिलना उनके लिए एक स्वप्न के पूरा होने जैसा था और अब आगे वह जो भी सेवा कार्य करेंगे वह सचिन को समर्पित रहेगा। सचिन तेंदुलकर के लिए जुनून की हद तक प्रशंसा का भाव रखने वाले अभिषेक 8 वर्ष से उनसे मिलने हर हफ्ते लगातार डाक से पत्र भेज रहे थे।

### आरक्षक बर्खास्त

**भिलाईनगर।** थाना पुरानी भिलाई में पदस्थ आरक्षक विजय की डायल 112 में ड्यूटी लगाई गई थी। इस दिन प्राप्त इवेंट के क्रम में कालर मोबाईल पर प्राप्त सूचना के आधार पर एक्सयूव्ही वाहन में 3 बोरियों में गांजा के पैकेट थे। आरक्षक विजय एवं डायल 112 का चालक अनिल ने मिलकर वहीं पास में कटीली झाड़ियों में छिपा दिए व बाद में इन दोनों ने इस बोरी को अनिल के गांव के मकान में छिपाकर रखे थ।अनिल की निशानदेही पर विधिवत् जप्त कर थाना पुरानी भिलाई में आरक्षक विजय एवं अनिल कुमार के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट कायम कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार होने पर आरक्षक विजय को निलंबित किया गया था। एसएसपी विजय अग्रवाल व्दारा निलंबित आरक्षक विजय निलंबित आरक्षक को गंभीर कदाचरण के लिए सेवा से पदच्युत किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

## सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आज कला मंदिर में



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह कला मंदिर सिविक सेंटर आज सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में दुर्ग जिला के लगभग 4 सौ नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद व जिला पंचायत पदाधिकारी एवं नगरी निकाय के महापौर, सभापति, नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों का सम्मान प्रात: 11 बजे से होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार बंछोर सेफी चेयरमैन एवं अध्यक्षता मेघनाथ यादव करेंगे।इस अवसर पर संयंत्र के प्रतिभाशाली कार्मिकों का भी सम्मान होगा। सामाजिक समरसता की दृष्टि से आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, संरक्षक, आजीवन सदस्य, आम सदस्यों के साथ ही अन्य जिला व संभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे। इस बावत संस्था कार्यालय आशीष नगर रिसाली में पदाधिकारियों की बैठक संस्था के अध्यक्ष मेघनाथ यादव की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई। बैठक में ब्रह्मदेव पटेल, लखन साहू, ,संत कुमार केसकर, अनुरूप साहू, जीवन सिन्हा, भानुप्रताप यादव, शुभ्रकांत ताम्रकार, कुमुद ताम्रकार आदि उपस्थित थे उक्त जानकारी डॉ.डी पी देशमुख ने दी।

## हमारा इतिहास हमारी पहचान-हिंदी यूएसए



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। हिंदी यूएसए सेंट लुईस की ओर से अमेरिका में तीसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारा इतिहास हमारी पहचान का आयोजन किया गया। भिलाई निवासी डा.अंशु जैन और मयंक जैन के नेतृत्व इस भव्य आयोजन में लगभग 450 से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम ने दर्शकों को भारतीय इतिहास की एक अनूठी यात्रा पर ले जाते हुएए चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक से शुरुआत की। इसके बाद पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, तान्हा, छत्रपति शिवा महाराज और रानी लक्ष्मीबाई जैसे योद्धाओं की वीरगाथाओं को बच्चों ने अद्भुत अभिनय और नृत्य से प्रस्तुत किया। सामाजिक क्रांति की प्रतीक सावित्रीबाई फुले और महात्मा गांधी की शिक्षाओं को भी यहां मंचित किया गया। भारत की आजादी, भारतीय सेना को समर्पित प्रस्तुति और अंत में हिंदी यूएसए की 14 शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत स्पिरिट ऑफ इंडिया नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस समारोह में हिंदी यूएसए के स्नातक छात्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें आरव विजय, अभिनव नागपाल, अनुष्का शर्मा, भव्या गुप्ता, देवांशी शर्मा, नेहा प्रसाद, ॠत्विक जैन और तुषार खत्री शामिल हैं। मयंक जैन ने कहा कृमुझे आज इन बच्चों पर गर्व है। खासकर वे तीन छात्र जिन्होंने 2018 में हमारे पहले बैच से ही हिंदी स्कूल की यात्रा शुरू की थी। भिलाई निवासी जैन दंपति अमेरिका में हिंदी के प्रचार.प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। जिसमें हिंदी यूएसए सेंट लुईस के माध्यम से वहां न सिर्फ भारतवंशी बल्कि अन्य देशों के लोगों को भी हिंदी लिखना.पढ़ना सिखाते हैं।

### हत्या का प्रयास का आरोपी पकड़ाया

**भिलाईनगर।** प्रार्थी दिलीप जाधव आरोपी कृष्णा से पूर्व में दिए गए उधारी रकम को मांगने पर कृष्णा व्दारा नहीं दूंगा कहकर प्रार्थी से गाली.गलौज कर हत्या करने की नियत से थर्माकोल काटने के धारदार कटर से प्रार्थी के गले, सिर एवं हाथ में संघातिक वार किया गया। प्रार्थी को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर थाना सुपेला में आरोपी कृष्णा गायकवाड के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना सुपेला की टीम व्दारा तत्काल आरोपी कृष्णा की पतासाजी कर घेराबंदी कर पकड़ा जाकर, विधिवत् गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय पेश कर केन्द्रीय जेल दुर्ग में दाखिल कराया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि राजेश तिवारी एवं अमर गंगेले की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## आतंकवादी को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार



**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सांसद विजय बघेल ने भिलाई, दुर्ग, खैरागढ़ के नामचीन कलाकारों द्वारा बनाई गई पेन्टिंग का अवलोकन किया। सिविक सेंटर के कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे 100 फीट लंबे कैनवास पर बनाई गई पेन्टिंग को देखकर सांसद द्रवित हो उठे तथा भारत सरकार द्वारा आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार की बात कही। उन्होंने कहा कि आतंकी पाताल में भी छुप जाएंगे तो भी उन्हें ढूंढकर मारा जाएगा उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या मे मौजूद कलाकार तथा आम नागरिकों ने कैंडल जलाकर शहीदों को नमन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया। ज्ञात हो कि जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व मे हमारा देश अतिशीघ्र ही विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। यही बात पडोस के मुल्क को हजम नहीं हो रही है। कश्मीर घाटी भी शांति के पथ पर आगे बढ़ने लगा है और करोड़ो पर्यटक वहां घूमने जा रहे हैं। जिससे पूरी दुनिया में आतंक परोसने वाला पाकिस्तान और उसके आकाओं के सीने में सांप लोटने लगा है। खुद तंगहाली के कगार पर बैठा यह देश किसी भी कीमत पर भारत को अस्थिर करना चाहता है और ऐसी परिस्थिति में हम सबको एकजुट रहने की जरूरत है। सांसद ने चित्रकार बी.एल.सोनी, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, प्रीति साहू, गुंजन शर्मा, यश दलवी, कांता देवी, लल्लेश्वरी साहू, अभिषेक सपन, प्रवीण कालमेघ, इंद्रजीत सिंह, विजय शर्मा, तरूण धोट, प्रशांत क्षीरसागर, अशोक देवांगन, पुनिता सिंह पटेल, प्रभुचरण जेना, जीवन ज्योति, सरिता श्रीवास्तव, वीरेंद्र पटनायक तथा कार्यक्रम संयोजक डा.अंकुश देवांगन द्वारा बनाई पेन्टिंग को देखा और सराहा। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के दौरान माहौल अत्यंत ही गमगीन हो गया सांसद ने आम जनता को भरोसा दिलाया कि केन्द्र की सरकार अब ऐसे तत्वों को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नही छोड़ेगी।

# मुस्लिम समाज ने मृतात्माओं को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि




**कुम्हारी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शनिवार को स्टेशन चौक के पास मुस्लिम समाज ने विगत 22 अप्रेल को पहलगाम में दहशतगर्दों द्वारा मासूमों के कत्लेआम के विरोध में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए एक स्वर में इस घटना की निन्दा की। बड़ी संख्या में उपस्थित मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। अपनी बात रखते हुए मौलाना अबरार अहमद रिज़वी ने कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है और हम हिन्दुस्तान के मौजूदा हुकुमत से ये मांग करते हैं कि इन दहशत गर्दो को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाए और कड़ी से कड़ी सजा दे। हम यह बताना चाहते हैं की हिन्दुस्तान के मुसलमान पाकिस्तान के मुसलमान की तरह नहीं है बल्कि अमन पसंद है जिसका सुबूत कश्मीर के मुस्लिम भाई ने जान की बाजी लगाकर हिन्दू भाइयों की हिफाजत कर साबित कर दिया।

अयूब खान ने कहा कि इस देश में हमसब भाई चारे के साथ मिलकर रहते हैं इस घटना के लिए पाकिस्तान को कभी माफ नही करना चाहिए मुस्लिम समाज इसका पुरजोर विरोध करता है। इमरान रिज़वी ने कहा कि यह देश अमन परस्त है यहां हमसब हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी मिलकर रहते हैं आतंकवादियों के इस कायराना हरकत को देश कभी माफ नही करेगा और पूरा मुस्लिम समाज सरकार से यह गुजारिश करता हैं कि इन दहशतगर्दों को मौत की सजा दी जाय और पाकिस्तान को भी मुहतोड़ जवाब देकर यह बताया जाए कि दहशतगर्दी का अंजाम क्या होता है। इस देश की कौमी एकता ही हमारी पहचान है। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर मृतात्माओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

इस घटना की निन्दा करने वालों में गरीब नवाज मस्जिद और गौसीया मस्जिद के ईमाम अबरार अहमद रजवी, हाफीज रियाज़, इमरान रिजवी, अयुब खान, काजु भाई, अक्बर भाई, नसरू भाई, जकी अहमद, ईद मोहम्मद, असलम भाई, अख्तर भाई, आफताब भाई, करीम भाई, बशीर भाई, समीर कलीम, फिरोज, शोएब, इरफान, जुनैद, अताउल्लाह, फैज़ान और शहबाज़ सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

# एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गुरुर,** 27 अप्रैल (देशबंधु)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दुपचेरा में डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का देर शाम शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत बालोद सभापति चंद्रिका गंजीर मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन थी, जिन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम स्थल पर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रथम मैच ग्राम दूपचेरा एवं ग्राम बोडरा के मध्य संपन्न हुआ, जहां पांच अंक से ग्राम बोडरा से पहुंचे कबड्डी टीम विजयी रहा।

यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बाल युवा कबड्डी समिति के द्वारा गांव के बाजार चौक में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से कबड्डी टीमों द्वारा पंजीयन कराया गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद सभापति चंद्रिका गंजीर ने कहा कि हर खेल में हार व जीत निश्चित है इसलिए असफल होने पर खिलाड़ियों को उदास नहीं होना चाहिए, बल्कि जीत हासिल करने के लिए पुनः कड़ी मेहनत करनी चाहिए। अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद पूर्व सभापति ललिता पीमन साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य तारादेवी यादव, सरपंच दानेश्वरी साहू, वार्ड पंच गिरजा साहू, अहिल्याबाई, कविता बाई सूर्यवंशी मंचासीन थी।

आयोजन समिति से जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में प्रथमपुरस्कार के रूप मे 7000, द्वितीय पुरस्कार 5000, तृतीय पुरस्कार 3000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2000 प्रदान कर विजय टीम को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार में बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर एवं बेस्ट अनुशासित टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हेतु ग्राम दुपचेरा सहित अन्य ग्रामों से ग्रामीण जन बड़ी संख्या में पहुंचे हैं।

# पीपरखार कबड्डी प्रतियोगिता में विधायक हर्षिता हुई शामिल



**डोंगरगढ़,** 27 अप्रैल। विधानसभा के ग्राम पंचायत पीपरखार में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन बढ़ाते हुए विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है अगर हम खेल के क्षेत्र में एक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े तो निश्चित ही भविष्य में सफलता मिलती है उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि कोई भी प्रतियोगिता में हार जीत लगी रहती है जीतने वाले को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और हारने वाले खिलाड़ी को मायूस होने की जरूरत नहीं है वह आगे इससे भी अच्छे तरीके से जानकारी लेकर अपने खेल का प्रदर्शन कर सकते है इसलिए खेल के क्षेत्र होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में हमेशा भाग लेकर आगे बढ़ते रहना है।

# छग ग्राम विकास एकता समिति द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाते हुए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया

**खरोरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस धूमधाम से मनाया। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का गुलाल से स्वागत करते हुए गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। तय कार्यक्रम अनुसार अतिथियों की अनुपस्थिति में उपस्थित प्रतिनिधियों व ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को अतिथि की आसंदी पर बिठाया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी व पंचायती राज व्यवस्था की पुस्तिका का पूजा अर्चना करते हुए पंचायती राज व्यवस्था पर परिचर्चा किया गया।



जिसमें पंचायती राज व्यवस्था की वर्तमान स्थिति व संविधान में अंकित स्थिति पर बात सामने आई।परिचर्चा में समिति के मूल उद्देश्य को सभा पटल पर रखा गया जिसमें पंचायती राज व्यवस्था का संविधान सम्मत क्रियान्वयन हो और सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार व अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति का संगठन विस्तार करते हुए रायपुर जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा व बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष रामचंद्र नवरंगे को जिम्मेदारी सौंपी गई। पंचायती राज व्यवस्था में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ग्रामसभा मजबूत करते हुए कोरम पूर्ति के साथ ग्रामसभा का सफल आयोजन करने की अपिल की गई। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति सचिव धर्मेन्द्र बैरागी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उक्त जानकारी दी।

# ब्राह्मण समाज में 30 को भगवान परशुराम का प्रकाट्योत्सव मनाया जाएगा




**दल्लीराजहरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज दल्लीराजहरा के तत्वावधान में स्थानीय श्रमवीर चौक के समीप वार्ड क्र.22 स्थित ब्राह्मण समाज भवन में आगामी 30 अप्रैल को वैशाख शुक्ल पक्ष (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्रकाट्योत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रात: 9.00 बजे से भगवान परशुरामजी की वैदिक विधि विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ एवं सुंदरकांड पाठ व श्री हनुमान चालीसा का पाठ के पश्चात हवन,आरती व प्रसाद वितरण होगा तथा दोपहर 1ः00 बजे से शाम 4.00 बजे तक महाप्रसाद व भोजन का कार्यक्रम रखा गया है। ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों से निवेदन है कि भगवान परशुराम जी के प्रकाट्योत्सव पर आयोजित सभी कार्यक्रम में सहपरिवार गरिमामय उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता कमल शर्मा ने ब्राह्मण समाज दल्लीराजहरा के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी व पदाधिकारियों की ओर से उपरोक्त जानकारी दी है।

## आतंकियों के खिलाफ कठोर कदम उठाई जाए : डॉ. रमनसिंह

**राजनांदगांव,** 27 अप्रैल। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे हुए थे।



उन्होंने शहर स्थित विधानसभा कार्यालय में लोगों से भेंट- मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला और इसमें निर्दोष लोगों की गई जान पर शोक- संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकवादियों का यह कृत्य बहुत ही निंदनीय है।इस घटना में पूरा देश आक्रोशित एवं आंदोलित है।इस बर्बर घटना के लिए देश उन्हें ?कभी माफ नहीं करेगा। डॉ सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी धर्म समुदाय के लोग मृतको के परिवार जनों के साथ है, और केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि इन आतंकियों के खिलाफ कठोर कदम उठाई जाए।

# जंगल के प्यासे पक्षियों के लिए जल व्यवस्था अभियान लाइनमैन मदन सिदार का बढ़ता कारवां

**बिलाईगढ़,** 27 अप्रैल (देशबंधु)। गोमर्डा अभयारण्य के जंगलों में इन दिनों गर्मी दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। यहां के प्यासे पक्षियों को राहत देने के बिजली विभाग में लाइनमेन पद पर कार्यरत मदन सिदार पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और इनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका कर नियमित अंतराल पर पानी भरा जा रहा है। केवल सड़क किनारे ही नहीं बल्कि जंगल के भीतर भी पक्षियों और कभी-कभी बंदरों के लिए भी पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।



उल्लेखनीय होगा कि 2010 में जब मदन की पोस्टिंग बरमकेला ब्लॉक में हुई, तो उन्होंने जंगल से गुजरने वाली सड़क के किनारे प्यासे पक्षियों को देखकर उनके लिए पानी की व्यवस्था करने की ठानी। पत्नी लक्ष्मी सिदार और शिक्षा विभाग में कार्यरत मित्र रामेश्वर के सहयोग से उन्होंने पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और उनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका देते थे और नियमित अंतराल पर पानी भरने का कार्य करते थे। वह सिलसिला आज भी जारी है। यह बताना लाजमी होगा कि 14 वर्षों से पशु पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता करना इन्होंने अपना जीवन उद्देश्य बना लिया है।

**पानी की उपलब्धता जैसे सामाजिक सरोकार में योगदान**

शुरुआत में यह एक व्यक्तिगत प्रयास था, लेकिन अब यह कार्य एक जन अभियान बन चुका है। बिजली विभाग के सहकर्मी, अधिकारी और स्थानीय लोग बिना किसी आदेश या आग्रह के इस नेक काम से जुड़ते चले गए। जंगल में घूमते वाहन अब साथ में पानी लेकर चलते हैं और पक्षियों के लिए जल पात्र भरते हैं। आज, 14 वर्षों बाद भी यह सेवा रुकी नहीं है। यह कार्य सिर्फ प्यास बुझाने का नहीं, बल्कि संवेदना, प्रकृति प्रेम और सामूहिक ज़िम्मेदारी का प्रतीक बनता जा रहा है।

# धर्मनगरी में विहिप बजरंग दल के नवीन कार्यकारणी का हुआ गठन




**डोंगरगढ़,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओ की बैठक डोंगरगढ़ प्रखंड के दायित्व नियोजन व नवीन कार्यकारणी की टोली बनाने हेतु महावीर मंदिर प्रांगण में बैठक सम्पन्न हुई बैठक में सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ ततपश्चात आचार्य पद्धति से श्री राम विजय महामंत्र से शुरुआत हुई बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत के सहमंत्री नंदु राम साहू जी,जिला कार्यकारी अध्यक्ष तरुण हथेल जी,जिला समाजिक समरस्ता प्रमुख बाबा जी,बजरंग दल जिला सहसंयोजक हनी गुप्ता उपस्थिति रहे नगर की विहिप बजरंग दल की टोली का गठन किया गया जिसमे.... विश्व हिंदू परिषद प्रखंड डोंगरगढ़ के नवीन कार्यकारणी बालमुकुंद तराने, (विहिप नगर अध्यक्ष) राजेश नामदेव (बब्ली) ,(विहिप नगर उपाध्यक्ष) विशाल सुराना (विहिप नगर उपाध्यक्ष), रमना मूर्ति (विहिप नगर उपाध्यक्ष), अभिषेक साहू विहिप नगर मंत्री बने।

## निधन

### श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले

**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल। श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले पति अशोक गोंडाले पूर्व जिला न्यायाधीश व डिप्टी डारेक्टर (ह्यूमन राइट्स) निवासी क्वॉटर-1/बी, सड़क-11 सेक्टर-10 भिलाई का 26 अप्रैल को निधन रात को लंबी बिमारी के बाद हो गया। वे अपने पीछे पति और दो पुत्र आयुष और अंशुल गोंडाले को छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### पंडित गोपाल व्यास



**रायपुर,** 27 अप्रैल। मठपारा बजरंग चौक निवासी पंडित गोपाल व्यास का 27 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे स्वर्गीय पंडित विट्ठल प्रसाद व्यास के पुत्र.,गोविंद व्यास के छोटे भाई,मुरलीधर मनीष कुमार नंदकिशोर एवं आशीष व्यास के बड़े भाई,, नवनीत के पिताजी एवं दिव्यांश यथार्थ तेजस के बड़े पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार कल 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मारवाड़ी शमशान घाट में किया जायेगा।

# जुआडियानों से नगदी रकम 7 हजार 7 सौ रुपए एवं 52 पत्ती तास जप्त

**बेमेतरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 26 अप्रैल 2025 को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिल्फी खार मंक कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना साजा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, इस दौरान मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 03 जुआडियानो 1. कलाम खॉ पिता जाहिर खॉ उम्र 32 साल साकिन बिरनपुर थाना साजा जिला बेमेतरा, 2. रामजी पाल पिता माधव पाल उम्र 40 साल साकिन गातापार थाना परपोडी जिला बेमेतरा, 3. सुभाष लोधी पिता स्व. भारत राम लोधी उम्र 27 साल साकिन ढाप थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 7,700/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक राकेश साहू, सउनि बनवाली सोनकर, टुमन लाल चतुर्वेदी, आरक्षक रामानुज जायसवाल, अमित सिंह, दीनदयाल डहरिया, अर्जुन ध्रुर्वे, राजु यादव, एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भुमिका रही।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिला प्रशासन के प्रयास...

डंडेसरा जैसे अन्य गांव में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले उड़द, मूंग जैसे अन्य तरह की फैसल ली जा रही है। पिछले वर्ष 450 हे. क्षेत्र में इसकी खेती की जा रही थी लेकिन इस वर्ष 2000 हे. क्षेत्र में मे उड़द. मूंग कि फसलें ली जा रही है।

# लखनलाल साहू बने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ गरियाबंद ईकाई के जिला अध्यक्ष

**गरियाबंद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की बैठक विगत दिनों पुराना कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लखनलाल साहू को सर्वसम्मति से गरियाबंद जिले का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने की। प्रमुख रूप से गुलाब राम वर्मा, दशरथ लाल सिन्हा, दौवा राम कुंभकार मौजुद रहें।




बैठक में राज्य सरकार से पेंशनरों और पेंशनर परिवार को केंद्र के समान, केंद्र की देय तिथि से एरियर सहित 5त्न महंगाई राहत देने की मांग की गई। प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने महंगाई राहत रोके जाने पर सरकार के प्रति आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि सरकार मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर अन्याय कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत केंद्र की देय तिथि से डीए-डीआर देने की घोषणा की गई थी। अब विष्णुदेव साय सरकार इसे खुद ही झूठा साबित कर रही है। इसके पहले बैठक में राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल ने रिटायर और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की समझाइश दी।

इसके अलावा बैठक में पेंशनरों की सारांशीकरण राशि की कटौती अवधि कम करने, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन देने, दैनिक वेतनभोगियों की संपूर्ण सेवा अवधि को पेंशन गणना में शामिल करने, रेल यात्रा में छूट बहाल करने, मृत्यु पर एग्रेसिया देने, आयकर से मुक्त करने, भारत भ्रमण की सुविधा देने, राज्य में बस यात्रा में छूट के आदेश का पालन करने और कैशलेस मेडिकल सुविधा देने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्र सरकार द्वारा पारित पेंशन नियम में संशोधन प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद शिक्षा विभाग से तेजेश कुमार शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से छबि सिंह और जल संसाधन विभाग से रामराज पटेल ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ली। इस दौरान बैठक में प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश मंत्री टीपी सिंह, सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक भी शामिल रहे। सभी ने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।

# जिला बेमेतरा थाना बेरला पुलिस टीम की कार्रवाई

**बेमेतरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 26 अप्रैल 2025 को थाना बेरला स्टाफ को सूचना मिला की ग्राम कुसमी का मोहित सोनवानी अपने घर में गुड का कच्ची शराब बनाकर अवैध रूप से बिक्री कर अवैध धन अर्जित कर रहा है कि सूचना के अधार पर थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जिस पर थाना बेरला में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी मोहित सोनवानी पिता भंवर लाल सोनवानी उम्र 22 साल साकिन कुसमी थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जप्त 02 लीटर हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 300/- रूपये एवं बिक्री रकम 300/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, प्रधान आरक्षक दीना नाथ यादव, सुरेन्द्र जांगडे, एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

**आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण में 1 आरोपी से 2 लीटर हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब जप्त**

# विधायक दीपेश साहू स्कूटी से रात्रि भ्रमण पर निकले, नगर के विभिन्न समस्याओं का लिया जायजा

■ जल संकट और सफाई व्यवस्था पर नगर पालिका अधिकारियों को दिए निर्देश



**बेमेतरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर की जनसमस्याओं को जमीनी स्तर पर समझने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू शनिवार रात्रि स्कूटी पर सवार होकर नगर के वार्ड क्रमांक 03, 04 एवं 07 के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। रात्रि भ्रमण के दौरान विधायक ने मोहल्ले-मोहल्ले जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और पानी आपूर्ति, नाली सफाई, बिजली व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

नगरवासियों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक साहू ने मौके पर ही नगर पालिका अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश जारी किए। सिंधी कॉलोनी में जल संकट की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने तथा स्थायी समाधान के लिए नए बोर खनन के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड क्रमांक 07 में घर-घर जाकर जल समस्या की जानकारी ली द्य और कहा नए बोर खनन जो हुए है आज रात से ही नियमित जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी द्य

### सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था की बदतर स्थिति देखकर विधायक साहू ने नगर पालिका सीएमओ को सख्त फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि च्च्सिर्फ फोटो खिंचवाने से काम नहीं चलेगा, जमीनी हकीकत में भी साफ-सफाई दिखनी चाहिए ज्ज साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

### सेवा भावना से जुड़ने का आह्वान

विधायक साहू ने युवा साथियों से भी सेवा भावना के तहत जल संकट प्रभावित इलाकों में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में हर युवाओं को जनसेवा में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

### जनसंपर्क में झलकी संवेदनशीलता

रात्रि भ्रमण के दौरान विधायक श्री साहू की सक्रियता और संवेदनशीलता से नागरिकों में उत्साह देखने को मिला। आमजन ने विधायक की इस पहल का स्वागत करते हुए भरोसा जताया कि समस्याओं का निराकरण शीघ्र होगा।

नगरवासियों ने कहा कि लंबे समय बाद कोई जनप्रतिनिधि सीधे गलियों में आकर हमारी समस्याएं सुन रहा है। विधायक साहू का यह प्रयास जनसेवा के प्रति उनकी गंभीरता और समर्पण का प्रतीक है।

इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पार्षद रवि मुलवानी, सजनी यादव, रेवा राम निषाद, योगेश वर्मा, दीनानाथ साहू, ओमकार साहू सहित नगर पालिका अधिकारी सीएमओ कोमल सिँह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि गण नगरवासी मौजूद रहे।

# बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**थान खम्हरिया,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। उमस भरी गर्मी के साथ बिजली की आंख में चोली से लोग परेशान है नगर में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंखमिचोली आए दिन किसी भी वार्ड में बिजली विभाग के आंख मिचोली चल रही है, रविवार को विद्युत विभाग की मनमानी से नगर में काफी समय तक अंधेरे में दुबा रहा थोड़े से मौसम बदलता है बिजली बंद कर दी जाती है, बिजली बंद होने से लोग परेशान हो रहे हैं, गर्मी के चलते लोगों को और ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मच्छरों से भी लोग त्रस्त हो रहे हैं, नगर पंचायत के द्वारा नालियों में छिड़काव नहीं किया जा रहा है, ग्रामीण अंचल में भी तूफान बारिश नहीं आने के बाद भी बिजली गोल होना आम बात हो गई है ग्रामीण क्षेत्र में भी पिछले कई दिनों से बिजली गोल हो रही है ,रात में कई बार अचानक बिजली गोल होने से विभाग दिलचस्पी नहीं दिखलता वही कनिष्ठ यांत्रिक कामता साहू अपने काम के प्रति उदासीन रहते हैं, हमेशा नशे की हालत में रहते हैं, संबंधित विभाग के( जेई गुप्ता जी एवं डीई शुक्ला जी) को सूचना होने के बाद भी



स्थिति में सुधार नहीं आया है ,ग्रामीणों का कहना है ,शहर के नजदीक गांव में बिजली व्यवस्था अक्सर ढप रहता है ,विद्युत विभाग के अधिकारी इस दिशा में ध्यान नहीं देते विद्युत उपभोक्ता परेशान रहते हैं, विद्युत विभाग के अधिकारी लोडिंग बढाने का हवाला देकर अपना बचाव कर लेते हैं ,वही नगर में खंबे से हैकिंग कर अवैध कनेक्शन कर 24 घंटे विद्युत चला रहे हैं ,जिससे शासन को लाखों रुपए का राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है, संबंधित विभाग को इस और ध्यान देकर उपभोक्ता को राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए और अवैध कनेक्शन वालों पर कार्रवाई करना चाहिए!

# पीएम मोदी की मन की नपाध्यक्ष व पार्षदों ने सुनी

**बेमेतरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के 121 वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज मैं मन की बात कर रहा हूं लेकिन मेरे मन में पीड़ा है मुझे दुख है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने कहा न्याय जरूर होगा आतंकियों ने जो कायरता पूर्ण कार्य को अंजाम दिया है उसको हम छोड़ेंगे नहीं हर मोर्चे पर देंगे उनको शिकस्त।



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाईः पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

पहलगाम आतंकी हमलाः पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा और कायरता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक 1द्वड्डह्ड्डुठ्ठ4 थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, तब दुश्मनों को यह रास नहीं आया।

डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलिः पीएम मोदी ने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि डॉ. कस्तूरीरंगन ने विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पर्यावरण संरक्षणः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ने पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण पर जोर देते हुए कहा प्रकृति की हरियाली के लिए पेड़ लगाना जरूरी है।पीएम मोदी ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने का आग्रह किया और कहा कि हर किसी को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मोंटी साहू महेश साहू पंचू साहू नीतू कोठारी नीलू राजपूत दोहाई वर्मा शेखर वर्मा युगल देवागन संतोष वर्मा राजू देवागन धर्मेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी मन की बाते ।

# आखिर गोवंशों का कौन बनेगा पालनहार नगर में गायों की दयनीय हालत

**थान खम्हरिया,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। हिंदू समाज में गाय को पारंपरिक रूप से एक देखभाल करने वाली और मातृ स्वरूप के रूप में पहचाना जाता है। और हिंदू समाज गाय को निस्वार्थ दान, निस्वार्थ बलिदान, सभ्यता और सौम्यता के प्रतीक के रूप में सम्मान देता है। इन दिनों नगर में सड़कों पर घूमने वाले गोवंश से हर दो चार दिन में एक की मौत हो रही है। और मौत का कारण पॉलिथीन खाना सबसे ज्यादा बताया जा रहा है। साथ ही कुछ की सड़क हादसे में घायल होने से मौत हो जाती है। मृत गो वंशों की सूचना मिलने पर यहां पर नगर पंचायत के द्वारा कोई अंत्येष्टि स्थान नहीं है। जहां गाय सेवकों के द्वारा मिट्टी दिया जा सके। इस ओर नगर पंचायत को ध्यान देना आवश्यक है।

वही नगर में मालिकों के द्वारा गाय को दुहने के बाद छोड़ दिया जाता है। जो बाजार में दुकानदारों के द्वारा फेंका हुआ कचरा, लाठी खाती रहती है। खरीदी करने आए ग्राहकों के



डिग्गी से सामान निकालकर नुकसान पहुंचाती है। इसका समाधान निकालना आवश्यक है। गोवंशों के संरक्षण के लिए सरकार गंभीर है। लेकिन जिले में अभी भी बड़ी संख्या में गो वंशों को सहारा नहीं मिला है। बेमेतरा जिला के झालम में गोवंश की दिशा में पहल की गई थी। लेकिन लगता है, ठंडा बस्ते में चली गई। वर्तमान में झालम में गो वंशों का संरक्षण हुआ है। वहां भी अव्यवस्था हावी है। चारे के नाम पर वहां पर सूखा भूसा दिया जा रहा है। झालम के गोशाला कर्मचारियों के भरोसे चल रही है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। जिससे गौ माता का रक्षा हो सके। नगर में गोठान भी सुरक्षित नहीं है। गोठान में भी अतिक्रमण कर लिया गया है। राजस्व विभाग भी हाथ में हाथ बांधे बैठा है। जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती। तो उपरोक्त समस्याओं के संदर्भ में गो सेवकों के द्वारा जन आंदोलन की आवश्यकता है।

## गोस्वामी समाज द्वारा 4 मई को जगत गुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव मनाई जाएगी

**बेमेतरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा 04 मई रविवार को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव की धूमधाम से मनाने की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जूटे हुए हैं कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ सुबह 10ः00 बजे से शुरू होगा7पूजा अर्चना पश्चात शंकराचार्य पर केन्द्रित ब्याख्यान होगा अतिथि स्वागत होगा 7 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण साव, अध्यक्षता माननीय महापौर मीनल चौबे जी एवम रामसुंदर दास महाराज मंडलेश्वर एवम पीठाधीश्वर दुधाधारी मठ विशिष्ठ अतिथि होंगे श्री श्री 1008श्री महंत विवेक गिरी महाराज थानापति गौर कांपा आश्रम (मुंगेली) विशिष्ठ अतिथि एवम सच्चिदानंद गिरी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली विशिष्ट अतिथि होंगे अतिथि महंत गण होंगे 7 कार्यक्रम को सफल बनाने प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी कोषाध्यक्ष सुधीर बन महासचिव संजय गिरी कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन जिला अध्यक्ष वेदपुरी गोस्वामी कोषाध्यक्ष रमेश पुरी सचिव योगेन्द्र पुरी प्रचार सचिव हेमंत बन कपिल पुरी संरक्षक लिल्लार पुरी, चित्रसेन गिरी हरभूशन गिरी एवम सभी जिलो द्वारा वृहद् स्तर से तैयारी की जा रही है।

## हाई स्कूल छिरहा में शाला विकास में पालक सहभागिता प्रोजेक्ट सफल

**कवर्धा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यालय विकास में पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित च्शाला विकास में पालक सहभागिताः शासकीय हाई स्कूल छिरहा का प्रयासज्ज प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इस अभिनव प्रयास का मुख्य लक्ष्य विद्यालय की गतिविधियों में पालकों की सहभागिता बढ़ाना, शिक्षक और अभिभावक के मध्य स्वस्थ संवाद स्थापित करना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति में पालकों की रुचि को बढ़ावा देना और विद्यालय के विकास के लिए अभिभावकों से उपयोगी सुझाव प्राप्त करना था। प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के दौरान प्राचार्य चन्द्रवंशी ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने नियमित रूप से पालक शिक्षक बैठकों का आयोजन किया, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। शिक्षकों को साथ लेकर पालकों से उनके घरों पर जाकर संपर्क स्थापित किया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की नियमित जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से पालकों तक पहुंचाई गई। इस सक्रिय और सतत प्रयास का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है। प्रोजेक्ट के परिणामस्वरूप, विद्यालय से पालकों के जुड़ाव में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अब अभिभावक न केवल विद्यालय की गतिविधियों में अधिक रुचि ले रहे हैं, बल्कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की उपस्थिति पर भी पड़ा है, जिसमें काफी सुधार देखा गया है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पालकों का सहयोग विद्यालय के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब अभिभावक व शिक्षक मिलकर काम करते हैं, तो बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है। इस प्रोजेक्ट की सफलता सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



## नगर पालिका ने भीषण गर्मी को देखते हुए निर्माण कार्यों में लगाई रोक

**बालोद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। वर्तमान में नगर में विभिन्न विकास कार्य जैसे सीसी रोड निर्माण, भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य होने है किन्तु वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है वाटर लेवल अभी से डाउन हो चुका है जिससे कई इलाकों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है नागरिकों को पानी समस्या ना हो इस हेतु निकाय द्वारा ठोस कदम उठाने के कार्य भी शुरु हो चुके है। विगत दिनों कार्यालय नगर पालिका द्वारा निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें ठेकेदारों को आगामी गर्मी को देखते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ ना करने को कहा गया है क्योंकि निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने हेतु पानी की अत्यधिक आवश्यक्ता होती है किन्तु पानी की समस्या के कारण रोड एवं भवनों में क्युरिंग का कार्य सही ढंग से नही हो पायेगा जिससे गुणवत्ता में गिरावट आयेगी जो कि चिंता का विषय है गुणवत्ता से समझौता ना हो इस कारण कार्यों पर रोक लगाई गई है। जिन क्षेत्र में पानी की समस्या नही है उस क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जा सकता है। सभी ठेकेदारों को नये बने रोड एवं भवनों में क्युरिंग को विशेष महत्व देने हेतु कड़ी हिदायत दी गई है।

# केसीजी जिले में पानी के लिए मारामारी जलजीवन मिशन योजना पूरी तरह हो रही फ्लॉप

**खैरागढ़,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। केसीजी जिले में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना अब पूरी तरह से फेल होता हुआ दिखाई दे रहा है। भरी गर्मी में गांवों तथा शहर के ग्रामीणों को पानी के लिए मारामारी व लड़ाई झगड़ा करना पड़ता है। जल जीवन मिशन योजना अब पूरी तरह से ठंडे बस्ते में चली गई है।



■ जिले के नागरिकों को पानी के लिए करनी पड़ रही भारी मशक्कत

### कई ठेकेदार आधा अधूरा काम कर छोड़ दिये है

केसीजी जिले में अधिकारियों का दबाव ठेकेदारो के ऊपर नही होने के कारण आज पीएम जल जीवन मिशन योजना अब धीरे धीरे फ्लॉप होते जा रहा है। कई ठेकेदार तो ऐसे है जो अभी तक नींव भी नहीं खोदे है। कई जगह पर टंकी आधा बना हुआ है तो कई जगह पर पाइप लाइन डाल कर रख दिया गया है। और टंकी का आता पता नही है। जिले में जिल जीवन मिशन योजना के तरफ आधिकारियों का ध्यान जरा भी नहीं है, बंद कमरे में ऐसी के हवा में बैठकर मजा ले रहे है। जिन - जिन गांवों में जल जीवन मिशन योजना का निर्माण कार्य होना है या हो रहा है वहां तक अधिकारी अभी तक नहीं पहुंचे है। अधिकारियों को केवल कमीशन से मतलब है। बाकी योजना कागजों में चल रही है पर धरातल में आज भी शून्य है। कुछ गांवों में एक दो टंकी का निर्माण व पाइप लाइन डाल कर अधिकारी वाहवाही लूट रहे है। आज भी वनांचल के लोगों को शुद्ध पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इसका जिम्मेदार कौन अधिकारी या फिर राजनीतिक नेता अब सीधा सवाल उठ रहा है।

### अधिकारी नही करते है कामों का मॉनिटरिंग

पीएम जल जीवन मिशन योजना की शुरुआत पूरे भारत वर्ष में एक पंचवर्षीय पूर्व योजना की शुरुआत की गई थी। पर आज तक केसीजी जिले में पीएम जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्य की गति अब कछुआ गति से चल रहा है। जिसका जिम्मेदार कही न कही अधिकारी होगे अधिकारियों की लापरवाही के चलते जिले में जल जीवन मिशन योजना का कार्य आज पर्यन्त तक आधा अधूरा हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत को देखते हुए इस योजना की शुरुआत पूरे भारत वर्ष में किया पर आज तक पीएम नरेंद्र मोदी के एक पंचवर्षीय निकलने के बाद दूसरा पंचवर्षीय शुरू हो गया है। पर भी जल जीवन मिशन योजना का आता पता नहीं है। जिले के लोगो को पानी के तरसना पड़ रहा है। ठेकेदार को काम मिलने के बाद आधा अधूरा काम कर भाग जाते है। ग्रामीण स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ठेकेदारो पर दबाव नही बना पाते काम को लेकर कहीं ना कहीं जल जीवन मिशन योजना के कार्यों में अधिकारी भी ठीक से मॉनिटरिंग भी नहीं कर पाते है।

## प्राथमिक शाला जिया के शिक्षक को एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान, चुनौती की पूरी



**थान खम्हरिया,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। एफएलएन और नवाजतन रिसोर्स शिक्षक परिवार छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में कक्षा 2 और 3 के बच्चों को भाषा और गणित में 100त्न दक्ष करने, साथ ही नवाजतन के माध्यम से बच्चों में कक्षा स्तर की दक्षता लाते हुए नई शिक्षा नीति के अनुरूप 21 वीं सदी के कौशल लाने हेतु प्रयास करने के लिए डॉ. योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक लोकशिक्षण संचालनालय रायपुर, आशुतोष चावरे उप संचालक लोकशिक्षण संचालनालय रायपुर, सुनील मिश्रा एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी एससीईआरटी रायपुर , जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर , जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, डाइट प्राचार्य रायपुर, डाइट प्राचार्य बेमेतरा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य स्तरीय सम्मान शासकीय प्राथमिक शाला जिया बेमेतरा मे पदस्थ सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सोनवानी को प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार छ ग के 35000 विद्यालयों में से 1500 शिक्षको ने चुनौती स्वीकार की जिनका विभिन्न माध्यमों से, कई चरणों मे चयनित होने के उपरांत टॉप 100 शिक्षको को प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह आँजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर मे आयोजित की गयी जिसमे छ ग के 33 जिले के रिसोर्स पर्सन और चयनित शिक्षक साथी उपस्थित हुए। सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सोनवानी का कहना है कि इस तरह के आयोजन निश्चित ही शिक्षक साथियों को और अधिक ऊर्जा और निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, यह सम्मान मेरे बच्चों के अथक मेहनत और लगन को समर्पित है। शिक्षक के इस उपलब्धि के लिए शाला के प्रधान पाठक कनक टंडन, संकुल समन्वयक संतराम साहू और समस्त स्टाफ ने शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सोनवानी को बधाई दी।

## भरदाकला के हाई स्कूल में कम्प्यूटर कक्ष का लोकार्पण व सेवानिवृत प्राचार्य निगार अंजुम को दी गई विदाई

**खैरागढ़,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम भरदाकला के शासकीय हाई स्कूल में गुरुवार 24 अप्रैल को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी स्कूल की सेवानिवृत प्राचार्य निगार अंजुम खान का विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के कर कमलों से सम्मानित किया गया इस दौरान हाई स्कूल के कम्प्यूटर कक्ष का लोकार्पण व पुलिया निर्माण का भूमिपूजन भी विधायक यशोदा वर्मा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा उपस्थित रही कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष परमानंद साहू ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधी नीलांबर वर्मा, भरदाकला के सरपंच शेखर कुर्रे, पूर्व सरपंच सविता सुखचैन साहू, पूर्व सरपंच तामेश्वरी विनोद साहू, ग्राम पटेल रघुनाथ साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल प्रसाद कोसरे, उपसरपंच शिवकुमार साहू, प्राथमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू, माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष बिरेश्वर साहू व समाजसेवी नरहर देव सिंह, रोहित साहू, रघुनंदन साहू, घसिया वर्मा, डॉ. पीताम्बर वर्मा, लतमार साहू, डोमार साहू, आशाराम साहू, सिरधेनंद नेताम, नोहर नेताम, टीकम साहू, प्रीतम बर्मन, अभयदास पुष्पा साहू,नीता साहू, अनिता टोन्ड्रे, पन्ना नेताम, विवराम यादव धीराम साहू, संतोष महिपाल व नर्मदा साहू व समस्त पंचगण सहित स्कूल की प्रभारी प्राचार्य पायल मेश्राम, वरिष्ठ शिक्षिका दीपाली सिंह, प्रेरणा सिंह, व्याख्याता दानेश्वर भैसारे व व्याख्याता ओमप्रकाश सोनी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा सहित समस्त अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की विधिवत् रूप से पूजा अर्चना की तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तदोपरांत मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने ग्राम भरदाकला हाई स्कूल के कंप्यूटर कक्ष का विधिवत् रूप से पूजा अर्चना कर लोकार्पण एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि ग्राम भरदाकला में कभी भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा ने सेवानिवृत प्राचार्य निगार अंजुम खान के तकरीबन 43 वर्ष के शिक्षकीय जीवन काल की तारीफ भी की और कहा कि निगार अंजुम जैसे गुरु विरले होते है। उन्होंने कहा कि निगार अंजुम ने अपने शिक्षकीय जीवन में बेहतरीन कार्य कर मिशाल कायम की और उनके इन्हीं गुणों की वजह से उन्हें राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार सहित दर्जनों विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था इस दौरान सम्मान से अभिभूत होकर सेवानिवृत प्राचार्य निगार अंजुम खान बहुत भावुक हो गई और उन्होंने विधायक सहित समस्त ग्रामवासियों व समस्त शिक्षकों के प्रति ऐसी भावभीनी विदाई देने के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही समस्त छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी और कहा कि मैं सरकारी नौकरी से सेवानिवृत जरूर हो गई हूं पर जरूरत पड़ने पर मेरा मार्गदर्शन अपने सभी कनिष्ठ शिक्षकों और प्यारे छात्रों को हमेशा मिलता रहेगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।



# मरार समाज के आदर्श विवाह में 14 जोड़े वर वधु बंधे विवाह -गठबंधन में



**डोंगरगांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी के द्वारा ग्राम बगदई में आदर्श सामूहिक विवाह आयोजन में 14 जोड़े वर -कन्या विवाह गठबंधन में बंधे ।कार्यक्रम प्रात: 8-00 बजे वर-वधुओं के उपस्थित लेकर समाज प्रमुखों ने अपने अधिष्ठात्री देवी माता शाकंभरी की पूजा अर्चना और महात्मा ज्योतिबा फुले -माता सावित्रीबाई फुले की तैलचित्र पर फूल माला अर्पण कर शुभारंभ की ।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव अपने धर्मपत्नी जय श्री साहू के साथ पहुंचे उन्होंने समाज की एकता की सराहना करते हुए सामाजिकता व रीति रिवाज के महत्व को बनाए रखने की सामाजिक प्रमुखों के योगदान को बहुत बड़ी बताया जिसमें आपस में एक दूसरे को सम्मान मिलता है । विधायक जी ने समाज की सामुदायिक भवन मांग के लिए विधायक निधि से 5 लाख रु देने की घोषणा की और अपने धर्म पत्नी के साथ वर-वधुओं को भेंट देखकर सफल मांगलिक जीवन की शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम के स्वागत भाषण में समाज अध्यक्ष देव कुमार पटेल आदर्श विवाह जरूरी क्यों पर विचार रखें औरआदर्श विवाह में जुड़ने की अपील की ।इस अवसर पर टिकेश साहू जी पूर्व जनपद अध्यक्ष डोंगरगांव, खुमान नेताम , रवि साहू , दीपक बाई पटेल , ममता मनीष पटेल , शोभना पटेल जनपद सदस्यगण व समाज के ब्रह्म देव पटेल ,गया प्रसाद पटेल ,अंतर्राष्ट्रीय कलाकार डॉ के के पाटील, डॉ राजकुमार पटेल , त्रिवेणी पटेल, डेहर पटेल, ईश्वर पटेल महेंद्र पटेल, हरीश पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संध्याकालीन में समापन समारोह में सांसद संतोष पांडे उपस्थित हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में सामाजिक महत्व को बताते हुए सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में बात रखी विशेष कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह के माध्यम से सभी बीपीएल के कन्याओं के लिए ?35000 आर्थिक सहयोग सरकार की योजना के तहत चेक भेंट कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल ने भी सरकार के योजनाओं के तहत समाज को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में कार्यक्रम चलाने और उच्च शिक्षा के लिए युवा पीढ़ियां को प्रेरित किया ।

विशेष अतिथि के रूप में दिनेश गांधी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,रामकुमार गुप्ता ,धनराज ठाकुर, जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य , रंजीत पड़ोती, अंजू त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव एवं दीना पटेल के साथ समाज के खेलु राम पटेल, केशव पटेल, अशोक पटेल खोरबहराराम पटेल , योगेश पटेल नीलेश पटेल शामिल हुए

राज अम्बागढ़ चौकी के सामाजिक प्रमुख देव कुमार पटेल , महासिंह पटेल ,उमेदी पटेल, देव सिंह पटेल देशन पटेल, मानसिंह पटेल ,राम पटेल, सुदर्शन पटेल और भुनेश्वर पटेल, रोमन पटेल ,देवीलाल पटेल गुलशन पटेल, द्वारका पटेल, परस पटेल ,हीरामन पटेल, हीरालाल पटेल ,चरण पटेल ,मोहन पटेल मेहत्तर पटेल, टेकराम पटेल अनिल पटेल, नरेश पटेल ,मुकेश पटेल, बिझवार पटेल, केवल पटेल, जीवन पटेल अनक पटेल, प्रकाश पटेल सुरजू राम पटेल, डेरहाराम पटेल, उर्मिला बाई पटेल ,रेनू पटेल बैशाखिन बाई पटेल, रेवती बाई पटेल, लिलिमा पटेल ,अंजू पटेल सहित समाज के लगभग 6 हजार की संख्या में उपस्थित होकर वर- वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया ।समाज के द्वारा भोजन व्यवस्था सुबह 9 से रात्रि 10-00 बजे तक संचालित रखा ।कार्यक्रम का विशेष- प्रतिभावान बच्चों को सम्मान वआदर्श विवाह को पूर्ण रूप से सामाजिक रीति- रिवाज, परंपरा अनुसार तेल मायन, हरिद्रा लेपन, बारात स्वागत, पाणिग्रहण शाकोचार मंत्रो उच्चारण से सप्तफेरा और अंत में बेटी की विदाई रश्म कर रात्रि 10-00 बजे कार्यक्रम समापन की गई।

# पहलगाम के आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को सिंधी समाज ने दी श्रद्धांजलि

## उदयाचल की मौन श्रद्धांजलि रैली में शामिल हुए समाज के लोग



**राजनंदगांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के सिंधी समाज द्वारा रविवार को शहीद हेमूकालानी की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर तथा दीपक जलाकर पहलगाम में मारे गए बेकसूर लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

समाज के हरीश मोटलानी एवं नितिन बत्रा ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी ने कहा कि अपने कार्यकाल में ऐसी नृशंस हत्या उन्होंने न कभी देखी और न कभी सुनी है। आतंकवादियो ने सिर्फ धर्म पूछ कर बेकसूर लोगों को मारा है। जिससे पूरे देश का खून खौल उठा है।, उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उनके संबोधन ?,,, हत्यारे को हम मिट्टी में मिला देंगे,,. की प्रशंसा की और कहा कि भारत की 140 करोड़ जनता आश्वस्त है कि मोदी जी ने जो कहा है उसे अवश्य पूरा करेंगे और पाकिस्तान में आंतकवादी और आतंक के समर्थकों को मिट्टी में मिला देंगे।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, ब्रह्मानंद बजाज,महासचिव अमर लालवानी ने भी पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म के नाम पर गोली चलाने और आतंकवादियों द्वारा की गई उन निर्दोषों की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए मृतात्माओ को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 1 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्जुनदास गंगवानी एवं आभार प्रदर्शन पार्षद राजा माखीजा ने किया। कार्यक्रम पश्चात समाज के सभी लोग उदयाचल भवन पहुंचे जहां मौन श्रद्धांजलि रैली में शामिल होकर शहर भ्रमण किया और जयस्तंभ चौक में कैंडल जलाकर कर पुन: सामूहिक रुप से मृतको को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सुरेश एच लाल बने नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष

**राजनंदगांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नांदगांव शिक्षा मंडल के सदस्यों ने सामान्य सभा का आयोजन कर आगामी वर्षों के लिए अध्यक्ष और सचिव मनोनीत किए । एक सप्ताह के भीतर नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने कार्यकारिणी की घोषणा करने की बात कही । इसी तरह नव निर्वाचित सचिव अनिल वार्ष्णेय ने भी नांदगांव शिक्षा मंडल के योगदान को गति देने हेतु समर्पण भाव दिखाया । सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने सभा के अंत में पहलगाम ( कश्मीर ) में हुए नरसंहार की निंदा करते हुए मृतकों को श्रंद्धाजलि अर्पित की ।



नांदगांव शिक्षा मंडल की सामान्य सभा विधि महाविद्यालय में वर्तमान अध्यक्ष नन्द कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । सचिव सुरेश एच लाल ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । नांदगांव शिक्षा मंडल के विधान में जरूरी संशोधन कर स्किल पाठ्यक्रम एवं नर्सिंग महाविद्यालय खोलने तथा विधि महाविद्यालय में सीट वृद्धि के साथ एल एल एम की कक्षाएं खोलने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया । नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही शिक्षा मंडल को स्वर्णिम आयाम तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया । नांदगांव शिक्षा मंडल ने शोक प्रस्ताव द्वारा जिला जज दुर्ग एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले तथा संस्था के सदस्य विक्की शुक्ला की माता श्रीमती विमलेश शुक्ला के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए । बैठक में श्रीकिशन खंडेलवाल , अशोक कोटड़िया , अशोक चौधरी , उमाकांत भारद्वाज , रईस अहमद शकील , किशोर बेलावाला एवं विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ . आर .एन. सिंह उपस्थित थे । धन्यवाद ज्ञापन नव निर्वाचित सचिव अनिल वार्ष्णेय ने किया ।

# नगर पालिक निगम को हाईकोर्ट की खरी खरी, 30 दिनों के भीतर कॉलोनाईजर पर करें कार्यवाही

**राजनंदगांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। राजनांदगॉव पटवारी हल्का बजरंगपुर नवागॉव अन्तर्गत खण्डेवाल कॉलोनी मित्र चौक ममता नगर में बने हुए कॉलोनी का है.

जहॉ कॉलोनाईजर के द्वारा कॉलोनी निर्माण के लिये नगर पालिक निगम राजनांदगॉव से विधिवत अनुमति लेकर कॉलोनी का निर्माण प्रारंभ किया गया.

कॉलोनाईजर ने नगर पालिक निगम की शर्तो के अनुसार कार्य करना स्वीकार किया और निगम के साथ एक अनुबंध पत्र का निष्पादन किया, जिसके तहत नक्शे के अनुसार कॉलोनी का निर्माण किया जावेगा, नक्शे में दर्शित प्लॉट नम्बर 11, 12, 13, 14 को निगम के पास तब तक बंधक रखा गया जबतक निगम कार्यपूर्णता प्रमाण जारी ना कर दें. साथ ही बंधक पत्र में शपथपूर्वक कथन किया किया कि यदि इस बंधक पत्र का उल्लघंन कॉलोनाईजर के द्वारा किया जाता है तो कॉलोनाईजर पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत दाण्डिक कार्यवाही की जावेग.



नगर पालिक निगम ने कॉलोनाईजर को वर्ष 2019 में पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया.

इधर कॉलोनाईजर ने नगर पालिक निगम में बंधक रखे गये प्लॉट नम्बर 11 व 12 को एक सितम्बर 2017 को दस लाख रूपयें लेकर विक्रय कर दिया.

कॉलोनी में रोड-रास्ता गार्डन आदि बातों पर विवाद उत्पन्न होने लगा, जिस पर श्रीमती दीपा रामटेके के द्वारा अन्य कॉलोनी वासियों की मदद से शिकायत की गई तथा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकाली गई तो उक्त बंधकपत्र की जानकारी हुई.

जिसकी शिकायत भी वर्ष 2021 में निगम व कलेक्टर से की गई. किन्तु 3-4 पत्र देने पर निगम ने कॉलोनाईजर को केवल सूचना पत्र जारी कर मामला ठण्डे बस्ते में डाल दिया.

तब आवेदिका श्रीमती दीपा रामटेके ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता लवकुमार के माध्यम से दाखिल किया, और कोर्ट से मॉग की कि कॉलोनाईजर सहित नगर पालिक निगम राजनांदगॉव के अधिकारी, कर्मचारी जिन्होंने सत्यता की अच्छी तरह से जॉच किये बगैर अधूरे व बंधक का उल्लघन किये जाने पर कॉलोनाईजर को पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया पर कार्यवाही का आदेश/निर्देश दिये जाने का निवेदन किया. लगभग 2 वर्ष के बाद माननीय हाईकोर्ट ने विगत सप्ताह सुनवाई करते हुए नगर पालिक निगम राजनांदगॉव को निर्देशित किया है कि वे 30 दिनों के भीतर प्रकरण की सम्पूर्ण जॉच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये है. आवेदिका की मॉग है कि कॉलोनाईजर सहित नगर पालिक निगम के जवाबदार अधिकारी, कर्मचारी, इंजिनियर सभी पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज हो.

# झुलेकर कोचिंग संचालक को सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट डालना पड़ा मंहगा पहुंचा जेल

**राजनंदगांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रार्थी दिनांक 23.04.2025 को शाम करीबन 05:00 बजे अपने व्हाट्अप को देख रहा था तभी झूलेकर कोंचिग के संचालक लेखराम झूलेकर के द्वारा सोशल मीडिया में आपत्तिजनक भ्रामक बाते प्रचारित किया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 197 भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




विवेचना के दौरान थाना बसंतपुर टीम के द्वारा आरोपी के सकुनत में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत् गिर0 कर अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने दिया अशोक लोहिया को अग्र 'रत्न'



शाल श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रांतीय बैठक अग्रवाल सेवा समिति, न्यू खुर्सीपार में आयोजित हुई। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया राजनांदगांव उपस्थित हुए। राजनांदगांव में गत दिवस विभिन्न सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं द्वारा जीवन भर सेवा कार्य के लिए अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न से सम्मानित होने पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा आज सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सगंठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.अशोक अग्रवाल, चेयरमैन अशोक मोदी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू, संरक्षक जयदेव सिंघल, महेंद्र सेक्सरिया, नेतराम अग्रवाल, महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, हेमलता बंसल, मनोज अग्रवाल, महामंत्री संजय अग्रवाल ने अशोक लोहिया को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया एवं अग्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूरे प्रदेश के लगभग 250 महिला, पुरुष एवं युवा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डोंगर गांव की गौरव बनी ग्लोरी महेश्वरी

डोंगरगाँव, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। यूनियन पब्लिक स्कूल के कक्षा 7 वीं की छात्रा ग्लोरी ( चीनी ) महेश्वरी ने अंग्रेजी ,हिंदी गणित विज्ञान,सामाजिक विज्ञान आदि विषय में, प्लस कर 97 प्रतिशत अंक प्राप्त क्लास में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता पिता स्कूल एवं नगर का मान बढ़ाया है डोंगर गांव के संदीप महेश्वरी की सुपुत्री है ,वे बड़ी होकर आई पीएस बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहती है ग्लोरी के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एवं उनके गुरु जनों सहित उनके सह पाठी मित्रो ने बधाई एवं शुभ कामनाएं दी है।



# कलेक्टर ने निर्धारित किया मुलाकात का समय , जनदर्शन प्रत्येक मंगलवार को

राजनंदगांव, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे से जिलेवासी अब निर्धारित दिवसों एवं समय में कलेक्टोरेट कार्यालय में मुलाकात कर सकेंगे। अपनी समस्याओं एवं आवश्यक कार्यों के लिए प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं गुरूवार को प्रात- 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कलेक्टर से भेंट कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को प्रात- 11 बजे से आयोजित किया जाएगा, जो जनदर्शन की समाप्ति तक चलेगा। कलेक्टर डॉ. भुरे बुधवार एवं शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे, इसलिए इन दिनों वे कलेक्टोरेट में उपस्थित नहीं रहेंगे। कलेक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे, जिससे आवश्यक कार्यों में कोई बाधा न आए।



# पाकिस्तान का पुतला दहन कर निर्दोष 28 शहिदों को श्रद्धांजलि किये अर्पित: भामसं

## पाकिस्तान सेना पर जब तक गाज नही गिरेगी पाकिस्तान आतंकवाद से बाज नहीं आएगा: मनोज दुबे

**दल्लीराजहरा,**27अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ व भाजपा के जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिकों द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के विरोध में एवं इस हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने नगर राजहरा में शांति सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान आंतकवादी समर्थक पाकिस्तान पर कड़ी कार्यवाही की मांग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से की गई, साथ ही सभी मृतकों को दीप प्रज्वलित कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की और साथ ही पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया और पाकिस्तान के पुतले को जूते चप्पलों से मारते-पीटते पुतला जलाया गया। । जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने कहा कि ञ्व्यह हमला सम्पूर्ण मानवता को शर्मशार करने वाला है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ और कठोर एवं निर्णायक कार्यवाही की जाए ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो पाकिस्तान की शह पर जिस तरह निर्दोष पर्यटकों को धर्म पूछकर निशाना बनाया गया इससे पुरा देश स्तब्ध है। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने कहा कि जवाब अब शब्दों से नहीं, ठोस कार्यवाही से दिया जाना चाहिए। हम सभी शहीदों को नमन करते हैं।ञ्ज और देश के प्रधानमंत्री से आग्रह करते हैं जल्द ही देश की जनता के भावनाओं के अनूरूप कड़ी कार्यवाही किया जावे नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि कश्मीर से 370 की धारा को हटा वँहा चौमुखी विकास किया जा रहा था, जिससे वँहा की अवाम भी खुश थी पर इस कायराना हरकत ने फिर कश्मीर के लिए मुश्किल खड़ा कर दी है, हम सभी कार्यकर्ता आज भी राष्ट्रभक्ति की उसी भावना से प्रेरित हैं जैसे पहले थे। ऐसे आतंकी हमलों से हमारा मनोबल नहीं टूटेगा, बल्कि और दृढ़ होगा। उन्होंने आगे कहा की आतंकवाद के घटनाओं को रोक लगाने की लिए एक बार आर पार की लड़ाई की जरूरत है। सीधा पाकिस्तान की सेना प्रमुख पर जो आतंकवाद को पाल पौस रहा है,उन पर कार्यवाही होनी चाहिए आतंकी तो मरने के लिए ऐसा कार्य करते हैं उन्हें हम मारे या पाकिस्तान में मरे इससे पाकिस्तान सरकार व वहां की सेना को कोई फर्क नहीं पड़ेगा पूर्व में भी भारत की धरती में ऐसी घटना को आतंकवादी अंजाम दे चुके हैं जिससे पकिस्तान सरकार व वहां की सेना को कोई फर्क नहीं पड़ता है ।जब तक वहां की सेना प्रमुख व पुरी फौज पर गाज नहीं गिरेगी पकिस्तान सरकार बाज नहीं आएगा उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की है की पकिस्तान सेना पर कार्यवाही करें तब जा कर पाकिस्तान से आतंकवाद का जड़ खत्म होगा यह पुरे देश की जनता की मांग है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुश्ताक अहमद, लखनलाल चौधरी, रामेश्वर साहू, मनोज दुबे , मेवालाल पटेल, सोमेश जयसवाल,संजय यादव , विनोद कुमार आरडे, महेन्द्र साहू, रजनीश जरयाल, कुमार राम घ्रुव, पी एस पटेल, अजीत मलिक, डी पी साहू, एवं झरनदल्ली के सभी सदस्य, हितकसा के सभी सदस्य, आई ओ सी एल के सभी सदस्य, राजहरा टाउनशिप के सभी सदस्य, राजहरा एवं आईओसीएल के सुरक्षा गार्ड, एवं अन्य सभी साथियों ने आतंकियों के गोली से सभी 28 शहिदों को नमन किया और श्रध्दांजलि दिये



# मड़ौदा में हुआ गीत यामिनी कार्यक्रम का ग्यारहवॉं पड़ाव

देर रात तक चलता रहा गीत यामिनी का कार्यक्रम




**खैरागढ़,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लॉक के ग्राम मड़ौदा में गीत यामिनी प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन की दूरगामी योजना चलो गॉंव की ओर के अन्तर्गत ग्यारहवॉं गीत यामिनी आमनेर के किनारे ग्राम मड़ौदा में सम्पन्न हुआ। देर रात तक चले कार्यक्रम की शुरुआत में विनयशरण सिंह की जंगल के रखवाले (बाल नाटक) और पीयर-पीयर फूल (बाल कविता संग्रह) किताबों का विमोचन किया गया उसके तत्पश्चात कवि सम्मेलन के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना की शुरुआत दिवंगत ललित सुरजन दिवंगत गोरेलाल चंदेल, डॉ.जीवन यदु, व डॉ.प्रशांत झा दोनों के माध्यम से ग्राम ईटार में चलो गांव की ओर कार्यक्रम की शुरूआत ईटार से किया गया । इसके सूत्रधार डॉ.प्रशांत झा है जिसका ग्यारहवां पड़ाव ग्राम मड़ौदा में किया गया है। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन और चलो गॉंव की ओर का उद्देश्य केवल कविता ही पढ़ना नहीं है रचना के विविध आयाम से परिचित कराते साहित्य को समाज से जोड़ना भी है। डॉ.प्रशांत झा ने चलो गॉंव की ओर के गीत यामिनी की ग्यारहवें पड़ाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लगातार स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आयोजित किया जाता था। इस वर्ष चुनाव की वजह से अप्रैल माह में मड़ौदा गॉंव के विशेष सहयोग से यह संभव हो पाया है। विमोचित किताबों पर अपनी बात रखते हुए डॉ. जीवन यदु ने कहा कि बाल मनोविज्ञान की गहरी समझ रखने वाले विनयशरण सिंह ने बच्चों को ध्यान में रखते हुए छोटे-छोटे छंद में चित्रात्मक शैली के साथ ध्वन्यात्मक शब्दों अच्छा प्रयोग किया है। तत्पश्चात कवि सम्मेलन रवि श्रीवास्तव के संचालन में सबसे पहले जीवन यदु ने अपनी चर्चित छत्तीसगढ़ी ग़ज़ल आजादी के बाद बबा के को सस्वर पाठ से और वर्तमान रोजगार व्यवस्था पर व्यंग गीत चढ़ जा तैहा नौकरी के रेल लोक धुन पाठ किया। संतोष झांझी ने अपनी सुमधुर आवाज में मुक्तक के बाद जिन्दगी, विनयशरण सिंह ने दीर्घ व्यंग्य गीत आजादी के अट्ठहतर साल का पाठ किया। डॉ.प्रशांत झा ने गॉंव की संस्कृति को रेखांकित करते हुए मड़ौदा गॉंव का पाठ किया। स्थानीय कवि के रूप में गिरधर सिंह राजपूत ने गॉंव अब और तब गीत का पाठ करते हुए गॉंव की विसंगतियों को उजागर करते हुए रास्ता दिखाया और देविका साहू ने छत्तीसगढ़ के सुघ्घर तिहार शीर्षक से गीत पढ़ी। संकल्प पहटिया ने बदलते धार्मिक-राजनैतिक राष्ट्रवाद से उपजी उत्सव के उन्माद में बदलने वाले दृश्यों को आधार बनाते हुए मुक्त छंद कविता नारे का पाठ किया। यशपाल जंघेल ने राम का आश्रय लेकर जेमा जतका लूट हे भांचा छत्तीसगढ़ी ग़ज़ल का पाठ किया। रवि यादव ने छत्तीसगढ़ी गीत ज्ञान बघारे बर बने हे का पाठ किया। रवीन्द्र पाण्डेय ने हरिशंकर परसाई की परम्परा का निर्वाह करते गद्य व्यंग्य ईमानदारी यही भली का पाठ किया। मकसूद अहमद ने उर्दू परम्परा का निर्वाह करते हुए ग़ज़ल पढ़ी। सागर इंडिया ने मंचीय अंदाज में गीत का पाठ किया और अंत में जीवन यदु ने अपनी देश भर में चर्चित हिन्दी गीत जब तक रोटी के प्रश्नों पर का सस्वर पाठ किया। इस कवि सम्मेलन में निश्चित अंतराल में रवि श्रीवास्तव ने मॉं और धर्मनिरपेक्ष गिद्ध का पाठ किया और अंत में गॉंव की नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इससे पहले गिरधर सिंह राजपूत के संचालन में सभी कवि- रचनाकारों का छत्तीसगढ़ी लोक-परम्परा की याद को ताजा करते हुए शाल-श्रीफल के साथ-साथ बैठकी और धान झालर से सम्मान किया और डॉ. मनेन्द्र साहू ने स्वागत भाषण में सभी रचनाकारों के अमूर्त रूप को साकार करते हुए कहा कि आज का दिन और यह रात हम गॉंववासी के लिए किसी स्वप्न के साकार होने के जैसा है।

उल्टा पुल्टा

दो बातें हमेशा याद रखना-
- हर इंसान उतना बुरा नहीं होता, जितना वह आधार कार्ड पर दिखता है.
-हर इंसान उतना अच्छा भी नहीं होता, जितना वह अपनी फेसबुक पर।

संपादकीय

## जल संरक्षण अभियान सफल हो

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हाथ में लिया गया है जो समय की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के मौके पर गुरुवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने बतलाया कि राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण अभियान चलाया जायेगा। निश्चित ही यह इस मायने में एक महती कार्यक्रम कहा जायेगा क्योंकि शहरों की तरह ग्रामीण इलाकों में भी जल संकट के प्रारम्भिक चिन्ह दिखाई देने लगे हैं। नदियों, तालाबों, कुंओं जैसे नैसर्गिक जल संसाधन सूखने लगे हैं। गांवों में भूगर्भीय जल स्तर चाहे शहरों से बेहतर हो परन्तु यदि उसकी ओर तुरन्त ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में कुछ शहरों के कतिपय इलाकों की ही तरह गांवों में भी जल संकट देखने को मिल सकता है। ग्रीष्म काल जल संरक्षण अभियान के प्रारम्भ करने का सबसे उपयुक्त समय है।

हाल के वर्षों में हुए शहरीकरण तथा औद्योगीकरण के चलते नगरों के आसपास का पानी लगातार सूख चला है। तालाबों का या तो अतिक्रमण हो रहा है अथवा अन्य कारणों से उसकी जल संग्रहण क्षमता सतत घट रही है। इसे इसलिये बढ़ाया जाना ज़रूरी है क्योंकि यदि ग्रामीण इलाके सूख गये तो उसका जनजीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। जो फसलें वर्षाकालीन पानी से ली जा सकती हैं, उन्हें लेकर अधिक चिंता नहीं परन्तु सारे साल सब्जी-भाजी से लेकर अन्य फसलों के लिये लगने वाले पानी का अभाव हुआ तो समस्या विकराल हो सकती है। फिलहाल यह दिक्कत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चाहे दिखाई न पड़ रही हो लेकिन आगे चलकर यह समस्या गम्भीर रूप धारण कर सकती है।

तकरीबन 11700 ग्राम पंचायतों में 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' चलाया जायेगा जिसमें पंचायत सदस्यों की भागीदारी रहेगी। सरकार को चाहिये कि इस अभियान को पर्याप्त आर्थिक सहायता दे। तालाबों का गहरीकरण व उनकी पचरियां बनाना, सम्भव हो तो उनका सौंदर्यीकरण करने के अलावा गांवों के कुंओं की साफ-सफाई, डबरियां बनाने जैसे उपाय बहुत मददगार हो सकते हैं। तालाबों की सारे साल उपयोगिता तो रहती है लेकिन गर्मी के प्रारम्भ होते ही वे सूखने लगते हैं। इसके चलते उसमें निस्तारी नहीं हो सकती। बड़ी ग्रामीण आबादी अपने विभिन्न उपयोगों के लिये इन तालाबों पर निर्भर रहती है। इनके गहरीकरण के साथ उन्हें जलकुम्भी से बचाना भी आवश्यक है। कई तालाबों में गाद जमने से उनकी क्षमता घट जाती है। जमीन के नीचे के जल का स्तर बनाये रखने में तालाब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका संरक्षण ज़रूरी है। ऐसे ही कुंओं, नदियों आदि की भी रक्षा हो।

पंचायतें इस काम में सर्वाधिक योगदान दे सकती हैं क्योंकि उन्हें जल संरक्षण का महत्व मालूम है तथा संरक्षण के तरीके उनसे बेहतर और कोई नहीं जानता। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, प्रशिक्षण आदि उनके लिये उपलब्ध कराया जाना चाहिये।

# सेन समाज का 48वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

## 725 वीं सेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया | बाजे गाजे के साथ नगर में निकाली गई रैली

**बलौदाबाजार**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ढेढ़ीपारी देशहा सेन समाज लवनराज बलौदाबाजार का 48 वॉं वार्षिक अधिवेशन सेन मंगल भवन बलौदाबाजार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र माहले उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ, श्रद्धा मनीष वर्मा वार्ड पार्षद एवं योगेश अग्रवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्व. सालिकराम सेन, स्व. श्रीमती मानकी सेन की स्मृति में निर्माता-हरिशंकर सेन (सचिव सेन समाज), श्रीमती कविता सेन (उपाध्यक्ष सेन समाज महिला विंग) द्वारा स्थापित संत शिरोमणी सेन महाराज एवं ईष्टदेव बजरंगबली जी की नवनिर्मित प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेन समाज एक संगठित और सेवाभावी समाज है। समाज में नशापान से दूर रहकर एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज को उच्च शिखर पर ले जाया जा सकता है। डॉ. सनम जांगड़े ने सेन समाज को मानव समाज का अभिन्न अंग बताया। दुख-सुख के सारे कामों में सेन समाज अपनी महति भूमिका निभाती है। सेन समाज का इतिहास सूरवीरों एवं बुद्धिमानों से ओतप्रोत है। पौराणिक काल में राजा, महाराजाओं के यहां सेन समाज के लोग शिक्षाविद एवं मार्गदर्शक के रूप में कार्य किया करते थे। अतिथि उद्बोधन पश्चात सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। सर्व सेन समाज, नगर इकाई एवं सेलून संघ बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वाधान में संत शिरोमणी सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती बड़ी धुमधाम से मनाया गया। प्रातः 10 बजे सेन मंगल भवन से बाईक रैली निकालकर नगर भ्रमण कर पुनः सेन भवन पहुँचे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेन समाज के अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास, उपाध्यक्ष पंचराम सेन, सचिव हरिशंकर सेन, कोषाध्यक्ष बिसनु सेन, संरक्षक मुलेश्वर श्रीवास, बद्री सेन, कृष्णा सेन, सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष बसंत श्रीवास, प्यारे सेन, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शैल सेन, उपाध्यक्ष श्रीमती कविता सेन, सीमा सेन, सेलून संघ अध्यक्ष भरत सेन, नगर इकाई अध्यक्ष लिलकराम सेन, पार्षद कन्हैया सेन, नागेश सेन, नूतन सेन, अनिल सेन, युवराज सेन, चन्द्रविजय सेन, मोहन सेन, सतीष सेन, ईश्वर सेन, दुखवा सेन सहित सेन समाज के भारी संख्या में सदस्यगण शामिल हुए।



# वाहन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**नवापारा राजिम**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। अभनपुर क्षेत्र के ग्राम खोरपा में एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका की पहचान समाचार भेजे जाने तक नहीं हो सकी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है।



मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर क्षेत्र के ग्राम खोरपा में एक अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शव को देखकर आशंका जताई जा रही है कि वाहन ने महिला को टक्कर मारने के बाद घसीटा होगा। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला की पहचान समाचार भेजें जाने तक मंनहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अभनपुर सीएससी भेज दिया।

**जांच में जुटी पुलिस**

पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं मृत महिला की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल के पास नहर में एक युवक की शव मिलने से मचा हड़कंप

**राजिम**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम कुम्हरमरा में एक युवक का शव नहर में तैरते हुए मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार पांडुका क्षेत्र के ग्राम कुम्हरमरा में स्कूल के पास नहर में एक युवक की शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह नहर की ओर गए ग्रामीणों ने जब शव देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का पता चल पाएगा। शव की पहचान के लिए आस-पास के ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। मृतक की फोटो भी वायरल की जा रही है। थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर कई एंगल से मामले की जांच शुरू कर दी है।

**दुर्घटना या हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा मालूम**

# संत रामपाल महाराज के सत्संग में 5 जोड़े का दहेज रहित विवाह संपन्न

**बलौदाबाजार**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के भाटापारा में स्थित मंगल भवन में रविवार को संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग के साथ 5 जोड़े की दहेज मुक्त विवाह का आयोजन हुआ। जिसमें 1 जोड़े ने अंतर्जातीय शादी की। इसमें कोई फिजूल खर्ची नहीं की गई। बिना किसी दिखावे और आडंबर के केवल पवित्रता और सादगी के साथ विवाह गुरुवाणी से मात्र 17 मिनट में संपन्न कराया गया। इसका कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्रचलित दहेज प्रथा को समाप्त करना और विवाहों को केवल प्रेम और संप्रनता के आधार पर स्थापित करना था।



संत रामपाल जी महाराज ने समाज को जागरूक करते हुए कहा कि दहेज प्रथा, नशे की लत और व्यभिचार जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्ति प्राप्त करने के लिए हमें अपने आचरण व व्यवहार में सुधार लाना होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि परिवारों को केवल भौतिक वस्तुओं से नहीं, बल्कि प्यार और सम्मान से जोड़ने की जरूरत है। संत रामपाल ने जनसमूह से आह्वान किया कि वे समाज में फैली हुई कुरीतियों और बुराइयों के खिलाफअपनी आवाज उठाएं और एक बेहतर, धर्मनिष्ठ समाज की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने यह संदेश दिया कि यह कदम केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सत्संग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अग्रणी भूमिका : विधायक

**महासमुंद**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधान पाठक राजेन्द्र इंगोले के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शाला परिवार एवं शिक्षा समिति भलेसर महासमुंद द्वारा सम्मान कार्यक्रम अयोजित कर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सेवाराम कुर्रे ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन, सहायक संचालक एन के सिन्हा, विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, जिलाध्यक्ष छग शिक्षक संघ राजेन्द्र शर्मा,, जिलाध्यक्ष प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ओमनारायण शर्मा, संदीप घोष, मुन्ना साहू उपस्थित थे। सम्मान समारोह के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अग्रणी भूमिका रही है। शिक्षक ही समाज निर्माण में भूमिका का निर्वहन करते हुये आईएएस, आईएफएस, डाक्टर, इंजीनियर, राजनेता बनाने में जीवन समर्पित करता है। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने कहा कि शिक्षक की गोद में संपूर्ण सम्मान पलता है। उन्होंने कहा कि श्री इंगोले एक समर्पित शिक्षक होने के साथ कुशल नेतृत्वकर्ता रहे हैं। संगठन की ओर से कउमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन ने कहा कि राजेन्द्र इंगोले शिक्षा, शिक्षाथी, राष्ट्र एवं शिक्षक हित में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य करते करते हुये शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर ओमनारायण शर्मा, राजेश शर्मा, भागवत जगत भृमिल ने भी अपनी बात रखते हुये शिक्षक के सम्मान को राष्ट्र का सम्मान बताया। अतिथि विशिष्ट अतिथि के आसंदी से राजेन्द्र इंगोले प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला भलेसर ने कहा कि कुशलतापूर्वक 40 वर्षों से सेवा के लिये ईश्वर सहित समाज को धन्यवाद देता हूं जिसने मेरा हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर श्री इंगोले की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा इंगोले, विखं शिक्षा अधिकारी बागबाहरा श्री वर्मा, रामकुमार साहू, भगोलीराम, मानिक साहू, कुबेर साहू, तुलाराम डड़सेना, डी के तिवारी, मनोहर लाल साहू, टामिन साहू, कोमल साहू, जगदीश प्रजापति, प्रभारी श्रीमती अनिता सिन्हा, प्रीति कर्माकर, महेश साहू, श्री गुप्ता सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी कर्मचारी व शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीति कर्मकर, महेश साहू व आभार प्रदर्शन श्रीमती अनिता सिन्हा ने किया।



**प्रधान पाठक राजेन्द्र इंगोले की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई व सम्मान**

# पक्षियों के दाना-पानी के लिए लगाए गए मिट्टी के पात्र

**महासमुंद**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रीष्मऋतु में पक्षियों के लिए चारे पानी की व्यवस्था करते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की पहल पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका की उपस्थिति में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह उद्यान से मिट्टी के पात्र रखने का कार्य प्रारंभ किया। उपस्थित भाजपा पदधिकारियो ने कहा कि बढ़ती हुई गर्मी के कारण आम इंसान का हाल बेहाल हो रहा है ऐसे समय में मूक पक्षियों की प्राणरक्षा के लिए उनके दाना पानी की व्यवस्था कर उनकी सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। पशु पक्षियों की सेवा से आत्मिक शांति और खुशी के साथ अशुभ फल वाले ग्रह नक्षत्रों के दोष का भी निवारण होता है, किसी को जीवनदान देने के लिए गया कार्य शुभफलदायी भी होता है। नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में पशु पक्षियों के लिये दाना पानी की व्यवस्था करना का कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं उन्नत कृषक महेश चन्द्राकर, भाजपा पदाधिकारी प्रकाश शर्मा, रितेश गोलछा, मोहन साहू, गोपाल वर्मा, जितेंद्र साहू, पार्षद पीयूष साहू, माखन पटेल, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर, पंकज चंद्राकर, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, शरद राव, जितेंद्र साहू, ओमप्रकाश पटेल, सुनील पाटिल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित



# विधायक सहित भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**महासमुंद**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा नेताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता बंटी शर्मा, संदीप घोष, हरवंश सिंह मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा. इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा। आगे कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। इसके साथ ही उन्होंने देश को ग्लोबल स्पेस पावर बनाने की बात भी कही। पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ कस्तूरीरंगन की देखरेख में लॉन्च की गई थी। उनका व्यक्तित्व खास था और युवा पीढ़ी उनके कार्यों से बहुत कुछ सीख सकती है। नया सीखने, जानने और कुछ नया करने का उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। साथ ही कहा कि भारत ने अपने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा स्पेस स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने म्यांमार के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा, अफ्रीका के बीमार बच्चों का भारत में इलाज, मोबाइल एप सचेत और एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी बात की।



**देश के युवाओं एवं अन्य विषयों पर भी बात**

# महिला स्व सहायता समूहों सहित 24 हितग्राहियों के लिए 31 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत 16 महिला स्वसहायता समूहों एवं सक्षम योजनांतर्गत 8 विधवा एवं परित्यक्त महिला हितग्राहियों के आवेदनों पर परीक्षण उपरान्त 31 लाख 20 हजार रुपये की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्व सहायता समूह को आत्मनिर्भर एवं उनके व्यवसाय को गति देने एवं विस्तार करने के उद्देश्य से राशि ऋण स्वीकृत की गई है तथा महिला हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन के महत्वकांक्षी योजना "सक्षम" अंतर्गत 08 विधवा, परित्यक्त महिला हितग्राहियों को बुटिक एवं सिलाई, पापड़, साबुनदाना, मुर्रूकू, बिजौरी, किराना दुकान, टिफिन सेंटर, निरमा पाउडर, फैंसी स्टोर्स, सब्जी भाजी उत्पादन कार्य एवं अन्य कार्यों हेतु राशि स्वीकृत की गई है। लाभान्वित स्व-सहायता समूहों में अटल स्वसहायता समूह दुलदुला 1 लाख रूपए, नारायण स्वसहायता समूह, खैरताल 1 लाख रूपए, राजीव लोचन स्वसहायता समूह, कोलियारी 1 लाख 50 हजार रूपए, जय महाकाल स्वसहायता समूह, कोलियारी 1 लाख 50 हजार रूपए, यमुना स्वसहायता समूह, दशरमा 1 लाख रूपए, संगम महिला स्वसहायता समूह, पनगांव 2 लाख 10 हजार रूपए, राधाकृष्ण स्वसहायता समूह, सेमराडीह 1 लाख रूपए, सखी सहेली स्वसहायता समूह, दशरमा 2 लाख रूपए, जय गायत्री मां महिला स्वसहायता समूह, रीवाडीह 1 लाख 50 हजार रूपए, जय चितावर मां महिला स्वसहायता समूह, जारा 1 लाख रूपए, जागृति महिला स्वसहायता समूह, रीवाडीह 1 लाख 50 रूपए, जानकी माता महिला स्वसहायता समूह, अछोली 1 लाख रूपए, या ख्वाजा महिला स्वसहायता समूह नगर पंचायत पलारी 1 लाख 50 हजार रूपए, नव दुर्गा महिला स्वसहायता समूह, गितकेरा 1 लाख 50 हजार रूपए, सावित्री देवी फुले महिला स्वसहायता समूह, बलौदी 1 लाख 50 हजार रूपए, इंदिरा महिला स्वसहायता समूह नगर पंचायत पलारी 1 लाख 50 हजार रूपए राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही सक्षम योजनांतर्गत लवन निवासी गोमती साहू 1 लाख 20 हजार रूपए, सिरसाही से रमशीला बाई कुर्रे 1 लाख 20 हजार रूपए, अमेरा से पिंकी रात्रे 1 लाख 20 हजार रूपए, ईश्वरी बाई टण्डन 1 लाख 20 हजार रूपए, रसौटा से किरण गहिरवार 1 लाख 20 हजार रूपए, खैरा से भुनेश्वरी बाई नवरंगे 1 लाख 20 हजार रूपए एवं धमनी से जमुना बाई गोड़ को 1 लाख 20 हजार रूपए राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन द्वारा योजनांतर्गत 3 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण दी जायेगी तथा इसे समूहों द्वारा 24 से 36 मासिक किश्तों व सक्षम योजनांतर्गत महिला हितग्राहियों द्वारा 60 किश्तों में राशि वापस किया जायेगा।

# स्काउट गाइड ने सार्वजनिक प्याउ में राहगीरों की प्यास बुझाने किया शरबत वितरण




**महासमुंद** 27 अप्रैल (देशबंधु)। जिला संघ महासमुन्द द्वारा दलदली रोड महासमुन्द श्री राम पाठशाला के सामने संचालित प्याउ घर में शरबत वितरण किया गया। रामकुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त स्काउट के जन्म दिवस के अवसर पर उनके सौजन्य से राहगीरों को शीतल पेय शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण कार्य में श्रीराम पाठशाला के गाइड एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द के स्काउट गाइड ने शरबत वितरण कर सेवा कार्य किया। ज्ञात हो कि यह सार्वजनिक प्याउ घर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में जिला संघ के पदाधिकारियों द्वारा 9 अप्रैल को प्रारंभ किया गया है, तब से निरंतर संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन इस रास्ते से ग्रामीण जनों का आना जाना रहता हैं राहगीर इस प्याउ से शीतल जल का सेवन कर अपनी प्यास बुझाते हैं। इस प्याउ घर के पास राहगीरों के आराम के लिए वृक्ष की छाया एवं बैठने के लिए चबूतरा का निर्माण किया गया है, यहां पर बजरंग बली का मंदिर भी स्थापित है, जिसके कारण यह प्याउ लगातार चलते रहता है। शरबत वितरण के अवसर पर रामकुमार साहू स्वयं उपस्थित होकर लोगों को शीतल शरबत वितरण कार्य में सहयोग किया। राहगीरों ने शीतल शरबत का भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर समाज सेवी ताराचंद चांडक, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चन्द्राकर, ब्लाक सचिव लता वैष्णव, पूर्व डी.टी.सी. मधु शर्मा, श्री राम पाठशाला के उर्मिला मरकाम, यशोदा तिवारी, लक्ष्मी मानिकपुरी, गाइड डिगेश्वरी, बिंदा सांवरा, सुमित्रा सोना स्काउट राहुल ठाकुर, आदित्य पवार, इंद्रजीत देवांगन, निहाल चन्द्राकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चन्द्राकर ने किया। शरबत वितरण में आर्थिक सहयोग करने के लिए जिला संघ महासमुन्द की ओर से जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने रामकुमार साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आवास के बदले सिर्फ भारी भरकम कर्ज हाथ में:रश्मि

## शहरी और ग्रामीण के भेदभाव में पीस रहा गरीब

**महासमुंद** 27 अप्रैल (देशबंधु)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में लाखो पीएम आवास की स्वीकृति का श्रेय प्रदेश सरकार ले रही है। इन पीएम आवास स्वीकृति के प्रचार में करोड़ों रुपए फूंके जा रहे है। लेकिन आवास योजना की राशि में रत्ती भर नहीं बढ़ी। ऐसे में पीएम आवास योजना गरीबों के कर्ज के गहरी खाई में धकेलने का काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार स्वयं की पीठ थपथपा रही है कि हमारे सरकार ने पहली हस्ताक्षर आठ लाख गरीबों को आवास देकर उनका भला करने के लिए किया है। परन्तु आज के समय में आवास के लिए दी जाने वाली राशि पर्याप्त नहीं है। लिहाज़ा हितग्राही कर्ज लेकर आवास बनाने मजबूर है। आगे डॉ रश्मि ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा गरीबों को पीएम आवास बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार सरकार दे रही है साथ ही नरेगा से 21 हजार रूपए भुगतान किया जा रहा है। इस तरह से हितग्राही को कुल 1 लाख 42 हजार पीएम आवास बनाने दिया जा रहा है। पीएम आवास ग्रामीण की राशि में पिछले दस वर्षों से वृद्धि नहीं हुआ है। जबकि निकाय क्षेत्र में कई दफा राशि में इजाफा किया गया है। इसके विपरित पिछले दस वर्षों में बिल्डिंग मटेरियल का भाव आसमान छू रहा है। आप



अनुमान लगा सकते है कि पिछले दस वर्ष पहले सरिया का दाम क्या था और वर्तमान में छः हजार रूपए हो चला है। सीमेंट की किमतों में भी भारी इज़ाफ़ा हुआ है। यहां तक कि ढाई सौ रुपए में काम करने वाले राज मिस्त्रीयों ने भी अपना रेट बढ़ा कर दोगुना कर दिया है। महंगाई के इस जमाने में क्या आवास के लिए दी जाने वाली राशि पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि अमीरों के तर्ज पर घर बनाने के चक्कर में कर्ज में डूब रहे हितग्राही पीएम आवास के लिए दी जाने वाली राशि के अनुरूप मकान निर्माण नहीं कर हितग्राही अपने हिसाब से संपन्न लोगों का नकल कर घर बनाने के चक्कर में कर्ज के दलदल में हितग्राही धस रहा है। परन्तु इसके अलावा कोई चारा भी तो नहीं। पुराने मकान में पूरा संयुक्त परिवार एक साथ रहता था आवास स्वीकृत होने पर पूरा घर तोड़ना पड़ा अब वह घर 1 लाख 40 हज़ार में बनने से तो रहा, नतीजन हितग्राही मोटा कर्ज कर या जमीन बेंचकर मकान बनाने मजबूर है। कर्ज कर मकान नहीं बनाएगा तो सड़कों पर तंबू में रहने के अलावा कोई दूसरा चारा भी तो नहीं। पीएम आवास हितग्राही शहरी और ग्रामीण के भेदभाव में पीस रहा है।ग्रामीण क्षेत्र में 1.40 लाख रुपए पीएम आवास निर्माण के लिए प्रदान किए जा रहे है तो वहीं शहरी क्षेत्र में 2.80 लाख रुपए हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए दिए जा रहे है।अब ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में प्रदाय कि जाने वाली राशि शहर से आधा है जबकि दोनों हितग्राहियों को एक ही भाव में बिल्डिंग मटेरियल खरीदना है। तो आप अनुमान लगाएं की ग्रामीण क्षेत्र में आवास कैसे बनता होगा और हितग्राहियों को आवास के बदले नसीब में सिर्फ भारी भरकम कर्ज हाथ आता है।

# उद्यानिकी पर छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद** 27 अप्रैल (देशबंधु)। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम. बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्राओं के लिए सात दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को गार्डन एवं नर्सरी निर्माण के बारे में बताया गया। प्रथम दिवस पर छात्राओं को महाविद्यालय के पौधों से प्राप्त सूखे पत्तियों की खाद निर्माण किया गया, अर्थात सर्मा उवसक का निर्माण किया गया। प्रशिक्षण 21 से 26 अप्रैल तक संचालित हुआ। भविष्य में जैविक खेती से खाद्य उत्पादों का उत्पादन एवं भूमि की उर्वरता शक्ति प्राकृतिक तरीके से बढ़ाने के विधि को बताया गया एवं छात्राओं को अपने घर की सजावट एवं बाड़ी में फूल , फल,सब्जियों के पैदावार में बढ़ोतरी में भी खाद के महत्व को बताया गया। गार्डनिंग एवं उसकी मैनेजमेंट के बारे में क्लासेस दी गई एवं बम्हनी नर्सरी में पौधारोपण करने की विधि ग्राफ्टिंग ए बडिग ,गुटी लगाना और बीज अंकुरण करने के पूर्व की तैयारी ,बीजअंकुरण करना और उसकी देखरेख के बारे में बताया गया। छात्राओं ने बम्हनी नर्सरी में अरबी की खेती करना सिखा एवं वहा निर्मित क्यारी में अरबी को रोपित किया ,विभिन्न प्रकार के पौधों का गुटि लगाना ग्राफ्टिंग एवं कटिंग करना भी किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुल 16 छात्राएं शामिल रही। बम्हनी नर्सरी में प्रशिक्षण बम्हनी नर्सरी प्रमुख रमन पटेल एवं सहयोगी भूषण लाल ध्रुव के द्वारा दिया गया। यह कार्यक्रम छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए बॉटनी डिपार्मेंट की सहायक प्राध्यापक श्रीमती कविता गहीर के निर्देशन में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार के द्वारा छात्राओं को रुचिकर रूप से सीखने के लिए प्रेरित किया गया एवं भविष्य में इस क्षेत्र में तथा अपने घर में गार्डनिंग करने एप्रकृति से जुड़ाव को प्रेरित किया।



# तालाबों की सफाई कर दी गई स्वच्छता का सन्देश

## अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**बलौदाबाजार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जल संचयन महाभियान अंतर्गत शनिवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



अभियान में अधिकारी-कर्मचारी, जल संचयन वाहिनी सहित ग्रामीणों ने तालाबों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया। इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों ने भी अभियान में हिस्सा लेकर कचरा एकत्रित किया।

जल संचयन महाभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 अप्रैल से 29 अप्रैल 2025 तक सभी ग्राम पंचायतों में श्रमदान से तलाबों की सफाई एवं पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में 18 अप्रैल से 15 मई तक जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में जल संचयन, सदुपयोग एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# कृषि अधिकारी नायक ने किसानों से मुलाकात कर समस्याओं से हुए अवगत

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी (पंजीयन क्रमांक 377) में शनिवार को उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और योजनाओं के लाभ पर चर्चा की। इस अवसर पर किसानों ने विभिन्न मुद्दों पर हस्ताक्षरित आवेदन सौंपे।



किसानों ने किसान पंजीयन में हिस्सेदारी, संयुक्त पंजीयन की सुविधा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन और सहकारी समिति कार्यालय की जर्जर छत के स्थान पर नए भवन के निर्माण की मांग रखी। साथ ही जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने, धान खरीदी केंद्र में बैठने की उचित व्यवस्था कराने और नहर नाली क्रमांक 13 की सफाई कराने संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए। उपसंचालक कृषि नायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी सप्ताह में बीज भंडारण का कार्य शुरू किया जाएगा तथा किसानों को नवीन किस्मों के धान उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लोकनाथ दीवान, कृषि विस्तार अधिकारी हरीश चतुर्वेदी, समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा, हरिशंकर वर्मा, नेतराम साहू, राधेश्याम वर्मा, संतोष वर्मा, ईश्वर साहू, रेवाराम यदू, माखनलाल वर्मा, शिवबती, फूलबाई साहू, हरिशंकर यदू, मोतीलाल वर्मा, संजय रजक, चंद्रशेखर वर्मा और अमिता यादव सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट, शिकायत और सुझाव के लिए दूरभाष व टोल फ्री नंबर जारी

**बिलाईगढ़,** 27 अप्रैल(देशबंधु)। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन और संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07788-233089 रहेगा। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2025 तक के लिये प्रभावी रहेगा। सारंगढ़, बरमकेला एवं बिलाईगढ़ ब्लॉक के लिए बी.एल. खरे, सहायक अभियंता 7999534608 को नियंत्रण प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार

के.आर. सूर्यवंशी उप अभियंता 8602103054, शेखर सिंह कंवर, उप अभियंता 8770356793, महावीर चौहान, प्रयोगशाला सहायक 9691608380 नियंत्रण प्रकोष्ठ में सहायक नियुक्त है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज किया जा रहा है एवं संबंधित सहायक अभियंता, उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत करायेंगें एवं शिकायत का तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर पर खण्ड कार्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ एवं प्रत्येक उपखण्ड एवं विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित किया जा रहा है। शिकायत और सुझाव इन स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 18002330008 में भी शिकायत और सुझाव दर्ज किये जा सकेगें।

# प्राथमिक शाला भवन का हुआ लोकार्पण

**पिथौरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पटपरपाली में 12 लाख की लागत से बने शासकीय प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण उत्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल विशेष अतिथि जनपद सदस्य पुरषोंत्तम घृतलहरे युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी भाजपा नेता सीताराम सिन्हा सरपंच मिथलेश पटेल अशोक चौधरी विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, नरेन्द्र बोर उपसरपंच पिंकी ध्रुव सहित मंचासीन अतिथियों ने पूजन अर्चन कर फीता काट कर किया।




लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा ने नए भवन निर्माण की बधाई देते हुवे कहा की ये सिर्फ एक भवन नहीं है बल्कि यह शिक्षा का मंदिर है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि इस भवन से आने वाली पीढ़ी की नीव तैयार होगी। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि जनपद सदस्य पुरषोंत्तम घृतलहरे ने ग्राम वाशियो को बधाई देते हुवे कहा कि इस भवन की देख रेख की जवाबदारी सिर्फ शिक्षा विभाग की नहीं है आप सबकी भी है साथ ही उपस्थित लोगो से परिसर में वृक्षारोपण करने की अपील भी की ।कार्यक्रम के विशेष अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य स्वप्निल तिवारी ने कहा कि इस भवन से शिक्षा प्राप्त कर कोई डाक्टर बनेगा कोई इंजीनियर कोई आई ए एस कोई आई पी एस अधिकारी इस भवन से आपके भविष्य का निर्माण होने वाला है वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिन्हा ने भी उपस्थित ग्रामीणों को नवीन भवन के लोकार्पण की बधाई दी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण ग्राम पंचायत के सरपंच मिथलेश पटेल ने दिया एवं आभार प्रदर्शन उपसरपंच पिंकी ध्रुव ने किया ।

मुख्य रूप से अशोक डड़सेना रामाधीन सिन्हा संतोष पटेल अजय ध्रुव सुमित सिन्हा गिरधर साहू अमृता ध्रुव डिगेश्वरी निषाद देवकुंवर बघेल गुंजा पटेल ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शिव कुमार डड़सेना हीरामणि यादव पुश्तम निर्मलकर घनश्याम ध्रुव तीरथ साहू जय सिंह नेगी नीलांबर पटेल तुलसीराम ध्रुव लक्ष्मण साहू चंद्रशेखर धुरुव जय कुमार ध्रुव ललित ध्रुव अवध राम यादव गजानंद साहू घनश्याम प्रसाद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# रावन सरपंच को दिया गया कार्यभार



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। अंचल के ग्राम पंचायत रावन में नवनिर्वाचित सरपंच अमर सिंह (राजा) नेताम को पंचायत का संपूर्ण कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव नरसिंग वर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच माधुरी वर्मा, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, मालिक राम वर्मा, गोपाल यदु, संतराम वर्मा, पुरन वर्मा, मनोज वर्मा, पंच तेजस्वी वर्मा, कृष्णा वर्मा, राजु वर्मा, दुर्गेश वर्मा, चंद्रदेव वर्मा, सुनील वर्मा, कोटवार त्रिलोक दास मानिकपुरी, डागेश्वरी वर्मा, ललिता वर्मा, चंद्रकला वर्मा, कीर्ति लहरी, इंद्राणी वर्मा, ममता वर्मा, सरस्वती यदु, और गायत्री ध्रुव सहित ललित ध्रुव भी मौजूद रहे।

# कुरूद और भखारा में सेन समाज ने मनाई संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती

**■ संत नन्दा सेनजी की आदर्शों को आत्मसात कर समाज के विकास में दें सहभागितः धनसिंह सेन**



**कुरूद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्व सेन समाज जिला धमतरी के निर्देश पर शुक्रवार को कुरूद और भखारा परिक्षेत्रीय इकाई द्वारा संत शिरोमणि नन्दा सेनजी महाराज की 725 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

25 अप्रैल को जिला सेन समाज के निर्देश पर सर्व सेन समाज कुरूद द्वारा सिन्हा सामाजिक भवन में संत शिरोमणी नन्दा सेनजी महाराज की जयंती मनाई गई ।सर्व प्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन एवं परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों व जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं सेलून संघ पदाधिकारियों, महिला सदस्यों ने सेनजी महाराज की पूजा अर्चना किया ।ततपश्चात मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया ।जिसके बाद जिला अध्यक्ष धनसिंह ने सेन जयंती की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी संत का जयंती मनाने की सार्थकता तभी होगी जब हम सब अपने ईष्ट गुरु के आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए गए हुए मार्गो पर चलकर समाज के विकास में अपनी सहभागिता दें ।उन्होंने कुछ समाज तोड़ू लोगों द्वारा सर्व सेन समाज के जिला पदाधिकारियों के विरुद्ध फैलाई जा रही भ्रामक दुष्प्रचार से सावधान रहने,सामाजिक एकता को बनाए रखने और वक्त आने पर ऐसे तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देने अपील की ।जिसका सभी ने समर्थन करते हुए तालियां बजाई ।जिलाध्यक्ष ने यहाँ के सामाजिक भवन का जीर्णोद्धार हेतु विधायक और नगर पंचायत अध्यक्ष से चर्चा कर पहल करने आश्वस्त किया ।इसके पूर्व प्रकाश सेन शिक्षक ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों कार्यक्रमो से समाज की एकता और सक्रियता दिखती है ।जिसकी निरन्तरता बनी रहे ।सेवानिवृत्त व्याख्याता खेलन कौशिक ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन के कार्यकाल में समाज का मान सम्मान और गौरव बढ़ा है ।उनके कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्यक्रम हुए हैं ।जो औरों के लिए अनुकरणीय है ।ऐसे जिलाध्यक्ष को हम पाकर गौरान्वित है ।सिन्हा समाज के मंडलेश्वर हिरेश सिन्हा ने कहा कि कोई भी समाज छोटा या बड़ा नही होता। किसी समाज की संख्या ज्यादा होता है तो किसी की कम ।बांकी उनके कर्म से बड़ा और छोटा होता है ।सेन समाज तो एक ऐसा समाज है जिसका सभी समाज केय कार्यक्रमो में सहभागिता होती है ।तो ऐसे समाज छोटा हो ही नही सकता ।इनकी विरासत बड़ी है ।शेखन सेन ने भी सम्बोधित किया। आभार व्यक्त करते हुए सर्व सेन समाज कुरूद के कार्यवाहक अध्यक्ष भुखन सेन ने कहा कि हम सब सर्व सेन समाज जिला के अधीनस्थ है ।जिसके हर निर्देशो का पालन करेंगे ।साथ ही जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे ।संचालन ढालेंन्द्र सेन किया ।कार्यक्रम में भगवानी राम सेन, तिलक राम सेन, होरीलाल सेन, संरक्षक तेजेंद्र सेन, नीरज सेन, अध्यक्ष धनंजय सेन, उपाध्यक्ष गणेश सेन, सचिन प्रशांत सेन, कोषाध्यक्ष मानव श्रीवास ,चेतन कौशिक, रोशन सेन, समाज सेवक टीकू सेन,पवन सेन, सनत श्रीवास,हरि शंकर सेन,हेमलता सेन, किरण सेन, मंजू सेन,कमलेश्वरी सेन,माया सेन, खेमलता सेन,रिंकी सेन,जमुना सेन,सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

इसी तरह सर्व सेन समाज परिक्षेत्र भखारा में भी सामाजिक भवन में सेन जयंती मनाई गई ।पूजा अर्चना और आरती के बाद जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन सबको जिला की ओर से बधाई दी ।साथ ही जिलास्तर पर सेन जयंती नही मनाने की वजह बताई ।ततपश्चात परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य ने संत शिरोमणी नन्दा सेनजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया ।ललित सेन, सहसचिव शिवनन्द सेन ने भी सेनजी की महिमा का बखान करते हुए समाज के लोगो को आदर्श प्रस्तुत करने अपील की ।यहाँ उपाध्यक्ष डेरहा राम सेन चोरभट्टी, डेरहा राम सेन बगदेही, सचिव देवेंद्र सेन,टेमन सेन, अर्जुन सेन, मस्तराम सेन,अश्वनी सेन,दशरथ सेन,बीसहत राम सेन,नारद राम सेन,आदि शामिल हुए।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने मौन प्रदर्शन किया

**सरायपाली** 27 अप्रैल( देशबन्धु) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सख्त निंदा करते हुए सरायपाली मुस्लिम समाज, युवा विंग और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा नमाज़-ए-जुमा के बाद मौन विरोध रैली निकाली गई। जय स्तंभ चौक तक पहुंची इस शांतिपूर्ण रैली में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिनमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल थे

प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद, और भारत जिंदाबाद जैसे नारे लगाकर आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। हाथों में देशभक्ति से जुड़ी तख्तियां लिए लोगों ने यह संदेश दिया कि भारत का मुसलमान आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट है।




रैली के दौरान हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता और इस्लाम किसी भी तरह की हिंसा को समर्थन नहीं देता। भारत का मुसलमान हमेशा देश की एकता, शांति और अखंडता के साथ खड़ा है। इस विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी शाहिद खान, मुस्तफीज आलम खान, असफाक खान, जनाब खान, फारूख हुसैन, अख्तर मेमन, अब्दुल नईम लखानी, पेश इमाम मौलाना अब्दुल सत्तार अशरफी, अजहर खाम, इरफान शेख सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की आवश्यकता जताई और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# यातायात पुलिस ने 7 शराबी वाहन चालकों पर की कार्यवाही

**धमतरी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में उनि. रामकृष्ण साहू एवं यातायात स्टॉफ के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढावा देने यातायात नियमों का पालन करने निरंतर कार्य किये जा रहे है।

वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान 7 वाहन चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते पाये गये, जिनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही कर प्रकरण माननीय न्यायालय पेश किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा शराबी वाहन चालकों पर 50,000 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।



इसी क्रम में शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, संचालित किये जाने के लिए शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थान घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर, बालक चौक से आमापारा चौक, ईतवारी बाजार से आमातालाब मोंड़, अंबेडकर चौक से कर्मा चौक, घड़ी चौक से रत्नाबांधा, रत्नाबांधा चौक से रेस्ट हाउस, घड़ी चौक से सिहावा चौक, सिहावा चौक से बस स्टैण्ड एवं सिहावा चौक से शांति कालोनी तक प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों में पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्थित किया जा रहा है।

पेट्रोलिंग के दौरान नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है, साथ ही मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकान, ठेला पसरा, दुकानों का सामान, विज्ञापन बोर्ड लगाकर अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों को समझाईश दी जा रही है एवं यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करने अपील की जा रही है, समझाईश के बाद भी अतिक्रमण नही हटाने वाले व्यवसायियों पर नगर निगम के साथ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जावेगी।

यातायात पुलिस सभी आमजन से अपील करती है, कि शहर के यातायात व्यवस्था बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करें, अतिक्रमण कर व्यवसाय न करें, वाहन चालकों से अपील करती है, कि शराब सेवन कर वाहन न चलायें, यातायात नियमों का पालन कर, अपना एवं दूसरों का अमूल्य जीवन बचायें।

# कलेक्टर की पहल, जिले के युवाओं को अपना स्टार्टअप शुरू करने मिलेगी हरसंभव सहायता

**धमतरी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी जिले में युवाओं को स्टार्टअप शुरू कर रोजगार से जोड़ने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर आज नगरी विकासखण्ड में स्टार्टअप शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगरी-सिहावा क्षेत्र के शिक्षित और कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने और उसे चलाने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। स्थानीय सुखराम नागे महाविद्यालय में आयोजित इस शिविर में कलेक्टर श्री मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में शामिल युवाओं और सफल उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने अपने महाविद्यालयीन जीवन और उनके कई सफल साथियों के कामों का उदाहरण देते हुए नगरी-सिहावा के युवाओं को भी अपने-अपने स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने सभी उपस्थित युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने पर प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस शिविर में राज्य शासन के उद्योग एवं व्यापार विकास विभाग, डिक्सी के विशेषज्ञों और स्थानीय सफल उद्यमियों संतु नेताम, शिवचरण नेताम, संजय डागौर आदि ने भी युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के टिप्स दिए।

कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे शिविर अभी विकासखण्ड स्तर पर हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पूरे जिले से लगभग एक सौ स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं को चयनित किया जाएगा। ऐसे सभी युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने के लिए योजना बनाने, उसे चलाने, उत्पादन की मार्केटिंग आदि के लिए हरसंभव सहायता जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए कार्ययोजना बनाने से लेकर उसके लिए लोन, अनुदान, ब्रांडिंग, बाजार आदि में भी शासन की नीति अनुसार युवाओं को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही ऐसे युवाओं को बड़े शहरों और औद्योगिक संस्थानों में एक्सपोजर विजिट की भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर




ने यह भी कहा कि इच्छुक युवा डिक्सी और उद्योग एवं व्यापार विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में सभी तरह की जानकारी और सहायता ले सकते हैं।

आज हुए स्टार्टअप शिविर में शामिल युवाओं को धमतरी जिले में स्टार्टअप शुरू करने के क्षेत्रों कृषि, आदिवासी संसाधन, ईको टूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन, वनोपज आधारित स्टार्टअप आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। युवाओं को कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सेवाएं देने, मौसम पूर्वानुमान, मोबाईल आधारित किसान सहायता, कृषि उपकरण निर्माण आदि के बारे में स्टार्टअप शुरू करने की जानकारी दी गई। ईको टूरिज्म के तहत धमतरी जिले में पर्यटन स्थलों पर होम स्टे, आदिवासी संस्कृति से संबंधित स्टार्टअप, प्राकृतिक पर्यटन आदि के बारे में बताया गया। इसके साथ ही स्थानीय हस्तशिल्प, दस्तकारी आदि पर आधारित स्टार्टअप के बारे में भी जानकारी दी गई। उपस्थित युवाओं को शासन द्वारा स्टार्टअप और उद्योग शुरू करने के लिए दी जाने वाली सुविधाओं और सहायताओं के बारे में भी बताया गया। डिक्सी के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में उद्यम शुरू करने के लिए अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के युवाओं को एक रूपये प्रति एकड़ की रियायती दर पर भूखण्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण और छात्र स्टार्टअप तथा नवाचार नीति का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता का भी प्रावधान है।

जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक श्री गोस्वामी ने बताया कि उद्यम स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब मुद्रा लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दिया गया है। इसी के साथ लघु सूक्ष्म उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी सीमा को भी दोगुना बढ़ाकर दस करोड़ रूपये तक कर दिया गया है। इसके साथ ही स्टार्टअप क्रेडिट गारंटी भी दी जा रही है।

**जयंती सिदार को मिला 95 लाख रूपये का मार्जिन मनी अनुदान**

शिविर के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने हेमल फुड प्रोटक्टस संस्थान की संचालक जयंती सिदार को 95 लाख रूपये की उद्योग मार्जिन मनी अनुदान राशि भी प्रदान की। यह राशि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी नई औद्योगिक नीति के प्रावधानों के तहत धमतरी जिले में उद्योग स्थापना पर दी गई है।

# संत चाहे कोई भी हो वह सभी समाजों में पूजनीय होता है : शिवरतन शर्मा



**सिमगा**, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम चंदेरी में साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया जंहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव का आतिशबाजी फूलमाला से स्वागत किया गया । भक्त माता कर्मा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि भक्त माता कर्मा केवल साहू समाज में ही पूजनीय नहीं है वरण सभी समाज के लोग उनका सम्मान व आदर करते हैं ।संत चाहे कोई भी हो वह हमेशा पूजनीय होता है ।भक्त माता कर्मा भगवान के प्रति अटूट विश्वास के कारण उनके हाथों से बनी खिचड़ी का भोग लगाते थे ।और भक्त माता कर्मा अपने भक्ति की शक्ति से लोगों के दुख समस्याओं को दूर करती थी । वैसे ही दानवीर भामाशाह भी हमारे लिए सदा ही सम्माननीय रहेंगे क्योंकि उन्होंने परिवार से बढ़कर समाज राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की रक्षा हेतु सारी पूंजी महाराणा प्रताप को मुगलों से लड़ने के लिए समर्पित कर दी थी । दानवीर भामाशाह से हमें प्रेरणा लेना चाहिए कि हमें हमेशा परिवार से बढ़कर अपनी मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देना चाहिए । रामनाथ साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ ने भी भक्त माता कर्मा की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव जिला महामंत्री राकेश तिवारी चंद्रमणि तिवारी मडंल अध्यक्ष राहुल योगेश साहू साहू समाज परिक्षेत्र सदस्य सुरेश साहू जनपद सदस्य आनंद बंजारे सरपंच बछैरा विजय प्रकाश साहू अभिषेक साहू आशाराम साहू भेखराम साहू नीलकंठ यदु संतोष साहू अलखराम साहू हेमलाल साहू भोलाराम साहू दुर्गा प्रसाद संतराम विष्णु गोस्वामी रामकुमार साहू खेलावन साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।वहीं रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा आयोजन किया गया जंहा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया ।

# छग ग्राम विकास एकता समिति द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाते हुए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया

**खरोरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस धूमधाम से मनाया। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का गुलाल से स्वागत करते हुए गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। तय कार्यक्रम अनुसार अतिथियों की अनुपस्थिति में उपस्थित प्रतिनिधियों व ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को अतिथि की आसंदी पर बिठाया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी व पंचायती राज व्यवस्था की पुस्तिका का पूजा अर्चना करते हुए पंचायती राज व्यवस्था पर परिचर्चा किया गया।



जिसमें पंचायती राज व्यवस्था की वर्तमान स्थिति व संविधान में अंकित स्थिति पर बात सामने आई।परिचर्चा में समिति के मूल उद्देश्य को सभा पटल पर रखा गया जिसमें पंचायती राज व्यवस्था का संविधान सम्मत क्रियान्वयन हो और सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार व अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति का संगठन विस्तार करते हुए रायपुर जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा व बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष रामचंद्र नवरंगे को जिम्मेदारी सौंपी गई। पंचायती राज व्यवस्था में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ग्रामसभा मजबूत करते हुए कोरम पूर्ति के साथ ग्रामसभा का सफल आयोजन करने की अपिल की गई। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति सचिव धर्मेन्द्र बैरागी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उक्त जानकारी दी।

# संकुल शाला स्तरीय विदाई सहसम्मान कार्यक्रम संपन्न

**पलारी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला पलारी, संकुल पलारी मे शाला स्तरीय विदाई सहसम्मान कार्यक्रम शाला प्रांगण मे आयोजित किया गया! सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर प्रारम्भ किया। तत्पचात शाला परिवार के शिक्षक कर्मचारी द्वारा समस्त उपस्थित अतिथियों का पुष्पहार गुलाल लगाकर स्वागत किया, कार्यक्रम का उदबोधन संकुल समन्वयक चन्द्र भूषण सिंह ध्रुव द्वारा अभिनन्दन पत्र का वाचन करते हुये कहा कि आज हम सब अपने प्रिय प्रधानपाठक सोनवानी सर से विदा ले रहे हैं हम सब उनके प्रति गहरा सम्मान और आभार व्यक्त करते हैं, उन्होंने हमें ना केवल ज्ञान दिया बल्कि हमें जीवन के महत्त्वपूर्ण पाठ भी सिखाये,हमेशा हमारे लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणा श्रोत रहे हैं, हमे सिखाया कि कैसे कठिनाइयो का सामना करना कैसे एक दूसरे का समर्थन करना हैं और कैसे सपनो को साकार करना हैं उन्होंने यह भी सिखाया हैं कि जीवन मे हमेशा सीखने कि भावना होनी चाहिए! अध्यक्षता कर रहे जे. एल. जोशी द्वारा सेवानिवृत सोनवानी जी को एक आदर्श शिक्षक बताया उन्होंने 42 वर्ष कि सेवाकाल मे वे हमेशा विद्यालय के लिए समर्पित रहे, शिक्षा के क्षेत्र मे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर दिये कार्यो को निश्चित समय सीमा मे पूर्ण करते थे, शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रधानपाठक के रूप मे जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा सत्र 2021 मे सम्मान प्रदाय किया गया आपने जिला, ब्लॉक, संकुल एवं शाला का नाम रोशन किया!



**सेवानिवृत्त संतराम सोनवानी को भावभीनी विदाई दी**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को शाला परिवार द्वारा शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मान करते हुये विदाई दी!

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त प्रधानपाठक संतराम सोनवानी, अध्यक्षता जे. एल. जोशी बी. आर. सी. विशिष्ट अतिथि लेखु राम वर्मा पार्षद वार्ड 01 पलारी, ताजेन्द्र कन्नौजे पूर्व पार्षद,सभापति नगर पंचायत पलारी,मंजू लता पाढ़ी अध्यक्ष शाला विकास समिति, मुंगे लाल टंडन उपाध्यक्ष, सदस्य टिकेश्वरी वर्मा, मानकी धीवर, सरिता सोनवानी, सहित संस्था के शिक्षकगण चन्द्रशेखर यादव, नंदनी वर्मा, प्रेमनारायण देवांगन, संतोष कुमार श्रेर्य, चन्द्रभूषण सिंह ध्रुव संकुल समन्वयक,सरोजनी सोनी भृत्य,महेंद्र वर्मा सफाई कर्मचारी,महेश्वर प्रसाद कन्नौजे कंप्यूटर आपरेटर, प्रदेश शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक महोबे, उपाध्यक्ष प्रकाश सेन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे! कार्यक्रम का सफल संचालन प्रेमनारायण देवांगन एवं आभार प्रकट वरिष्ठ शिक्षक चन्दशेखर यादव द्वारा किया।

# हाईस्कूल खैरझिटी में छात्राओं ने मारी बाजी



**मगरलोड,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड के शासकीय हाई स्कूल खैरझिटी में कक्षा 9वीं में कुल 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिए जिसमें से 38 छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित किये इस प्रकार परीक्षा परिणाम 58.46त्न रहा ।कु. कुमकुम साहू अरौद एवं करुणा साहू खैरझिटी दोनों ने 97.67त्न अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किये ।द्वितीय 89.43त्न चेमन कुमार साहू रांकाडीह एवं तृतीय 85.67त्न कु. लक्ष्मी साहू खैरझिटी ने प्राप्त किया । परीक्षा परिणाम घोषणा के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लेखन साहू, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कश्यप ,जनपद सदस्य सरिता रंजीत कश्यप ,सदस्य ओमप्रकाश कंवर , महेंद्र साहू , अमित कुमार साहू पंच, संकुल प्राचार्य अशोक पटेल एवं संस्था के प्राचार्य समस्त स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दिए साथ ही अनुत्तीर्ण एवं पूरक के छात्र-छात्राओं को पुनः प्रयास कर अच्छी सफलता के लिए प्रेरित किया ।

# जंगल के प्यासे पक्षियों के लिए जल व्यवस्था अभियान लाइनमैन मदन सिदार का बढ़ता कारवां

**बिलाईगढ़,** 27 अप्रैल (देशबंधु)। गोमर्डा अभयारण्य के जंगलों में इन दिनों गर्मी दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। यहां के प्यासे पक्षियों को राहत देने के बिजली विभाग में लाइनमेन पद पर कार्यरत मदन सिदार पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और इनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका कर नियमित अंतराल पर पानी भरा जा रहा है। केवल सड़क किनारे ही नहीं बल्कि जंगल के भीतर भी पक्षियों और कभी-कभी बंदरों के लिए भी पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।



उल्लेखनीय होगा कि 2010 में जब मदन की पोस्टिंग बरमकेला ब्लॉक में हुई, तो उन्होंने जंगल से गुजरने वाली सड़क के किनारे प्यासे पक्षियों को देखकर उनके लिए पानी की व्यवस्था करने की ठानी। पत्नी लक्ष्मी सिदार और शिक्षा विभाग में कार्यरत मित्र रामेश्वर के सहयोग से उन्होंने पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और उनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका देते थे और नियमित अंतराल पर पानी भरने का कार्य करते थे। वह सिलसिला आज भी जारी है। यह बताना लाजमी होगा कि 14 वर्षों से पशु पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता करना इन्होंने अपना जीवन उद्देश्य बना लिया है।

**पानी की उपलब्धता जैसे सामाजिक सरोकार में योगदान**

शुरुआत में यह एक व्यक्तिगत प्रयास था, लेकिन अब यह कार्य एक जन अभियान बन चुका है। बिजली विभाग के सहकर्मी, अधिकारी और स्थानीय लोग बिना किसी आदेश या आग्रह के इस नेक काम से जुड़ते चले गए। जंगल में घूमते वाहन अब साथ में पानी लेकर चलते हैं और पक्षियों के लिए जल पात्र भरते हैं। आज, 14 वर्षों बाद भी यह सेवा रुकी नहीं है। यह कार्य सिर्फ प्यास बुझाने का नहीं, बल्कि संवेदना, प्रकृति प्रेम और सामूहिक ज़िम्मेदारी का प्रतीक बनता जा रहा है।

# संस्कार समर क्लास में बच्चों को साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

**पिथौरा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित मल्टी टैलेंट समर क्लासेस प्रतिभा विद्यालय में संचालित बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश वर्मा थाना प्रभारी पिथौरा के द्वारा छात्रों को साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और इससे जुड़ी चुनौतियों पर जागरूक किया। समर क्लास के छात्रों को बताया कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध से बचने के लिए संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और न ही अनजान लोगों से ऑनलाइन दोस्ती ही करें। साथ ही अज्ञात कॉल को भी रिसिव नहीं करने की जानकारी दी गयी। आगे बताया कि कोई भी सरकारी संस्थान कभी भी ओटीपी नहीं मांगता है। उन्होंने छात्रों को सावधान किया कि अधिक पैसों के लालच में किसी भी लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें। बच्चों को सतर्कता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए समर क्लास के डायरेक्टर श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि अगर सोशल मीडिया पर किसी तरह की घटना हो जाती है तो सबसे पहले इसकी शिकायत नजदीकी थाने में दर्ज कराएं। कार्यक्रम में साइबर से जुड़ी शिकायतों को लेकर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी। इस मौके पर मुख्य रूप से पिथौरा थाना स्टाफ जुनैद खान , संजय निषाद, राम विलास साहू,पत्रकार गौरव चंद्राकर, राजा बाबू उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित थे।



- बच्चों को अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए
- उमेश वर्मा थाना प्रभारी पिथौरा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित

## निधन

### श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले

**भिलाईनगर,** 27 अप्रैल। श्रीमती मीनाक्षी गोंडाले पति अशोक गोंडाले पूर्व जिला न्यायाधीश व डिप्टी डारेक्टर (ह्यूमन राइट्स) निवासी क्वॉटर-1/बी, सड़क-11 सेक्टर-10 भिलाई का 26 अप्रैल को निधन रात को लंबी बिमारी के बाद हो गया। वे अपने पीछे पति और दो पुत्र आयुष और अंशुल गोंडाले को छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

# जुआरियों के विरुद्ध सरसीवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अमलीडीह नर्सरी के पास 07 जुआरियो को 52 परी ताश से जुआ खेलते किए गिरफ्तार**

**बिलाईगढ** 27 अप्रैल (देशबंधु)। थाना प्रभारी सरसीवा को मुखबिर से सूचना मिला कि अमलीडीह के नर्सरी के पास जुआरियों के द्वारा ताश पत्ती से हारजीत का जुआ खेल रहें है, सूचना पर थाना सरसीवा के द्वारा जुआ फड़ पर दबिश दिया गया, 07 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े शेष जुआरी जंगल का फायदा उठाकर भाग गए, जुआरी गण – दामोदर साहू, राम साहू, नंदलाल यादव, राकेश कुमार कोल्ता, किशोर कोयल, महावीर साहू, और जितेन्द्र कुमार साहू पकडे गए, जिसके पास एवं फड से 52 पत्ती ताश नगदी रकम 2,13,820 रूपये, एक काला रंग का वेन्यू कार क्र. छ्त्त22 श्व 9991 कीमती 580000 रूपये , एक काला रंग का प्लेटिना मोटर सायकल क्र. छ्त्त11 क्र॥ 8312 कीमती 25000 रूपये, पानी पाऊच की बोरी खुला हुआ जिसमें 20 नग पानी पाऊच भरा एवं एक नग तिरपाल जुमला 8,18820 रूपये जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 127/2025 धारा 3(2)छत्तीसगढ जुआ(प्रतिषेध)अधिनियम 2022 अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



# लखनलाल साहू बने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ गरियाबंद ईकाई के जिला अध्यक्ष

**गरियाबंद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की बैठक विगत दिनों पुराना कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लखनलाल साहू को सर्वसम्मति से गरियाबंद जिले का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने की। प्रमुख रूप से गुलाब राम वर्मा, दशरथ लाल सिन्हा, दौवा राम कुंभकार मौजुद रहें।




बैठक में राज्य सरकार से पेंशनरों और पेंशनर परिवार को केंद्र के समान, केंद्र की देय तिथि से एरियर सहित 5त्न महंगाई राहत देने की मांग की गई। प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने महंगाई राहत रोके जाने पर सरकार के प्रति आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि सरकार मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर अन्याय कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत केंद्र की देय तिथि से डीए-डीआर देने की घोषणा की गई थी। अब विष्णुदेव साय सरकार इसे खुद ही झूठा साबित कर रही है। इसके पहले बैठक में राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल ने रिटायर और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की समझाइश दी।

इसके अलावा बैठक में पेंशनरों की सारांशीकरण राशि की कटौती अवधि कम करने, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन देने, दैनिक वेतनभोगियों की संपूर्ण सेवा अवधि को पेंशन गणना में शामिल करने, रेल यात्रा में छूट बहाल करने, मृत्यु पर एग्रेसिया देने, आयकर से मुक्त करने, भारत भ्रमण की सुविधा देने, राज्य में बस यात्रा में छूट के आदेश का पालन करने और कैशलेस मेडिकल सुविधा देने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्र सरकार द्वारा पारित पेंशन नियम में संशोधन प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद शिक्षा विभाग से तेजेश कुमार शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से छबि सिंह और जल संसाधन विभाग से रामराज पटेल ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ली। इस दौरान बैठक में प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश मंत्री टीपी सिंह, सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक भी शामिल रहे। सभी ने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।

# कश्मीर पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं के निर्मम हत्या के विरोध में आक्रोश एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**फिंगेश्वर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। आज शाम 7 बजे रानी शाम कुमारी चौक में समस्त नगर वासियों द्वारा कश्मीर के पहलगांव में निर्दोष हिंदू पर्यटकों की आंतकवादियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या 22 अप्रैल को की गई ऐसी हृदय विदारक घटना से पूरे देश में पाकिस्तान एवं आतंकवादियों को लेकर जबरदस्त आक्रोश तनाव का माहौल व्याप्त है आज फिंगेश्वर के नगर वीसियो द्वारा 26 मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए द्वीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं 2 मिनट का मौन रखा गया सभा को वरिष्ठ नेता भाजपा के भागवत हरित ने संबोधित करते हुए कहा कि आंतकवादियों द्वारा कश्मीर में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर कयराना हरकत को अंजाम दिया हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पहली बार सैनिकों को आतंकवादियों को देखते ही गोली मार देने का आदेश फ्री हैंड किया गया यह बहुत ही प्रभावी कदम है अब किसी भी आंतकवादियों को बक्सा नहीं जाएगा सभा का संचालन किरनेश सोनी ने किया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास मातृशक्ति संतोषी श्रीवास्तव पार्षद पदमा यदु मंजू लता हरित पत्रकार साथी अरेंद्र पहाड़िया जितेंद्र शर्मा दीपक पोद्दार योगेश सिंह ठाकुर इमरान खान वरिष्ठ जनों में शिवकुमार सिंह ठाकुर हरिशंकर श्रीवास्तव अशोक साहू भुवन साहू अशोक सिन्हा कमलेश ध्रुव व्यापारी गन महावीर यादव महावीर कोसरे राकेश सिन्हा एवं आम जनता नगर वासी हजारों की तादाद में उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### संत रामपाल महाराज के...

और विवाह के आयोजन ने समाज में एक सकारात्मक बदलाव की नींव रखी है। जिसमें संभाग संयोजक रामखिलावन पटेल, जिला संयोजक मोहन पटेल, दीनदयाल, अदालत दास, जोहन साहू, संतोष साहू, उत्तम साहू सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहकर इस अनोखे विवाह के साक्षी बने।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दावों का विधायक द्वारिकाधीश ने जनविरोधी करार दिया

**बागबाहरा,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई भूमि पंजीयन के साथ ऑटोमेटिक नामांतरण प्रणाली पर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। जहां वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम कहा है। वहीं पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इस दावे को झूठा, भ्रामक और जनविरोधी करार दिया है। यादव ने सरकार के इस फैसले को गरीब किसानों, आदिवासियों और आम जनता के लिए एक गंभीर खतरा बताया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा जारी किए गए दावों को प्रमाणित तथ्यों से खारिज करते हुए कहा कि देश का पहला राज्य कहना सरासर झूठ है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह प्रणाली पहले से लागू है। रजिस्ट्री और भुइयां सॉफ्टवेयर को लागू करके जनता को राहत दिलाने का प्रयास पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा किया गया है। भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का दावा खोखला है। क्योंकि पटवारी और तहसील स्तर पर आज भी भ्रष्टाचार चरम पर है। केवल रजिस्ट्री से नामांतरण जोड़ने मात्र से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होता, बल्कि नई तरह की धोखाधड़ी का रास्ता खुल गया है।



ऑटोमेटिक नामांतरण: जनता के लिए खतरे की घंटी, द्वारिकाधीश यादव ने चेतावनी दी कि खतरनाक बदलाव में, सरकारी भूमि: फर्जी रजिस्ट्री कराकर निजी कब्जे बढ़ेंगे। पट्टे की भूमि- गैर-ट्रांसफरेबल जमीन भी बेची जा सकती है। आदिवासी भूमि- पेसा कानून की अवहेलना करते हुए आदिवासी जमीन पर फर्जी कब्जे का खतरा। कोटवारी भूमि- ग्राम सेवकों की भूमियों पर अवैध कब्जा बढ़ सकता है। अवैध प्लॉटिंग- बिना डायवर्शन के किए गए प्लॉटिंग अब रजिस्ट्री से वैध बन जाएंगे। अहस्तांतरणीय भूमि- कानूनन गैर-हस्तांतरणीय भूमि का भी स्थानांतरण संभव हो जाएगा। शामिलात भूमि- गांव की सामूहिक जमीन भी निजी हाथों में जा सकती है। मिसल से अधिक रकबा- तय सीमा से अधिक भूमि भी रजिस्ट्री करवाकर कब्ज और भी आसान हो जाएगा। तहसील की जांच प्रक्रिया का अंत- पहले फर्जी या अवैध रजिस्ट्री पर तहसीलदार जांच कर नामांतरण रोकते थे। अब जांच अधिकार खत्म कर उप पंजीयक के सीधे आदेश से नामांतरण होगा। पूरा सिस्टम उप पंजीयक के हाथों में चला गया है न जांच, न अवरोध। तहसीलदार, जो अब तक जमीन विवादों का गेटकीपर थे, को बाइपास कर दिया गया है। किसे होगा फायदा, किसे नुकसान? फायदा- भू-माफिया, बिल्डर, दलाल। नुकसान- किसान, ग्रामीण, मध्यम वर्गीय नागरिक, आदिवासी समाज। सरकार का राजस्व भी प्रभावित होगा, साथ ही भूमि विवाद भी बढ़ेगा।

**विशेषज्ञों की चेतावनी-** भूमि कानून विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि भूमि नामांतरण से पहले तहसील स्तर पर जांच अनिवार्य होनी चाहिए थी।

बिना वैकल्पिक जांच व्यवस्था के सीधे नामांतरण व्यवस्था भूमि लूट और अराजकता को जन्म देगी। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी, आदिवासी और प्रतिबंधित जमीनों पर कब्जा संभव हो जाएगा।

### निष्कर्ष- मंशा सुधार की, परिणाम संकटपूर्ण

यादव ने कहा कि सरकार की मंशा भले ही व्यवस्था सुधारने की रही हो, लेकिन भूमि जैसे संवेदनशील विषय पर बिना मजबूत जांच प्रक्रिया के बदलाव लाना बेहद खतरनाक है। यह फैसला भू-माफियाओं के लिए रास्ता खोलता है। और आम जनता के हक पर सीधा हमला है। अब 'नामांतरण' नहीं, 'नाम पर कब्जा' होगा।

# पेशेवर जुआरियों को मिली आसानी से जमानत, चर्चा जोरों पर

**सिमगा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर का कुख्यात एवं पेशेवर जुआरी जो कुछ वर्ष पहले पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला सहित कई अपराधों में लिप्त रहा है कुछ वर्षों से नगर में जगह बदल बदल कर जुआ अड्डा संचालित करता है शनिवार की देर शाम को श्रीमती भावना गुप्ता जिला पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार के निर्देश पर जिला साइबर सेल द्वारा चार मोटरसाइकिल एवं स्कूटी सहित 6 जुआरियों को धर दबोचा गया है। बताते चलें कि पेशेवर जुआ संचालक हर बार मुचलका जमानत में छूटने के बाद दबंगई दिखाते हुए दूसरे दिन से ही पुनः जुआ अड्डा संचालित करना शुरु कर देता है। कड़ी कार्यवाही न होने के कारण उस जुआरी का हौसला काफी बुलंद है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशानुसार जिला साइबर सेल के टीम ने शनिवार की शाम 5-30 बजे सिमगा के अमहा खार खेत में जुआ खेल रहे जुआरियों के अड्डे पर रेड की कार्यवाही की गई जिससे कि जुआरियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जुआरियों से कुल नगदी रकम 28600/ एवं बावन पत्ती ताश जप्त कर जुआरियों के विरुद्ध सिमगा पुलिस के सुपुर्द किया। सिमगा पुलिस ने आरोपी जुआरियों के विरुद्ध धारा 3 ( 2 ) जुआ एक्ट तथा धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर जुआरियों को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की गई जहां जुआरियों को आसानी से जमानत मिल गई इस बात की चर्चा जोरों पर है कि आदतन जुआरियों को इतने आसानी से जमानत कैसे मिल जाती है। इन जुआरियों से आम जनमानस काफी परेशान है। जुआ खेलते वक्त जुआरियों के द्वारा गंदी गंदी गालीगलौज करना आम बात है। जिससे चलते कई बार मोहल्ले वासियों ने वार्ड पार्षद एवं थाना में आकर कई बार सूचना दिए हैं।



**जुआ अड्डा में जिला साइबर सेल की दबिश**
**पेशेवर जुआरी धर दबोचे गए, 28600 जप्त**

पकड़े गए जुआरियों का नाम — (1) राजकिशोर कसेर पिता दिनेश कसेर निवासी शीतला पारा सिमगा ( 2 ) सीताराम टोण्डे पिता हरिशचंद्र टोण्डे ग्राम हरिनभट्टा (3) भुनेश्वर देवांगन पिता रूपराम देवांगन शीतला पारा सिमगा (4) चन्द्रशेखर खंडेलवाल पिता भागवत खंडेलवाल ग्राम दुलदुला (5) भंवर लाल जैन पिता मानिक लाल जैन शीतला पारा सिमगा (6) संतोष साहू पिता सुनार साहू किला पारा सिमगा।

# पहलगाम आतंकवादी हमले के मृतकों को प्रेस क्लब ने श्रद्धासुमन अर्पित की



**नगरी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में इस्लामी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों का, धर्म पूछ कर गोली मारकर हत्या की गई इस कायरतापूर्ण घिनौनी घटना के विरोध में प्रेस क्लब सिहावा नगरी द्वारा श्रद्धांजलि सभा नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों और नगर वसीयों ने कडे शब्दों में निंदा करते हुए भारत सरकार से पाकिस्तान और उनके द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों को सबक सिखाने की मांग की है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंद यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता कमल डागा, रूपेंद्र साहू, जीनियस पब्लिक स्कूल संचालक मोहन सोनी, पार्षद अश्वनी निषाद, राजा पवार, असकरण पटेल, बंटी जैन, संतोष अगलावे, विक्की खनूजा, पत्रकार जीवन नाहटा, विनोद गुप्ता, अशोक संचेती, दीपेश निषाद, अभिनव अवस्थी, राजशेखर नायर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्रीन नेट का बढ़ा बाजार, परिवहन कंपनियों की खरीदी सबसे आगे

**भाटापारा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। निर्माण क्षेत्र के बाद अब निर्माण सामग्री के परिवहन में भी सख्ती। कोयला और भूंसा भर कर चल रही भारी वाहनों पर कड़ी नजर। 75 फ़ीसदी ग्रोथ ले चुका है ग्रीन नेट का बाजार। हर क्रय शक्ति के भीतर पहुंच वाली यह सामग्री इसलिए भी डिमांड में है क्योंकि अपने छत्तीसगढ़ में भी निर्माण ईकाइयां ग्रीन नेट का उत्पादन करने लगीं हैं।

केंद्रीय पर्यावरण एवं प्रदूषण निवारण मंत्रालय की सख्ती और कड़ी नजर ने ग्रीन नेट का बाजार बढ़ा दिया है। अब रेत, कोयला, मिट्टी, गिट्टी, राख और धान भूंसा के साथ ईंट भट्ठे व परिवहन करने वाले भी ग्रीन नेट की खरीदी कर रहे हैं। बढ़ते बाजार को स्थिर कीमत ने नई उड़ान दी हुई है। यह स्थिति मजबूत रहने की धारणा इसलिए भी है क्योंकि शासकीय योजनाओं के तहत बन रहे आवासों के लिए जरूरी सामग्रियों के परिवहन का दायरा बढ़ता जा रहा है।



**इनके लिए अनिवार्य:** राख, कोयला, रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, मिट्टी और भूंसा परिवहन के दौरान सेफ्टी नेट का होना अनिवार्य किया जा चुका है। इसके अलावा ईंट भट्ठों में भी यह अनिवार्यता समान रूप से प्रभावी की जा चुकी है। अनिवार्यता और सख्ती के बाद ग्रीन नेट की खरीदी बीते साल की तुलना में डेढ़ गुना ज्यादा देखी जा रही है। दोगुना की संभावना इसलिए बन रही है क्योंकि स्वीकार्यता का क्षेत्र बढ़त की ओर है।

**योजनाओं ने दी नई उड़ान:** प्रधानमंत्री आवास योजना। गांवों में बन रहे पक्के आवासों की वजह से निर्माण सामग्री के परिवहन का कामकाज बढ़ा हुआ है। ऐसे में अब तक सब्जी बाड़ियों तक सीमित रहे ग्रीन नेट को नई उड़ान का भरपूर मौका दिया है। इसके अलावा छाया के लिए परंपरागत मांग क्षेत्र अलग से खरीदी कर रहा है। बढ़त की संभावना को बल इसलिए भी मिल रहा है क्योंकि सूर्य चमक की अवधि बढ़ी हुई है।

**क्रय शक्ति के भीतर:** अब राजधानी में भी ग्रीन नेट बनाने वाली इकाईयां अस्तित्व में आ गईं हैं। प्रतिस्पर्धी खरीदी के दौर का लाभ उपभोक्ताओं को मिला हुआ है। इसलिए 60 से 90 रुपए प्रति 10 फीट वाला नेट तथा आवश्यकतानुसार आकार के नेट हर क्रय शक्ति वर्ग वाले उपभोक्ताओं तक उपलब्ध हो रहे हैं। स्थिर कीमत के बीच ग्रीन नेट का बाजार इस बार पूरे साल बने रहने की धारणा है।

# मोदी की मन की बात कार्यक्रम का किया श्रवण

**नगरी,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण जिले के विभिन्न बूथों पर सुना गया। इसी क्रम में महेन्द्र नेताम, जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा धमतरी एवं दिनेश्वरी नेताम पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ने बूथ क्रमांक 135 में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए देशवासियों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर परिस्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से संयम, धैर्य और एकता बनाए रखने की अपील भी की।



उन्होंने ऑपरेशन ब्रह्मा के बारे में बताया जिसमें म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन ब्रह्मा का उल्लेख किया और कहा यह अभियान भारत की वसुदेव कुटुंबकम की भावना को दर्शाता है और संकट के समय भारत की त्वरित प्रतिक्रिया और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

प्रधानमंत्री ने सचेत ऐप के बारे में जानकारी दी यह ऐप प्राकृतिक आपदाओं के समय लोगों को सतर्क करने और मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने में मदद करता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख किया, जो 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक वर्ष पूरा करेगी। उन्होंने देशवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। दिनेश्वरी महेंद्र नेताम ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री के विचार हर भारतीय के दिल को छूते हैं और समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं। मन की बात कार्यक्रम को प्रेरणास्पद बताते हुए कहा कि इससे जमीनी स्तर पर भी जनजागरण होता है।

# जिपं उपाध्यक्ष से सौजन्य भेंट



**बागबाहरा,** 27 अप्रेल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत करीडीह के पूर्व उपसरपंच प्रेसन साहू सहित उप सरपंच चक्रधारी एवं जनप्रतिनिधि गणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर से उनके प्रतिष्ठान पहुंचकर सौजन्य भेंट मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी कड़ी में भेंट मुलाकात हेतु ग्राम पंचायत कुलिया के सरपंच श्रीमति गीतांजलि ठाकुर सहित परिवार जनों द्वारा सौजन्य मुलाकात कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी गई।तत्पश्चात भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम तुपकबोरा ध्रुव परिवार में खिलावन पोडेटी के यहां छठी एवं नामकरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर ठाकुर सहित अध्यक्ष सूअरमार 02 राजकुमार ध्रुव जी,अजय ध्रुव जी, ओमप्रकाश ध्रुव सम्मिलित हुए।*

# आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए छग शिक्षक संघ ने दी श्रद्धांजलि



**महासमुंद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुये मृतकों के लिये श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुये छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि आतंकी व पाकिस्तान द्वारा की गई कायराना हरकत अत्यंत ही निंदनीय है। उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुये कहा कि हमारे भारतीय पर्यटकों को धर्म पूछकर मारा जाना अत्यंत ही क्रूरतापूवर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि घाटी में 28 भारतीयों की हत्या नहीं बल्कि उन्होंने हिदुत्व पर प्रहार किया है, हम इसकी घोर निंदा करते हैं। इस अवसर पर राजेश शर्मा, रामकुमार साहू, प्रमोद कन्नौजे, राजेन्द्र इंगोले, भगोलीराम साहू, कुबेर साहू, लक्ष्मीकांत सिन्हा, चेतन दीवान, भागवत जगत भूमिल, डी बसंत साव, मानिक साहू, भेषलाल ठाकुर, राजकुमार वर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुये एक स्वर में कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक हरकत से बाज आये अन्यथा भारतीयों द्वारा करारा जवाब दिया जायेगा। सभी ने कहा कि भारत सरकार कटोर से कटोर कदम उठाते हुये आतंकियों पर कठोर कार्यवाही करें। इस घटना में मारे गये निर्दोष भारतीयों को नगर के मुख्य चौक मोती गार्डनए जय स्तंभ में शोकसभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजली दी गई।

# डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा में तीन दिवसीय आधुनिक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन

**भाटापारा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल (डीडब्ल्यूपीएस) भाटापारा के प्रांगण में 28 से 30 अप्रैल 2025 तक तीन दिवसीय च्आधुनिक तकनीकी कार्यशालाज् का आयोजन किया जाएगा। च्वर्कशॉप ऑन रोबोटिक्स, एआई एंड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंगज् विषय पर आधारित इस कार्यशाला का आयोजन डिस्ट्रिक्ट साइंस क्लब बलौदाबाज़ार द्वारा किया जा रहा है, जिसकी मेज़बानी डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा करेगा।

यह कार्यशाला अटल इनोवेशन मिशन और डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी, जिसमें बलौदाबाज़ार जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागिता करेंगे। डीडब्ल्यूपीएस के भी 10 विद्यार्थी इस विशिष्ट अवसर का हिस्सा बनेंगे।

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को नागपुर (महाराष्ट्र) से आने वाले कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे अत्याधुनिक विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

तीन दिवसीय सत्रों के अंत में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्रों के साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।




**विद्यार्थी सीखेंगे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग की नवीनतम तकनीकें**

कार्यशाला को लेकर डीडब्ल्यूपीएस के प्रबंधक श्री अश्विनी शर्मा एवं श्री संदीप गोयल ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि च्इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को नए युग की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी।ज्

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट ने कहा कि, च्डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर ज्ञानवर्धक आयोजनों को प्राथमिकता देता रहा है और भविष्य में भी इस दिशा में सतत प्रयासरत रहेगा।ज्

डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा परिवार इस अत्याधुनिक तकनीकी कार्यशाला की मेज़बानी कर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है।

ज्ञात हो कि च्वर्कशॉप ऑन रोबोटिक्स, एआई एंड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंगज् के माध्यम से विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### प्रमुख विषय हैं —

रोबोटिक्स- रोबोट निर्माण, नियंत्रण और प्रोग्रामिंग की मूल बातें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)- मशीनों के स्वचालित निर्णय लेने की क्षमताओं का परिचय।

एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3ष्ठ प्रिंटिंग)- थ्री-डी मॉडल बनाकर सृजनात्मकता को बढ़ावा देना।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता का विकास करना है।

समापन अवसर पर प्रतियोगिता आयोजित कर उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया जाएगा

### आओ, नवाचार की उड़ान भरें, डीडब्ल्यूपीएस के प्रांगण से भविष्य की ओर

विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना हमारा लक्ष्य है। यह कार्यशाला उनके नवाचार कौशल को एक नई दिशा प्रदान करेगी।

**- अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल, प्रबंधक**

ज्ञानवर्धक कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और वैज्ञानिक चेतना को सशक्त करती हैं। डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा इस दिशा में निरंतर अग्रसर है।

**— योगेश पोपट, प्रधानाचार्य**

# बेटा श्रवण कुमार जैसा चाहिए तो पति को भी श्रवण कुमार बनने दो : आचार्य नरेंद्र नयन

**महासमुंद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस शनिवार को भगवताचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ;सिलयारी धाम चाय वाले बाबा ने श्रीराम जन्म व श्री कृष्ण जन्म कथा की प्रेरक प्रसंग श्रद्धालुओं को श्रवण कराया। स्थानीय खैराबाड़ा बीटीआई रोड में उषा कमलनारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में आचार्य नरेंद्र नयन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से देर शाम तक कथा श्रवण करा रहे हैं। यह निरंतर 30 अप्रैल तक चलेगी। कथा के दौरान भगवताचार्य श्री शास्त्री ने रामजन्म कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का जन्म केवल रावण वध के लिए नहीं हुआ था। अपितु, धर्म की स्थापना, मानव समाज को मानवता व पापियों को मुक्ति देने हुआ था। उन्होंने कहा कि भाई का साथ छोड़ने से रावण की हार हुई, और भाई के साथ रहने से प्रभु श्रीराम की जीत। उन्होंने कहा कि भाई का साथ मिलने से बड़े से बड़े संकट का सामना व्यक्ति कर सकता है। उन्होंने भागवत कथा श्रवण करने आई माताओं.बहनों से कहा कि यदि पुत्र श्रवण कुमार जैसे चाहते हो तो पति को भी श्रवण कुमार बनने दो। अपने माता.पिता की तरह अपने सास.ससुर का आदर, सम्मान करों। उनका ख्याल रखो। स्वयं होकर पति को माता.पिता की सेवा के लिए प्रेरित करें। जो समय आज बुजुर्ग माता.पिता का है, वही समय कल आपका आएगा। आपके बच्चे भी बड़े होंगे। आपकी भी बहुएं आएंगी। जो व्यवहार आज आप अपने सास.ससुर से करेंगे, वही कल आपको अपनी बहु से मिलेगा। इसलिए सदैव यह ध्यान रखे की समय परिवर्तनशील है। जो कर्म आप करेंगे, वही लौटकर आपके पास आएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म होते ही सभी श्रोता खड़े होकर झूम उठे। जन्म लियो चारो भैया, अवध में बाजे बधइयां आदि भक्ति गीतों पर माताएं.बहनें, बुजुर्ग, युवा सभी झूमते नजर आएं।

**भगवान राम जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रोतागण**



